श्री जवाहर-किरणावली

तृतीय-किरण — दिव्य-संदेश

पूज्य श्री जवाहरलालजी महाराज के भीनासर चातुर्मास के
कतिपय व्याख्यान

卐

सम्पादक—

पं० शोभाचन्द्र भारिल्ल, न्यायतीर्थ

प्रकाशक—

सेठ बहादुरमलजी बांठिया, भीनासर (बीकानेर)

प्रकाशक—
बहादुरमल बांठिया,
भीनासर (बीकानेर)

प्रथमावृत्ति
वि० सं० १९९९, कार्त्तिक शुक्ला चतुर्थी
ता० १२ नवम्बर, १९४२

मुद्रक—
रामस्वरूप मिश्र
मनोहर प्रिंटिङ्ग वर्क्स
ब्यावर

मद्रीयम्

हमारे देश के नवयुवकों मे धर्म के प्रति अरुचि का जो भाव दिनों दिन बढ़ता जा रहा है उसका एक कारण अगर पाश्चात्य शिक्षा है तो दूसरा कारण धर्मोपदेशकों की उपेक्षा भी है। धर्मोपदेशक अकसर धर्म को संकीर्णता के कारागार में कैद कर रखते हैं और उसे परलोक के काम की चीज बताते हैं। वर्त्तमान जीवन मे धर्म की क्या उपयोगिता है, और किस प्रकार पद-पद पर धर्म का जीवन मे समावेश होना आवश्यक है, इसकी ओर उनका लक्ष्य शायद ही कभी जाता है। संक्षेप मे कहा जाय तो आज धर्म 'व्यवहार' न रहकर 'सिद्धान्त' बन गया है!

संसार में आज समाजवाद की भावना बढ रही है और भारत भी उस भावना का अपवाद नहीं रहा है। धर्मोपदेशक जब एकान्तत व्यक्तिवाद की ओर आकृष्ट होकर व्यक्तिगत अभ्युदय के ही साधन रूप मे धर्म की व्याख्या करते हैं तब समाजवादी नवयुवक धर्म की ओर हिकारत भरी निगाह से देखने लगता है।

जीवन को ऊँचा उठाने के लिए प्रवृत्ति और निवृत्ति रूप दो

पंखों की आवश्यकता है। जिस पक्षी का एक पंख उखड़ जायगा वह अगर अनन्त और असीम आकाश मे विचरण करने की इच्छा करेगा तो परिणाम एक ही होगा—अधःपतन। यही बात जीवन के संबंध में है। जीवन की उन्नति प्रवृत्ति और निवृत्ति-दोनों के बिना साध्य नहीं है। एकान्त निवृत्ति निरी अकर्मण्यता है और एकान्त प्रवृत्ति चित्त की चपलता है। इसीलिए ज्ञानी पुरुषों ने कहा है—

असुहादो विणिवित्ती सुहे पवित्ती य जाण चारित्त।

अर्थात्—अशुभ से निवृत्त होना और शुभ मे प्रवृत्ति करना ही सम्यक् चारित्र समझना चाहिए।

'चारित्त खलु धम्मो' अर्थात् सम्यक् चारित्र ही धर्म है, इस कथन को सामने रख कर विचार करने से स्पष्ट हो जाता है कि धर्म प्रवृत्ति और निवृत्ति रूप है। 'अहिंसा' निवृत्ति है पर उसकी साधना विश्वमैत्री और समभावना को जागृत करने रूप प्रवृत्ति से ही होती है। इसीसे अहिंसा व्यवहार्य बनती है। किन्तु हमे प्राय. जीवघात न करना सिखाया जाता है, पर जीवघात न करके उसके बदले करना क्या चाहिए, इस उपदेश की ओर उपेक्षा बताई जाती है।

आचार्य श्री जवाहरलालजी म० के व्याख्यानों मे इन त्रुटियों की पूर्ति की गई है। उन्होंने धर्म को व्यवहार्य, सर्वाङ्गीण और पर्यन्त रूप देने की सफल चेष्टा की है। अपने प्रभावशाली प्रवचनों द्वारा उन्होंने शास्त्रों का जो नवनीत जनता के समक्ष रक्खा है, निस्सदेह उसमे जीवनी शक्ति है। उनके विचारों की उदारता ऐसी ही है जैसे एक धार्मिक विद्वान जैनाचार्य की होनी चाहिए।

आचार्य की वाणी में युगदर्शन की छाप है, समाज मे फैले हुए अनेक धर्म सबधी मिथ्या विचारों का निराकरण है, फिर भी वे प्रमाण-

भूत शास्त्रों से इञ्च मात्र इधर-उधर नही होते। उनमें समन्वय करने की अद्भुत क्षमता है। वे प्रत्येक शब्दावली की आत्मा को पकड़ने और इतने गहरे जाकर चिन्तवन करते हैं कि वहाँ गीता और जैनागम एकमेक से लगते हैं।

गृहस्थ जीवन को अत्यन्त विकृत देख कर कभी-कभी आचार्य तिल-मिला उठते हैं और कहते हैं—'मित्रो ! जी चाहता है, लज्जा का पर्दा फाड़कर सब बातें साफ-साफ कह दूं।' नैतिक जीवन की विशुद्धि हुए बिना धार्मिक जीवन का गठन नहीं हो सकता पर लोग नीति की नहीं, धर्म की ही बात सुनना चाहते हैं। आचार्य उनसे साफ-साफ कहते हैं—लाचारी है मित्रो ! नीति की बात तुम्हें सुननी होगी। इसके बिना धर्म की भावना नहीं हो सकती।' और वे नीति पर इतना ही भार देते हैं, जितना धर्म पर।

मे वर्णित कथाओ का ही प्रवचन करते है पर अनेकों बार सुनी हुई कथा भी उनके मुख से एकदम मौलिक-अश्रुतपूर्व-सी जान पड़ने लगती है।

आचार्य के उपदेश की गहराई और प्रभावोत्पादकता का प्रधान कारण है, उनके आचरण की उच्चता। वे उच्चश्रेणी के आचारनिष्ठ महात्मा हैं।

आचार्यश्री के प्रवचनो का उद्देश्य न तो अपना वक्तृत्वकौशल प्रकट करना है और न विद्वत्ता का प्रदर्शन करना, यद्यपि उनके प्रवचनो से उक्त दोनो विशेषताएँ स्वयं झलकती हैं। श्रोताओ के जीवन को धार्मिक एवं नैतिक दृष्टि से ऊँचे उठाना ही उनके प्रवचनो का उद्देश्य है। यही कारण है कि वे उन बातो पर बारम्बार प्रकाश डालते नजर आते है जो धर्ममय जीवन की नींव के समान है। इतना ही नहीं, वे अपने एक ही प्रवचन मे अनेक जीवनोपयोगी विषयो पर भी प्रकाश डालते है। उनका यह कार्य उस शिक्षक के समान है जो अबोध बालक को एक ही पाठ का कई बार अभ्यास कराकर ऊँचे दर्जे के लिए तैयार करता है।

विश्वास है यह प्रवचन संग्रह पाठको को अत्यन्त लाभप्रद सिद्ध होगा। इस संग्रह के प्रकाशन की आज्ञा देने वाले श्रीहितेच्छु श्रावक मंडल रतलाम और प्रकाशक सेठ बहादुरमलजी बाठिया, भीनासर, के प्रति हम पाठकों की ओर से कृतज्ञता-प्रकाशन करते है।

सम्पादन करते समय मूल व्याख्यानो के भावो का और भाषा का पूरा ध्यान रक्खा गया है। फिर भी वह छद्मस्थ ही कैसा जो अभ्रान्त होने का दावा करे? अगर कहीं भाव-भाषा संबंधी अनौचित्य दिखाई पड़े तो उसका उत्तरदायित्व सम्पादक के नाते मुझ पर है।

'जवाहर किरणावली' की पहली और दूसरी किरण भी साथ ही प्रकाशित हो रही हैं। अभी मुझे सूचना मिली है कि बीकानेर की श्री श्वे० स्था० जैन हितकारिणी संस्था ने पूज्यश्री का उपलब्ध साहित्य प्रकाशित करना तय किया है। हितकारिणी संस्था का यह पुण्य निश्चय बधाई के योग्य है। आशा है इस किरणावली की अगली अनेक किरणें भी शीघ्र पाठकों को हस्तगत होंगी।

जैन गुरुकुल,
ब्यावर
दीपावली, १९९९. } —शोभाचन्द्र भारिल्ल, न्यायतीर्थ

प्रकाशक के दो शब्द

परम प्रतापी जैनाचार्य पूज्य श्री जवाहरलालजी महाराज के जनहितकर व्याख्यान प्रकाशित करने का सुयोग पाकर मेरी प्रसन्नता का पार नहीं है। सर्व साधारण जनता इससे लाभ उठावे, इसीमें मेरी कृतार्थता है।

राजनीतिक परिस्थितिके कारण कागज का मूल्य बेहद बढ गया है और इतने पर भी समय पर आवश्यक कागज नहीं मिलता। फिर भी पुस्तक का मूल्य अधिक नहीं रक्खा गया है। पुस्तक-विक्रय की आय भी साहित्य प्रचार मे ही खर्च की जायगी।

जब पुस्तक-प्रकाशन का निश्चय हुआ तब पूज्य श्री की जयन्ती-कार्तिक शुक्ला चतुर्थी को बहुत दिन नहीं रह गये थे और उक्त समय पर पुस्तक प्रकाशित करनी थी। साहित्य-प्रेमी पं० शान्तिलालजी शेठ के घोर परिश्रम से पुस्तक समय पर प्रकाशित हो सकी है। अतएव हम पडितजी के आभारी हैं।

शीघ्रता के कारण प्रूफ संबंधी त्रुटियो का रह जाना स्वाभाविक आशा है प्रेमी पाठक इसके लिए क्षमा करेंगे।

—प्रकाशक

बांठिया

प्रकाशक के दो शब्द

परम प्रतापी जैनाचार्य पूज्य श्री जवाहरलालजी महाराज के जनहितकर व्याख्यान प्रकाशित करने का सुयोग पाकर मेरी प्रसन्नता का पार नही है। सर्व साधारण जनता इससे लाभ उठावे, इसीमें मेरी कृतार्थता है।

राजनीतिक परिस्थितिके कारण कागज़ का मूल्य बेहद बढ़ गया है और इतने पर भी समय पर आवश्यक कागज नही मिलता। फिर भी पुस्तक का मूल्य अधिक नही रक्खा गया है। पुस्तक-विक्रय की आय भी साहित्य प्रचार मे ही खर्च की जायगी।

जब पुस्तक-प्रकाशन का निश्चय हुआ तब पूज्य श्री की जयन्ती-कार्तिक शुक्ला चतुर्थी को बहुत दिन नहीं रह गये थे और उक्त समय पर पुस्तक प्रकाशित करनी थी। साहित्य-प्रेमी पं० शान्तिलालजी शेठ के घोर परिश्रम से पुस्तक समय पर प्रकाशित हो सकी है। अतएव हम पंडितजी के आभारी हैं।

शीघ्रता के कारण प्रूफ संबंधी त्रुटियों का रह जाना स्वाभाविक है। आशा है प्रेमी पाठक इसके लिए क्षमा करेंगे।

—प्रकाशक

श्रीमान् सेठ बहादुरमलजी बांठिया
भीनासर (बीकानेर)

श्रीमान् सेठ बहादुरमलजी सा. बांठिया

[संक्षिप्त परिचय]

स्थानकवासी सम्प्रदाय के पुराने नायकों का स्मरण करने पर भीनासर (बीकानेर) के श्रीमान् सेठ बहादुरमलजी सा. बांठिया का नाम अवश्य याद किया जाता है। आपने विगत वर्षों में समाज की बहुमूल्य सेवाएँ की हैं। समाज की अनेक प्रसिद्ध संस्थाओं के साथ आपका घनिष्ठ संबंध रहा है।

सेठ बहादुरमलजी सा. एक आदर्श श्रीमान् के समस्त गुणों से युक्त महानुभाव हैं। आपके हृदय की उदारता, सदाचारिता, सरलता और सेवाप्रेम अनुकरणीय है।

आपकी ओर से भीनासर मे एक जैन औषधालय चलता है। बहुत वर्षों तक सेठजी अपने निजी खर्च से और निजी देखरेख मे उसका संचालन करते रहे। वि. सं. ६६ मे आपने स्थायी रूप प्रदान करने के उद्देश्य से २५०००) रु दान कर औषधालय का फंड बना दिया है।

पीजरापोल के लिए आपने अपना एक मकान भेट दिया है, पंचायत के लिए मकान और जमीन दी है, घोडा आदि पशुओ की दया से प्रेरित हो गंगाशहर से लेकर भीनासर तक पक्की सडक बनवाने मे आपका मुख्य हाथ है और उसके लिए आपने आधा खर्च भी किया है।

पूज्यश्री के प्रति आपकी अनुपम भक्ति है। पूज्यश्री को जब युवाचार्य पदवी देने का श्रीसंघ ने निश्चय किया, पर पूज्य श्री ने उसे स्वीकार न करते हुए सामान्य मुनि के रूप मे ही रहने की इच्छा प्रदर्शित की थी तब स्वर्गीय सेठ वर्धमानजी पीतलिया के साथ आप पूज्यश्री की सेवा मे उपस्थित हुए और आपने युवाचार्य पद की स्वीकृति प्राप्त की।

जलगॉव मे जब पूज्य श्री का स्वास्थ्य बहुत अधिक खराब हो गया था, तब आप अपने घर-द्वार की चिन्ता छोडकर पूज्यश्री की सेवा में उपस्थित रहे। उस समय की आप की भक्ति अत्यन्त सराह-

मे सहायता प्रदान की है। 'धर्म-व्याख्या' की दो हजार प्रतियाँ आपने बिना मूल्य वितीर्ण कराई और 'सत्यमूर्त्ति हरिश्चन्द्र', 'ब्रह्मचर्य व्रत', 'सुदर्शन चरित्र' और 'मुखवस्त्रिका सिद्धि' आदि पुस्तको को अर्द्ध-मूल्य मे विक्रय करने के लिए सहायता दी। प्रस्तुत पुस्तक 'दिव्य-सन्देश' भी आपकी ही सहायता से प्रकाशित की जा रही है। पूज्य श्री श्रीलालजी महाराज के जीवन-चरित के लिए आपने दो हजार रुपये की बिना माँगी सहायता दी और अपने साहित्यप्रेम एवं धर्मानुराग का परिचय दिया।

दीक्षाभिलाषी वैरागियो को आपकी ओर से शास्त्र आदि धर्मोपकरण भेट किये जाते है। आपने अपने अध्ययन के लिए पुस्तको का ग्रन्थालय के रूप मे संग्रह किया है जिसमे छपे हुए ग्रन्थो के अतिरिक्त हस्तलिखित धर्म-ग्रन्थ भी है।

आज कल भी आप 'हितेच्छु श्रावक मंडल' रतलाम आदि अनेक संस्थाओ के प्रथमश्रेणी के सदस्य है। इस प्रकार आपके जीवन की संक्षिप्त रूपरेखा है।

आपका कुटुम्ब बीकानेर के प्रसिद्ध धनिको मे गिना जाता है। कलकत्ता और मन्मुख (आसाम) मे आपके फर्म चलते है और सिंघपुरा (पजाब) मे आपकी विशाल जमीदारी है। कलकत्ते मे छतरी का आपका प्रसिद्ध कारखाना है। इस प्रकार धन का भरापूरा

मे सहायता प्रदान की है। 'धर्म-व्याख्या' की दो हजार प्रतियाँ आपने बिना मूल्य वितीर्ण कराई और 'सत्यमूर्त्ति हरिश्चन्द्र', 'ब्रह्मचर्य व्रत', 'सुदर्शन चरित्र' और 'मुखवस्त्रिका सिद्धि' आदि पुस्तको को अर्द्ध-मूल्य मे विक्रय करने के लिए सहायता दी। प्रस्तुत पुस्तक 'दिव्य-सन्देश' भी आपकी ही सहायता से प्रकाशित की जा रही है। पूज्य श्री श्रीलालजी महाराज के जीवन-चरित के लिए आपने दो हजार रुपये की बिना मॉगी सहायता दी और अपने साहित्यप्रेम एवं धर्मानुराग का परिचय दिया।

दीक्षाभिलाषी वैरागियो को आपकी ओर से शास्त्र आदि धर्मोपकरण भेट किये जाते है। आपने अपने अध्ययन के लिए पुस्तकों का ग्रन्थालय के रूप मे सग्रह किया है जिसमे छपे हुए ग्रन्थो के अतिरिक्त हस्तलिखित धर्म-ग्रन्थ भी है।

आज कल भी आप 'हितेच्छु श्रावक मंडल' रतलाम आदि अनेक संस्थाओ के प्रथमश्रेणी के सदस्य है। इस प्रकार आपके जीवन की सक्षिप्त रूपरेखा है।

आपका कुटुम्ब बीकानेर के प्रसिद्ध धनिको मे गिना जाता है। कलकत्ता और सन्मुख (आसाम) मे आपके फर्म चलते है और सिंघपुरा (पजाब) मे आपकी विशाल जमीदारी है। कलकत्ते मे ,त ी का आपका प्रसिद्ध कारखाना है। इस प्रकार धन का भरापूरा

भंडार होने पर भी आपकी सादगी प्रशसनीय है। आप अत्यन्त सरल, मिलनसार और भावुक है।

आपके सुपुत्र कुँ० तोलारामजी तथा कुँ० श्यामलालजी भी बडे सेवाभावो, धर्मानुरागी और सरल हृदय हैं। आपसे समाज को बडी-बडी आशाएँ हैं।

शासनदेव से प्रार्थना है, सेठ बहादुरमलजी साहब बाँठिया स्वास्थ्य के साथ चिरजीवन प्राप्त करे और अनुकरणीय आदर्श समाज के समक्ष उपस्थित करते रहे।

दिव्य-सन्देश : : विषयानुक्रम

ब्रह्मचर्य

प्रार्थना

श्री आदीश्वर स्वामी हो,
प्रणमूं सिर नामी तुम भणी, प्रभु अन्तर्यामी आप।
मो पर म्हेर करीजे हो,
मेटीजे चिन्ता मन तणी, म्हारा काट पुराकृत पाप॥

भगवान आदिनाथ की यह प्रार्थना की गई है। ऋषभदेव के नाम से जैन और अजैन जनता उन्हे अपना आराध्यदेव मानती है। आदिनाथ भगवान इस अवसर्पिणी काल के प्रथम तीर्थङ्कर हुये हैं। उनके जीवन पर दृष्टिपात करने से विदित होता है कि भगवान ऋषभदेव ने धर्म-तीर्थ की स्थापना करने से पहले, जनता में धार्मिक पात्रता उत्पन्न करने के लिये सुन्दर समाज-व्यवस्था की थी। उन्होंने विविध कलाओं की स्थापना की और शिक्षा-पद्धति भी चलाई थी। समाज-शान्ति के लिये भगवान ने नीति निर्माण किया और वर्ण-व्यवस्था की भी नींव डाली थी।

शास्त्रों के मर्म का अध्ययन करने से यह स्पष्ट हो जाता है कि भगवान् के द्वारा की हुई वर्ण-व्यवस्था कर्त्तव्य की सुविधा के लिये थी। वह अहङ्कार का पोषण करने के लिये नहीं थी। अतएव आज वर्णों के नाम पर जो उच्चता-नीचता की भावना फैली हुई है, वह वर्ण-व्यवस्था का स्वरूप नहीं है। यह वर्ण-व्यवस्था का विकार है। प्रत्येक व्यवस्था कुछ समय व्यतीत होने पर सर्व-साधारण के सम्पर्क से विकृत हो जाती है। यहाँ तक कि लोग उसका मूल-सिद्धान्त भुला देते हैं और उसके विविध विकारों को इतना अधिक महत्व दे देते है कि उसके मूल-सिद्धान्त को खोज निकालना भी मुश्किल हो जाता है। जब उस व्यवस्था का मूल-सिद्धान्त विकारों में दब जाता है तो अनेक लोग उसे हानिकारक और अनुपयोगी समझ कर, उससे घृणा करने लगते हैं। अगर इस प्रकार घृणा करने वाले लोग दोष के पात्र हैं, तो उनसे पहले दोषी वे है जो अमृत सरीखी हित-कारक शुद्ध व्यवस्था में विकार के विष का सम्मिश्रण करके उसे विषैली बना डालते हैं, तथापि विवेकशील विद्वानो का यह कर्त्तव्य है कि वे किसी व्यवस्था को समूल नष्ट करने का प्रयत्न करने से पहले उसके अन्तस्तत्त्व का अन्वेषण करें और उसे पहचान कर आये हुए विकारों को ही दूर करने की चेष्टा करें।

वर्ण-व्यवस्था सामाजिक और राष्ट्रीय अभ्युदय के लिये अत्यन्त आवश्यक और उपयोगी थी और अब भी है, परन्तु वर्ण-व्यवस्था का वर्तमान विकृत रूप अवश्य त्याज्य है। उदाहरण के लिये आज-कल के क्षत्रिय मूक पशुओं का शिकार करने में ही अपने क्षात्र-धर्म की शोभा समझते हैं और राष्ट्र-रक्षा के अपने असली [illegible] से विमुख हो रहे हैं। कहाँ तो राष्ट्र की, राष्ट्र की निर्बल ता की रक्षा करना और कहाँ बेचारे घास खा कर वन में रहने

वाले हिरन आदि सौम्य एवं मूक प्राणियो की निर्दयतापूर्ण हिंसा ! दोनों मे आकाश पाताल का अन्तर है।

एक समय ऐसा था जब क्षत्रियो ने अपने धर्म का पालन करके ससार को इस प्रकार प्रकाशित कर दिया था, जैसे सूर्य अपने प्रखर प्रताप से विश्व को आलोकित कर देता है। बडे २ राजो-महाराजो ने और ऋषि-महर्षियों ने धर्म के तेज को धारण करके पाप के अन्धकार को विलीन-सा कर दिया था। उन तेजस्वी पुरुषो की जीवन-कथा आज भी हमे उनके पदानुसरण के लिए प्रेरित और उत्साहित करती है। प्राचीन काल में क्षत्रियो ने अपना क्षात्र-धर्म किस प्रकार दिखाया था, इसका उल्लेख इतिहास के पन्नो पर सुवर्ण-वर्णों से लिखा हुआ है। वे गृहस्थ थे पर आजकल के आचार-विचार वाले नही थे। उन्हे गम्य-अगम्य का अवगम था, भक्ष्य-अभक्ष्य का भान था और कर्त्तव्य-अकर्त्तव्य का विवेक था। जिसे गम्य-अगम्य का ज्ञान नही है, भक्ष्य-अभक्ष्य का विचार नही है और कर्त्तव्य-अकर्त्तव्य का बोध नही है वह सच्चे अर्थ मे मनुष्य कहलाने योग्य भी नही है।

जिन्होने कर्त्तव्य के राजमार्ग को छोड कर अकर्त्तव्य के पथ पर पैर रक्खा था उन्हे ससार घृणा की दृष्टि से देख रहा है। अकर्त्तव्य करने वाले स्वय तो पतित हुये ही, पर उन पर जिन दूसरो का उत्तरदायित्व था, उन्हें भी वे ले डूबे। उन्होने उन भोले और अज्ञानी लोगों को भी पतित बना दिया।

वीर क्षत्रियवंश ने अपने कर्त्तव्य मे रत रह कर, न केवल अपने ही वंश को, वरन् चारो आश्रमों को देदीप्यमान कर दिया था। शास्त्रों मे इस कथन के पोषक बहुत से उल्लेख मौजूद हैं। जैनियो के देवाधि-देव तीर्थंकरो ने क्षत्रिय वश मे ही जन्म लिया था। क्षात्र-तेज के

बिना धर्म प्रकाशित नही होता। धर्म को प्रकाशित करने के लिए वीर क्षत्रियो ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिये। जिन्होंने अपने प्राणों का भी उत्सर्ग कर दिया, उन्हे अपने तन का कितना मोह होगा, यह आप ही विचार ले। वास्तव मे वही कुछ काम कर सकते हैं जिन्होंने अपने तन का मोह हटा दिया है। जिन्होने अपने तन को धर्म मे अधिक मूल्यवान् मान लिया, शरीर को विलास का साधन समझ लिया, आमोद-प्रमोद को अपने जीवन का उद्देश्य स्वीकार कर लिया और जिन्होने सुकुमार बन कर सुख-शय्या पर पड़े रहना ही अपना कर्त्तव्य बना लिया है, वे ससार में कुछ भी प्रकाश नही फैला सकते।

कई भाई कहते है—अभी पचम काल है, कलिकाल है, अतएव हमारी उन्नति नहीं हो सकती। जब समय ही बदल गया तब परिस्थिति भी प्रतिकूल हो गई। मै उनसे पूछना चाहता हूँ कि समय के बदल जाने का अर्थ क्या है? वही पृथ्वी है, वही सूर्य है, सूर्य का उसी प्रकार उदय-अस्त हो रहा है। फिर बदल क्या गया है? और यो देखो तो समय प्रतिक्षण बदलता ही रहता है। एक समय जो वर्तमान काल है वही दूसरे समय मे भूतकाल बन जाता है और भविष्य क्रमश वर्तमान रूप में परिवर्त्तित होता जा रहा है। इस प्रकार काल अनादि से लेकर अब तक अविराम गति से बदलता जा रहा है और सदैव निरन्तर बदलता चला जायगा। फिर इसी समय काल बदलने की शिकायत क्यो की जाती है?

माना, काल बदल गया है और बदलता जा रहा है; पर काल ने तुम्हारे अभ्युदय की सीमा तो निर्धारित नही कर दी है? काल ने सी के कान में यह तो कह नहीं दिया है कि तुम अपने कर्त्तव्य की र ध्यान मत दो। अपने प्रयत्न त्याग कर निश्चेष्ट होकर बैठे रहो। ल को ढाल बना कर अपनी चाल को छिपाने का प्रयत्न करना

उचित नहीं है। अगर ऐसा हुआ तो काल का कुछ नहीं बिगड़ेगा—बिगाड़ तुम्हारा ही होगा। सचाई यह है कि जिनके ऊपर वर्णाश्रम की रक्षा और व्यवस्था का उत्तरदायित्व था वही लोग आज इन्द्रियों के दास बन कर अपने कर्त्तव्य को भूल गये हैं। अगर वे अपना उत्तरदायित्व समझ लें तो उन्नति होने में विलम्ब नहीं लगेगा।

मित्रो! विषम काल तो क्षत्रियों के लिये बड़ा अच्छा अवसर गिना जाता है। विषम काल में और विषम परिस्थितियों में वे अपने क्षात्र-धर्म का प्रदर्शन करते हैं। जिन क्षत्रिय वीरों ने अपनी वीरता के जौहर दिखाये वह विषम काल ही था। सच्चा शूरवीर क्षत्रिय विषम काल से नहीं डरता, इतना ही नहीं वह विषम काल में जूझ कर अपने क्षात्र-तेज को चमकाने के लिये उत्कण्ठित रहता है। जिस विषम काल में क्षत्रियों ने अपने वीर तेज का प्रदर्शन किया था, उस काल में उनके प्रतिपक्षियों को दंग रह जाना पड़ा था।

बहादुर क्षत्रिय जिस प्रकार अन्य अन्यायों को सहन नहीं कर सकते थे, उसी प्रकार रमणियों के आर्त्तनाद को भी सुन नहीं सकते थे। रमणियों की धर्मरक्षा के लिए उन्होंने अपने प्राण संकट में डाले, अनेक लड़ाइयाँ लड़ीं और घनघोर युद्ध किये।

वीर क्षत्रिय विलासमय जीवन को हेय और घृणित समझते थे। वे स्त्रियों की गोद में पड़ा रहना पसन्द नहीं करते थे। जिन क्षत्रियों ने विलासमय जीवन व्यतीत किया और जो रमणियों की गोद में पड़े रहे, उनकी क्या गति हुई, सो इतिहास के पन्ने पलटने से सहज ही विदित हो सकता है। जिन वीरों ने अपने आदर्श-जीवन से भारत का मस्तक ऊँचा उठाया था, उनका मस्तक विलासपूर्ण जीवन बिताने वाला और स्त्रियों के साथ हरदम पड़े रहने वालों ने नीचा कर दिया। आप वीरों में वीर पृथ्वीराज चौहान के इतिहास को

पढ़िये। उसने भारत के शत्रुओ को अनेक बार पराजित किया था। पर संयुक्ता के प्रेमपाश में वह ऐसा फँसा कि बारह वर्ष तक अन्त पुर से बाहर न निकला। उसका फल यह हुआ कि शत्रुओं का बल बढ गया और उसे कैद होना पडा। शत्रुओं ने पृथ्वीराज को कैद किया अर्थात् समस्त भारतवर्ष को कैद कर लिया। एक वीर क्षत्रिय स्वतन्त्रता खो कर गुलाम क्या बना, सारे भारत को उसने गुलाम बना दिया। जो क्षत्रिय अपने धर्म से च्युत होकर अपने देश को च्युत कर देता है वह अत्यन्त पातकी है।

क्षात्रधर्म का विषय बहुत विस्तृत है। इस पर भलीभांति प्रकाश डालने के लिए कई दिनो तक भाषण करने की आवश्यकता है। किन्तु आज मुझे ब्रह्मचर्य के सम्बन्ध में बोलने की सूचना दी गई है, अतएव इसी विषय पर कुछ प्रकाश डालूंगा। क्षत्रियों के तेजस्वी जीवन का ब्रह्मचर्य से घनिष्ठ सम्बन्ध भी है। अतएव क्षत्रियधर्म मे ब्रह्मचर्य का भी समावेश होता है।

ब्रह्मचर्य शब्द कैसे बना और ब्रह्मचर्य क्या वस्तु है, सर्वप्रथम इस बात का विचार करना चाहिए। हमारे आर्यधर्म के साहित्य मे ब्रह्मचर्य शब्द का उल्लेख मिलता है। जिन दिनो, अवशेष संसार यह भी नही जानता था कि वस्त्र क्या होते है और अन्न क्या चीज है, नंग-धडग रह कर, कच्चा मांस खाकर अपना पाशविक जीवन यापन कर रहा था, उन दिनो भारत बहुत ऊँची सभ्यता का धनी था। उस समय भी उसकी अवस्था बहुत उन्नत थी। यहाँ के ऋषियो ने, जो संयम, योगाभ्यास, ध्यान, मौन आदि अनुष्ठानो मे लगे रहते थे, संसार मे ब्रह्मचर्य नाम को प्रसिद्ध किया। ब्रह्मचर्य का महत्व तभी चला आता है जब से धर्म की पुनः प्रवृत्ति हुई। भगवान ऋषभ- ने धर्म मे ब्रह्मचर्य को भी अग्र स्थान प्रदान किया था। साहित्य

की ओर दृष्टिपात कीजिये तो विदित होगा कि अत्यन्त प्राचीन साहित्य—आचारांग सूत्र तथा ऋग्वेद—में भी ब्रह्मचर्य की व्याख्या मिलती है। इस प्रकार आर्य प्रजा को अत्यन्त प्राचीन काल से ब्रह्मचर्य का ज्ञान मिलता रहा है।

आजकल ब्रह्मचर्य शब्द का सर्वसाधारण में कुछ संकुचित-सा अर्थ समझा जाता है। पर विचार करने से मालूम होता है कि वास्तव में उसका अर्थ बहुत विस्तृत है। ब्रह्मचर्य का अर्थ बहुत उदार है अतएव उसकी महिमा भी बहुत अधिक है। हम ब्रह्मचर्य का महिमागान नहीं कर सकते। जो विस्तृत अर्थ को लक्ष्य में रख कर ब्रह्मचारी बना है उसे अखण्ड ब्रह्मचारी कहते हैं। अखण्ड ब्रह्मचारी का मिलना इस काल में अत्यन्त कठिन है। आजकल तो अखण्ड ब्रह्मचारी के दर्शन भी दुर्लभ हैं। अखण्ड ब्रह्मचारी में अद्भुत शक्ति होती है। उसके लिए क्या शक्य नहीं है? वह चाहे सो कर सकता है। अखण्ड ब्रह्मचारी अकेला सारे ब्रह्माण्ड को हिला सकता है। अखण्ड ब्रह्मचारी वह है जिसने अपनी समस्त इन्द्रियों को और मन को अपने अधीन बना लिया हो—जो इन्द्रिय और मन पर पूर्ण आधिपत्य रखता हो। इन्द्रियाँ जिसे फुसला नहीं सकतीं, मन जिसे विचलित नहीं कर सकता। ऐसा अखण्ड ब्रह्मचारी ब्रह्म का शीघ्र साक्षात्कार कर सकता है। अखण्ड ब्रह्मचारी की शक्ति अजब-गजब की होती है।

ब्रह्मचर्य पालन करने वाले को अखण्ड ब्रह्मचर्य का आदर्श सामने रखना चाहिये। यद्यपि अखण्ड ब्रह्मचारी के दर्शन होना इस काल में कठिन हैं, तब भी उसके आदर्श को सामने रक्खे बिना सादा ब्रह्मचार्य भी यथावत् पालन करना कठिन है। कोई यह कह सकता है कि जब अखण्ड ब्रह्मचारी हमारे सामने ही नहीं है, तब उसका आदर्श अपने सामने किस प्रकार रक्खा जाय? इसका उत्तर

पढ़िये। उसने भारत के शत्रुओं को अनेक वार पराजित किया था। पर संयुक्ता के प्रेमपाश में वह ऐसा फँसा कि बारह वर्ष तक अन्तःपुर से बाहर न निकला। उसका फल यह हुआ कि शत्रुओं का बल बढ़ गया और उसे कैद होना पड़ा। शत्रुओं ने पृथ्वीराज को कैद किया अर्थात् समस्त भारतवर्ष को कैद कर लिया। एक वीर क्षत्रिय स्वतन्त्रता खो कर गुलाम क्या बना, सारे भारत को उसने गुलाम बना दिया। जो क्षत्रिय अपने धर्म से च्युत होकर अपने देश को च्युत कर देता है वह अत्यन्त पातकी है।

क्षात्रधर्म का विषय बहुत विस्तृत है। इस पर भलीभांति प्रकाश डालने के लिए कई दिनों तक भाषण करने की आवश्यकता है। किन्तु आज मुझे ब्रह्मचर्य के सम्बन्ध में बोलने की सूचना दी गई है, अतएव इसी विषय पर कुछ प्रकाश डालूंगा। क्षत्रियों के तेजस्वी जीवन का ब्रह्मचर्य से घनिष्ठ सम्बन्ध भी है। अतएव क्षत्रियधर्म में ब्रह्मचर्य का भी समावेश होता है।

ब्रह्मचर्य शब्द कैसे बना और ब्रह्मचर्य क्या वस्तु है, सर्वप्रथम इस बात का विचार करना चाहिए। हमारे आर्यधर्म के साहित्य में ब्रह्मचर्य शब्द का उल्लेख मिलता है। जिन दिनों, अवशेष संसार यह भी नहीं जानता था कि वस्त्र क्या होते हैं और अन्न क्या चीज है, नंग-धड़ग रह कर, कच्चा मांस खाकर अपना पाशविक जीवन यापन कर रहा था, उन दिनों भारत बहुत ऊँची सभ्यता का धनी था। उस समय भी उसकी अवस्था बहुत उन्नत थी। यहाँ के ऋषियों ने, जो संयम, योगाभ्यास, ध्यान, मौन आदि अनुष्ठानों में लगे रहते थे, संसार में ब्रह्मचर्य नाम को प्रसिद्ध किया। ब्रह्मचर्य का महत्व तभी से चला आता है जब से धर्म की पुनः प्रवृत्ति हुई। भगवान् ऋषभदेव ने धर्म में ब्रह्मचर्य को भी अग्र स्थान प्रदान किया था। साहित्य

की ओर दृष्टिपात कीजिये तो विदित होगा कि अत्यन्त प्राचीन साहित्य—आचारांग सूत्र तथा ऋग्वेद—में भी ब्रह्मचर्य की व्याख्या मिलती है। इस प्रकार आर्य प्रजा को अत्यन्त प्राचीन काल से ब्रह्मचर्य का ज्ञान मिलता रहा है।

आजकल ब्रह्मचर्य शब्द का सर्वसाधारण से कुछ संकुचित-सा अर्थ समझा जाता है। पर विचार करने से मालूम होता है कि वास्तव मे उसका अर्थ बहुत विस्तृत है। ब्रह्मचर्य का अर्थ बहुत उदार है अतएव उसकी महिमा भी बहुत अधिक है। हम ब्रह्मचर्य का महिमागान नहीं कर सकते। जो विस्तृत अर्थ को लक्ष्य में रख कर ब्रह्मचारी बना है उसे अखण्ड ब्रह्मचारी कहते हैं। अखण्ड ब्रह्मचारी का मिलना इस काल में अत्यन्त कठिन है। आजकल तो अखण्ड ब्रह्मचारी के दर्शन भी दुर्लभ हैं। अखण्ड ब्रह्मचारी में अद्भुत शक्ति होती है। उसके लिए क्या शक्य नहीं है? वह चाहे सो कर सकता है। अखण्ड ब्रह्मचारी अकेला सारे ब्रह्माण्ड को हिला सकता है। अखण्ड ब्रह्मचारी वह है जिसने अपनी समस्त इन्द्रियों को और मन को अपने अधीन बना लिया हो—जो इन्द्रिय और मन पर पूर्ण आधिपत्य रखता हो। इन्द्रियाँ जिसे फुसला नहीं सकतीं, मन जिसे विचलित नहीं कर सकता। ऐसा अखण्ड ब्रह्मचारी ब्रह्म का शीघ्र साक्षात्कार कर सकता है। अखण्ड ब्रह्मचारी की शक्ति अजब-गजब की होती है।

ब्रह्मचर्य पालन करने वाले को अखण्ड ब्रह्मचर्य का आदर्श सामने रखना चाहिये। यद्यपि अखण्ड ब्रह्मचारी के दर्शन होना इस काल मे कठिन हैं, तब भी उसके आदर्श को सामने रक्खे बिना साधारण ब्रह्मचर्य भी यथावत् पालन करना कठिन है। कोई यह कह सकता है कि जब अखण्ड ब्रह्मचारी हमारे सामने [illegible] ही है, तब उसका आदर्श अपने सामने किस प्रकार [illegible]

इस प्रकार है। भूमिति शास्त्र मे भूमध्य रेखा का बडा महत्व है। भूमध्य रेखा सिर्फ एक कल्पना मात्र है। वास्तव मे भूमध्य रेखा की कोई मोटाई नहीं है, फिर भी इस कल्पित भूमध्य रेखा को यथावसित करने से तमाम रेखाएँ खीची जाती हैं। इसमे तमाम पृथ्वी-मण्डल का ज्ञान प्राप्त किया जाता है। इसी प्रकार यदि अखण्ड ब्रह्मचर्य को थोडी देर के लिए कल्पित मान लिया जाय, तो भी उसे लक्ष्य बनाये रखने से सादे ब्रह्मचर्य का सम्यक् प्रकार से पालन किया जा सकता है। जैन शास्त्रो मे पूर्ण ब्रह्मचारी की महिमा का मुक्त कण्ठ से गान किया गया है। जैन शास्त्रो मे लिखा है कि अखण्ड ब्रह्मचारी को मनुष्य तो क्या, पर देवता, यक्ष, किन्नर आदि सब देव नमस्कार करते हैं। ब्रह्मचारी मे देवो को नम्र बनाने की शक्ति किस प्रकार प्रादुर्भूत होती है, यह विषय बहुत गूढ है। यहाँ इसका गहरा प्रतिपादन किया जाय तो उपस्थित भाइयो में से बहुत कम उसे समझ सकेगे। अतएव मै अपूर्ण ब्रह्मचर्य की बात आपके सामने रखता हूँ। जो अपूर्ण को समझ लेगा वह बाद मे पूर्ण को सरलता से समझ जायगा। अपूर्ण को समझे बिना पूर्ण को समझा नही जा सकता।

अपूर्ण ब्रह्मचर्य केवल वीर्य-रक्षा को कहते हैं। वीर्य वह वस्तु है जिसके सहारे सारा शरीर टिका हुआ है। यह शरीर वीर्य से बना भी है। अतएव आँखें वीर्य है, कान वीर्य हैं, नासिका वीर्य है, हाथ-पैर वीर्य हैं। सारे शरीर का निर्माण वीर्य से हुआ है, अतएव सारा शरीर वीर्य है। जिस वीर्य से सम्पूर्ण शरीर का निर्माण होता है उसकी शक्ति क्या साधारण कही जा सकती है? किसी ने ठीक ही कहा है :—

मरणं बिन्दुपातेन जीवनं बिन्दुधारणात्।

अर्थात् वीर्य के ऊपर ही जीवन टिका है। वीर्यनाश का फल है।

और देशों मे क्या होता है, यह प्रश्न मेरे सामने नहीं है। मैं भारतवर्ष को लक्ष्य करके ही कह रहा हूँ। भारतवासियों ने वीर्य का दुरुपयोग करके विविध प्रकार की व्याधियाँ विसाही हैं। करोड़ों मनुष्य वीर्य की यथोचित रक्षा न करने के कारण रोगों के शिकार हो रहे हैं। न जाने कितने हतवीर्य लोग आज भूख से तड़प रहे हैं, शोक से व्याकुल हैं। स्वतन्त्रता की जगह गुलामी भोग रहे हैं। वीर्य का विनाश करके लोगों ने अपने पैर पर आप ही कुल्हाड़ा मारा है। यही नहीं, उन्होंने अपनी सन्तान का भविष्य भी अन्धकारमय बना डाला है। निर्बलों की सन्तान कितनी सबल होती होगी? आजकल के युवकों का तेजोहीन वदन चेहरे पर पड़ी हुई झुर्रियाँ, झुकी हुई कमर और गड्हों में धँसी हुई आँखें देख कर तरस आये बिना नहीं रहता। यह सब जीवनतत्त्व की न्यूनता का द्योतक है। वीर्यनाश के ऐसे-ऐसे भयंकर परिणाम दिखाई दे रहे हैं फिर भी कुछ लोग झूठी लज्जा के वश होकर इस सम्बन्ध में प्रकट बात कहने का विरोध करते हैं। अरे रुई की पोटली में लगी हुई आग कब तक छिपेगी? वह तो आप ही प्रकट होगी। ऐसी स्थिति मे वीर्यरक्षा का उपदेश देना जीवन की प्रतिष्ठा का उपदेश देना है।

जो वीर्य रूपी राजा को अपने काबू मे कर लेता है वह सारे संसार पर अपना दावा रख सकता है। उसके मुख-मण्डल पर विचित्र तेज चमकता है। उसके नेत्रों से अद्भुत ज्योति टपकती है। उसमे एक प्रकार की अनोखी क्षमता होती है। वह प्रसन्न, नीरोग और प्रमोदमय जीवन का धनी होता है। उसके इस धन के सामने चाँदी-सोने के टुकड़े किसी गिनती मे नहीं हैं।

मित्रो! तुम—ओसवाल भाई—पहले वीर क्षत्रिय थे। तुम्हारे विचारों मे बनियापन बाद में आया है। अपने इन बनियापन के

विचारों को हृदय से निकाल दो। गीता में कहा है—'श्रद्धामयोऽयं पुरुष ।' अर्थात् श्रद्धा से मनुष्य जैसा चाहे वैसा बन सकता है। तुम ओसवालों में किसी प्रकार का बिगाड़ नहीं हुआ है। तुम्हारे शरीर में शुद्ध क्षत्रियरक्त दौड़ रहा है। उठो! तुम्हारे उठे बिना बेचारा रक्त भी क्या करेगा? 'म्हे तो ढीली धोतीरा वाणिया हां' इस प्रकार की कायरतापूर्ण बातें कहना छोड़ो। हमने—साधुओं ने—तुम्हें बनिया नहीं बनाये थे, 'महाजन' बनाये थे। 'महाजन' का अर्थ 'बड़ा आदमी' होता है। 'महाजनो येन गतः स पन्था' महाजन जिस मार्ग से जावे वही सुमार्ग है, अर्थात् वही मार्ग अनुसरणीय है। ऐसी लोकोक्ति तुम्हारे विषय में प्रचलित थी। तुम दुनिया को रास्ता बतलाने वाले थे।

एक समय आप लोगों में वह ताकत थी, ऐसी कुव्वत थी, जिसके प्रताप से राजा भी आपके आगे नतमस्तक होते थे। राज्य का शासन तुम्हारे ही हाथों में रहता था। अभी बहुत दिन नहीं बीते हैं, बीकानेर, उदयपुर, जयपुर आदि राज्यों के दीवान 'महाजन' ही थे। इतिहास इस बात की साक्षी दे रहा है कि आप महाजन क्षत्रिय थे।

'क्षतात्-नाशात् त्रायते-रक्षति, इति क्षत्रियः ।' अर्थात् जो दुःख से मरते हुए की रक्षा करता है वह क्षत्रिय है। मनु ने तथा ऋषभदेव ने आपको संसार की रक्षा करने का भार सौंपा था। उन्होंने हुक्म दिया था कि दुर्बलों पर न अत्याचार करो, न करने दो। सच्चा क्षत्रिय निर्बलों का त्राता—रक्षक होता है। वह स्वयं मरना स्वीकार करेगा परन्तु अपने सामने निर्बलों को मरने न देख सकेगा। क्षत्रिय अपनी रक्षा के लिये दूसरे का मुंह नहीं देखेगा क्योंकि वह स्वयं रक्षित है। मनुष्य स्वयं रक्षित तभी बन सकता है जब उसने वीर्य की रक्षा की हो। वीर बनने के लिये पहले वीर्य की रक्षा करो। वीर्य हमारा जीवन

है। वीर्य हमारा माँ-बाप है, वीर्य हमारा ब्रह्म है। वीर्य हमारा तेज है। वीर्य हमारा सर्वस्व है। जो मूर्ख अपने सर्वस्व का नाश कर डालता है उसके बराबर हत्यारा दूसरा कौन है ? जो मनुष्य करोड रुपया तोले की कीमत का अतर गधे के शरीर को चुपडता है उसे आप क्या कहेंगे ?

'महामूर्ख !'

सभा मे, सभ्यता की मर्यादा का ध्यान रखना ही चाहिए। इसीलिए नग्न सत्य नहीं कहना चाहता, फिर भी विचार कीजिये कि वीर्य करोड रुपया तोले की कीमत वाले अतर की अपेक्षा भी अधिक कीमती है, इतने कीमती पदार्थ को जो नीच स्त्रियों की तरफ आकृष्ट होकर कुचाल चलने की चेष्टा मे फैंक देता है, उस नीच पुरुष को क्या कहा जाय ? उसे किसकी उपमा दी जाय ?

मित्रो ! जो मूर्ख अमूल्य अतर गधे को लगा देगा वह बादशाह की इज्जत किससे करेगा ? जो मनुष्य अपने अनमोल वीर्य रूपी अतर को नीच वेश्याओ को सौप देगा वह संसार की पूजा—सेवा—किससे करेगा ? याद रक्खो, वीर्य मे बडी भारी शक्ति है। इस शक्ति के प्रभाव से इन्द्र आदि बडे-बड़े देवता भी पीपल के पत्ते की भाँति थरथर काँपने लगते हैं। महाभारत मे एक स्थल पर वर्णन है कि अर्जुन ब्रह्मचर्य का पालन करता हुआ तप कर रहा था। उसकी उग्र तपस्या देख कर इन्द्र को भय हुआ कि कहीं अर्जुन मेरा राज्य न छीन ले। मैं कहीं इन्द्र-पद से भ्रष्ट न कर दिया जाऊँ! इस प्रकार भयभीत होकर इन्द्र ने बहुत विचार किया। जब उसे कोई उपाय न सूझ पडा तब उसने रम्भा नामक एक अप्सरा को बुला कर कहा—'रम्भे, जाओ और अपने छल-कौशल से अर्जुन का ब्रह्मचर्य खण्डित करके उसे तपोभ्रष्ट कर डालो।

रम्भा सुसज्जित होकर अर्जुन के पास गई। वह अपना हाव-भाव दिखा कर बोली—'हा हा नाथ! मेरे प्रियतम! यह नाशकारी मन्त्र आपको किस गुरु ने बतलाया है? इस मन्त्र के पीछे पड़ कर मनुष्यत्व से क्यों हाथ धो रहे हो? मैं आपकी सेवा में उपस्थित हूँ। तपस्या करके भी मुझ से बढ़िया कौन सी चीज पा जाओगे? जब मैं उपस्थित हो गई हूँ तब तपस्या करना निष्फल है। इस कायक्लेश को त्यागिये और मुझे ग्रहण कर मानव-जीवन को सफल बनाइये!'

अर्जुन अपनी तपस्या में मगन था। वह रम्भा को माता के रूप में देख रहा था।

रम्भा ने अपना सारा कौशल आज़मा लिया। उसने विविध प्रकार के हाव-भाव दिखाये और अर्जुन को तपस्या से च्युत करने के लिए सभी कुछ कर डाला, पर अर्जुन नहीं डिगा सो नहीं डिगा। अर्जुन मानो सोच रहा था—माता अपने बालक को किसी प्रकार मनाना चाहती है।

रम्भा सब तरह से हार गई। वह अर्जुन का वीर्य न खींच सकी। तब उसने अपना अन्तिम अस्त्र काम में लिया, क्योंकि वह सिखलाई हुई थी, गुलाम थी, पुरुष की विषय-वासना की दासी थी। वह नग्न हो गई।

रंभा अप्सरा थी। उसका रूप-सौन्दर्य कम नहीं था। तिस पर अर्जुन को तपोभ्रष्ट और ब्रह्मचर्य-भ्रष्ट करने के उद्देश्य से उसने अपने दैवी बल से अद्भुत आकर्षक रूप धारण किया। उसने काम-देव की ऐसी फुलवाड़ी खिलाई कि न मोहित होने वाला भी मोहित हो जाय। परन्तु वीर अर्जुन तिलमात्र भी न डिगा। उसका मन-मेरु रंच मात्र भी विचलित नहीं हुआ। उसने मुस्किरा कर कहा—'माता

अगर आपने इस सुन्दर शरीर से मुझे जन्म दिया होता तो मुझ मे और अधिक तेज आ जाता।"

रंभा लज्जित हुई। वह अर्जुन से परास्त हुई। उसने अपना रास्ता पकडा।

अर्जुन की प्रतिज्ञा थी कि जो मेरे गांडीव धनुप की निन्दा करेगा उसका मैं सिर उडा दूगा। मित्रो! अर्जुन यदि वीर्यशाली न होता तो क्या ऐसी भीषण प्रतिज्ञा कर सकता था? कदापि नही! वीर्यबल के सामने शस्त्र का बल तुच्छ है। अर्जुन जब अपने धनुप की निन्दा नही सह सकता था तब क्या वह अपने वीर्य की निन्दा सहन कर लेता? नही। क्योकि वीर्य के बिना धनुप काम नहीं आ सकता। अतएव धनुष कम कीमती है और वीर्य अधिक मूल्यवान् है।

हे क्षत्रिय पुत्रो! ऐ पाण्डवो की सन्तानो! जिस वीर्य के प्रताप से तुम्हारे पूर्वजो ने विश्व भर मे अपनी कीर्त्ति-कौमुदी फैलाई थी, उस वीर्य का तुम अपमान करोगे?

वीर्य का अपमान क्या है और कैसे होता है, इसे समझ लीजिये। लुभावने राग-रंग मे लीन होकर विलासमय जीवन व्यतीत करना ही वीर्य का अपमान है। क्या आप 'नोबिल स्कूल' के क्षत्रिय कुमार वीर्य का अपमान न करने की प्रतिज्ञा कर सकते हैं? आप क्षत्रिय हैं। वीरता के साथ बोलिये—हॉ, हम अपमान न करेंगे।

वीर्य का अपमान न करने से मेरा आशय यह नही है कि आप विवाह ही न करें। मैं गृहस्थ-धर्म का निषेध नही करता। ...स्थ को अपनी पत्नी के साथ मर्यादा के अनुसार रहना चाहिये। ... का अपमान करने का अर्थ है—गृहस्थ-धर्म की मर्यादा का ...घन करके पर-स्त्री के मोह में पडना, वेश्यागामी होना अथवा

अप्राकृतिक कुचेष्टायें करके वीर्य का नाश करना। पितामह भीष्म ने आजीवन ब्रह्मचर्य पाला था। आप उनका अनुकरण करके जीवन-पर्यन्त ब्रह्मचर्य पालें तो खुशी की बात है। अगर आपसे यह नहीं हो सकता तो विधिपूर्वक लग्न कर सकने की मनाई नहीं है। पर विवाहिता पत्नी के साथ भी सन्तानोत्पत्ति के सिवाय—ऋतुदान के अतिरिक्त वीर्य का नाश नहीं करना चाहिये। स्त्रियों को भी यह चाहिये कि वे अपने मोहक हाव-भाव से पति को विलासी बनाने का प्रयत्न न करें। जो स्त्री सन्तानोत्पत्ति की इच्छा के सिवाय केवल विलास के लिए अपने पति को विलास में फँसाती है वह स्त्री नहीं पिशाचिनी है। वह अपने पति के जीवन की चूसने वाली है।

आप परस्त्री-सेवन का त्याग करें, यह किसी पर एहसान नहीं है। यह तो अपने आपके लिए लाभदायक है। कल्याणकारक है। भारतवर्ष का यह दुर्भाग्य है कि आज भारत की सन्तान को वीर्य-रक्षा का महत्व समझाना पड़ता है।

हे भीष्म की सन्तानो! भीष्म ने आजीवन ब्रह्मचर्य पालन करके दुनिया के कानों में ब्रह्मचर्य का पावन मन्त्र फूका था। आज उन्हीं की सन्तान कहलाते हुए उन्हीं के मन्त्र को क्यों भूल रहे हो? भीष्म गंगा का पुत्र था। उसने अपने पिता शान्तनु के लिए आजीवन ब्रह्मचर्य पाला था। ब्रह्मचर्य के प्रताप से उन दिनों भीष्म के बराबर बलशाली संसार में दूसरा कोई नहीं था। लोगों ने हाथ जोड़ कर उनसे प्रार्थना की—'महाराज! आप संसार को हानि पहुँचा रहे हैं।'

भीष्म बोले—कैसे?

लोगों ने उत्तर दिया—अन्नदाता, वीर पुरुषों की सन्तान भी वीर होती है। आप संसार में अद्वितीय वीर्यशाली वीर हैं। आप विवाह नहीं करेंगे तो आपके पश्चात् कौन वीर कहलाने योग्य होगा?

पितामह ने हँसकर कहा—भाइयो, तुम ने ठीक कहा। यदि मै विवाह कर लेता तो मेरी एक-दो सन्तान वीर होती। पर मेरे आजीवन ब्रह्मचर्य को देखकर कितनी सन्तान वीर बनेगी, इसका भी अन्दाज आपने लगाया ?

अहा ! पितामह भीष्म ने जिस उच्चतर ध्येय को अपने सामने रखकर ब्रह्मचर्य-व्रत का आदर्श खडा किया, उसी ध्येय के प्रति उनकी ही सन्तान उदासीनता दिखला रही है ! यह देखकर पितामह क्या कहते होगे ?

कई श्रावक गर्दन हिलाते हुये कहते है—'महाराज, बत्ती तो सरदा कोयनी, पॉच दिनरा पच्चखाण करा द्यो। (अधिक तो श्रद्धा है नही, पाँच दिन का त्याग करा दीजिये)' अफसोस ! श्रावक का नाम धराते हैं पर श्रावक के कर्त्तव्यों का ज्ञान ही नही है ! सच्चा श्रावक ऋतुकाल के अतिरिक्त विषय-सेवन करता ही नही है। उसके बदले यहाँ यह हालत है कि पाँच दिन का त्याग किया जाता है और वह भी इस प्रकार कह कर, मानो महाराज पर ऐहसान कर रहे हैं ! 'पॉच दिनरा पचखाण करा द्यो, बत्ता नही'; कितनी कायरता है ! विषय-लम्पटता का कितना दौर चल रहा है, यह इस बात का प्रमाण है और हम समझते हैं—गूंगा 'बा' बोला यही गनीमत है—बोलना तो सीखा ! सर्वथा भोग मे कुछ त्याग तो अच्छा ही है।

वीर्यरक्षा की साधना करने वाले को अपनी भावना पवित्र बनाये रखने की बडी आवश्यकता है। उसे चाहिये कि वह कुत्सित विचारो को पास न फटकने दे। सदा शुद्ध वातावरण में रहना, शुचि विचार रखना, आहार-विहार सम्बन्धी विवेक रखना; ब्रह्मचर्य साधक के लिए अतीव उपयोगी है। ऐसा किये बिना वीर्य की भाँति रक्षा होना संभव नही है।

बालकों के सम्बन्ध मे इन बातों पर ध्यान रखना उनके माता-पिता एवं संरक्षकों का काम है। पर अभागे भारत में जो न हो वही गनीमत है। बचपन मे ही बालक-बालिकाओं में ऐसे भाव भरे जाते हैं कि छोटी अवस्था से ही वे बिगड जाते हैं। लोग बालिका को प्यार करते हैं तब कहते हैं—'नानी, थारे बींद कैसो लावां ?' और बालक को कहते हैं—'नान्या, थारे बींदणी कैसी लावां ?' इस प्रकार की विकारजनक बातें बालक-बालिकाओं के कोमल मस्तिष्क मे घुस कर उन पर क्या प्रभाव डालती हैं ? इससे वे सोचने लगते हैं कि बालक बींदणी—पत्नी पाने के लिये और बालिकायें बींद—पति प्राप्त करने के लिये ही हुये हैं।

मित्रो ! जरा विचार करो। तुम जिसे प्यार कहते हो—समझते हो, वह प्यार नहीं, संहार है—सन्तान के जीवन को मिट्टी में मिला देने वाला मन्त्र है। यह तुम्हारा आमोद-प्रमोद नहीं है वरन बालक-बालिकाओं की स्वाभाविक शक्ति को समूल नष्ट कर देने वाला कुल्हाडा है।

मित्रो ! दिल चाहता है, लज्जा के पर्दे को फाड कर सारी बातें तुम्हें साफ २ बतला दूं, पर परिस्थिति मना कर रही है।

आजकल की शिक्षा की ओर जब दृष्टिनिपात करते हैं तब और भी निराशा होती है। आधुनिक शिक्षापद्धति खोखली नजर आती है। शिक्षा का ध्येय जीवन-निर्माण अथवा चरित्रगठन होना चाहिए। 'ज्ञानं भारः क्रियां विना।' अर्थात् चरित्रहीन ज्ञान जीवन का बोझ है। आज शिक्षा के नाम पर यही बोझ लादा जा रहा है। आधुनिक शिक्षा पद्धति इतनी दूषित हो गई है कि उसमे चरित्र का कोई स्थान ही नहीं प्रतीत होता। यही कारण है कि हमारे देश की दुर्दशा हो

रही है। हमारे प्राचीन शास्त्रप्रणेताओं ने ज्ञान का फल चारित्र बतलाया है। जिस ज्ञान से चारित्र का लाभ नहीं होता वह ज्ञान निष्फल है—अकारथ है। उससे जीवन का अभ्युदय-साधन नहीं हो सकता।

शिक्षा का विषय स्वतन्त्र है और उस पर यहाँ विस्तार-पूर्वक विवेचन नहीं किया जा सकता। अतएव शिक्षा-पद्धति की चर्चा न उठाते हुए विद्यार्थियों के हाथ में आने वाली पुस्तकों के सम्बन्ध में ही दो शब्द कहते हैं। विद्यार्थियों के हाथ में मन बहलाने के लिये प्रायः उपन्यास और नाटक आते हैं। किन्तु बहुत से उपन्यास और नाटक ऐसे क्षुद्र लेखकों द्वारा लिखे गये हैं जिनमें कुत्सित भावनाओं को जागृत करने वाली सामग्री के सिवाय और कुछ नहीं मिलता। जब कभी ऐसी पुस्तक अनजान में हमारे हाथ आ जाती है तब उसे देखकर दिल दहलने लगता है, यह सोच कर कि ऐसी जघन्य पुस्तकें विद्यार्थी-समाज का कितना सत्यानाश करती होंगी? इन पुस्तकों के भावों को देखकर हृदय में संताप का पार नहीं रहता।

प्यारे विद्यार्थियो! अगर तुम अपना जीवन सफल और तेजोमय बनाना चाहते हो तो ऐसी पुस्तकों को कभी हाथ मत लगाना, अन्यथा वे तुम्हारा जीवन मिट्टी में मिला देंगी। अगर तुम अपने अनुभवशील शिक्षकों से अपने लिये सत्साहित्य का चुनाव करा लोगे तो तुम्हारा बड़ा लाभ होगा। इससे तुम्हारे पथ-भ्रष्ट होने की सम्भावना नहीं रहेगी। तुम्हारा मस्तिष्क गन्दगी का खजाना नहीं बन पायगा।

भाइयो, तुम्हें सत्पुरुषों की संगति करनी चाहिये। हृदय में क भावना भरनी चाहिये। जो बुरे विचार तुम्हारे दिमाग में भर हो उन्हें उत्तमोत्तम पुस्तकों का पठन करके दूर कर देना चाहिए।

प्राचीन काल की माताएँ बचपन में ही अपने बालक को सदुपदेश दिया करती थीं। वे मनचाही सन्तति उत्पन्न कर सकती थीं। मार्कण्डेय पुराण में मदालसा का चरित्र वर्णन किया गया है। उससे विदित होता है कि मदालसा अपने पुत्र को आठ वर्ष की उम्र में तपस्या करने के लिए भेजना चाहती थी। इसके जब पुत्र उत्पन्न हुआ तभी से उसने उसे अपने भावों का पाठ पढ़ाना आरम्भ कर दिया। यही पाठ उसे पालने में लोरियों के रूप में सिखाया गया। गर्भ के संस्कारों से तथा शैशव काल में प्रदत्त संस्कारों के कारण वह पुत्र इतना तेजस्वी और बुद्धिशाली हुआ कि आठ वर्ष की उम्र में संसार त्याग कर वनवासी हो गया। इस प्रकार मदालसा ने अपने सात पुत्रों को तपस्या करने के लिए जंगल में भेज दिया। एक बार राजा ने रानी मदालसा से कहा—'मदालसे, तू सब पुत्रों को जंगल में भेज देती है। मेरा राज्य कौन सम्भालेगा ?'

हँस कर मदालसा ने कहा—नाथ, आप चिन्ता न कीजिये। मैं आपको एक ऐसा पुत्र दूँगी जो महा तेजस्वी महाराजा रहना सकेगा।

मदालसा ने ऐसा ही आठवां पुत्र पैदा किया। उसने बड़ी योग्यता के साथ राज्यकाज सम्भाला और प्रजा का पालन किया।

के लिये उपयुक्त है ? तले हुए पदार्थ कितनी हानि पहुँचाते हैं यह बात आप लोग जानते होंगे। यह चटपटा और फरफरा भोजन करा कर बालक के ब्रह्मचर्य को आग क्यों लगाते हो ? बेचारा बालक निसर्गत अभ्यासी न होने पर भी सी-सी करता हुआ तुम्हारे जरिये चटपटे मसाले खाने का अभ्यासी बनता है। जिन मिर्चों की पिसी हुई लुगदी कुछ घण्टों तक हाथ के चमड़े पर रखने से फुंसियाँ उठ आती हैं, वे मिर्चें पेट मे जाकर आंतों को जला कर कितनी निर्बल बनाती होंगी, यह समझना कठिन नहीं है। बालकों के लिये और ब्रह्मचर्य पालने वाले युवकों के लिए चटपटे मसाले हलाहल विष के समान हैं। उनका त्याग करने में ही कल्याण है।

ब्रह्मचर्य की आराधना करने वालों को—शक्ति की उपासना करने वालों को सात्विक भोजन ही अनुकूल और लाभप्रद होता है, यह आयुर्वेद का मत है। सात्विक भोजन मस्तिष्क की शक्ति बढाने वाला, बुद्धि देने वाला और बल उत्पन्न करने वाला है। डाक्टरों के मत भी आयुर्वेद के इस विधान का अनुमोदन करते हैं।

अच्छा एक बात आप बताइये। जवाहरात पैरिस मे अधिक हैं या हिन्दुस्तान में ? अमेरिका और इंग्लैण्ड मे माणिक मोती ज्यादा है या भारत में ?

'पैरिस में !'

मगर पैरिस के तथा अमेरिका और इंग्लैण्ड के अनेक स्त्री-पुरुष अपने बालकों को भारत मे लाते हैं। उन्हे तो हमने आपकी जवाहरात में लदा हुआ कभी नहीं देखा। इसका क्या कारण है ?

'वे पसन्द नहीं करते !'

वे पसन्द नहीं करते और आप पसन्द करते हैं। हमारे यहाँ आभूषण इतने अधिक पसन्द किये जाते हैं कि जिनके यहाँ सच्चे माणिक मोती नहीं हैं वे बहिनें अपने बच्चों को सिंगारने के लिए खोटे जेवर पहनाती हैं पर पहनाये बिना नहीं मानतीं। कहीं कहीं तो लोक-दिखावे के लिए आभूषणों को थोड़े दिनों के लिए भीख मांगी जाती है और उन आभूषणों में हीनता का अनुभव करने के बदले महत्ता का अनुभव किया जाता है। क्या यह घोर अज्ञान का परिणाम नहीं है ? आभूषण न पहनने वाले यूरोपियन क्या हीन दृष्टि से देखे जाते हैं ? फिर आपको ही क्यों अपनी सारी महत्ता आभूषणों में दिखाई देती है ?

आभूषणों से लाद कर बच्चों को खिलौना बनाना आप पसन्द करते हैं, पर उनके भोजन की ओर अक्षम्य उपेक्षा रखते हैं। यह कैसी दोहरी भूल है ? जरा अपने बच्चे का खाना किसी अंग्रेज बच्चे के सामने रखिये। वह तो क्या उसका बाप भी वह भोजन नहीं खा सकेगा, क्योंकि हमारा भोजन इतना चटपटा होता है कि बेचारे का मुंह जल जाय !

अमेरिका, इंग्लैण्ड, जर्मनी और जापान की सरकार वहाँ के साहित्य पर खूब ध्यान रखती है। वहाँ कुत्सित भावना भरने वाली पुस्तकें विद्यार्थियों के हाथों में नहीं पहुँच सकतीं। यही कारण है कि वहाँ की सन्तान देशभक्त और चारित्रवान् है। वहाँ के बालक ऐसी पुस्तकें पढ़ते हैं जिनमें उनकी जातीय भावना सुदृढ़ होती है। सत्साहित्य का जीवन के निर्माण में कितना महत्त्वपूर्ण स्थान है, यह बात शिवाजी के जीवन से समझी जा सकती है।

शिवाजी किसी राजा-महाराजा के पुत्र नहीं थे। वे एक साधारण सिपाही के लड़के थे। उनकी माता जीजी बाई ने बचपन से ही उन्हें रामायण और महाभारत आदि की कथाएँ सुनाईं। मर्यादा पुरुषोत्तम रामचन्द्र तथा पाण्डवों की वीरतापूर्ण पवित्र जीवनियाँ कण्ठस्थ करा दीं। समय पाकर उन्होंने शिवाजी के अन्दर कैसी वीरता और चरित्रनिष्ठा उत्पन्न कर दी, सो आज कौन नहीं जानता? पवित्र कथाओं ने एक साधारण सिपाही के लड़के को महाराजा शिवाजी बना दिया। जनता आज भी उनके नाम से प्रेरणा प्राप्त करती है, उनकी प्रतिष्ठा करती है और उन्हें अत्यन्त आदर की दृष्टि से देखती है। लोग गाते हैं—

शिवाजी न होते तो सुन्नत होती सब की।

एक बार शिवाजी किसी जंगल की गुफा में बैठे थे। उनका एक सिपाही किसी सुन्दरी स्त्री को जबर्दस्ती उठा लाया। उसने सोचा था—इसे महाराज शिवाजी की भेंट करूँगा तो महाराज मुझ पर सन्न होंगे। लेकिन जब उस रोती-कलपती हुई रमणी की आवाज ाजी के कानों में पड़ी तो वह उसी समय गुफा से बाहर निकल । उन्होंने देखते ही सिपाही से कहा—'अरे कायर! इस बहिन यहाँ किस लिए लाया है?'

शिवाजी के मुंह से बहिन शब्द सुनते ही सिपाही चौंक उठा। वह सोचने लगा—'गजब हो गया जान पड़ता है। मैं इसे लाया किस लिए था और होना क्या चाहता है! चोबेजी छब्बे बनने चले तो दुबे ही रह गये!' सिपाही कुछ नहीं बोला। वह नीची गर्दन किये लज्जित भाव से मौन हो रहा। शिवाजी ने कड़क कर कहा—'जाओ इस बहिन को पालकी में बिठला कर आदर के साथ इसके घर पहुँचा आओ।'

मित्रो! एक सच्चे वीर्यशाली और चारित्रवान व्यक्ति के सत्कार्य को देखो। अबलाओं पर दूसरों द्वारा किये जाने वाले अत्याचारों का निवारण करना वीर पुरुष का कर्त्तव्य है, न कि उन पर स्वयं अत्याचार करना। इस कथा से तुम बहुत कुछ सीख सकते हो।

शिवाजी का पुत्र शम्भाजी था। वह शिवाजी से ज्यादा वीर-धीर और गम्भीर था परन्तु वह सुरा और सुन्दरी के फेर में पड़ गया था। सुरा अर्थात् मदिरा और सुन्दरी अर्थात् वेश्याओं से उसे बहुत प्रेम हो गया था।

मध्य रात्रि का समय था। चारो ओर वातावरण मे निस्तब्धता छाई हुई थी। लोग निद्रा की गोद में बेसुध हो विश्राम कर रहे थे। ऐसे समय मे दुर्गादास को नींद नही आ रही थी। वह इधर मे उधर करवट बदल रहा था। इसी समय उसके कानो मे एक आर्त्तनाद सुनाई पडा। 'हाय! कोई बचाने वाला नही है? बचाओ! दौडो! रक्षा करो! रक्षा करो! हाय रे!

दुर्गादास तत्काल उठ कर खडा हो गया। उसके कानो में फिर वही करुण-क्रन्दन सुनाई दिया। दुर्गादास ने सोचा—'किसी अबला की आवाज जान पडती है। चलकर देखना चाहिए, बात क्या है?' इस प्रकार सोच कर वह बाहर निकले। इसी समय एक अबला दौड़ी आई और चिल्लाने लगी—'रक्षा करो! बचाओ!

वीर दुर्गादास सान्त्वना देते हुये—बहिन, इधर आ जाओ।

स्त्री को ढाढस बँधा। वह अन्दर आकर बैठ गई।

कुछ ही समय बीता था कि हाथ में तलवार लिये शम्भाजी दौडते हुये वहाँ आये। वह बोले—इस मकान मे हमारा एक आदमी आया है।

दुर्गादास—शंभाजी, जरा सोच-विचार कर बात करो।

शंभाजी—(पहिचान कर) ओह दुर्गादास! भाई, तुम्हारे इधर हमारा एक आदमी आया है। उसे हमे लौटा दो।

दुर्गादास—यहाँ कोई आदमी तो आया नहीं है, एक औरत ई है।

शंभाजी—जी हॉ, उसी को तो मॉग रहा हूॅ।

दुर्गादास—मैं उसे हर्गिज़ नहीं दे सकता। वह मेरी शरण में है।

शंभाजी—तुम्हें इससे क्या प्रयोजन है ?

दुर्गादास—प्रयोजन क्या है ? कुछ भी नहीं। मगर बात यह है, यह मेरी शरण में आई है। मैं क्षत्रिय हूँ। शरणागत की रक्षा करना मेरा परम धर्म है। तुम क्षत्रिय होकर भी क्या यह नहीं जानते ?

शंभाजी—मैं सब कुछ जानता हूँ। सब कुछ समझता हूँ। परन्तु मेरी चीज़ मुझे लौटा दो वर्ना ठीक न होगा।

दुर्गादास—मैं अपने धर्म से कैसे च्युत होऊँ ?

शंभाजी—तुम्हारे हाथ में तलवार नहीं है। तलवार होती तो दो हाथ अभी दिखाता।

दुर्गादास व्यंग की हँसी हँस कर बोले—इस अबला के हाथ में तलवार है, इसलिए तुम इस पर वार करना चाहते हो !

शंभाजी—इतनी धृष्टता ! अच्छा, अपनी तलवार हाथ में लेकर जरा अपना कौशल तो दिखलाओ। आज तुम्हें अपनी शूरवीरता का पता चल जायगा।

दुर्गादास ने अपनी तलवार सम्भाली। दोनों की मुठभेड़ हुई। मौका पाकर दुर्गादास ने शंभाजी के हाथ से तलवार छीन ली। और कहा—कहो शंभाजी, अब क्या करोगे ?

उसका काम था। वह दुश्चरित्रा स्त्रियों को—वेश्याओं को—शम्भाजी के पास लाता था। शंभाजी ऐसे बेभान हो गये थे कि उसे अपना मित्र मानते थे और अपने सच्चे हितैषी दुर्गादास को दुश्मन समझते थे।

औरंगजेब का ढिंढोरा पिटा हुआ था कि दुर्गादास को कैद कर लाने वाले को इनाम दिया जायगा। कवालीखाँ को यह अच्छा अवसर मिला। उसने शंभाजी से कहा—'महाराज! इस बन्दी को मुझे सौंप दीजिए। मैं इसे बादशाह के पास ले जाऊँगा और अच्छा इनाम पाऊँगा।'

शंभाजी ने उसे सौंप दिया। उसने बादशाह को ले जाकर सौंप दिया। बादशाह ने कवालीखाँ को अच्छा इनाम दिया।

बादशाह की बेगम गुलेनार वीर दुर्गादास पर मोहित हो चुकी थी। पर उसे दुर्गादास से मिलने का अभी तक अवसर नहीं मिला था। दुर्गादास को कैद हुआ देख उसे बडी खुशी हुई। वह बादशाह से बोली—दुर्गादास मेरा पक्का दुश्मन है। उसे मेरे सिपुर्द कर दीजिये। मैं उसे सीधा करूँगी।

बादशाह गुलेनार की उंगली के इशारे पर नाचता था। उसने दुर्गादास को बेगम के सिपुर्द कर दिया।

बेगम को स्वर्ण-अवसर मिल गया। वह रात्रि के समय सोलहों सिंगार करके जहाँ दुर्गादास कैद था वहाँ पहुँची। अपने साथ वह एक लडके को लेती गई थी। लड़के के हाथ मे नंगी तलवार उसने कहा—देखो, भीतर कोई न आने पावे।

बेगम दुर्गादास के पास जाकर बोली—आपको मैंने तकलीफ .. है। इसके लिए माफ कीजिए। मैं आप पर फ़िदा थी, इसीलिए

बादशाह को कह-सुन कर आपको कैद करवाया है। आपके कैद होने का यह कारण है कि मैं ऐशो-आराम से आपके साथ रहूँ। आपकी खूबसूरती ने आपको कैद करवाया है। मैं तैयार होकर आई हूँ।

दुर्गादास—मेरी माँ, मुझे क्षमा करो। तुम मेरी माँ के समान हो। मैं पराई स्त्रियों को दुर्गा के समान समझता हूँ। तमाम स्त्रियाँ जगज्जननी का अवतार हैं। मुझे माफ करो बेगम!

गुलेनार—जानते हो दुर्गादास, तुम किससे बात कर रहे हो?

दुर्गादास—मैं नारी रूप में एक माता से बात कर रहा हूँ।

गुलेनार—देखो कहना मानो। सब तकलीफों से छुटकारा पा जाओगे। दिल्ली की यह बादशाहत मेरे हाथ में है। मैं इस बादशाह को नहीं चाहती। अगर तुम मेरा कहना मान लोगे तो रात ही रात में बादशाह को कत्ल करवा डालूँगी। दिल्ली की बादशाहत तुम्हारे हाथ में होगी।

बेगम कहीं दुर्गादास की गर्दन न उतार ले, इस भाव से वह भीतर चला गया। दुर्गादास के चरणों में गिर कर उसने कहा—'दुर्गादास, तुम इन्सान नहीं पीर हो, कोई पैगम्बर हो।'

बेगम चौंकी। वह बोली—सिपहसालार, तुम यहाँ कैसे ?

सिपहसालार—इस पैगम्बर को सिर झुकाने के लिए।

गुलेनार—इतनी गुस्ताखी ?

सिपहसालार—यह बदतमीजी ?

गुलेनार—जबान सँभाल ! किससे बात कर रहा है ?

सिपहसालार—मैं सब सुन चुका। अपनी अक्लमन्दी रहने दो।

असत्य स्वभावतः निर्बल होता है। बेगम थर-थर काँपने लगी। सेनापति ने दुर्गादास को मुक्त कर दिया और जोधपुर की ओर रवाना करने लगा।

दुर्गादास ने कहा—मैं बादशाह का बन्दी हूँ। तुम मुझे मुक्त कर रहे हो। कदाचित् बादशाह जान गये तो तुम विपदा में पड़ जाओगे। बादशाह तुम्हारा सिर उतार लेंगे।

सेनापति—आप निश्चिन्त रहें। मेरा सिर उतारने वाला कोई नहीं।

इधर दुर्गादास रवाना हुआ और उधर बेगम गुलेनार ने जहर का प्याला पीकर अपने प्राण त्यागे।

बादशाह को सब समाचार मिले। उसने शम्भाजी को कैद कर लाया। अन्त में शम्भाजी बड़ी बुरी तरह मारा गया।

मेरे प्यारे मित्रो ! आपने इस वृत्तान्त में क्या सुना ? एक ओर सुरा और सुन्दरी की उपासना करने वाले शम्भाजी की कुमौत और दूसरी ओर चरित्रनिष्ठ वीर दुर्गादास की आत्मविजय !

सुरा-पिशाचिनी ने अनेक राजों-महाराजों और सरदारों के कलेजे चूस लिये हैं। इस पिशाचिनी की बदौलत कई-एक अकाल मे ही मृत्यु के मुंह मे चले गये है। हे क्षत्रिय-पुत्रो! जिस राक्षसी ने तुम्हारे वीरो का शिकार किया, क्या उसका तुम आदर करोगे? इस राक्षसी को ठोकर मारो और दुनिया मे इसका नामनिशान मिटा डालो।

आज अमेरिका वाले कानून बनाकर इसे रोक रहे हैं। अगर इसके सेवन से किसी प्रकार का लाभ होता तो वे लोग इसे रोकने के लिए कानून का आश्रय क्यो लेते? वे लोग जिस वस्तु को हानिकारक समझते हैं उसे रोकने का और जिसे अच्छा समझते हैं उसे ग्रहण करने का उद्योग करते हैं। उनका यह गुण हमें सीखना चाहिए।

मित्रो! जिस प्रकार शराब हानिकारक है, उसी प्रकार मांस भी हानिकारक है। यह दोनों वस्तुएँ ब्रह्मचर्य के पालन मे बाधक हैं। मनुस्मृति मे मनुजी ने आदेश दिया है कि किसी प्राणी की हिंसा नहीं करनी चाहिए और न मांसभक्षण ही करना चाहिए।

मांस खाने से बुद्धि ठीक नहीं रहती। यूरोप में इसकी परीक्षा की गई थी। पाँच हजार विद्यार्थी शाकाहार पर और पाँच हजार मांसाहार पर रक्खे गये थे। छः महीने बाद इस प्रयोग का परिणाम प्रकट किया गया तो मालूम हुआ कि शाकाहारी विद्यार्थी बुद्धिमान्, तेजस्वी और नीरोग रहे और मांसाहारी इससे विपरीत सिद्ध हुए।

मनुष्य निसर्गतः मांसाहारी प्राणी नहीं है। मांसाहारी प्राणियो नाखून पैने और दाँत नुकीले होते है और शाकाहारियो के चपटे। साहारी प्राणी जीभ से चपचप करते हुए पानी पीते हैं और शाका-ारी होठों से। ऐसी अनेक भिन्नताएँ हैं, जिनसे मालूम होता है कि मनुष्य मांसाहारी प्राणियो की कोटि मे कदापि नही रक्खा जा

सकता। अतएव मांस भक्षण करना मनुष्य के लिए प्रकृति विरुद्ध है लेकिन मनुष्य अपने विवेक को तिलाञ्जलि देकर सर्वभक्षी बन जाता है। खान-पान के विषय में मनुष्य, पशुओं से भी गया बीता है। पशु अपनी प्रकृति के अनुसार आहार लेता है पर मनुष्य मांस आदि सभी कुछ खा जाता है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि मनुष्य प्रकृति विरुद्ध व्यवहार करने के कारण ही पशुओं की अपेक्षा अधिक परिमाण में बीमारियों का शिकार बनता है। ब्रह्मचर्य-पालन के लिए प्रकृति के अनुकूल आहार-विहार की अत्यन्त आवश्यकता है। जो प्रकृति के अनुसार चलेगा—वही सुखी होगा—वही कल्याण का पात्र होगा।*

भीनासर,
७—८—२७.

रक्षा-बन्धन

प्रार्थना

विमल जिनेश्वर सेविए, थारी बुद्धि निर्मल हो जाय रे।
जीवा विषय-विकार विसारने, तू मोहनी कर्म खपाय रे॥
जीवा विमल जिनेश्वर सेविए॥

विमलनाथ भगवान् की यह प्रार्थना है। इस प्रार्थना में संसारी जीव अपने पाप-कर्मों द्वारा कहाँ २ भटकता और कैसे-कैसे कष्ट पाता है, इसका वर्णन भी आगया है। इसी वर्णन मे नरक का भी उल्लेख किया गया है।

जो मनुष्य हिसा आदि क्रूर कर्म करते हैं, उन्हे नरक की महा यातनाये भोगनी पडती हैं। नरक मे कैसे कैसे दुःख दिये जाते हैं, पापी प्राणियो को किस-किस प्रकार के घोरतर कष्ट भोगने पड़ते हैं, इसका वर्णन सुनने मात्र से ही सहृदय मनुष्यो को कँपकँपी छूटने लगती है—रोमाञ्च हो आता है।

पापी प्राणी पाप से भयभीत हो और समस्त जीवों को सुख की प्ति हो, इस आशय से ज्ञानियो ने नरक की स्थिति का वर्णन किया बुद्धिमान् पुरुष नरक का स्वरूप समझ कर उससे बचने का करे।

हँसते-हँसते, खेल-कूद मे कर डालते हैं, जिन कार्यों को मजाक समझ कर किया जाता है वही कार्य जब भयंकर रूप धारण करके शैतान के रूप में सामने आता है, तो मनुष्य कातर बन जाता है। उस समय उसकी स्थिति अत्यन्त दयनीय हो जाती है। उस समय अपने कामो का पश्चात्ताप करने पर भी फल भोगे बिना छुटकारा नहीं मिलता।

मित्रो ! यह हमारे लिए कितने सौभाग्य की बात है कि ज्ञानियों के अनुभव द्वारा लिखे शास्त्र हमे पहले से सावधान रहने के लिए चेतावनी दे रहे हैं। जिनके कान हैं वे ज्ञानियों की चेतावनी सुनें। अगर नहीं सुनेंगे तो फिर पश्चात्ताप ही पल्ले पड़ेगा।

आदमी सौ बार कुपथ्य का सेवन कर ले और उसका बुरा नतीजा उसे मिल जाय। बाद मे वैद्य या प्रकृति कुपथ्य सेवन न करने के लिए उसे सावधान कर दे, फिर भी वह न माने तो दोष किसका गिना जायगा ? उस न मानने वाले मनुष्य का ही। इसी प्रकार हमारे दुःखो के कारणो को शास्त्र स्पष्ट-रूप से बतला रहा है। अगर हम उन कारणों से नहीं बचे तो यह हमारा ही दोष होगा। जो इन कारणो को समझ कर बचने का प्रयत्न करेगा, वह बच सकेगा और उसकी आत्मा की रक्षा हुए बिना न रहेगी।

मित्रो ! आज रक्षाबन्धन का त्यौहार है। आप सब लोगो ने रक्षा-राखी-बँधवाई होगी, पर आपको यह भी पता है कि यह रक्षाबन्धन का त्यौहार कब से और किस आशय से चला है ? रक्षाबंधन के इस त्यौहार को धर्म-ग्रन्थो ने जुदे-जुदे कारणो से प्रचलित हुआ बतलाया है। कारण कोई कुछ भी क्यो न बतावे, पर यह निश्चित है यह त्यौहार भारत-भर मे, इस छोर से उस छोर तक मनाया ा है। एक छोटे से गाँव मे जिस उल्लास के साथ मनाया जाता सी उल्लास के साथ बड़े-बड़े शहरों में भी मनाया जाता है। इससे

यह निष्कर्ष निकलता है कि रक्षाबन्धन के दिन कोई ऐसी घटना घटी होगी जिसका प्रभाव समग्र भारतवर्ष मे व्यापक रूप से पड़ा होगा। उसी घटना के स्मारक रूप में इस त्यौहार की प्रतिष्ठा हुई है। यह त्यौहार अकेले ब्राह्मण, अकेले क्षत्रिय, अकेले वैश्य या अकेले शूद्र ही नहीं मनाते वरन् चारो वर्णों के लोग समान भाव से मनाते हैं। वास्तव में आर्य-जनता ने इस त्यौहार को प्रचलित कर एक बड़ा भारी काम किया है।

भिन्न-भिन्न धर्मों के साहित्य मे रक्षाबन्धन के सम्बन्ध में भिन्न-भिन्न घटनाओ का उल्लेख मिलता है। इन विभिन्न घटनाओं मे कौन सी अधिक महत्वपूर्ण है और कौन नहीं, इस चर्चा की आवश्यकता नहीं है। यहाँ तो यही बताना उपयोगी होगा कि इन घटनाओं से क्या शिक्षा ग्रहण की जा सकती है ?

रक्षाबन्धन त्यौहार के विषय में हिन्दू शास्त्रों में जो कथा लिखी हुई है, उसका सक्षेप इस प्रकार है :—

राजा बलि दैत्यो का राजा था। उसने दान, यज्ञ आदि क्रियाओं से अपने तेज की इतनी वृद्धि की कि देवराज इन्द्र भयभीत हो गया। उसने सोचा—'अपने तेज के प्रभाव से बलि इन्द्रासन पर बैठ जायगा और मुझे इन्द्र पद से भ्रष्ट कर देगा।' इन्द्र ने अपने बचाव का उपाय खोजा। जब उसे कोई कारगर उपाय नजर न आया तो वह विष्णु भगवान की शरण गया। विष्णु भगवान् से उसने प्रार्थना की—'प्रभो ! रक्षा कीजिये। दैत्य हमे दुःख दे रहे हैं। वे हमारा राज्य छीनना चाहते हैं।' विष्णु भगवान् ने इन्द्र की प्रार्थना स्वीकार की। उन्होने वामन रूप धारण किया और वे बलि के द्वार पर जा पहुँचे। राजा बलि अति दानी था मगर साथ ही अभिमानी भी था। विष्णु ने दान की याचना की। बलि ने कहा—कहो, क्या माँगते हो ?

हँसते-हँसते, खेल-कूद में कर डालते है, जिन कार्यों को मजाक समझ कर किया जाता है वही कार्य जब भयंकर रूप धारण करके शैतान के रूप मे सामने आता है, तो मनुष्य कातर बन जाता है। उस समय उसकी स्थिति अत्यन्त दयनीय हो जाती है। उस समय अपने कामों का पश्चात्ताप करने पर भी फल भोगे बिना छुटकारा नहीं मिलता।

मित्रो! यह हमारे लिए कितने सौभाग्य की बात है कि ज्ञानियों के अनुभव द्वारा लिखे शास्त्र हमे पहले से सावधान रहने के लिए चेतावनी दे रहे हैं। जिनके कान हैं वे ज्ञानियों की चेतावनी सुने। अगर नही सुनेंगे तो फिर पश्चात्ताप ही पल्ले पड़ेगा!

आदमी सौ बार कुपथ्य का सेवन कर ले और उसका बुरा नतीजा उसे मिल जाय। बाद मे वैद्य या प्रकृति कुपथ्य सेवन न करने के लिए उसे सावधान कर दे, फिर भी वह न माने तो दोष किसका गिना जायगा? उस न मानने वाले मनुष्य का ही। इसी प्रकार हमारे दुःखो के कारणो को शास्त्र स्पष्ट-रूप से बतला रहा है। अगर हम उन कारणों से नहीं बचे तो यह हमारा ही दोष होगा। जो इन कारणो को समझ कर बचने का प्रयत्न करेगा, वह बच सकेगा और उसकी आत्मा की रक्षा हुए बिना न रहेगी।

मित्रो! आज रक्षाबन्धन का त्यौहार है। आप सब लोगो ने रक्षा–राखी–बँधवाई होगी, पर आपको यह भी पता है कि यह रक्षाबन्धन का त्यौहार कब से और किस आशय से चला है? रक्षाबंधन के इस त्यौहार को धर्म-ग्रन्थों ने जुदे-जुदे कारणो से प्रचलित हुआ बतलाया है। कारण कोई कुछ भी क्यो न बतावे, पर यह निश्चित है यह त्यौहार भारत-भर मे, इस छोर से उस छोर तक मनाया ा है। एक छोटे से गाँव में जिस उल्लास के साथ मनाया जाता उसी उल्लास के साथ बड़े-बड़े शहरो में भी मनाया जाता है। इससे

यह निष्कर्ष निकलता है कि रक्षाबन्धन के दिन कोई ऐसी घटना घटी होगी जिसका प्रभाव समग्र भारतवर्ष मे व्यापक रूप से पडा होगा। उसी घटना के स्मारक रूप में इस त्यौहार की प्रतिष्ठा हुई है। यह त्यौहार अकेले ब्राह्मण, अकेले क्षत्रिय, अकेले वैश्य या अकेले शूद्र ही नहीं मनाते वरन् चारो वर्णों के लोग समान भाव से मनाते हैं। वास्तव में आर्य-जनता ने इस त्यौहार को प्रचलित कर एक बडा भारी काम किया है।

भिन्न-भिन्न धर्मों के साहित्य में रक्षाबन्धन के सम्बन्ध में भिन्न-भिन्न घटनाओ का उल्लेख मिलता है। इन विभिन्न घटनाओ मे कौन सो अधिक महत्वपूर्ण है और कौन नहीं, इस चर्चा की आवश्यकता नहीं है। यहाँ तो यही बताना उपयोगी होगा कि इन घटनाओ से क्या शिक्षा ग्रहण की जा सकती है ?

रक्षाबन्धन त्यौहार के विषय में हिन्दू शास्त्रो में जो कथा लिखी हुई है, उसका सक्षेप इस प्रकार है :—

राजा बलि दैत्यो का राजा था। उसने दान, यज्ञ आदि क्रियाओं से अपने तेज की इतनी वृद्धि की कि देवराज इन्द्र भयभीत हो गया। उसने सोचा—'अपने तेज के प्रभाव से बलि इन्द्रासन पर बैठ जायगा और मुझे इन्द्र पद से भ्रष्ट कर देगा।' इन्द्र ने अपने बचाव का उपाय खोजा। जब उसे कोई कारगर उपाय नज़र न आया तो वह विष्णु भगवान की शरण गया। विष्णु भगवान् से उसने प्रार्थना की—'प्रभो ! रक्षा कीजिये। दैत्य हमें दुःख दे रहे है। वे हमारा राज्य छीनना चाहते हैं।' विष्णु भगवान् ने इन्द्र की प्रार्थना स्वीकार की। उन्होने वामन रूप धारण किया और वे बलि के द्वार पर जा पहुँचे। राजा बलि अति दानी था मगर साथ ही अभिमानी भी था। विष्णु ने दान की याचना की। बलि ने कहा—कहो, क्या माँगते हो ?

वामन—विष्णु बोले—रहने के लिए सिर्फ साढ़े तीन पैर जमीन।

बलि ने उनके ५२ अंगुल के छोटे स्वरूप को देख कर हँसते हुए कहा—इतना ही क्या माँगा ? कुछ तो और माँगते।

वामन—इतना दे दोगे तो बहुत है।

राजा बलि ने स्वीकृति दे दी। विष्णु ने अपने वामन रूप की जगह विशाल रूप धारण किया। उन्होंने अपनी तीन लम्बी डगों में स्वर्ग, नरक और पृथ्वी—तीनों लोक नाप लिए। इसके बाद बलि से कहा—तीन पैर तो हो गये, अब आधे पैर-भर जमीन और दे।

बेचारा बलि किंकर्त्तव्यमूढ हो रहा। वह और जमीन कहाँ से लाता। परिणाम यह हुआ कि वह अधिक जमीन न दे सका। तब विष्णु ने उसके मस्तक पर पैर रखकर उसे पाताल में भेज दिया।

इस प्रकार दैत्यों द्वारा होने वाले उपद्रवों को मिटा कर विष्णु ने भारत-भूमि को सुरक्षित बनाया।

जैन शास्त्रों में इस त्यौहार की कथा इस प्रकार है :—

विष्णुकुमार नाम के एक जैन मुनि बड़े तेजस्वी और महापुरुष थे। इनके समय में चक्रवर्त्ती राजा का राज्य था। उसके प्रधान का नाम नमूची था। राजा ने वचन-बद्ध होकर एक बार सात दिन के लिए राज्य के समस्त अधिकार नमूची को दे दिये। नमूची कट्टर नास्तिक और प्रबल द्वेषी था। उसे साधु शब्द से भी चिढ होती थी। वह अपने राज्य में से समस्त साधुओं को निकालने लगा। साधु बड़े [illegible]ट में पडे। तब विष्णुकुमार मुनि नमूची के पास गये और बोले-[illegible] अन्य साधुओं को अपने राज्य में रहने दे या न रहने दे, परन्तु [illegible] राजा का भाई हूँ। कम से कम म[illegible] तो साढे ती[illegible] जमीन के लिए दे दे।

नमूची ने कहा—मै साधु मात्र से घृणा करता हूँ। अपने राज्य में एक भी साधु को रहने देना नहीं चाहता। पर तुम राजा के भाई हो अतएव तुम्हे साढ़े तीन पैर जमीन देता हूँ।

नमूची के वचन देने पर विष्णुकुमार मुनि ने अपनी विशिष्ट विक्रिया शक्ति स तीन पैरो मे ही तीनो लोक नाप लिये। बाकी जमीन न बचने से अन्त में नमूची के प्राणो का अन्त हुआ और साधुओ के कष्ट निवारण से सम्पूर्ण भारत मे खुशी मनाई गई।

आपने हिन्दू शास्त्रो और जैन शास्त्रो की कथाएँ सुनी। दोनो कथाओं में कितनी समानता है, यह कहने की आवश्यकता नहीं है। विष्णु ने दैत्य राजा का विनाश कर इन्द्र की रक्षा की और जैन कथा के अनुसार विष्णु कुमार ने नमूची को दण्ड देकर साधुओ की रक्षा की। परन्तु मैं इन दोनो कथाओ से प्रतिध्वनित होने वाला रूपक आध्यात्मिक दृष्टि से घटाता हूँ।

इन्द्र का अर्थ है—आत्मा। इन्दतीति–इन्द्रः—आत्मा। इस प्रकार अनेक स्थलो पर आत्मा के अर्थ में इन्द्र शब्द का प्रयोग किया गया है। इस इन्द्र (आत्मा) को अहकार रूपी दैत्य हराता है। तब इन्द्र घबराकर आत्मबल रूपी विष्णुसे प्रार्थना करता है—त्राहि माम् त्राहि माम्—मेरी रक्षा करो–मुझे बचाओ। मेरी नैया पार लगाने वाले तुम्ही हो। आत्मबल अपनी विशेप शक्ति रूप पैर फैला कर स्वर्ग, नरक और पृथ्वी को नाप लेता है। जब आधे की आवश्यकता और रहती है तब सिद्ध स्थान प्राप्त कर, आनन्द कर देता है।

इस रूपक का विशेष खुलासा ॐकार के साथ होता है। इसकी विशेष व्याख्या करने का समय नहीं है। ॐकार मे साढे तीन मात्राएँ हैं। तीन मात्रा मे स्वर्ग, नरक एव पृथ्वी का समावेश हो जाता है। शेप आधी मात्रा में सिद्धशिला पर पहुचने को मिलता है।

रक्षाबन्धन का व्यावहारिक अर्थ क्या है, यह बतला देना आवश्यक है। यद्यपि सभी लोग लम्बे लम्बे हाथ करके राखी बँधवा लेते हैं, पर इसका वास्तविक रहस्य समझने वाले बहुत कम मिलेंगे।

राखी कई प्रकार की होती है। सोने की, चाँदी की, रेशम की और सादी रुई की भी राखी बनती है। राखी प्राय बहिन भाई को बाँधती है और स्त्री पुरुष को बाँधती है। उसके उपलक्ष्य में भाई बहिन को और पुरुष स्त्री को सम्मान की वस्तु भेट करता है। यह इस त्यौहार का प्रचलित रूप है। मगर रक्षाबन्धन के वास्तविक व्यावहारिक अर्थ को जानने के लिए प्राचीन काल के वृत्तान्त देखने की आवश्यकता है। प्राचीन समय में रक्षा-बन्धन सचमुच ही रक्षा का बन्धन था। जो पुरुष अपने हाथ पर रक्षा बँधवा लेता था वह रक्षा के बन्धन में बँध जाता था। राखी बाँधने वाले की रक्षा का भार उस पर आ पडता था। उस समय राखी इतनी पवित्र वस्तु मानी जाती थी कि उसे बँधवाने वाला अपने सर्वस्व को यहाँ तक कि प्राणों को भी निछावर करके राखी बाँधने वाले की रक्षा करना अपना परम कर्त्तव्य समझता था।

राखी बाँधते समय यह श्लोक बोल कर बँधवाने वाले का ध्यान रक्षा की ओर आकर्षित किया जाता था।

येन बद्धो बली राजा, दानवेन्द्रो महाबलः।
तेन त्वां प्रतिबध्नामि, रक्षे मा चल मा चल॥

रक्षा का डोरा साधारण डोरा नहीं है। यह ऐसा बन्धन है कि मे बँध जाने के पश्चात् फिर कर्त्तव्य से विमुख होकर छुटकारा मिल सकता। रक्षा के बन्धन से सिर्फ हाथ ही नहीं बँधता मगर हृदय का बन्धन है, वह आत्मा का बन्धन है, वह प्राणों का

बन्धन है, वह कर्त्तव्य का बन्धन है, वह धर्म का बन्धन है। राखी के उस साधारण से प्रतीत होने वाले बन्धन में कर्त्तव्य की कठोरता बँधी है, सर्वस्व का उत्सर्ग बँधा है। राखी बँधवाने वाले को प्राण तक अर्पण करने पडते हैं।

नागौर (मारवाड) के राजा के राज्य पर एकबार बादशाह ने चढाई की। उनकी पुत्रीने अपने पिता से आज्ञा लेकर एक क्षत्रिय को भाई बनाने के लिए राखी भेजी। यद्यपि उस क्षत्रिय का नागौर के राजा से मनमुटाव था, दोनों मे परस्पर शत्रुता थी, फिर भी वह राखी का तिरस्कार नहीं कर सका। राखी का तिरस्कार करना अपनी वीरता का तिरस्कार करना है, अपने कर्त्तव्य की अवहेलना करना है पवित्र मर्यादा का अतिक्रमण करना है और कायरता का प्रकाश करना है। यह सोचकर क्षत्रिय ने राखी स्वीकार कर ली। बादशाह ने जब नागौर पर चढाई की तब उस वीर क्षत्रिय ने अपनी बहादुर सेना के साथ बादशाह की सेना पर धावा बोल दिया।

बादशाह की फौज पराजित हुई। नागौर के राजा ने उस क्षत्रिय का उपकार माना। दोनो का विरोध शान्त हुआ। नागौर-पति ने अपनी कन्या का विवाह उसके साथ कर देना चाहा। जब कन्या के पास यह संवाद पहुँचा तो उसने कहा—यह मेरे भाई है। मैंने राखी भेज कर उन्हें अपना भाई बनाया है। भाई के साथ बहिन का विवाह-सबंध कैसे हो सकता है ?

रक्षा-बन्धन के साथ उत्तरदायित्व का बन्धन किस प्रकार आता है, यह समझने के लिए यह एक घटना आपके सामने उपस्थित की गई है। भारतीय इतिहास में इस प्रकार की अनेक घटनाएँ घटी हैं। तात्पर्य यह है कि पहले जमाने की राखी रक्षा करने के लिए होती थी।

आज महाजन अपनी बहियो को, चौपडियो को, दावात को, कलम को, तराजू को, बॉटो को—व्यापार के सभी उपकरणो को राखी बॉधते-बँधाते हैं, पर अनेक भाई रक्षा को बॉध कर उनकी भक्षा बना डालते है। उन वस्तुओ पर रक्षा बॉधने का अभिप्राय तो यह होना चाहिए कि बहियो मे झूठा जमा-खर्च न लिखा जाय, कलम के द्वारा झूठी इबारत न लिखी जाय, तराजू से कम-ज्यादा न तोला जाय, बॉट खोटे न हों, आदि। पर आज यह सब कुछ हो रहा है। बहियों मे खोटा जमा-खर्च लिख कर, जाली दस्तावेज बना कर, झूठी गवाही दिला कर, अन्याय से-धोखे से-दस्तखत करा कर और तराजू से कम-ज्यादा तोल कर, तथा इसी प्रकार की अन्य कार्रवाई करके प्रामाणिकता का अन्त कर रहे हैं।

जैसे बहिन भाई और स्त्री पुरुष, आपस मे रक्षा का सम्बन्ध जोडते हैं, उसी प्रकार राजा और प्रजा मे भी रक्षा सम्बन्ध जोड़ा जाता था।

राजा और प्रजा के इस मधुर सम्बन्ध के समय राजा प्रत्येक सम्भव उपाय से प्रजा की सुख-शान्ति के लिये, प्रजा के अभ्युदय के लिए चेष्टा करता था। वह प्रजा के सुख को ही राज्य की सफलता की कसौटी समझता था। उसके समस्त कार्यों का मुख्य और एकमात्र ध्येय यही होता था कि प्रजा किस प्रकार अधिक मे अधिक सुखी, समृद्ध और सम्पन्न हो। प्रजा की रक्षा करना राजा का प्रधान कर्त्तव्य था। राजा जब इस प्रकार से वर्त्ताव करता था, प्रजा का अपने को सेवक समझता था, तब प्रजा भी सब प्रकार से राजा की सेवा के लिए तैयार रहती थी। आज यह सब बाते कहने-सुनने के रह गई हैं। आज राजा स्वार्थान्ध होकर प्रजा को चूसना चाहता है, इसलिए प्रजा राजा का अन्त करने का उद्योग कर रही है। दोनो एक दूसरे के विरोधी बन गये हैं।

आज भी प्रत्येक हिन्दू राजा के राज-भण्डार मे राखी बाँधी जाती है। इसी प्रकार शस्त्रो में, रथो में, घोडे को, हाथी को और इसी प्रकार से अन्य वस्तुओ को राखी बाँधने की परम्परा चल रही है। मगर आज इसका आशय क्या समझा जाता है, भगवान् ही जाने। पहले राज-भण्डार मे राखी बाँधने का आशय यह था कि भडार में अन्याय का धन न आने पावे। गरीब प्रजा की गाढी कमाई के पैसो से राज-कोष न भरा जाय। शस्त्रो को राखी बाँधने का आशय था—शस्त्रो द्वारा देश की समुचित प्रकार से रक्षा की जाय। रथ-घोडो आदि को राखी बाँधने का प्रयोजन था—इन सब में वृथा व्यय न किया जाय—आवश्यकता से अधिक इन वस्तुओ का संग्रह ऐश्वर्य या विलास के उद्देश्य से न किया जाय। प्रजा के धन का किसी भी प्रकार अनावश्यक खर्च न किया जाय।

मित्रो! आज समय पलट गया है। अब बहुत सी बाते उलटी हो गई हैं। अन्दरूनी ठोस काम के बदले दिखावटी और थोथी बातें हो रही हैं। राखी के सबध मे भी यही हुआ है। राखी की भी ऐसी ही दुर्दशा हुई है। वह या तो परम्परा का पालन करने के लिए बाँधी-बँधाई जाती है या लोकदिखावे के लिए! दूसरे शब्दो मे यह कहा जा सकता है कि आज राखी का जीवन-तत्त्व निकल गया है और केवल निष्प्राण शरीर रह गया है। राखी अब सूत का धागा मात्र है—उसमे से कर्तव्य और धर्म की भावना चली गई है।

एक पवित्र प्रणालिका का सार-तत्त्व चला जाय और वह निर्जीव—जड मात्र अवशेष रह जाय तब क्या सताप नहीं होना चाहिए? निस्सन्देह यह सताप की बात है। आपके हृदय में अगर संताप हो तो आप उसमे पुनः जीवन लाने का प्रयत्न करें।

बहुत से ब्राह्मण आज यजमान को सिर्फ पैसे के लिए राखी

बाँधते हैं। प्राचीन काल के ब्राह्मणों की रक्षा पैसों की नहीं, धन-दौलत की नहीं, कल्याण कामना की थी। उस समय न केवल ब्राह्मण ही, वरन् क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र भी परस्पर राखी बाँधते थे। आज जैसी घृणा पहिले के समय मे नही थी।

आज बहुत से भाई 'पखाल' बनाने वालों से घृणा करते है। मैं पूछना चाहता हूँ, आप लोगों में से कितने ऐसे हैं जिनके पेट में पखाल का पानी नहीं है ? आप सभी के पेट मे पखाल का पानी मौजूद है। तो आप पखाल का प्रयोग करते हैं, पखाल से प्रेम करते है, पर पखाल बनाने वाले मे प्रेम नही करना चाहते। हाय हाय! यह कैसी विपरीत बुद्धि है! आप जूते पहन कर पैरो को सर्दी-गर्मी और काँटो-कीचड से बचाना चाहते हैं, उसके लिए जूतों को चाहते हैं पर जूते बनाने वालो को नही चाहते! क्या कहूँ, प्यारे मित्रो! जितना जूतो को चाहते हो, उतना भी जूता बनाने वालो को न चाहो, तो यह मनुष्यता का घोर अपमान है। मानव-जीवन के प्रति यह अक्षम्य अपराध है। इस तथ्य को समझो। उनसे प्रेम करो, उनके साथ सद्व्यवहार करो। उन्हे राखी बाँधो और उनसे राखी बँधवा-कर निर्मल प्रेम की धारा बहा दो।

आज बीकानेर रियासत के प्रधान-मन्त्री आये हैं। मै उन्हे राखी बाँधना चाहता हूँ। पर मेरी रक्षा भाव रूप है द्रव्य रूप नहीं। द्रव्य-रक्षा मैं रख ही नही सकता और न उसके रखने की आवश्यकता है। मेरी भाव-रक्षा धर्म की रक्षा है, कर्त्तव्य की रक्षा है। भाव रक्षा बाँध कर मैं अपने शरीर की रक्षा कराना नही चाहता। मैं चाहता हूँ—धर्म की रक्षा हो, कर्त्तव्य की रक्षा हो।

आज भारत-कन्या उच्चाधिकारियो और राजाओं की ओर हाथ [illegible]र कर रक्षा बाँधना चाहती है। आप लोग भारत कन्या की रक्षा

को स्वीकार कीजिए। राज्यसत्ता जिस कौशल के साथ भारत की रक्षा कर सकेगी, उस प्रकार की रक्षा दूसरी शक्ति द्वारा होना कठिन है।

आज भारत लुट रहा है, पिट रहा है, आर्तनाद कर रहा है। राज्य-सत्ता उस ओर तनिक भी ध्यान दे तो उसके समस्त दुःखो का अन्त हो सकता है। किसी शहर में १०-२० घर लुट जायँगे, अथवा १०-५ लाख रुपयो का डाका पड जायगा, इस चिन्ता से राज्य अनेक प्रकार की व्यवस्था करता है और अपना उत्तरदायित्व समझ कर रक्षा का भार उठाता है। पर इस देश में एक ऐसा गुप्त चोर घुसा हुआ है जो अज्ञान प्रजा को—मूर्ख जनता को—अपनी प्रबल शक्ति के साथ दिनोदिन लूट-खसोट कर दीन-दरिद्र बना रहा है। उसने करोडों की सम्पत्ति लूट कर समुद्र पार भेज दी है और इस देश को भिखारी बना दिया है। वह गुप्त चोर भयानक राक्षस है। उसका शरीर एक है, सिर बहुत से हैं। वह रावण से अधिक भयकर है—प्रबल है। उसका अन्त करने के लिए तेजस्वी राम की आवश्यकता है।

इस महारावण के अनेक सिर हैं। उनमें से, मैं अपनी कल्पना के अनुसार वीर्यनाश को मुख्य मानता हूँ। इसने भारतीय प्रजा को निस्तेज, निर्बल बना दिया है। वीर्यनाश का पोषण करने में बाल-विवाह की कुप्रथा ने सब से अधिक सहायता पहुँचाई है। इस संबंध में मैं नोबिल स्कूल के विद्यार्थियो के सामने एक भाषण कर चुका हूँ। अतएव विस्तार से आज नहीं कहूँगा।

मैंने भारत के अनेक प्रान्तो का भ्रमण किया है, पर इस कुढंगे रिवाज का जितना प्रचलन बीकानेर राज्य मे देखा, उतना शायद ही कहीं होगा।

विवाह शक्ति प्राप्त करने के लिए किया जाता है। शक्ति के लिए मंगल वाद्य बजवाये जाते हैं। शक्ति के लिए ज्योतिषी से ग्रहादिक का सुयोग पूछा जाता है। शक्ति के लिए सुहागिनों का आशीष लिया जाता है। परन्तु जहाँ अशक्ति के लिए यह सब काम किये जाते हो, वहाँ के लोगो से क्या कहा जाय ? जो अशक्ति के स्वागत-सत्कार के लिए यह सब समारोह करता हो उस मूर्ख को किस पदवी से अलंकृत करना चाहिये ?

बाल-विवाह करना अशक्ति का स्वागत करना ही है। इससे शक्ति का नाश होता है। अतएव चाहे कोई जैन श्रावक हो, वैष्णव गृहस्थ हो अथवा और कोई हो, सब का कर्त्तव्य है कि अपनी सन्तति के हित के लिए—संतान की रक्षा के लिए इस घातक प्रथा को आज रक्षा-बन्धन के दिन त्याग दे। इसका मूलोच्छेदन करके सन्तान का और सन्तान के द्वारा समाज एवं राष्ट्र का मंगलसाधन करे।

आप मंगल के लिए बाजे बजवाते हैं, मंगल के लिए सुहागिने आशीष देती है, मंगल के लिए ज्योतिर्विद से शुभ-मुहूर्त्त निकलवाते हैं, पर यह स्मरण रखिए कि यह सब मंगल जब अमंगल के लिए किये जाते है तब ये किसी काम मे नहीं आते। इन सब मंग[illegible]
बाल-विवाह के द्वारा होने वाला अमंगल दूर नहीं हो सकता[illegible]
कच्ची उम्र मे बालक-बालिका का विवाह [illegible] ल
विवाह भविष्य मे हाहाकार मचाने वाला[illegible]
की आवाज से आकाश को गुञ्जाने वाल[illegible]
दु:ख का दावानल दहकाने वाला है। [illegible]
की जीवनी शक्ति का ह्रास हो रहा है।
[illegible]कर रहा है। विविध प्रकार की
[illegible] एवं अब सावधान हो जाओ।
[illegible]य उदारता आपके दिल में नह[illegible]

अपनी सन्तान का अनिष्ट मत करो। उसके भविष्य को घोर अन्धकार से आवृत मत बनाओ। जिसे तुमने जीवन दिया है, उसी के जीवन का सत्यानाश मत करो। अपनी सन्तान की रक्षा करो।

यह बालक दुनिया के रक्षक बनने वाले है, ऐ भाइयो! छोटी उम्र में विवाह करके इन्हें संसार की कोल्हू मे मत पीलो।

यह बालक गुलाब के फूल से सुकुमार हैं, इन पर दाम्पत्य का पहाड मत पटको। बेचारे पिस जाएँगे।

बालक निसर्ग का सुन्दरतम उपहार है। इस उपहार को लापरवाही से मत रौंदो।

मित्रो! किसी रथ में दो छोटे-छोटे बछडो को जोत दिया जाय और उस रथ पर १०-१२ स्थूलकाय आदमी बैठ जाएँ तो जोतने वाले को आप दयावान कहेगे या निर्दय?

'निर्दय!'

तब छोटे-छोटे बच्चो को गृहस्थी-रूपी गाडी में जोत कर उन पर ससार का बोझ लादने वालों को आप निर्दय न कहेगे?

'कहेगे!'

साथ ही उन लड्डू उडाने वालो को—जो इस घोर अत्याचार की अनुमोदना करते हैं—क्या कुछ कम निर्दय कहा जा सकता है?

'नहीं!'

अगर आप अपने अन्तःकरण से मेरे प्रश्नों का उत्तर दे रहे हैं तो धर्म के कानून से इस अन्याय-प्रथा को बन्द करने का प्रयत्न कीजिए। आपने ऐसा न किया तो यह दीवान साहब (सर मनु भाई

विवाह शक्ति प्राप्त करने के लिए किया जाता है। शक्ति के लिए मंगल वाद्य बजवाये जाते हैं। शक्ति के लिए ज्योतिषी से ग्रहादिक का सुयोग पूछा जाता है। शक्ति के लिए सुहागिनो का आशीष लिया जाता है। परन्तु जहाँ अशक्ति के लिए यह सब काम किये जाते हों, वहाँ के लोगो से क्या कहा जाय ? जो अशक्ति के स्वागत-सत्कार के लिए यह सब समारोह करता हो उस मूर्ख को किस पदवी से अलंकृत करना चाहिये ?

बाल-विवाह करना अशक्ति का स्वागत करना ही है। इससे शक्ति का नाश होता है। अतएव चाहे कोई जैन श्रावक हो, वैष्णव गृहस्थ हो अथवा और कोई हो, सब का कर्त्तव्य है कि अपनी सन्तति के हित के लिए—संतान की रक्षा के लिए इस घातक प्रथा को आज रक्षा-बन्धन के दिन त्याग दे। इसका मूलोच्छेदन करके सन्तान का और सन्तान के द्वारा समाज एवं राष्ट्र का मंगलसाधन करे।

आप मगल के लिए बाजे बजवाते हैं, मगल के लिए सुहागिने आशीष देती है, मंगल के लिए ज्योतिर्विद से शुभ-मुहूर्त्त निकलवाते हैं, पर यह स्मरण रखिए कि यह सब मगल जब अमगल के लिए किये जाते है तब ये किसी काम मे नही आते। इन सब मंगलो से बाल-विवाह के द्वारा होने वाला अमगल दूर नही हो सकता। छोटी-कच्ची उम्र मे बालक-बालिका का विवाह करना अमगल है। ऐसा विवाह भविष्य मे हाहाकार मचानेवाला है। ऐसा विवाह त्राहि-त्राहि की आवाज से आकाश को गुञ्जाने वाला है। ऐसा विवाह देश मे दुःख का दावानल दहकाने वाला है। इस प्रकार के विवाह से देश की जीवनी शक्ति का ह्रास हो रहा है। यह शारीरिक क्षमता की न्यूनता उत्पन्न कर रहा है। विविध प्रकार की आधिव्याधियों को जन्म दे रहा है। अतएव अब सावधान हो जाओ। अगर संसार की भलाई करने योग्य उदारता आपके दिल मे नहीं आई है तो कम से कम

अपनी सन्तान का अनिष्ट मत करो। उसके भविष्य को घोर अन्धकार से आवृत मत बनाओ। जिसे तुमने जीवन दिया है, उसी के जीवन का सत्यानाश मत करो। अपनी सन्तान की रक्षा करो।

यह बालक दुनिया के रक्षक बनने वाले है, ऐ भाइयो! छोटी उम्र में विवाह करके इन्हें संसार की कोल्हू मे मत पीलो।

यह बालक गुलाब के फूल से सुकुमार हैं, इन पर दाम्पत्य का पहाड मत पटको। बेचारे पिस जाएँगे।

बालक निसर्ग का सुन्दरतम उपहार है। इस उपहार को लापरवाही से मत रौंदो।

मित्रो! किसी रथ में दो छोटे-छोटे बछडो को जोत दिया जाय और उस रथ पर १०–१२ स्थूलकाय आदमी बैठ जाएँ तो जोतने वाले को आप दयावान कहेंगे या निर्दय ?

'निर्दय !'

तब छोटे-छोटे बच्चो को गृहस्थी-रूपी गाडी में जोत कर उन पर ससार का बोझ लादने वालों को आप निर्दय न कहेंगे ?

'कहेंगे !'

साथ ही उन लड्डू उडाने वालो को—जो इस घोर अत्याचार की अनुमोदना करते हैं—क्या कुछ कम निर्दय कहा जा सकता है ?

'नहीं !'

अगर आप अपने अन्तःकरण से मेरे प्रश्नों का उत्तर दे रहे हैं तो धर्म के कानून से इस अन्याय-प्रथा को बन्द करने का प्रयत्न कीजिए। आपने ऐसा न किया तो यह दीवान साहब (सर मनु

मेहता) बैठे हैं। वे राजकीय कानून बना कर, आपकी चोटी पकड कर इस अन्याय को छोडने के लिए बाध्य करेंगे।

भारतीय शास्त्र छोटी उम्र मे बालकों के विवाह करने का निषेध करता है। बालक की उम्र बीस वर्ष और बालिका की उम्र सोलह वर्ष निर्धारित की गई है। इतने समय तक बालक-बालिका संज्ञा रहती है। अगर आप लोगो को यह बहुत कठिन जान पड़े तो सोलह वर्ष से पहले बालक और तेरह वर्ष से पहले बालिका का विवाह तो कदापि नही होना चाहिए। जिस राज्य में योग्य बालक-बालिका का विवाह होता है उसी राज्य के राजा और मन्त्री प्रशसा के योग्य हैं। जहाँ प्रजा इसके विपरीत आचरण करती हो वहाँ के वीर राजा और प्रजावत्सल मन्त्री का कर्त्तव्य हो जाता है कि वे अपने राज्य की जड़ को खोखला बनाने वाले आचरणो पर तीव्र प्रतिबन्ध लगा दें।

जिस राज्य की प्रजा बलवान् होगी वहाँ चोरी आदि का भय नही रहेगा। राज-कर्मचारियो को चोरो और लुटेरो के पीछे अपनी शक्ति व्यय नहीं करनी पडेगी और वह शक्ति प्रजा के लिए उपयोगी अन्य कार्यों मे लगाई जा सकेगी। इससे विपरीत जिस राज्य में प्रजा निर्बल होती है, उस राज्य को उसकी रक्षा करने के लिए पर्याप्त शक्ति व्यय करनी पडती है, काफी परिश्रम करना पडता है, फिर भी यथोचित शान्ति कायम नहीं रह पाती। जहाँ सौ सिख या गोरखे पहरेदार खड़े हो वहाँ चोर की हिम्मत चोरी करने की हो सकती है? नहीं। इसी प्रकार जिस राज्य की प्रजा बलवान् होगी वहाँ चोरो और डाकुओ की दाल न गल सकेगी।

बलवान प्रजा मे से बलवान् साधु निकलने की उम्मीद की ी है। निर्बल और हतवीर्य प्रजा मे से ऐसे ही साधु निकलेंगे, जो या का कुछ भी भला करने में समर्थ न हो सकेंगे।

स्वामी दयानन्द सरस्वती के धार्मिक विचारों से मेरी मान्यता भिन्न है। किन्तु अन्य अनेक बातों में मैं उन्हे प्रेम की दृष्टि से देखता हूँ। उन्हे विष दिया गया था और विप के प्रभाव से उनका शरीर फूट-फूट कर चूने लगा था। फिर भी उनके मुख पर तेज झलक रहा था। उनके पास एक नास्तिक रहता था। वह इस विषम-स्थिति मे भी उनका आत्मबल देखकर चकित रह गया था। इस दृश्य ने उसे नास्तिक से आस्तिक बना दिया।

डाक्टरो का कथन था कि यदि ऐसा विष किसी साधारण मनुष्य को दिया जाता तो घंटे-दो घंटे मे ही उसके प्राण-पखेरू उड जाते। मगर उन्होंने ब्रह्मचर्य के प्रताप से ३–४ मास निकाल दिये। ज़हर के कारण सारा शरीर फूट निकला है पर मुंह पर विपाद की रेखा तक नज़र नहीं आती। दिन पर दिन अपने नये तात्त्विक विचार लोगो को सुनाते हैं और स्वय आनन्द मे मग्न रहते हैं।

दयानन्द सरस्वती ने ब्रह्मचर्य के प्रताप से भारतवर्ष मे एक सामाजिक क्रान्ति पैदा कर दी। उन्होने सामाजिक विपयों मे विचारो की रूढता एव गुलामी का अन्त किया और राष्ट्रीयता का पाठ पढाया।

अहा! ब्रह्मचर्य मे कैसी अद्भुत शक्ति है! कितना चमत्कार है! किन्तु इस अद्भुत शक्ति को न पहचान कर लोग अबोध बालको का विवाह कर रहे हैं! यह कितने परिताप की बात है!

आज के राजा महाराजा अगर उनका ऑनरेरी काम करने वाले साधु सन्तो का सत्संग करें तो उन्हे अपने कर्त्तव्य का सरलता मे बोध हो सकता है और जिस कार्य के लिए उन्हे बडी-बडी तनख्वाहो के पदाधिकारी नियत करने पडते हैं, फिर भी कार्य यथावत नहीं होता, वह अनायास ही सम्पन्न हो सकता है।

बाल-विवाह की भयानक प्रथा का अगर जनता स्वयमेव त्याग नहीं करती तब उसका एक ही उपाय रह जाता है और वह यह कि राज्य अपनी सत्ता से कानून का निर्माण करे और दुराग्रहशील व्यक्तियो के दुराग्रह को छुडावे। मनुष्य की आयु का ह्रास करने मे बाल-विवाह भी एक प्रधान कारण है। अमेरिका, जर्मनी और जापान आदि देशो मे १५० वर्ष की आयु के हट्टे-कट्टे तन्दुरुस्त पुरुष मिल सकते है, वहाँ भारतवर्ष की औसत आयु पच्चीस वर्ष की भी नही है। भारतवर्ष का यह कैसा अभाग्य है!

देश की इस दुर्दशा मे भी भारत के साठ-साठ वर्ष के बूढे विवाह करने के लिए तैयार हो जाते हैं। बूढो की इस वासना ने देश को उजाड डाला है। आज विधवाओ की संख्या कितनी ज्यादा बढ गई और बढती जाती है, यह किसे नही मालूम? आप थोकडो पर थोकडे गिन लेते हो पर कभी इन विधवाओ की भी गिनती आपने की है? कभी आपने यह चिन्ता की है कि इन विधवा बहिनो का निर्वाह किस प्रकार होता है?

इस प्रकार एक ओर बाल-विवाह मानव-जीवन को कुतर रहा है और दूसरी ओर वृद्ध-विवाह विधवाओ की संख्या बढाने का बीडा उठाये है। मित्रो! अगर रक्षाबन्धन के त्यौहार से लाभ उठाना है तो इन घातक रिवाजों को दूर करके समाज और देश की रक्षा करो।

भारत मे शिक्षा की भी बहुत कमी है। जो शिक्षा दी भी जाती है वह इतनी निकम्मी है कि शिक्षा प्राप्त करने वाले युवक किसी काम के नहीं रहते। वे गुलामी के लिए तैयार किये जाते हैं और गुलामी मे ही अपने दिन व्यतीत करते है। उनका अपनापन अपने तक या अधिक से अधिक अपने संकीर्ण परिवार तक सीमित रहता है। आगे की बात उनके मस्तिष्क मे प्रायः कभी आती ही नहीं है।

वे अपने को समाज का एक अंग मान कर समाज के श्रेय में अपना श्रेय एवं समाज के अमंगल में अपना अमंगल नहीं मानते। समाज में व्यक्ति का वही स्थान है जो विशाल जलाशय में एक जल-कण का होता है। जलकण अपने आपको जलाशय से भिन्न माने तो क्या यह ठीक होगा ? इसी प्रकार प्रत्येक व्यक्ति जब सामाजिक भावना से हीन हो जाता है, अपनी सत्ता स्वतन्त्र और निरपेक्ष समझने लगता है, तब समाज का उत्थान रुक जाता है, राष्ट्र की प्रगति अवरुद्ध हो जाती है। ऐसे लोगों से विश्व-सेवा की आशा ही क्या की जा सकती है ?

पहले यह नियम था कि पहले शिक्षा, पीछे स्त्री मिलती थी। प्रत्येक बालक को ब्रह्मचर्यमय जीवन व्यतीत करते हुए विद्याभ्यास करना पड़ता था। अब आजकल प्रायः पहले स्त्री और पीछे शिक्षा मिलती है। जहाँ यह हालत है वहाँ सुदृढ़ शारीरिक सम्पत्ति से सम्पन्न प्रकाण्ड विद्वान् कहाँ से उत्पन्न होंगे ?

जैसा कि अभी कहा जा चुका है, आजकल जो शिक्षा मिलती है उसका जीवन-सिद्धि के साथ कोई सरोकार नहीं है, वह बेकार-सी है, फिर भी वह बड़ी बोझीली है। विद्यार्थियों पर पुस्तकों का इतना अधिक बोझा लादा जाता है कि बेचारे रोगी बन जाते हैं। चेहरे पर तेज नहीं, ओज नहीं, रूखा और पीला चेहरा, धँसी हुई आँखें, कृश शरीर, गालों में गड्ढे, यही सब विद्यार्थी की सम्पत्ति होती है। युवावस्था में जब यह दशा होती है, जवानी में बुढ़ापा आ जाता है तब बुढ़ापे में क्या होगा, यह विचारणीय प्रश्न है। अकसर अनेक युवकों का बुढ़ापा ही नहीं आने पाता और वे विधवा की संख्या में एक की वृद्धि करके चल बसते हैं।

विधवा बहिनों की दशा पर जब मैं विचार करता हूँ तो

आँखों मे आँसू आ जाते हैं। कई भाइयो के हृदय इतने कठोर बने हुए हैं कि इन बहिनो के दुःख को देख करके भी वे नहीं पसीजते। याद रखना, इन विधवाओ के हृदय से निकली हुई आहे वृथा नही जाएँगी। समय आने पर वे ऐसा भयकर रूप धारण करेगी कि भारत को भस्मी-भूत कर डालेगी। आप पशुओ पर दया करते हैं, छोटे-छोटे जन्तुओ पर करुणा की वर्षा करते है पर इन विधवा बाइयो की तरफ ध्यान ही नही देते। क्या इनका जीवन सूक्ष्म कीट-पतंगो और पशु-पक्षियों से भी गया-बीता है ?

दीवान साहब ! विधवाओ की दशा सुधारने और उनकी रक्षा करने का भार आपकी गोद में सौंपा जा रहा है। आप इसे उठाइये। हमारे उपदेश को लोग इतना न मानेंगे जितना आपका आदेश मानेंगे। 'भय बिन होत न प्रीत' उक्ति प्रसिद्ध है।

भय से मेरा यह आशय नहीं है कि जनता को डराया-धमकाया जाय अथवा मार-पीट का अवसर उपस्थित हो। मेरा आशय यह है कि आप कुछ जोर देकर कहेगे तो काम बन जायगा।

मित्रो ! अवसर आया है तो एक बात और कह देना चाहता हूँ। आप लोगों में एक और हानिकारक रिवाज़ देखता हूँ—बच्चों को जेवर पहनाना। बच्चो को आभूषण पहनाने मे आपका उद्देश्य क्या है ? इसके दो ही उद्देश्य हो सकते हैं—या तो बालक को सुन्दर दिखाना अथवा अपनी श्रीमन्ताई प्रकट करना। मगर यह दोनों उद्देश्य भ्रम-पूर्ण हैं। बालक स्वभाव से ही सुन्दर होता है। वह निसर्ग का सुन्दरतर उपहार है। उसके नैसर्गिक सौन्दर्य को आभूषण दबा देते हैं—विकृत कर देते हैं। जिन्हे सच्चे सौन्दर्य की परख है वे ऐसे उपायों का अवलम्बन नहीं करते। विवेकवान व्यक्ति जड पदार्थ लाद कर चेतन की शोभा नहीं बढ़ाते। जो लोग आभूषणों में सौन्दर्य

निहारते हैं, कहना चाहिए कि उन्हे सौन्दर्य का ज्ञान ही नहीं है। वे सजीव बालक की अपेक्षा निर्जीव आभूषणों को अधिक चाहते हैं। उनकी रुचि जडता की ओर आकृष्ट हो रही है।

अगर अपनी श्रीमत्ता प्रकट करने के लिए बालक को आभूषण पहना कर खिलौना बनाना चाहते हो तो स्वार्थ की हद हो गई! अपनी श्रीमन्ताई प्रकट करने के लिए निर्दोष बालक का जीवन क्यों विपत्ति में डालते हो? जिसे अपनी धनाढ्यता का अजीर्ण है—जो अपने धन को नहीं पचा सकता वह किसी अन्य उपाय से उसे बाहर निकाल सकता है। उसके लिए अपनी प्रिय सन्तान के प्राणों को सकट में डालना क्या उचित है?

बच्चों को आभूषण पहनाने मे मनोवैज्ञानिक दृष्टि से अनेक हानियाँ होती है। उन सब का कथन करने का समय नहीं है। परन्तु एक प्रत्यक्ष हानि तो आप सभी जानते हैं। गहनों की बदौलत कई बालकों की हत्या होती है। हत्या की घटनाएँ आये दिन घटती रहती हैं। फिर भी आप अपना ढर्रा नहीं छोडते, यह कितने आश्चर्य की बात है? आपका विवेक कहाँ है? वह कब जागृत होगा?

आई बापे जरी सर्पिणी के बोका,
त्याचे सगे सुखा ना पावे बाल।
चदनाचा शूल सोनी यांची बेड़ी,
सुखनिधि कोढ़ी प्राण नाशी॥

यह पद भक्त तुकाराम का है। थोड़े से शब्दो में कितना मर्म भर दिया है? कहा है—जिस घर में माता सर्पिणी और पिता बिलाव बन कर रहे वहाँ बच्चा शान्त कैसे रह सकता है? जिस समाज में

स्त्रियाँ सर्पिणी और पुरुष बिलाव होते हैं वहाँ मेरे जैसे की स्थिति कैसे हो सकती है ?

मित्रो ! मैने आपके सामने भारत के शत्रु एक महारावण के सिर्फ एक सिर का वर्णन किया है। समय अधिक हो गया है और मै दीवान साहब का और अधिक समय लेना नहीं चाहता, अतएव व्याख्यान अधिक लम्बा नही करता।

विष्णु ने वामन रूप धारण करके बलि का मर्दन किया था। वामन का आशय है छोटा—विनयी। आप भी नम्र बन कर राजा साहब और दीवान साहब से इस महारावण का सिर तोडने का वचन लीजिए।

अन्त मे एक बात और कह देना आवश्यक है। प्रत्येक हिन्दू गौ को गोमाता के नाम से पुकारता है और उसे श्रद्धाभाव से देखता है। फिर भी उसकी पालना जैसी चाहिए वैसी नहीं हो रही है। गाय के मानव-समाज पर अपरिमित उपकार हैं। उसके उपकारो के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकाशित करने के लिए उसे 'गोमाता' सज्ञा दी गई है। इस सज्ञा को सार्थक बनाने के लिए उसके प्रति आज जो उपेक्षा दिखाई दे रही है उसका दूर होना आवश्यक है। अमेरिका में भारत की ही गाय से १२० रतल दूध प्राप्त किया जा रहा है। अमेरिका ने गाय की सेवा करके सचमुच ही उसके 'माता' पद को सार्थक किया है। अमेरिका के विद्वानों ने अनेक बड़े-बड़े निबन्ध लिखकर बतलाया है कि गाय प्रत्येक दृष्टि से रक्षणीय है। पर गाय को माता कह कर पूजने वाले हिन्दुस्तान मे गाय की क्या दुर्दशा हो रही है ? उस पर
ाँ खचाखच छुरियाँ चल रही हैं, यह कितनी लज्जा की बात है!
नेर के दीवान साहब चाहे तो बीकानेर की गायों को बाहर भेजे
से रोक सकते हैं। ऐसा करना न केवल गोवंश पर ही वरन्

मानव-प्रजा पर भी बड़ा उपकार होगा, जनता की यह सच्ची सेवा होगी।

मित्रो! रक्षाबन्धन के दिन आपकी रक्षा के कुछ उपायों का दिग्दर्शन कराया गया है। अगर आप इनकी ओर ध्यान देंगे तो आपका कल्याण होगा।

भीनासर }
१३—८—२७. }

धर्म की व्यापकता

प्रार्थना

धरम जिनेश्वर मुझ हियड़े बसो, प्यारा प्राण समान।
कबहुँ न विसरूँ हो चितारूँ नहीं, सदा अखंडित ध्यान॥ धरम० ॥

श्रीधर्मनाथ भगवान् की यह प्रार्थना है। इस प्रार्थना मे प्रार्थना करने वाले ने धर्मनाथ भगवान् के अखंडित ध्यान की कामना प्रकट की है। धर्मनाथ भगवान का ध्यान और आराधन किस प्रकार किया जा सकता है? वास्तव में धर्म की आराधना ही धर्मनाथ की आराधना है। निर्मल हृदय से, निष्काम भाव से परमात्मा के आदेश का अनुसरण करना ही परमात्मा की सर्वश्रेष्ठ आराधना है। परमात्मा के आदेश के प्रतिकूल आचरण करने वाले, परमात्मा के गुणों का रटन ऊपर-ऊपर से करते रहे और हृदय को पापवासना मे मलीन बनाये रक्खे तो उससे क्या लाभ हो सकता है?

कई भाई सोचते हैं कि धर्म की आराधना साधु ही कर सकते हैं। गृहस्थ लोग नही। यह विचार भ्रमपूर्ण है। धर्म तत्त्व इतना सकुचित नही है। धर्म मे ऐसी संकीर्णता नही है कि थोड़े से लोग ही उसका उपयोग कर सकें और जगत् मात्र उससे वचित रहे। अगर धर्म में इतनी संकीर्णता होती तो धर्म को फैलाने वाले अवतारो को ईश्वर, परमेश्वर, प्रभु, जगन्नाथ, जगद्बन्धु, जगन्नियन्ता आदि र विशेषणो से क्यों स्मरण करते? अतएव इस भ्रान्त धारणा

को निकाल कर फैंक दो। धर्म सिर्फ साधुओं-त्यागियों-के लिए नहीं है पर सारे संसार के लिए है, जैसे प्राकृतिक पदार्थों को—हवा, पानी आदि को—उपयोग में लाने का अधिकार सभी प्राणियों को है, उससे कोई वंचित नहीं किया जा सकता, इसी प्रकार धर्मतत्त्व के पालन करने का अधिकार भी सभी को है। गृहस्थ तो मनुष्य ही है, पर शास्त्रकार तो पशुओं को भी धर्मपालन का अधिकार देते हैं। कोई-कोई पशु भी प्रबल पुण्य के परिपाक से श्रावक के कतिपय नियमों की आराधना करके पंचम गुणस्थान श्रेणी को प्राप्त कर सकता है। जहाँ पशुओं को भी धर्म साधना का अधिकार हो वहाँ मानव मात्र का अधिकार तो स्वयं सिद्ध हो जाता है। यह आश्चर्य की बात है कि भगवान् महावीर के समकालीन श्री गौतम बुद्ध ने अपने संघ में गृहस्थों को स्थान नहीं दिया, पर उसका परिणाम कुछ अच्छा नहीं आया। इससे विपरीत जैन संघ में श्रावक और श्राविका को स्थान प्राप्त है। इसका परिणाम यह है कि आज जैनों की संख्या अल्प होने पर भी जैन संघ बौद्ध संघ की अपेक्षा अपने मूल भूत उसूलों से अधिक चिपटा हुआ है। यह ठीक है कि उसमें भी अनेक प्रकार के विकार आ गये हैं फिर भी बौद्ध साधु और श्रमणोपासक से जैन साधु और श्रावक की तुलना करने से दोनों का भेद स्पष्ट प्रतीत हुए बिना नहीं रहेगा। यह कहकर मैं किसी धर्म की निन्दा नहीं करना चाहता, अपितु यह बताना चाहता हूँ कि धर्म तत्त्व उदार है, व्यापक है और उसे साधन करने का गृहस्थों को भी अधिकार है।

सूर्य किसी व्यक्ति-विशेष के घर पर ही प्रकाश नहीं फैलाता, पर जगत् को प्रकाशमय बनाता है। जल किसी खास व्यक्ति की तृषा को शान्त नहीं करता, वरन् प्रत्येक पीने वाले की प्यास बुझाता है। वायु कुछ विशिष्ट व्यक्तियों के लिए ही नहीं है किन्तु सभी के लिए है। अग्नि सिर्फ राजा के पकवान ही नहीं पकाती पर सभी प्राणी

उससे समान भाव से लाभ उठाते हैं। अगर अग्नि में यह गुण न हो, वह केवल राजा के ही काम में आने वाली हो तो क्या आप उसे अग्नि कहेंगे ?

'नही।'

इसी प्रकार धर्म सार्व है—सर्वजन-हितकारी है। सभी उसकी आराधना करके कल्याण-साधन कर सकते हैं। जो धर्म कुछ व्यक्तियो के काम आवे वह अपूर्ण है—संकीर्ण है। प्रकृति की—समस्त वस्तुओ पर समस्त प्राणियो का अधिकार है। प्रत्येक प्राणी को प्राकृतिक पदार्थों के उपयोग करने का स्वतः सिद्ध हक है। अगर किसी को किसी कुदरती वस्तु से कोई हानि पहुँचती है तो वह दोष उस वस्तु का नही है। वस्तु तो अपने स्वभाव के अनुसार गुणो को धारण किये हुए है। उसका अनुचित या अयोग्य व्यवहार करने वाले का ही दोष है कि वह उससे हानि उठाता है। सूर्य सभी को प्रकाश देता है, पर ससार में कुछ प्राणी ऐसे हैं जिनके लिए वह भी अन्धकार सा उत्पन्न करने वाला बन जाता है। उलूक और चमगादड आदि को सूर्य के प्रकाश मे दिखाई नहीं पडता। उन्हे रात्रि में ही दीखता है। इन प्राणियों को अगर दिखाई नहीं देता तो क्या यह सूर्य का दोष है ? नहीं। अगर यह दोष है तो उनकी प्रकृति का ही दोष समझा जा सकता है। प्रकृति की वस्तु सब को लाभ पहुँचाती है उसका उपयोग चाहे राजा करे, ब्राह्मण करे, चाण्डाल करे, साधु करे, जंगल में करे, घर में करे, कहीं भी क्यो न किया जाय ! वह सब के लिए समान है। प्रकृति के दरबार में भेदभाव नही है—विषमता नहीं है। वैषम्य के बीज तो मनुष्य ने अपने हाथो बोये हैं।

धर्म भी प्राकृतिक है। वस्तु का स्वभाव है। 'पयइसहावो धम्मो।' स्थिति मे धर्म में भेदभाव की गुंजाइश कहाँ है ?

सर्व साधारण के काम में आने वाले धर्म का लक्षण क्या है? यह प्रश्न उपस्थित होता है। दुनिया में धर्म के आगे अनेक विशेषण लग जाने के कारण साधारण जनता चक्कर में पड़ जाती है कि हम किस विशेषण वाले धर्म का अनुसरण करें? कौन-सा विशेषण हमें मुक्ति प्रदान करेगा? किस विशेषण के द्वारा हमारी आत्म-शुद्धि होगी और जीवन का विकास हो सकेगा? कहीं जैन विशेषण है, कोई 'ईसाई' विशेषण से उसे विशिष्ट बनाता है। कोई-कोई 'मुस्लिम' विशेषण लगा कर अपने धर्म को अलग बताता है। इस पर अगर गहराई के साथ विचार किया जाय तो विदित होगा कि भेद वास्तव में विशेषणों में है। जिसके यह सब विशेषण हैं उस धर्म तत्त्व में कहीं भेद नहीं है। धर्म तत्त्व एक है, अखंड है। उस अखंड तत्त्व के खण्ड-खण्ड करके, अनेकान्त में एकान्त की स्थापना करके, देश काल के अनुसार, लोक रुचि की विभिन्नता का आश्रय लेकर उसमें अनेक विशेषण लग गये हैं। अगर इन सब विशेषणों को अलहदा करके तत्त्व का अन्वेषण किया जाय तो सत्य सूर्य के समान चमक उठेगा। जब धर्म सत्य है और सत्य सर्वत्र एक है तो धर्म अनेक किस प्रकार हो सकते हैं? अस्तु

जैन सिद्धान्त कहता है—धर्म का तत्त्व प्रत्येक श्रद्धावान को, फिर चाहे वह आर्य हो या अनार्य हो, मिलना चाहिए। धर्म अपूर्ण वस्तु नहीं है, पूर्ण है। इसी कारण वह सब से प्रेम करता है, किसी को धिक्कार नहीं देता।

धर्म की व्याख्या साधारण नहीं है। धर्म में किसी भी प्रकार के पक्ष-पात को, जातिगत भेदभाव को, ऊँच-नीच की कल्पना को, राजा-रंक अथवा गरीब—अमीर की भावना को तनिक भी स्थान नहीं है। धर्म की दृष्टि में यह सब समान हैं।

धर्म के भीतर एक महान् तत्त्व है। उस महान तत्त्व की उपलब्धि सब को नहीं होने पाती—कोई विरला ही उसे प्राप्त करता है। जिसमें धर्म के प्रति प्रगाढ श्रद्धाभाव व और हिमाचल की सी अचलता है वही उस गूढतर तत्त्व को पाता है।

जब प्रह्लाद पर अभियोग लगाया गया तब हिरण्यकश्यपु ने पुरोहितों को आज्ञा दी कि कोई ऐसा अनुष्ठान करो जिससे प्रह्लाद का अन्त हो जाय। जिस धर्म का अन्त करने के लिए मैंने जन्म लिया है, प्रह्लाद उसी को फैला रहा है। मेरे ही घर में जन्म लेकर, मेरे शत्रु—धर्म को प्रश्रय दे यह मुझे असह्य है। मै धर्म को जीवित नहीं रहने दूंगा। अगर प्रह्लाद उसे जीवित रखने की चेष्टा करेगा तो उसे भी जीवित न रहने दूंगा।

हिरण्यकश्यपु ने प्रह्लाद को बुलाकर समझाया—अरे! इस धर्म को तू छोड दे। मै ही प्रभु हूँ, मैं ही ईश्वर हूँ। मेरे विपरीत आचरण करने से यह भूलोक ही तेरे लिए पाताल लोक—नरक बन जायगा। मेरा कहना मान। बाल-हठ मत कर। धर्म तुझे ले डूबेगा।

प्रह्लाद ने निर्भय और निश्चिन्त भाव से कहा—तुम और हो, प्रभु कुछ और है। धर्म के अनुकूल आचरण करना मेरे जीवन का उद्देश्य है। धर्म का अनुसरण करने से ही अगर कोई विरोध समझता है तो मेरा क्या दोष है? मैं आपसे नम्र प्रार्थना करता हूँ कि आप अपना दुराग्रह त्याग दें। धर्म अमर है, अविनाशी है। वह किसी का मारा मर नहीं सकता। वह किसी के नाश किये नष्ट हो नहीं सकता। जो धर्म का नाश करने की इच्छा करता है, वह अपने विनाश को आमन्त्रित करता है। आप अपना अनिष्ट न करें, यही ना है।

प्रह्लाद की नम्रतापूर्ण किन्तु दृढ़ता से व्याप्त वाणी सुनकर हिरण्यकश्यपु क्रोध के मारे तिलमिला उठा। उसने अपनी लाल—लाल भयानक आँखे तरे कर प्रह्लाद की ओर देखा, मानो अपने क्रोधानल से ही हिरण्यकश्यपु को जला देगा। फिर कहा-विद्रोही छोकरे! अब अपने धर्म को याद करना। देखें तेरा धर्म तेरी क्या सहायता करता है? अभी तुझे धर्म का मधुर फल चखाता हूँ।

इतना कह कर उसने पुरोहितों को आज्ञा दी—'इसे आग में डाल कर जीवित ही जलाकर खाक कर दो!' पुरोहितों ने तत्काल हिरण्यकश्यपु के आदेश का पालन करना चाहा। उन्होंने धधकती हुई आग में प्रह्लाद को बिठलाया। उस समय की प्रह्लाद की धर्मश्रद्धा एवं समभावना से आकृष्ट होकर दैवी शक्ति ने चमत्कार दिखाया। वह अग्नि अपनी भीषण ज्वालाओं से पुरोहितों को ही जलाने लगी। प्रह्लाद के लिए वह जल के समान शीतल बन गई। आग से बचने के लिए प्रह्लाद ने एक श्वास भी प्रार्थना में नहीं लगाया उसने अपने बचाव के लिए परमात्मा से एक शब्द से भी प्रार्थना न की। 'हे ईश्वर! मेरी रक्षा करो' इस प्रकार की एक भी कातर उक्ति उसके मुख से नहीं निकली। वह जानता था—आत्मा जलने योग्य वस्तु नहीं है। वह आत्मा है—आत्मा का कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता। उसे कोई हानि नहीं पहुँचा सकता।

क्षण भर में पुरोहितों के हाहाकार और चीत्कार से आकाश व्याप्त हो गया।

राज्यसत्ता अपनी प्रतिष्ठा कायम रखने के लिए दूसरों को कष्ट देती रहती है। सारे संसार की राजनीति में इसी बात का ध्यान रक्खा जाता है। राज्यसत्ता ने अपनी प्रतिष्ठा का अस्तित्व रखने के लिए, प्रतिष्ठा का विस्तार करने के लिए और अपनी सत्ता को अक्षुण्ण

बनाये रखने के लिए गत महायुद्ध का भीषण रूप उपस्थित किया था। (और इसीलिए वर्त्तमान मे भीषण संहार का नगा नृत्य होरहा है। इस संहार के सामने गंत महायुद्धका ध्वस भी नाचीज़ ठहरता है ।—संपादक)

हिरण्यकश्यपु ने अपनी प्रतिष्ठा को कायम रखने के लिए प्रह्लाद को उखाडना चाहा। पर उसकी दैवी शक्ति इतनी प्रबल थी कि उसके सामने हिरण्यकश्यपु की राजकीय शक्ति कातर बन गई।

मैं कई बार कह चुका हूँ कि धर्म वीरो का होता है, कायरो का नहो। वीर पुरुष अपनी रक्षा के लिए लालायित नहीं रहते, वरन् अपने जीवन का उत्सर्ग करके भी दूसरे की रक्षा के लिए सदा उद्यत रहते हैं। वे प्रहार करने वाले की झिलमिलाती हुई तलवार को देख कर नही डरते। डरना तो दूर की बात है, उनका एक रोम भी नहीं धड़कता। वीर पुरुष प्रहार करने वालो को भी अपना सहायक समझता है। उसके विचारो में निरालापन होता है।

या निशा सर्वभूतानां, तस्यां जागर्त्ति संयमी।
यस्या जाग्रति भूतानि, सा निशा पश्यतो मुनेः॥

जहाँ अन्य प्राणी अज्ञान रूप अंधकार का अनुभव करते हैं, वहाँ ज्ञानी पुरुष ज्ञान रूप प्रकाश की अवस्था का अनुभव करते हैं। अन्य प्राणियो को जो अवस्था प्रकाशमयी मालूम होती है, उसे ज्ञानी अन्धकारमयी मानता है।

कहने का तात्पर्य यह है कि अज्ञानी जिसे असत्-बुरा या हेय , है उसीको ज्ञानी जन सत् अथवा उपादेय मानते हैं। ..म . के मस्तक पर दहकते हुए अंगार रक्खे गये परन्तु उन्होने

प्रह्लाद बोला—

सर्वत्र दैत्या समतामुपेत्य,
समत्वमाराधनमच्युतस्य ॥

सब प्राणियों पर समताभाव लाओ। मारने वाले को भी मान दो। मारने वाले से मत डरो। डरने वाला ही क्रोध करता है और क्रोध करने वाला ही डरता है। जहाँ डर आया कि क्रोध आते देर नहीं लगती। अगर आपके पास एक ऐसी वस्तु हो जो त्रिकाल में भी आपको छोड़ कर कहीं नहीं जा सकती तो आप उस वस्तु के लिए चिन्ता करेंगे ?

'नहीं !'

जिस वस्तु के न छिनने का आपको भरोसा है, उसे छीनने का अगर कोई प्रयत्न करता है तो क्या आप उस पर क्रोध करेंगे ?

'नहीं !'

क्रोध तभी आता है जब उस वस्तु के जाने का भय हो।

जिस मनुष्य के पास सौ टंच का सच्चा सोना है, और जिसे सोने के सच्चे एवं विशुद्ध होने का विश्वास है, वह उस सोने की परीक्षा से भयभीत होगा ? अगर कोई आदमी उस सोने को तपाना चाहे तो क्या सोने का स्वामी घबराएगा ? कदापि नहीं। वह कहेगा- 'लीजिए, खूब तपाइए। सच्चा हो तो लीजिए।' इससे विपरीत जिसके पास सच्चा सोना नहीं है, नकली है, वह तपाने के लिए कहने पर क्या कहेगा ? वह कहेगा—वाहजी वाह ! आप मुझ पर इतना भी विश्वास नहीं करते ! अगर आपको मुझ पर विश्वास नहीं है तो रहने दीजिए। मेरा सोना मुझे लौटा दीजिए।' इस प्रकार नकली सोने वाले को [illegible] आवेगा।

तात्पर्य यह है कि सत्य में क्रोध नहीं होता, सत्य में भय नहीं होता, सत्य में कपट नहीं होता, सत्य में लोभ नहीं होता।

कई दगाबाज हैं। यह आपको छोड़कर चले जा सकते हैं। इसी कारण इनकी रक्षा के लिए आपको चिन्ता करनी पड़ती है। अगर ये आपको छोड़कर जाने वाले न होते तो आपको इनकी चिन्ता करनी पड़ती ? नहीं। क्योंकि जो स्वयं रक्षित है उसकी रक्षा करने की क्या आवश्यकता है ?

जो आत्माराम में रमण करता है, जिसे सच्चिदानन्द पर परिपूर्ण श्रद्धाभाव उत्पन्न हो चुका है, वह मरने से नहीं डरता, क्योंकि वह समझता है—मेरी मृत्यु असम्भव है, मैं वह हूँ, जहाँ किसी भी भौतिक शक्ति का प्रवेश नहीं हो सकता।

मित्रो ! यह विषय बड़ा गूढ़ है। एक दिन के व्याख्यान में इसे समझाना शक्य नहीं है। इसे हृदयगम करने के लिए कुछ दिन बराबर इस विषय को सुनना चाहिए, इस पर मनन-चिन्तन भी करना चाहिए। जब इसे हृदयगम कर लोगे तब इसका अभ्यास भी कर सकोगे।

जो मनुष्य सच्चिदानन्द के स्वरूप का अनुभव करने लगता है उसे डराने की शक्ति त्रैलोक्य में भी नहीं है। आप चाहे वाल्मीकि-रामायण को देखिए, चाहे जैन-रामायण को पढ़िए, सीता के अग्नि-स्नान का वर्णन कैसे जाज्वल्यमान आत्म-विश्वास का द्योतक है। जिसे सच्चिदानन्द पर पूरा विश्वास हो गया है पाँचों भूत उसके सेवक बन जाते हैं। पौराणिक बातों को सिद्ध करने और उनमें रही हुई कल्पनाओं पर प्रकाश डालने का आज समय नहीं है। इस लिए आज इस विषय पर कुछ नहीं कहूँगा। अलबत्ता यह बता देना चाहता हूँ कि दैवी-शक्ति के छोटे-छोटे काम हम आज भी देख सकते

हैं। मैं एक बार घाटकोपर (बम्बई) में था, तब गोधरेज वंश के एक पारसी सज्जन, जिनकी गोधरेज की तिजोरियाँ बहुत प्रसिद्ध हैं, मुझ से मिलने आये। उन्होंने मुझे एक पुस्तक बताई। मैं अंग्रेजी भाषा जानता नहीं था, अतएव एक दूसरे मुनि से मैंने वह पुस्तक सुनी। उसमे एक स्थल पर लिखा था कि फ्रान्स देश मे एक ऐसे डाक्टर हैं जो बड़ी मंद की गाँठो को सिर्फ हाथ फेर कर गिरा देते हैं, जैसे कोई वृक्ष पर से फल झाड लेता है। यह सब क्या है ? आत्म-बल का चमत्कार, मानसिक शक्ति की करामात !

आजकल के मनोविज्ञानवेत्ता मानवीय मन की शक्तियो की खोज में लगे हुए हैं। एक मनुष्य ने अपनी मानसिक-शक्ति के द्वारा बड़े जहाज को उलट दिया था। मस्मेरेजम एक हल्की जाति की मानसिक क्रिया है। भारतीय साहित्य में उसे त्राटक कह सकते हैं। यह एक बहुत ही हल्की क्रिया मानी गई है। इसका साधक भी जब मनचाहा काम कर सकता है तब बड़े मानसिक शक्ति वाले क्या काम न कर सकेंगे ? साधारण मनोबल वाला भी यदि मनुष्य को हँसा सकता है, रुला सकता है, इधर-उधर हिला-डुला सकता है तब उच्च-श्रेणी की मानसशक्ति प्राप्त कर लेने वाले को कौनसा काम असाध्य हो सकता है ? 'केसरी' पत्र के सम्पादक श्री केलकर ने चार इञ्च मोटे अष्ट-पहलू लोहे के डण्डे को केवल [illegible] क-शक्ति के द्वा[illegible] तरह मोड़ कर रख दिया था। [illegible] तौर [illegible] काम है ?

रेडियम धातु के एक तोले का मूल्य चार करोड़ रुपया है। यह धातु बड़ी कठिनाई से मिलती है। इसका एक कण, जो माइक्रोस्कोप से ही देखा जा सकता है, अगर शीशे की नली में बन्द कर दिया जाय और रोगी के ऊपर उसका प्रयोग किया जाय तो चमत्कार दिखाई देगा। परन्तु आत्मबल के पहाड़ में से यदि तुम कुछ भी शक्ति प्राप्त कर लोगे तो तुम्हें यह सब चमत्कार—यह सिद्धि—फीके जान पड़ेंगे।

परमात्मा की शक्ति अद्भुत है। इस तथ्य की परीक्षा जैन-दृष्टि से, वैष्णव-दृष्टि से, ईसाई दृष्टि से, मुस्लिम-दृष्टि से या अन्य किसी भी दृष्टि से करो, अगर निष्पक्ष भाव से परीक्षा करोगे तो इसका पता चल जायगा।

सब प्राणियों में आत्म-स्वरूप के दर्शन करो, तुम्हारा कल्याण होगा। ईश्वर आनन्द-घन रूप है। तमाम प्राणियों के हृदय में उसके दर्शन होते हैं। उसे पहचानने का प्रयत्न करो। मैंने तुकाराम की एक अभंग कविता पढ़ी है। उसमें भक्त-भागवतों को संबोधन किया गया है। तुम उसे अर्हद्-भक्त की दृष्टि से देखना। धर्म किसी एक की वस्तु नहीं है। वह सब की सामान्य सम्पत्ति है। जिसमें धर्म का समावेश हो वही हमारी है। असल में हमारा काम सत्य की खोज करना है। मैंने साधु का जो बाना पहना है सो लोक-दिखावे के लिए नहीं, पूजा-प्रतिष्ठा प्राप्त करने के लिए भी नहीं, परन्तु परमात्मा की उपलब्धि के मार्ग पर अपने आत्मा को प्रस्तुत करने के लिए पहना है। तुकाराम का पद्य क्या है? सुनिये :—

> विष्णुमय सब जग वैष्णवांचा। धर्म भेदाभेद भ्रम अमंगल,
> जी तुम्ही भक्त भागवत कराल तें हित सत्य करा।
> कोणाही जिवाचा घडो मत्सर वर्म सर्वेश्वर पूजना चे
> तुका म्हणे एका देहाचे अवयव सुख-दुःख जीव भोग पावे।

हे भागवतो-भक्तो ! हे वैष्णवो ! और ऐ जैन भाइयो ! प्राणी-मात्र के भीतर ईश्वर की मूर्त्ति है। आपने मन्दिरों मे मूर्त्तियाँ देखी होंगी। कोई मूर्त्ति चाहे जैन-मन्दिर मे देखी हो, चाहे वैष्णव-मन्दिर में देखी हो, वह वस्त्र पहने देखी हो चाहे बिना वस्त्र की, चाहे पद्मासन वाली देखी हो, चाहे खड्गासन वाली देखी हो, वह किसी भी अवस्था में हो, पर वह है मनुष्य की ही आकृति मे। कलाकार मनुष्य ने उसका निर्माण किया है, क्योकि वह प्राकृतिक नही है। इस कारण वह मनुष्याकृति मे बनी है। हाँ, मूर्त्ति के निर्माण मे जो कुछ भेद दिखाई देता है वह उसके बनवाने वाले की रुचि और श्रद्धा का भेद है। जिसकी जैसी रुचि और जैसी श्रद्धा थी, उसी के अनुसार वह बनाई गई है। पर बनाने वाले ने एक भूल की है। वह भूल क्या है ? उसने अपनी आकृति उसमें डाली है। आप बताइए कि आपकी आकृति मूर्त्ति मे है या मूर्त्ति की आकृति आप में ? आपकी आकृति उसमें है, तब बनाई हुई मूर्त्ति के प्रति इतना प्रेम और आदर हो तथा जो मूर्त्ति कुदरती है—प्राणी-मात्र का निर्माण प्रकृति ने किया है, उससे नफरत की जाय, यह कैसी बात है ? जो कृत्रिम मूर्त्ति से प्रेम करता है और अकृत्रिम से घृणा करता है, उसे क्या कहा जाय ?

कोई भाई सोचेंगे कि मैं उनकी मूर्त्तियो की निन्दा करता हूँ। सम्प्रदायों की भिन्नता के कारण एक दूसरे का अपमान करता है, निन्दा करता है, यह सही है। पर मैं किसी की निन्दा नहीं करता। धर्म के नाम पर निन्दा रूप अधर्म का आचरण करना मुझे रुचिकर नहीं है। मै जो सत्य समझता हूँ वही कहता हूँ इसके अतिरिक्त यहाँ निन्दा का कोई प्रश्न ही खडा नहीं होता। मैं तो अकृत्रिम मूर्त्ति की महत्ता का दिग्दर्शन कराना चाहता हूँ। देखिए—

देहो देवालय प्रोक्तो, जीवो देव· सनातनः।
त्यजेदज्ञान निर्माल्य, सोऽह भावेन पूजयेत् ॥

यह देह मन्दिर है। इसमें विराजमान आत्मा देव-परमात्मा है। अज्ञान रूपी नर्माल्य (त्याज्य वस्तु) का त्याग करके सोऽहं भाव से उस परमात्मा की सेवा करना चाहिए।

यह 'सोऽहं' भाव क्या है ? इसको स्पष्ट करते हुये एक जैनाचार्य ने कहा है—

> यः परमात्मा स एवाहं, योऽहं स परमस्ततः ।
> अहमेव मयाऽऽराध्य , नान्य कश्चिदिति स्थिति ॥

अर्थात् जो परमात्मा है वही मैं हूँ। जो मैं हूँ वही परमात्मा है। इस प्रकार सोऽहं का अर्थ है—'मैं ईश्वर हूँ।'

यह आशंका की जा सकती है कि 'मैं ईश्वर हूँ।' ऐसा कहने और अनुभव करने से तो अभिमान आ जायगा। यह आशंका ठीक है। ऐसा कहने एवं अनुभव करने में अगर अभिमान आ जायगा तो यह कथन एवं अनुभव मिथ्या होगा। अभिमान वृत्ति का त्याग करके जब ऐसा अनुभव किया जायगा अथवा कहा जायगा तभी उसमें सचाई आएगी। अभिमान का आना अनिवार्य नहीं है। इस प्रकार की अनुभूति जिस उच्च भूमिका में प्रवेश करने पर होती है, उसमें अभिमान का भाव शान्त हो जाता है।

देह आदि पदार्थों से इन्द्रियाँ परे है, इन्द्रियो से मन परे है, मन से बुद्धि परे है और बुद्धि से भी परे स अर्थात् आत्मा है।

स अर्थात् आत्मा का ठीक ठीक अभिप्राय समझाने के लिए एक बात कहता हूँ।

एक गुरु के दो शिष्य थे। दोनो को सोऽहं का पाठ पढ़ाया गया और उस पर स्वतन्त्र विचार—अनुभव करने के लिए कहा गया।

दोनो शिष्यो मे एक उद्दण्ड स्वभाव का था। उसने साधना तो कुछ की नही और सोऽहं—मै ईश्वर हूँ, इस प्रकार कह कर अपने आप परमात्मा बन बैठा। वह अपने परमात्मा होने का ढिंढोरा पीटने लगा। जो मिले उसीसे कहता—मै ईश्वर हूँ। लोगो ने उसकी मूर्खता का इलाज करने के लिए उसके हाथो पर जलते अंगार रखने चाहे। तब वह बोला—है! यह क्या करते हो? हाथ पर अगार रख कर मुझे जलाना क्यो चाहते हो?

लोगो ने कहा—'भले आदमी! कहो ईश्वर भी जलता होगा?' फिर भी वह मूर्ख शिष्य अपनी मूर्खता को न समझ सका। वह अपने को ईश्वर कहता ही रहा। एक आदमी ने उसके गाल पर चाँटा मारा। वह बोला—क्यो तुमने मुझे चाँटा मारा?

वह आदमी—मूर्ख! कही ईश्वर के भी चाँटा लगता है?

मगर उसकी मूर्खता का रंग इतना कच्चा नही था। वह चढ़ा रहा। वह लोगो के विनोद का पात्र बन गया। उससे अधिक वह कुछ न कर सका। पर दूसरा शिष्य साधना मे लगा। वह एकान्त-वास करने लगा और सोचने लगा—मै अनेक प्रकार के रूप देख हूँ, यह आँखो का प्रभाव है। मैं अनेक काव्य सुनता हूँ, यह की शक्ति है। नाना प्रकार के रसो का दन करता

का काम है। किसी वस्तु का स्पर्शज्ञान होना हाथ-पैर आदि का काम है। मैंने जो गंध सूँघे हैं सो नाक के द्वारा। तो अब मैं इस निष्कर्ष पर पहुँचता हूँ कि यह इन्द्रियाँ ही सोऽहं है।

वह अपना निष्कर्ष लेकर प्रसन्न होता हुआ गुरुजी के पास पहुँचा। गुरुजी से बोला—महाराज, मैंने सोऽहं का पता पा लिया है।

गुरुजी—कैसे पता पा लिया ?

शिष्य—जो इन्द्रियाँ हैं वही सोऽहं है।

गुरुजी—जाओ, अभी और साधना करो। तुम्हें अभी तक सोऽहं का ज्ञान नहीं हुआ।

शिष्य चला गया। उसने सोचा—मैं अब तक सोऽहं का पता न पा सका। खैर, अब फिर प्रयत्न करता हूँ।

वह फिर साधना में जुट गया। विचार करने लगा—गुरुजी ने कहा है—इन्द्रियाँ सोऽहं नहीं हैं। वास्तव में इन्द्रियाँ सोऽहं कैसे हो सकती हैं। इन्द्रियाँ सोऽहं होतीं तो अस्थिरता कैसे होती ? इन्द्रियाँ बचपन में जैसी थीं आज वैसी कहाँ हैं ? इसके अतिरिक्त मैंने भूतकाल में अनेक शब्द सुने थे। उनका आज भी मुझको ज्ञान है यद्यपि वे वर्तमान में नहीं बोले जा रहे हैं। भूतकाल में मैंने जो दृश्य रूप देखे थे वे आज दिखाई नहीं देते हैं फिर भी उनका मुझे स्मरण है। अगर इन्द्रियाँ ही जानने वाली होतीं तो वर्तमान में भूतकालीन विषयों का कौन स्मरण करता ? इससे यह स्पष्ट जान पड़ता है कि इन्द्रियों से परे कोई ज्ञाता अवश्य है। तब फिर वह कौन है ?

मन ही सोऽहं होना चाहिए। इसप्रकार निश्चय करके वह गुरुजी के पास आया। बोला—गुरु महाराज, मै सोऽहं का मतलब समझ गया।

गुरुजी—क्या समझे ?

शिष्य—यह जो मन है सो ही सोऽहं है।

गुरुजी—फिर जाओ और साधना करो।

शिष्य फिर चला गया। उसने फिर साधना आरम्भ की। सोचा—मन सोऽह नहीं है। ठीक है। मन को प्रेरित करने वाला कोई और ही है। उमी का पता लगाना चाहिये। उसने बहुत विचार किया। तब उसे मालूम हुआ। मन को बुद्धि प्रेरित करती है। इसलिए मन से परे बुद्धि सोऽह है। वह फिर गुरुजी के पास पहुँचा। कहने लगा—गुरुजी, अब मैंने सोऽह को समझ पाया है।

गुरुजी—क्या है, बताओ ?

शिष्य—मन से परे बुद्धि सोऽह है।

गुरुजी—वत्स, जाओ, अभी और साधना करो।

शिष्य बेचारा फिर साधना में लगा। सोच विचार के पश्चात् उसने स्थिर किया—गुरुजी ने ठीक ही कहा है कि बुद्धि सोऽहं नहीं है। अगर बुद्धि सोऽहं होती तो उसमें विचित्रता-विविधता क्यों होती ? कभी वह विकसित होती है, कभी उसमे मंदता आ जाती है। कभी अच्छे विचार आते हैं, कभी बुरे बिचार आते हैं। इससे जान पडता है कि बुद्धि के परे जो तत्त्व है वही सोऽह है।

शिष्य बडी प्रसन्नता के साथ गुरुजी के पास पहुँचा। बोला—राज, अब की बार सोऽह का पक्का पता चला लाया हूँ।

गुरुजी—क्या ?

शिष्य—जो गुप्त तत्त्व बुद्धि से परे है, जिसकी प्रेरणा से बुद्धि का व्यापार होता है, वह सोऽहं है।

गुरुजी—(प्रसन्नतापूर्वक) हाँ अब तुम समझे। जो कुछ तुम हो वही ईश्वर है। इसी को सोऽहं कहते हैं।

मित्रो! आत्मा का पता आत्मा के द्वारा आत्मा को ही लग सकता है। परन्तु आपने आत्मा के आच्छादनभूत बाह्य पदार्थों को सहारा बना लिया है, अतएव आपकी गति बाहर तक ही सीमित है। बाह्य आवरणों को चीर कर आप भीतर नहीं झाँक पाते। आप पूछेंगे—कैसे? मैं कहता हूँ—पहले बताइए रूप बड़ा है या आँखें?

'आँखें'!

तो फिर रूप का लोभ क्यों करते हो? इसी प्रकार अन्यान्य बातों में भी समझना चाहिए। आप रूप, रस, गंध, स्पर्श आदि के लोभ में पड़ गये हैं, इसी से आगे का काम रुका पड़ा है। मछली, मांस लगे हुए जाल के काँटे में फँस जाती है। वह जानती है—मैं मांस खाने जाती हूँ, उसे यह नहीं मालूम कि वह मांस खाने नहीं जा रही वरन् प्राण देने जा रही है।

कह कर सीधे धीवर से कहेंगे—'प्यारे, यह सब अज्ञान हैं और निरपराध हैं। इन्हे मत मार।'

जैसे आप मछलियों पर करुणा करते हैं, उसी प्रकार ज्ञानी-जन सारे संसार पर करुणा लाता है। वह कहता है—ऐ मनुष्यो! कुछ आत्म-कल्याण का काम करो। खाने-पीने पर अंकुश रक्खो। दूसरों को आनन्द पहुँचाओ! ऐसा करने से तुम्हारा मनोरथ जल्दी पूर्ण होगा।

मित्रो! आज खाने-पीने के मामले मे बडी गड़बडी चल रही है। पहले धर्म के लिए सात्विक भोजन किया जाता था पर आज स्वाद के खातिर पकवानो का भोजन किया जाता है। याद रखिए, पकवान जीभ को क्षण-भर के लिए भले ही तृप्त कर दे, पर उनसे आयु क्षीण होती है—वे शरीर को जल्दी ही नष्ट कर डालते हैं। अगर आपको विश्वास न हो तो एक आदमी को पन्द्रह दिन तक सिर्फ पकवानों पर रखकर और दूसरे को सिर्फ दाल रोटी पर रखकर देखा जा सकता है। दोनों के स्वास्थ्य की तुलना करने से आपको विदित होगा कि तन्दुरुस्ती के लिए क्या उपयोगी है और क्या हानिकारक है?

आप अंट-संट खाकर जीभ की आराधना करते रहे और ईश्वर पद मिल जावे, यह कैसे सम्भव है? जब तक इन्द्रियों की गुलामी नहीं छूटती तब तक ईश्वरत्व की प्राप्ति होना असभव है।

आप भोजन करते हैं, मगर कुछ काम भी तो करना चाहिए। मेरा आशय साँसारिक प्रपंचों से नहीं, ईश्वर-भजन से है। भोजन करने वाले को भजन भी करना ही चाहिए। रेल को चलाने के लिए एंजिन मे कोयला और पानी देकर स्टीम (वाष्प) पैदा की जाती है। अगर एंजिन का ड्राइवर (चालक) एंजिन को ही इधर-उधर घुमाया

सकता है—पर मैं तो केवल यही कहता हूँ कि अपनी शक्ति के अनुसार अवश्य करो। जो मनुष्य परोपकार के गहरे तत्त्व को पहुँच जाता है, उसे दुनियाँ देवता की भाँति पूजती है। उसे जनता अपने हृदय का हार बना लेती है। उसके लिए सदा-सर्वदा अपना सर्वस्व समर्पण करने के लिए तैयार रहती है। शास्त्रों में और लौकिक इतिहास में ऐसे बहुत से जाज्वल्यमान उदाहरण मौजूद हैं।

मित्रो! धर्म के इस तत्त्व को प्राप्त करके व्यवहार करोगे तो कल्याण होगा।

लूणियों की कोठी
भीनासर
३—८—२७.

अपनी रक्षा नहीं कर सकते ! परतंत्रता की जंजीर में जकड़े हुए इन प्राणियो को छुड़ाने वाला कौन है ?'

यह बेचारे परतंत्र हैं, पर मारने वाला भी कौन स्वतंत्र है ? वह भी परतंत्र है। वह परतंत्र न होता तो वह पापमय जीवन क्यो बिताता ? मारने वाला परतंत्र क्यों है ? कौन उसे गुलाम बनाये हुए हैं ? उत्तर मिलता है—मारने वाला तृष्णा, लोभ, मोह और अज्ञान आदि का दास है। वह मोह से अन्धा पुरुष प्राणियो का मास खा कर अपना मास बढाना चाहता है। वह असहाय, निर्बल और मूक प्राणियो की हत्या करके अपना पोषण करना चाहता है। वह दूसरों के प्राणो की परवाह न करके अपने प्राण बचाना चाहता है। उसे दूसरो की चिन्ता नही है। दूसरो का दुःख देख कर उसे करुणा नहीं आती मगर सोचना चाहिए कि यदि ऐसा ही समय मेरे लिए आवेगा तो मेरा क्या हाल होगा ?

आखिर मनुष्य उन प्राणियों को किस कसूर से मारता है ? उन्होंने उसका क्या गुनाह किया है। जिससे वह उनके प्राणो का ग्राहक बनता है ? क्या उन प्राणियो ने उसका कुछ अपहरण किया है ? उसे गाली दी है ? उसका कुछ बिगाड़ किया है ? नहीं, तब वे क्यो मारे जाते है ?

यह तमाम बेचारे प्राणी भद्र हैं। इनमे बहुत से घास खाकर अपना गुजर करते हैं। ये प्रकृति की शोभा है। प्रकृति की शोभा को नष्ट करके आनन्द मानते हैं। इन मनुष्यों का मज़ा और बेचारो की कज़ा ! कजा में मज़ा मानने का कुछ हिसाब भी होता है ?

हाँ, होता क्यों नहीं है। लेकिन हम अपने शास्त्र की बात न र यही बतलाना चाहते हैं कि पाश्चात्यो का इस विषय में

भी खयाल नहीं करता, केवल पैसों से अपना जेब भरना चाहता है उसे कोई क्या कहेगा ?

'चोर ! बदमाश !'

उसे दंड मिलेगा ?

'अवश्य !'

यही बात आहार प्राप्त करने में समझनी चाहिए। तो अपने मौज-शौक के लिए, अपनी जीभ को तृप्त करने के लिए, मूक प्राणियों का मास खाता है उसे भी दंड मिले बिना न रहेगा।

बालक माता के स्तन से दूध पीता है, यह उसका धर्म अर्थात् स्वभाव है, पर जो बालक स्तन का खून पीना चाहता है उसे क्या बालक कहेगा ? लोग उसे बालक नहीं, जहरीला कीडा कहेंगे।

प्रकृति हमें, गाय, भैंस आदि से दूध दिलाती है। इससे हमारा बडा उपकार होता है। किन्तु हमारी अधीरता इन पशुओ का जल्दी खात्मा कर एक-दो दिन पेट भर कर, अधिक दिनो तक पेट भरने वाले घी-दूध के स्रोत को बन्द कर देती है। मतलब यह कि लोग फलो को धीरे-धीरे आता देख कर वृक्ष का ही मूलोच्छेदन कर डालते हैं।

किन्तु इस गरीब गूंगे प्राणियो की वकालत कौन करे ? अचम्भे की बात है कि इनकी करुणा भरी चीख को सुन कर हत्यारों का दिल पत्थर-सा क्यो बना रहता है ? विश्व के सर्व श्रेष्ठ कहलाने वाले प्राणी का—मनुष्य का—अन्त करण इतना कठोर कैसे बन गया ? वह हद दर्जे का अविवेकी क्यो हो गया है। इसका कारण की परतत्रता है ! मनुष्य काम, क्रोध, मोह आदि ने अपने चङ्गुल

में ऐसी बुरी तरह जकड लिया है कि वह कुछ कर नहीं पाता। उसकी बुद्धि पर काला पर्दा पड गया है, जिसके कारण कुछ भी नहीं सूझता।

हाँ बैठे हुए अधिकांश भाई अमांसाहारी हैं। वे सोचते होंगे—'केवल मांसाहारी ही पापी होते हैं। हम पाप से बचे हुए हैं।' लोगों को दूसरे की किसी बात की टीका सुन कर सन्तोष होता है, मजा आता है, परन्तु जब उनके किसी काम की टीका की जाती है तब उन्हें बुरा लगता है। लेकिन सच्चा आदमी तो वही है जो सच्ची बात कहे। हितचिन्तक उसी को समझना चाहिए जो श्रोता की रुचि-अरुचि की चिन्ता न कर के श्रोता के हित की बात बतलाए। फिर श्रोता जिस व्यक्ति पर श्रद्धा रखता है, जिसे अपना पथप्रदर्शक मानता है, उस पर तो यह उत्तरदायित्व और अधिक है कि वह अपने श्रोता को सत्य बात कहे। ठीक ही कहा है—

रूसउ वा परो मा वा, विसं वा परियत्तउ ।
भासियव्वा हिया भासा, सपक्खगुणकारिया ॥

चाहे कोई रुष्ट हो, चाहे तुष्ट हो, चाहे विष ही क्यों न उगलने लगे, लेकिन स्वपक्ष को लाभ पहुँचाने वाली, हितकर बात तो कहना ही चाहिए।

जो व्यक्ति अपने श्रोता का लिहाज करता है, अपने श्रोता की अरुचि का विचार करके उसे सत्य तत्त्व का निदर्शन नहीं कराता, वरन् उसे प्रसन्न करने के लिए मीठी-मीठी चिकनी-चुपडी बातें करता है, वह श्रोता का भयंकर अपकार करता है और स्वयं अपने कर्त्तव्य से च्युत होता है। रोगी की अरुचि का विचार करके उसे आवश्यक

भी खयाल नहीं करता, केवल पैसों में अपना जेब भरना चाहता है उसे कोई क्या कहेगा ?

'चोर ! बदमाश !'

उसे दंड मिलेगा ?

'अवश्य !'

यही बात आहार प्राप्त करने में समझनी चाहिए। तो अपने मौज-शौक के लिए, अपनी जीभ को तृप्त करने के लिए, मूक प्राणियों का मांस खाता है उसे भी दंड मिले बिना न रहेगा।

बालक माता के स्तन से दूध पीता है, यह उसका धर्म अर्थात् स्वभाव है, पर जो बालक स्तन का खून पीना चाहता है उसे क्या बालक कहेगा ? लोग उसे बालक नहीं, जहरीला कीडा कहेंगे।

प्रकृति हमें, गाय, भैंस आदि से दूध दिलाती है। इससे हमारा बडा उपकार होता है। किन्तु हमारी अधीरता इन पशुओं का जल्दी खात्मा कर एक-दो दिन पेट भर कर, अधिक दिनों तक पेट भरने वाले घी-दूध के स्रोत को बन्द कर देती है। मतलब यह कि लोग फलों को धीरे-धीरे आता देख कर वृक्ष का ही मूलोच्छेदन कर डालते है।

किन्तु इस गरीब गूंगे प्राणियों की वकालत कौन करे ? अचम्भे की बात है कि इनकी करुणा भरी चीख को सुन कर हत्यारों का दिल पत्थर-सा क्यों बना रहता है ? विश्व के सर्व श्रेष्ठ कहलाने वाले प्राणी का—मनुष्य का— अन्तःकरण इतना कठोर कैसे बन गया ? वह हद दर्जे का अविवेकी क्यों हो गया है। इसका कारण ष्य की परतत्रता है ! मनुष्य काम, क्रोध, मोह आदि ने अपने चङ्गुल

मे ऐसी बुरी तरह जकड लिया है कि वह कुछ कर नहीं पाता। उसकी बुद्धि पर काला पर्दा पड़ गया है, जिसके कारण कुछ भी नही सूझता।

हाँ बैठे हुए अधिकांश भाई अमांसाहारी हैं। वे सोचते होंगे—'केवल मासाहारी ही पापी होते हैं। हम पाप से बचे हुए हैं।' लोगो को दूसरे की किसी बात की टीका सुन कर सन्तोष होता है, मजा आता है, परन्तु जब उनके किसी काम की टीका की जाती है तब उन्हें बुरा लगता है। लेकिन सच्चा आदमी तो वही है जो सच्ची बात कहे। हितचिन्तक उसी को समझना चाहिए जो श्रोता की रुचि-अरुचि की चिन्ता न कर के श्रोता के हित की बात बतलाए। फिर श्रोता जिस व्यक्ति पर श्रद्धा रखता है, जिसे अपना पथप्रदर्शक मानता है, उस पर तो यह उत्तरदायित्व और अधिक है कि वह अपने श्रोता को सत्य बात कहे। ठीक ही कहा है—

रूसउ वा परो मा वा, विसं वा परियत्तउ ।
भासियव्वा हिया भासा, सपक्खगुणकारिया ॥

चाहे कोई रुष्ट हो, चाहे तुष्ट हो, चाहे विष ही क्यों न उगलने लगे, लेकिन स्वपक्ष को लाभ पहुँचाने वाली, हितकर बात तो कहना ही चाहिए।

जो व्यक्ति अपने श्रोता का लिहाज करता है, अपने श्रोता की अरुचि का विचार करके उसे सत्य तत्त्व का निदर्शन नहीं कराता, वरन् उसे प्रसन्न करने के लिए मीठी-मीठी चिकनी-चुपड़ी बातें करता है, वह श्रोता का भयंकर अपकार करता है और स्वयं अपने कर्त्तव्य से च्युत होता है। रोगी की अरुचि का विचार करके उसे आवश्यक

कटुक औषधि न देकर, उसके बदले मिष्टान्न खिलाने वाला व्यक्ति क्या रोगी का सच्चा हितैषी है ?

हाँ, तो जो भाई केवल मांसाहारियो को ही पापी समझता है, उसे अपने थोकड़े खोलकर देखना चाहिये कि पाप कितने होते हैं। हिसा के अतिरिक्त और भी कोई पाप है या नही ? क्या उन पापों का आचरण करने वाला पापी नही गिना जायगा ?

जैन-शास्त्र मे अठारह प्रकार के पाप बताये गये हैं। जैसे हिसा, झूठ, चोरी, जारी, क्रोध, मान, आदि। जो इन पापों का सेवन करता है और धर्मात्मा बनने की डींग मारता है वह क्या वास्तव मे धर्मात्मा है ? नहीं।

'पाप से बचना चाहिए और धर्म का आचरण करना चाहिए' यह बात बहुत से भाइ कहते हैं परन्तु पापो से बचने का और धर्माचरण करने का प्रयत्न बहुत कम लोग करते हैं। यह लोग कसाई को बुरा कहते हैं, उसे पापी समझते हैं, पर स्वय जालसाजी करने से बाज नही आते, कपट करने से नहीं चूकते, दूसरो पर दोष मढना नहीं भूलते, गरीबो के गले दबोचने में भय नही खाते, झूठे मुकदमे चलाने मे शर्म नही लाते, झूठी गवाई पेश करने मे पीछे पैर नही धरते, दूसरे के धन का स्वाहा करने मे नही हिचकते, पराई स्त्रियो पर खोटी नजर रखने मे घृणा नही करते, कहाँ तक कहा जाय, ये पाप करते हैं पर पापी कहलाने मे अपनी तौहीन समझते हैं। कसाई छुरी फेर कर कत्ल करता है पर वे कलम चला कर कई बार, कइयो की एक ही साथ हत्या कर डालते है। कसाई हत्या के हत्यारा कहलाता है, मगर ये इस प्रकार की हत्याएँ करके भी ... बने रहते हैं।

तो सारॉश यह है कि सच्चिदानन्द की शक्ति अद्भुत है। इसमें अनन्त ज्ञान और अनन्त शक्ति विद्यमान है। इस पर विश्वास लाओ। इसकी ओर दृष्टि लगाओ। अन्तर्दृष्टि बनोगे तो अपूर्व प्रकाश मिलेगा।

प्रह्लाद अग्नि मे डाल दिया गया मगर वह भस्म नही हुआ। तब दैत्यो ने पूछा—'ऐ प्रह्लाद! तुमने यह शक्ति कैसे पाई है?' प्रह्लाद ने कहा—

सर्वत्र दैत्याः समतामुपेत्य,
समत्वमाराधनमच्युतस्य ॥

हे दैत्यो! समता धारण करो। तुम्हारे भीतर भी वह शक्ति आ जायगी।

प्रह्लाद को कितना कष्ट दिया गया था! वह शस्त्र से काटने पर भी न कटा। जहरीले सर्पों से डँसाया गया पर जहर का कुछ भी असर न हुआ। मदोन्मत्त हाथियो के पैरो के नीचे कुचलवाने के लिए डाला गया पर हाथी उसे कुचल न सके। वह पर्वत पर से पटका गया मगर चूर-चूर न हुआ। उसे भस्म करने के लिए आग में डाला, पर आग ठण्डी हो गई। यह सब किसका चमत्कार था? आत्म-शक्ति का। अमोघ आत्मिक-शक्ति के आगे तमाम भौतिक शक्तियाँ बेकाम हो गईं।

यह विज्ञान का युग है। लोग प्रमाण दिए बिना किसी बात को स्वीकार नही करना चाहते। वे अपने बाह्य ज्ञान से समझते हैं कि आग एक आदमी को जलावे और दूसरे को न जलावे, यह कैसे होता है! क्या यह सम्भव है कि शस्त्र से एक आदमी कटता है दूसरा नहीं, विष-पान करने से एक का प्राणान्त होता है और

दूसरे का नहीं। मगर आत्मबल की महिमा समझ लेने पर इस प्रकार की आशंकाएँ निर्मूल हो जाती हैं। आध्यात्मिक बल के समक्ष भौतिक शक्तियाँ क्षुद्र बन जाती हैं। आग ने क्या सीता को जलाया था ?

'नहीं !'

क्यो ? क्या अग्नि भी पक्षपात में पड गई थी ? उसे किसने सिखाया कि एक को जला और दूसरे को नहीं ? शस्त्र का काम काट डालना है पर उसने कामदेव श्रावक को क्यो नहीं काटा ? शस्त्र क्या अपना स्वभाव भूल गया था ? विष खाने से मनुष्य मर जाता है, मगर मीरा बाई क्यों न मरी ? क्या विष अपने कर्त्तव्य से चूक गया था ? सत्य यह है कि आत्मबली के सामने अग्नि ठंडी हो जाती है, शस्त्र निकम्मा हो जाता है और विष अमृत बन जाता है। इस सत्य की साक्षी शास्त्र ही नहीं वरन् इतिहास, प्रत्यक्ष प्रमाण और अनुभव दे रहा है।

कृष्णाकुमारी की बात अधिक पुरानी नहीं है। वह मेवाड के राणा भीमसिंह की कन्या थी। कहा जाता है कि उसकी सगाई पहले जोधपुर की गई थी पर कारणवश बाद में जयपुर कर दी गई। जोधपुर वाले चाहते थे कि इसका विवाह हमारे यहाँ हो और जयपुर वालों की भी यही इच्छा थी।

कृष्णाकुमारी अपने समय में राजस्थान की अद्वितीय सुन्दरी थी। उसके सौन्दर्य की महिमा चारों ओर फैली हुई थी। ऐसी स्थिति में उसे कौन छोडना चाहता ? जिस पर प्रतिष्ठा का भी प्रश्न था।

विवाह की निश्चित तिथि पर जयपुर और जोधपुर वाले दोनो व्याहने जा पहुँचे। जयपुर वालों ने कहलाया—'अगर कृष्णाकुमारी

हमें न दी गई तो रण-भेरी बज उठेगी।' जोधपुर वालोंने कहलाया—'अगर कृष्णाकुमारी का विवाह हमारे यहाँ न किया गया तो हम मेवाड़ को धूल मे मिला देंगे।'

राणा भीमसिंह कायर था। वह मरने से डरता था। उसे उन खूँख्वार भेडियों को कुछ भी जवाब देने की हिम्मत न हुई। वह मन ही मन घुल रहा था। उसे समझ नहीं पड़ता था कि इस समय क्या करना चाहिए और क्या नहीं? आखिर किसी ने उसे सलाह दी—इस विपदा का कारण राजकुमारी कृष्णाकुमारी है। अगर इसे मार दिया जाय तो झगडा ही खत्म हो जाय! फिर न रहेगा बाँस न बजेगी बाँसुरी।

प्रताप के शुद्ध वंश में कलंक लगाने वाले और मातृ-भूमि के उन्नत मस्तक को नीचा करने वाले कायर राणा ने यह सलाह मान ली।

सलाह को कार्य मे परिणत करने के लिए हृदयहीन डरपोक राणा ने अपनी प्यारी पुत्री को दूध मे विष मिलाकर अपने ही हाथों से पीने के लिए प्याला दे दिया। भोली-भाली कुमारी को कुछ पता न था। उसने समझा—'सदा दासी दूध का प्याला लाकर देती है, आज प्रेम के कारण पिताजी ने दिया है।' कृष्णाकुमारी विषमिश्रित दूध पी गई पर उस पर जहर का तनिक भी असर न हुआ। दूसरे दिन उस हत्यारे राणा ने फिर विषमय दूध का प्याला दिया। कुमारी को किसी प्रकार की शंका तो थी ही नहीं, वह फिर उसे गटगट पी गई। आज भी विष का प्रभाव नहीं हुआ। तीसरे दिन फिर यही घटना घटने वाली थी कि किसी प्रकार कुमारी के कान में बात पड़ी। उसने सोचा—'हाय! मुझे मालूम ही नहीं हुआ, अन्यथा [पित]ाजी को इतना कष्ट न देती। मेरी ही बदौलत मेरी मातृभूमि पर

घोर संकट आ पड़ा है। अगर मैं पुरुष होती तो युद्ध में प्राण निछावर करके मातृ-भूमि की सेवा करती। मगर खैर, आज पिताजी विषैला दूध पिलाने आयेंगे तो उसे पीकर मातृ-भूमि का संकट टालने के लिए अपनी जीवन-लीला समाप्त कर दूंगी।

आखिर वही हुआ। कृष्णा ने विषमिश्रित दूध का प्याला पीकर अपने प्राण दे दिये। आज मेवाड़ के इतिहास में उसका नाम सुनहरे अक्षरों में लिखा हुआ है।

इस कथा से यह प्रश्न उपस्थित होता है कि विष दो दिनों तक अपना असर क्यों नहीं दिखा सका? और तीसरे दिन उसने क्यों प्रभाव डाला? इसका उत्तर यह है कि दो दिन उसे उसका पता ही नहीं था—कृष्णा की मृत्यु की भावना ही नहीं थी। वह पिता के द्वारा दिये हुए दूध को अमृत के समान समझ रही थी। इसी मनोबल की शक्ति से विष उसका बाल भी बाँका न कर सका। तीसरे दिन वह मनोबल नहीं रहा। उसने विष को विष समझकर पिया, इसलिए उसकी मृत्यु हो गई। यह भावना-बल, मनोभावना या आत्मबल का प्रताप है। सुदृढ़ मनोबल के सामने विष और शस्त्र आदि अपने स्वभाव को छोड़ देते हैं। उनकी शक्ति भावनाबल से प्रतिहत होजाती है।

सीता की अग्नि परीक्षा हुई। मगर अग्नि उसका कुछ भी नहीं बिगाड़ सकी। जो लोग निसर्गतः अश्रद्धालु हैं वे भले ही इस बात को स्वीकार न करें, पर अमेरिका और यूनान आदि के इतिहास में इसकी पुष्टि में प्रमाण मिलते हैं। निकट भूतकाल में भी इस बात को सत्य सिद्ध करने वाली अनेक घटनाएँ घटी हैं। जो आत्म-तत्त्व के ज्ञाता हैं, उन्हें मालूम है कि आत्मा में अनन्त शक्ति भरी पड़ी है। आत्मा की शक्ति का पारावार नहीं है। आवश्यकता है उसे विकसित

करने की। आत्मिक शक्तियों का आविर्भाव और विकास किस प्रकार होता है, यह आज का विषय नहीं है। शास्त्र में इस सम्बन्ध में विस्तार-पूर्वक विवेचन किया गया है। बेचारे बकरे को आत्म-बल का भान नहीं है। अतएव वह मरते समय 'बे—बें' करता है और मारा जाता है। अगर उसकी सोई हुई आत्मशक्तियाँ जाग उठें, उसे आत्मबल का भान हो जाय तो किसकी मजाल है जो उसे काट सके।

मित्रो! आप लोग यह न समझें कि आपकी और दूसरो की आत्मा में कोई मौलिक अन्तर है। आत्मा मूल स्वभाव से सर्वत्र एक समान है। जो सच्चिदानन्द आपके घट मे है वही घट-घट में व्याप रहा है। इसलिए समस्त प्राणियो को अपनी आत्मा के समान समझो। किसी के साथ वैर-भाव न करो। किसी का गला मत काटो। किसी को धोखा मत दो। दगाबाजी से बाज आओ। अन्याय से बचो। परस्त्री को माता के रूप में देखो।

भाइयो! आप लोग जब मुकदमा लडते हैं तो वकील को अपना मुख्तारनामा दे देते हैं, क्योंकि उस पर आप विश्वास करते है मगर क्या आप मेरा विश्वास कर जीवन के मुकदमे को सुलझाने के लिए मुझे मुख्तारनामा दे सकते हैं?

(चुप्पी)

क्या आपको मुझ पर विश्वास नहीं है? आप सोचते होंगे— 'महाराज कहीं मूंड कर हमे बाबा न बना लें!'

मित्रो! ऐसा ख़याल मत करो। मैं आपको जबर्दस्ती, आपकी ...छा के विरुद्ध, चेला नहीं बनाऊँगा। मैं आपको अपना सर्वस्व ...ने का उपदेश नही दे रहा हूँ, अगर आप वह त्याग दें तो

आपके लिए सौभाग्य की बात अवश्य होगी। अभी मैं सिर्फ यह कहता हूँ कि सब के साथ प्रेम करो, समदृष्टि बनो और जिसे हजार-दो हजार रुपये कर्ज दिये हैं, उस पर ब्याज का ब्याज चढाकर हिसाब को तोड-मरोड कर दुगुने-तिगुने मत बनाओ। अन्याय से धनोपार्जन मत करो। हक पर चलो। तुम्हे सच्चिदानन्द की दिव्य झाँकी दिखाई देगी।

हिंडोला चक्कर खाता है। उस पर बैठने वाले को भी चक्कर आने लगते हैं। इतना ही नहीं, हिंडोले से उतर जाने के पश्चात् भी चक्कर आते रहते हैं। इसी प्रकार संसार-चक्र सदा घूमता रहता है। जब आप हट जाएँगे तब कुछ समय तक आपको चक्कर आते रहेगे। मगर हिडोले के चक्करों के समान थोड़े समय के बाद आपके चक्करो का अन्त हो जायगा। उकताने की जरूरत नहीं है।

एक आदमी भरे समुद्र को लकडी के टुकड़े में उलीच रहा था। किसी ने उससे कहा—'अरे पगले, समुद्र इस प्रकार खाली कैसे होगा ?' तब उसने उत्तर दिया—'भाई, तुम्हे पता नहीं है। इस समुद्र का अन्त है मगर इस—आत्मा—का अन्त नही है। कभी न कभी खाली हो ही जायगा।'

मित्रो ! यह दृढ़तर आत्म विश्वास का उदाहरण है। ऐसे विश्वास से काम करोगे वो सफलता आपकी दासी बन जायगी। विजय आपकी होगी। आधे मन से, ढिलमिल विचार से, किसी कार्य को आरम्भ मत करो। चचल चित्त से कुछ दिन काम किया और शीघ्र ही फल होता हुआ दिखाई न दिया तो छोड-छाड कर दूर हट गये, यह असफलता का मार्ग है। इससे किया-कराया काम भी मिट्टी मे मिल जाता है।

हालैण्ड में एक बादशाह राज्य करता था। उसकी रानी बहुत सुन्दरी थी। रानी के सौन्दर्य पर मोहित होकर दूसरे बादशाह ने, जो हालैण्ड के बादशाह का चचा लगता था—चढ़ाई कर दी। हालैण्ड का बादशाह अर्थात् आक्रमणकारी का भतीजा हार कर भाग गया। विजेता बादशाह राजमहल मे गया। उसने अपने भतीजे की पत्नी से कहा—'प्रिये ! तू तनिक भी मत घबराना। मैं तेरे सौन्दर्य पर मोहित हूँ। तेरे लिए ही मैने यह लडाई लड़ी है। अब मै तुम्हारी प्रसन्नता प्राप्त कर सुख-भोग करना चाहता हूँ। तुम्हारा पति हार कर भाग गया है। उसके लिए चिन्ता मत करो। अब मुझे ही अपना पति समझ कर सुख-पूर्वक रहो।'

रानी सती थी। उसने सोचा—'सच्ची-सच्ची वात कहने से इस समय काम नहीं चलेगा।' अपने सतीत्त्व की रक्षा के लिए उसने नीति से काम लेने का निश्चय किया। वह नम्र-भाव से, हँसती हुई कहने लगी—'आपका कथन ठीक है, पर मै आपसे एक वचन ले लेना चाहती हूँ। वह यह है कि जब तक मै अपने हाथ से साडी बुन कर और उसे पहन कर आपके पास न आऊँ तब तक आप मुझ से दूर रहे। अगर आप यह न मानेगे और बलात्कार करेगे तो मैं प्राण त्याग दूंगी।'

प्राण त्याग देने को उद्यत हो जाने पर कौन-सा काम नहीं हो जाता ? मनुष्य का परिपूर्ण प्रयास ही तो कठिन से कठिन कार्य मे सफलता दिलाता है।

बादशाह ने समझा—'दो-चार दिन में साडी तैयार हो जायगी। तक बलात्कार करने से क्या लाभ ? चिड़िया पींजरे में फँस है, उड कर कहाँ जाएगी ?

बादशाह ने वचन दे दिया। रानी ने बुनने के लिए ताना तैयार किया और बुनना आरम्भ कर दिया। पर वह दिन को साडी बुनती और रात के समय कुछ न कुछ खराबी निकाल कर दासियों द्वारा एक-एक तार जुदा करवा देती।

बादशाह के नौकर आते और साडी कितनी बुनी जा चुकी है, इस बात की खबर बादशाह को देते। बादशाह सोचता-चलो, दो-चार दिन में पूरी हो जायेगी। मगर साडी पूरी तैयार नहीं हुई। भला इस प्रकार वह तैयार हो भी कैसे सकती थी? रानी को इस तरह करते-करते छह मास बीत गये। साडी फिर भी अधूरी की अधूरी ही रही।

कुछ दिन बाद उसके पति को इस घटना की खबर मिली। उसने सोचा—'मेरी पत्नी अपने सतीत्व की रक्षा करने के लिए कितना कष्ट भोग रही है!' उसके हृदय मे अपूर्व उत्साह पैदा हुआ। उसने सेना एकत्र की। अब की बार वह प्राणप्रण से लडा और सफलता पाने में समर्थ हुआ। उसे अपनी पत्नी के साथ पुनः होलेण्ड का राज्य मिला।

मित्रो! यह एक ऐतिहासिक कथा है। इस कथा को कहने का मेरा आशय आप न समझे होंगे। इसका आशय यह है कि जैसे रानी दिन को साडी बुनती और रात को उसका एक एक तार जुदा कर देती थी, फलतः अन्त तक साडी तैयार न हुई, इसी प्रकार आप लोग थोडी देर सामायिक करो और उसके बाद फिर असत्य भाषण करो, मायाचार करो, किसी का गला काटो और पराई स्त्री को ताकते फिरो, तो ऐसी दशा में सामायिक कैसे सफल होगी?

आगे- आगे कदम बढ़ाते रहने से लम्बा रास्ता भी कभी न कभी तय हो जाता है, पर पीछे पैर धरने से जहाँ थे, वहीं आजाओगे।

एक शहर मे डाके बहुत पडते थे। वहां के महाजनों ने सोचा-हमेशा की यह आफत बुरी है। चलो सब मिलकर डाकुओ का पीछा करे। उन्हे पकडें। सब महाजन तैयार हुए। शस्त्र बाँध कर शाम के समय जंगल की तरफ रवाना हुए। रास्ते मे विचार किया—डाकू आधी रात को आवेगे। सारी रात खराब करने से क्या लाभ है? अभी सो जाएँ और समय पर जाग उठेगे।

सब महाजन पंक्तिवार सो गये। उनमें जो सब से आगे लेटा था, वह सोचने लगा—'मै सब से आगे हूँ। अगर डाकू आए तो पहला नम्बर मेरा होगा। सब से पहले मुझ पर हमला होगा। मैं पहले क्यो मरूँ? डाका तो सभी पर पडता है और मैं पहले मरूँ, यह कौन-सी बुद्धिमत्ता है? अच्छा है, मैं उठ कर सब के पीछे चला जाऊ।'

वह सब के अन्त में आकर सो गया। अब तक जिसका दूसरा नम्बर था उसका पहला नम्बर हो गया। उसने भी यही सोचा—'पहले मैं क्यो मरूँ?' और वह उठा और सब के अन्त में सो गया। इसी प्रकार बारी-बारी सब खिसकने लगे। सुबह होते-होते जहाँ थे वहीं वापस आगये।

लडाई का काम वीरो का है। वीर पुरुष ही न्याय की प्रतिष्ठा और अन्याय के प्रतीकार के लिए अपने प्राणो की चिन्ता न करके जूझ पडते हैं। डरपोक उसमे फतह नही पा सकते। जिनके लिए प्राण-रक्षा ही सब कुछ है, जिन्होने जीवन को ही सर्वोच्च आराध्य मान लिया है, वे अन्याय बर्दाश्त कर सकते हैं, गुलामी को उपहार समझ सकते हैं और अपने अपमान का कडुवा घूंट चुप चाप पी ...े हैं। वे महाजन जीवन के गुलाम थे। इसी कारण वे लड़ाई ...ए निकल कर भी ठिकाने पहुँच गये।

मित्रो ! जो क़दम आपने आगे रख दिया है उसे पीछे मत हटाओ। तभी आप विजयी होंगे । आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए आपको वीरों में भी वीर बनना पड़ेगा। किसी ने ठीक ही कहा है—

हरिनो मारग छे शूरानो, नहि कायरनो काम जो ने।

दूसरी लडाइयों में तो कदाचित् मौका पडने पर ही सिर कटवाना पडता है पर हरि को अर्थात् सच्चिदानन्द को प्राप्त करने के लिए पहले ही सिर कटवा कर लडना पड़ता है। मगर यहाँ सिर कटवाने का आशय यह नहीं कि जैसे आप पगडी उतार कर रख देते हैं वैसे सिर भी धड से अलग करना पडता है। यहाँ सिर उतारने का अर्थ है, देह के प्रति अहंकार और ममता का त्याग करना। शरीर को खोखा मानना चाहिये और आत्मा को—

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः ।
नैनं क्लेदयन्त्यापो, न शोषयति मारुतः ॥
अच्छेद्योऽयमदाह्योऽयमक्लेद्योऽशोष्य एव च ।
नित्यः सर्वगतः स्थाणुरचलोऽयं सनातनः ॥
—गीता अ० २, श्लो० २३—२४

आत्मा को शस्त्र काट नहीं सकते, आग जला नहीं सकती, जल गला नहीं सकता और हवा सोख नहीं सकती।

आत्मा कटने योग्य नहीं है, जलने योग्य नहीं है, गलने योग्य नहीं है, सोखने योग्य नही है। आत्मा नित्य-अजर अमर है, वह अपनी ज्ञान शक्ति के द्वारा व्यापक है, वह दूसरे द्रव्य रूप में कभी परिणत नहीं होता, मूल स्वभाव से वह अचल है—कभी उसके गुण बदलते नहीं हैं। वह सनातन है।

शूरवीर पुरुष ऐसा सोचते हैं। शरीर को आत्मा समझने वाला और धन का लोभी ऐसा नहीं समझ सकता। कहा है—

बंदा क्या जाने बंदगी माया का गुलाम।
बंदा क्या जाने बंदगी जोरू का गुलाम॥

जिसने माया के प्रति विमुखता धारण कर ली है, जिसने आत्मा को समस्त सांसारिक पदार्थों से निराला समझ लिया है, जो धन का दास नहीं है वही प्रभु की भक्ति कर सकता है। जिसे स्त्री का मोह नहीं है वही भगवद्-भक्ति का आनन्द लूट सकता है।

माया का मालिक होना और बात है और गुलाम होना और बात है। माया का गुलाम माया के लिये झूठ बोल सकता है, कपटाचार कर सकता है, मगर माया का मालिक ऐसा नहीं करेगा। अगर न्याय नीति के अनुसार माया रहे तो वह उसे रक्खेगा, अगर वह अन्याय के साथ रहना चाहेगी तो उसे निकाल बाहर करेगा। यही बात अन्य सांसारिक सुख-सामग्री के सम्बन्ध में समझनी चाहिए।

मित्रो! इस कसौटी पर अपने आपको कस देखो कि आप माया के मालिक हैं या गुलाम हैं?

दर्पण आपके हाथ में है। अपना-अपना मुंह देख कर लगी हुई कालिख पोंछ डालिए।

जिसने स्त्रियों की गुलामी की उसकी क्या गत हुई? रावण की ओर देखिए। उसने मन्दोदरी की मालिकी छोड़कर सीता का दास बनना चाहा तो उसका सर्वनाश हो गया।

मित्रो ! माया के और स्त्री के गुलाम मत बनो, मालिक बनो। उसे अपने जीवन पर मत लदने दो। उसे अपना बोझ मत बनाओ। सच्चिदानन्द को प्राप्त करो। यही सब धर्मों का सार है। ऐसा करने पर आपको किसी प्रकार का कष्ट न रहेगा। आपको सर्वत्र कल्याण ही कल्याण दृष्टिगोचर होगा।

भीनासर
१४—८—२७

सच्चिदानन्द

प्रार्थना

श्रीजिन अजित नमूं जयकारी, तू देवन को देवजी।
'जितशत्रु' राजा ने 'विजया' राणी को, आतमजात त्वमेवजी ॥
श्रीजिन अजित नमो जयकारी ॥ श्री० ॥

प्रत्येक प्राणी सुख की तलाश मे है। दुःख किसी को प्रिय नही लगता। सभी दुःख से बचना चाहते हैं। प्रत्येक प्राणी सुख के लिए सदा संघर्ष करता रहता है। सुख प्राप्त करने के लिए मनुष्य बड़ी-बडी लड़ाइयाँ लडी, पर सुख नहीं मिला। अगर कभी किसी ख मिला भी तो क्षण भर के लिए। फिर उसी सुख में से दुःख

फूट पडा। जिस सुख मे से दु ख फूट निकलता है उसे सुख न कह कर अगर दुःख का बीज कहा जाय तो अत्युक्ति न होगी।

आज साइंस-विज्ञान की उन्नति की दौड हो रही है। उसका उद्देश्य क्या है ? सुख की खोज। जब तक सच्चा और स्थायी सुख न मिल जाय तब तक सुख की खोज जारी ही रहेगी। यह खोज सुख तक पहुँच सकेगी या नहीं, और यदि पहुँची तो कब तक, यह तो नही कहा जा सकता, पर इसमे दिन प्रति दिन जो उत्साह दिखाया जा रहा है उसे देख कर यही कहना पडता है कि यह एकाएक थकने वाली नहीं है।

साइंस किस सुख को असली सुख मानेगा ? इसकी गति भलाई की ओर हो रही है या बुराई की ओर ? इस संबंध में कुछ टीका-टिप्पणी न करके साइंस के चकाचौंध से चकित होने वालों से कुछ कहना उचित प्रतीत होता है।

कुछ भाई साइंस द्वारा आविष्कृत ऐंजिन को देख कर अत्यन्त आश्चर्य करते हैं। मै इन भाइयों से प्रश्न करता हूँ कि ऐंजिन आश्चर्य-जनक है या ऐंजिन का आविष्कर्त्ता ?

'ऐंजिन का आविष्कर्त्ता !'

आविष्कर्त्ता आश्चर्यजनक क्यो है ? इसीलिए कि उसके भीतर ऐसे-एसे अद्भुत कल-पुर्जे हैं कि उसने ऐंजिन का निर्माण कर दिखाया है। अगर ऐंजिनियर मे ऐसी शक्ति न होती तो ऐंजिन का निर्माण नही हो सकता था।

अब प्रश्न यह उपस्थित होता है कि ऐंजिनियर के भीतर ऐसा कौन सा ऐंजिनियर बैठा है जो ऐसे—ऐसे और इससे भी—बढ़कर

आश्चर्य मे डालने वाले अद्भुत काम कर डालता है ? उत्तर मिलेगा ऐंजिनियर के भीतर जो ऐंजिनियर है उस का नाम है—आत्मा। यह आत्मा सिर्फ ऐंजिनियर के अन्दर ही नही, वरन् तमाम छोटे-बड़े प्राणियो मे मौजूद है।

इस आत्मा मे जबर्दस्त शक्ति है। वह संसार को उथल-पुथल कर सकती है। जिस साइंस ने आज संसार को कुछ का कुछ बना दिया है उसके मूल मे आत्मा की ही शक्ति है। आत्मा न हो तो साइंस का काम एक क्षण भी नही चल सकता क्यो कि वह स्वयं जड़ है।

जड़ साइंस के चकाचौंध मे पड कर साइस के निर्माता-आत्मा को नही भूल जाना चाहिए। अगर तुम साइंस के प्रति जिज्ञासा रखते हो तो साइस के निर्माता के प्रति भी अधिक नही तो उतनी ही जिज्ञासा अवश्य रक्खो। साइंस को पहचानना चाहते तो आत्मा को भी पहचानने का प्रयत्न करो

आत्मा की पहिचान कैसे की जाय ? लक्षणो से। आत्मा का लक्षण क्या है ? शास्त्र बतलाता है—सत्, चित् और आनन्द।

सत्. चित्, आनन्द किसे कहते हैं ? सत् का मत लब क्या है ? चित् किसे कहते है ? और आनन्द का अर्थ क्या है ? इसका उत्तर सुनिये—

प्रश्न—सत् किम् ?

उत्तर—कालत्रयेऽपि तिष्ठतीति आत्मा सत्।

प्रश्न—चित् किम् ?

उत्तर—साधनान्तरनैरपेक्ष्येण स्वयं प्रकाशमानतया पदार्थाव-भासनमस्तीति आत्मा चित्।

प्रश्न—आनन्द: क: ?

उत्तर—देश-काल-वस्तुपरिच्छेदशून्य आत्मा—आनन्द। इत्यात्मन. सच्चिदानन्दरूपत्वम्।

जो भाई संस्कृत-भाषा जानते है वे सच्चिदानन्द की व्याख्या समझ गये होगे। जो संस्कृत नहीं जानते उन्हे जरा विस्तार के साथ कहने से सच्चिदानन्द का रहस्य मालूम हो जायगा।

सस्कृत में सत् का जो अर्थ किया गया है उसका आशय यह है कि तीनो कालों मे जिसका नाश न हो, जिसे जिस समय देखें उसका वही रूप सदा नजर आवे उसे सत् या सत्य समझना चाहिए। जो एक क्षण दिखाई दे और दूसरे क्षण न दिखाई दे वह 'सत्' नही है।

शास्त्र ने आत्मा का एक लक्षण सत् बतलाया है। आत्मा अपने शरीर के अन्दर है। कोई यह प्रश्न उठा सकता है कि आपने कहा है 'जिसे जिस समय देखे तब तब उसका वही रूप नज़र आवे उसे सत् समझना चाहिए।' मगर यह लक्षण आत्मा मे नहीं पाया जाता। मैं पहले बच्चा था, बाद मे युवक बना और अब वृद्ध हूँ। इस प्रकार तीन अवस्थाएँ कैसे बदल गईं ?

इसका उत्तर यह है कि यहाँ बाल, युवा, वृद्ध अवस्थाओं का जो परिवर्त्तन दिखाई देता है वह शरीर की अवस्थाएँ हैं—आत्मा की नहीं। आत्मा मे न तो कभी परिवर्त्तन होता है, न कभी होगा। यदि इसमे आपको कुछ शका हो तो आपके शका के शब्द ही आपकी शंका का समाधान कर देंगे।

यह किस प्रकार ? इसे समझ लीजिए। आप कहते हैं—'मैं पहले बच्चा था, मैं युवक बना, मैं वृद्ध हूँ।' यहाँ जिसे आप 'मैं', कहते हैं वह 'मैं' कौन है ? आपके 'मैं' को सब पता है। वह भलीभाँति जानता है कि जो 'मैं' बच्चा था, वही 'मैं' युवक हुआ और वही अन्त मे वृद्ध हुआ है। अगर आपके खयाल के अनुसार वह बदलता रहा होता तो उसे इस बदलने की बात की खबर न होती। इससे साफ जाहिर है कि 'मैं' बदला नहीं, वरन् उसने तीनो अवस्थाओं मे मौजूद रह कर बदलना देखा है। इसलिए जो स्वयं बदलता नही है परन्तु शरीर के बदलने का अनुभव करता है वही 'मैं' आत्मा है। इस प्रकार उसमें बदला न होने से वह 'सत्' है।

कभी मैंने बतलाया था कि पृथ्वी के कणो मे परिवर्त्तन होता रहता है, जल के बिन्दुओ का रूपान्तर हो जाता है, इसी प्रकार दूसरी वस्तुओं का भी बदला होता रहता है, पर आत्मा का न कभी बदला हुआ है, न होता है और न होगा। जो सत् है वह सत् ही रहेगा। सत् असत् नही हो सकता और असत् सत् नही हो सकता। गीता ने भी इस सिद्धान्त की पुष्टि की है—

नासतो विद्यते भावो, नाभावो जायते सतः।

अर्थात् जो पदार्थ असत् है—जिसमे 'नहीं है' ऐसी प्रतीति होती है वह सत् नहीं हो सकता, और जो पदार्थ सत् है वह सत् ही रहेगा। वह सत् से असत् कभी नही हो सकता। उदाहरण के लिए, इस पट्टी को लीजिए। मेरे हाथ मे लकड़ी की जो पट्टी है, यह पहले किसी वृक्ष का अंग थी। वृक्ष से भी पहले वह किन्हीं परमाणुओ के रूप मे थी। समय आने पर फिर कभी परमाणुओ मे बदल जायगी। पट्टी पर्याय का बदलना पट्टी का असत् रूप प्रकट कर रहा है। अपने वर्त्तमान रूप मे सत् नहीं है।

पानी क्या चीज है? आक्सिसजन और हाइड्रोजन नामक हवाओं की मिलावट। जब यह हवाएँ बिखर जाएँगी तब पानी का अस्तित्व नजर नहीं आयगा। इस प्रकार किसी वस्तु का एक रूप से दूसरे रूप में पलट जाना ही नास्तित्व कहलाता है।

आगे और थोडा-सा विचार करें। एक वैज्ञानिक ने मुझे बतलाया था कि अमेरिका मे एक ऐसा मकान तैय्यार किया गया है जिसके भीतर चार यत्र रक्खे हुए है। यह चारो यत्र चार प्रकार की हवाओ मे से एक-एक प्रकार की हवा अपने भीतर भर लेते हैं। इसके बाद वैज्ञानिक एक यत्र मे से हवा छोडता है और वह हवा मकान मे फैल जाती है। फिर दूसरी हवा को यंत्र से बाहर निकालता है और वह भी मकान मे फैल जाती है। यह दोनो हवाएँ मिलकर बादल के रूप मे परिणत हो जाती है। वैज्ञानिक जब तीसरे प्रकार की हवा छोड़ता है तो बादलों मे बिजली चमकने लगती है। फिर चौथे प्रकार की हवा छोडने पर पानी बरसने लगता है।

इससे यही आशय निकला कि भिन्न-भिन्न वस्तुओं की मिलावट से एक अनोखी वस्तु तैय्यार हो जाती है। और जब वे वस्तुएँ अलग हो जाती हैं तब उनके द्वारा बनी हुई वस्तु बिखर जाती है। जो बन कर बिखर जाती है वह असत् कहलाती है।

वैज्ञानिको ने बादल बनाकर पानी की वर्षा कर दी पर वे दुनिया को किसी प्रकार का विशेष लाभ नहीं पहुँचा सके क्योंकि ऐसा करने में खर्च अधिक और लाभ कम होता है। प्रकृति की हमारे ऊपर कितनी करुणा है कि वह अधिक खर्च से बनने वाली वस्तु हमें मुफ्त मे देती है।

अब यह विचार करना चाहिए कि प्रकृति की क्षणभंगुर वस्तुओं

यह किस प्रकार ? इसे समझ लीजिए। आप कहते है—'मैं पहले बच्चा था, मै युवक बना, मैं वृद्ध हूँ।' यहाँ जिसे आप 'मैं', कहते है वह 'मैं' कौन है ? आपके 'मै' को सब पता है। वह भलीभाँति जानता है कि जो 'मै' बच्चा था, वही 'मे' युवक हुआ और वही अन्त मे वृद्ध हुआ है। अगर आपके खयाल के अनुसार वह बदलता रहा होता तो उसे इस बदलने की बात की खबर न होती। इससे साफ जाहिर है कि 'मै' बदला नही, वरन् उसने तीनो अवस्थाओं मे मौजूद रह कर बदलना देखा है। इसलिए जो स्वयं बदलता नहीं है परन्तु शरीर के बदलने का अनुभव करता है वही 'मै' आत्मा है। इस प्रकार उसमें बदला न होने से वह 'सत्' है।

कभी मैंने बतलाया था कि पृथ्वी के कणो मे परिवर्त्तन होता रहता है, जल के बिन्दुओ का रूपान्तर हो जाता है, इसी प्रकार दूसरी वस्तुओं का भी बदला होता रहता है, पर आत्मा का न कभी बदला हुआ है, न होता है और न होगा। जो सत् है वह सत् ही रहेगा। सत् असत् नही हो सकता और असत् सत् नही हो सकता। गीता ने भी इस सिद्धान्त की पुष्टि की है—

नासतो विद्यते भावो, नाभावो नायते सत'।

अर्थात् जो पदार्थ असन् है—जिसमे 'नही है' ऐसी प्रतीति होती है वह सत् नहीं हो सकता, और जो पदार्थ सत् है वह सत् ही रहेगा। वह सत् से असत् कभी नही हो सकता। उदाहरण के लिए, इस पट्टी को लीजिए। मेरे हाथ मे लकड़ी को जो पट्टी है, यह पहले किसी वृक्ष का अंग थी। वृक्ष से भी पहले वह किन्हीं परमाणुओ के रूप मे थी। समय आने पर फिर कभी परमाणुओ में बदल जायगी। "स पट्टी पर्याय का बदलना पट्टी का असत् रूप प्रकट कर रहा है। । अपने वर्त्तमान रूप मे सत् नही है।

पानी क्या चीज है ? आक्सिसजन और हाइड्रोजन नामक हवाओं की मिलावट। जब यह हवाएँ बिखर जाएँगी तब पानी का अस्तित्व नजर नहीं आयगा। इस प्रकार किसी वस्तु का एक रूप से दूसरे रूप में पलट जाना ही नास्तित्व कहलाता है।

आगे और थोडा-सा विचार करे। एक वैज्ञानिक ने मुझे बतलाया था कि अमेरिका में एक ऐसा मकान तैय्यार किया गया है जिसके भीतर चार यत्र रक्खे हुए हैं। यह चारो यत्र चार प्रकार की हवाओ मे से एक-एक प्रकार की हवा अपने भीतर भर लेते हैं। इसके बाद वैज्ञानिक एक यत्र में से हवा छोडता है और वह हवा मकान मे फैल जाती है। फिर दूसरी हवा को यंत्र से बाहर निकालता है और वह भी मकान मे फैल जाती है। यह दोनों हवाएँ मिलकर बादल के रूप मे परिणत हो जाती हैं। वैज्ञानिक जब तीसरे प्रकार की हवा छोडता है तो बादलों मे बिजली चमकने लगती है। फिर चौथे प्रकार की हवा छोडने पर पानी बरसने लगता है।

इससे यही आशय निकला कि भिन्न-भिन्न वस्तुओं की मिलावट से एक अनोखी वस्तु तैय्यार हो जाती है। और जब वे वस्तुएँ अलग हो जाती हैं तब उनके द्वारा बनी हुई वस्तु बिखर जाती है। जो बन कर बिखर जाती है वह असत् कहलाती है।

वैज्ञानिकों ने बादल बनाकर पानी की वर्षा कर दी पर वे दुनिया को किसी प्रकार का विशेष लाभ नहीं पहुँचा सके क्योंकि ऐसा करने में खर्च अधिक और लाभ कम होता है। प्रकृति की हमारे ऊपर कितनी करुणा है कि वह अधिक खर्च से बनने वाली वस्तु हमें मुफ्त मे देती है।

अब यह विचार करना चाहिए कि प्रकृति की क्षणभंगुर वस्तुओं

मे जब इतनी शक्ति है तब सौ वर्ष तक मनुष्य के शरीर मे एक रूप मे रहने वाली आत्मा मे कितनी शक्ति होनी चाहिए ? भाइयो, आत्मा की शक्ति अनोखी है। वैज्ञानिको ने कहा है—आटलांटिक महासागर को हटा कर यदि आफ्रिका के रेगिस्तान मे फैक दिया जाय तो इसके नीचे से ऐसी उत्तम भूमि निकले कि उसका वर्णन ही नहीं हो सकता। यह शब्द किसने निकाले है ? आत्मा ने ! आटलांटिक सागर कोई छोटा सा समुद्र नहीं है। वह संसार के सागरो मे एक बडा भारी सागर है। आत्मा उसे भी उठा कर फैक सकती है। ऐसी अद्भुत और असीम आत्मा की शक्ति है।

यहाँ यह आशंका की जा सकती है कि, किसी पदार्थ का रूपान्तर हो जाता है पर उसके परमाणुओ का नाश नहीं होता, यह आपने पहले कहा है और साथ ही यह भी कहते हैं कि सत होने के कारण आत्मा का नाश नहीं होता। इस प्रकार नाश तो किसी भी वस्तु का नहीं होता फिर आत्मा को सत् और जड़ पदार्थ को असत् कहने का क्या प्रयोजन है ?

इस आशंका का सरल समाधान यह है कि परमाणुओ द्वारा किसी वस्तु का बनना और बिखरना अर्थात् परमाणुओं का मिलना और जुदा हो जाना ही नाश कहलाता है। जिस वस्तु के परमाणु मिलते और बिखरते है वह नाशवान् कहलाती है। आत्मा ऐसी वस्तु नही है। न तो उसके प्रदेश—अंशविशेष—कभी मिलते है और न बिखरते है। वह सदा-सर्वदा जैसी है वैसी ही रहती है। इसी भेद के कारण जड को असत् और आत्मा को सत् कहा गया है। कल्पना [illegible], किसी ने बकरे की गर्दन पर छुरी चलाई। उसका सिर धड [illegible] ग हो गया। पर उसके अन्दर रही हुई आत्मा के टुकड़े नही

सकते है कि अगर मिटाई खाने मे आनन्द नहीं है तो लोग खाते क्यों हैं ? रोग आदि हानि की परवाह न करके, पैसे खर्च करके लोग मिठाई खाते हैं और आप कहते हैं—'आनन्द मिठाई खाने मे नहीं है।' इसका संक्षेप मे उत्तर यह है कि अगर मिठाई आनन्द रूप हो तो मुर्दे के मुंह मे मिठाई डालिए, क्या उसे आनन्द आयगा ? नही। इसीसे कहते हैं कि आनन्द मिठाई मे नही, पर मिठाई से परे है।

अच्छा, मुर्दे को जाने दीजिए। कोई जीवित पुरुष भरपेट मिठाई खा चुके, तब उसके सामने पाँच-दस सेर मिठाई रख कर, लट्ठ तान कर सामने बैठ कर कोई उसे खाने के लिए बाध्य करे ता खाने वाले को वह मिठाई आनन्द देगी ? नहीं। उस समय मिठाई ज़हर से भी बुरी मालूम होगी। अगर मिठाई मे आनन्द है तो वह हर समय एक सा आनन्द क्यो नहीं देती ? इससे प्रकट है कि आनन्द मिठाई में नहीं है। वह कही दूसरी जगह है।

इसके अतिरिक्त एक आदमी के लिए जो मिठाई रुचिकर होती है वह दूसरे के लिए अरुचिकर होती है। जो वस्तु एक को आनन्द दे और दूसरे को दुःख पहुँचाए, उसे आनन्द की वस्तु कैसे कहा जा सकता है ?

असली आनन्द आत्मा का गुण है। वह तुम्हारे पाप-कर्मों से ढँक गया है। तुम अपने पाप-कर्मों को हटा दो, फिर जान सकोगे कि असली आनन्द क्या है ?

आजकल एक शक्कर निकलती है जिसे सेक्रीन कहते हैं। यह सेक्रीन साधारण शक्कर से ५०० गुनी मीठी होती है। सुना जाता है एक वैज्ञानिक अपना प्रयोग कर रहे थे। जब भोजन का समय तब भोजन करने गये। काम अधूरा ही पड़ा था। उन्होंने रोटी

हाथ में ली और खाने लगे। उन्हे रोटी बहुत मीठी लगी। नौकर से पूछा—आज रोटी मीठी बनाई गई है? नौकर ने कहा—'नहीं, मालिक, हमेशा जैसी रोटी है।' वैज्ञानिक ने हाथ धो डाले और फिर रोटी खाने बैठे। रोटी फिर भी मीठी ही लगती रही। वह फिर उठे। हाथ धोये। फिर उँगलियाँ चाटी तो उनमें मिठास मालूम हुआ। उन्होंने सोचा—प्रयोग के कारण ही हाथों मे मिठास आया जान पड़ता है। वह उठे और सीधे प्रयोगशाला मे पहुँचे। प्रयोग की हुई वस्तु चखी तो वह बहुत मीठी मालूम हुई। उस समय वह साधारण शक्कर से ३०० गुनी मीठी थी। बाद मे ५०० गुनी मीठी की गई।

जिन पदार्थों में से सेक्रीन निकली वह और कुछ नहीं, केवल डामर वगैरह थे। इस कूडे—कचरे मे से भी जब इस प्रकार का मिठास निकल सकता है तब, जिस आत्मा मे अनन्त और असीम मिठास है, उसकी शोध—साधना—क्यों नहीं करते?

मित्रो! आत्मा का विचार बडा लम्बा है। आत्मा अत्यन्त सूक्ष्म पदार्थ है। इसलिए स्थूल विचार मे वह आता नहीं है। उसे अनुभव करने के लिए उत्कृष्ट साधना की आवश्यकता है। आत्मा के विषय मे विस्तृत चर्चा फिर कभी की जायगी? आज सच्चिदानन्द का सामान्य स्वरूप समझ कर अगर मनन करेंगे तो आपको अपूर्व आनन्द का अनुभव होगा। रत्न को पहचान कर उसके लिए पैसा खर्चने में कोई आलस्य नहीं करता। अगर आप आत्मा को 'सच्चिदानन्द' मानते हो तो अपने तुच्छ सुख रूपी पैसो के बदले मे 'सच्चिदानन्द' रूप को उपलब्ध करने में आलस्य मत करो।

भीनासर }
१५—८—२७ }

सच्चे सुख का मार्ग

प्रार्थना

'अश्वसेन' नृप कुल तिलोरे, 'वामां' देवीनो नन्द ।
चिन्तामणि चित्त में बसेरे, दूर टले दुख द्वंद ॥
जीव रे ! तू पार्श्व जिनेश्वर वंद ॥ जीव० ॥

कर्त्ता कौन है ? इस प्रश्न का उत्तर अनेक विचारकों ने भिन्न-भिन्न रूप से दिया है। व्याकरण शास्त्र का विधान है—'स्वतन्त्र कर्त्ता' अर्थात् जो स्वतंत्र है, जिसे दूसरा कोई प्रेरित नहीं करता वरन् स्वयं साधनों का प्रयोग करता है, वही कर्त्ता है। व्याकरण शास्त्र ९ समाधान सामान्य अतएव अधूरा है। कर्त्ता स्वतंत्र है, यह

जान लेनेपर भी तृप्ति नहीं होती। प्रश्न फिर भी बना रहता है कि ऐसा कौन है जो स्वतन्त्र है ?

कोई 'स्वभाव' को कर्त्ता मानता है। उसके मत से विश्व की रचना स्वभाव से हुई है। मगर विचार करने पर इस समाधान मे भी पूर्णता प्रतीत नहीं होती। स्वभाव किसी स्वभाववान् का होता है। बिना गुणी के गुण का अस्तित्व नहीं हो सकता। स्वभाव अगर कर्त्ता है तो स्वभावी या स्वभाववान कौन है ? इस प्रकार की जिज्ञासा फिर भी रह जाती है, जिसका समाधान स्वभाववाद से नहीं हो सकता।

स्वभाव को कर्त्ता मान लिया जाय और स्वभाववान को न माना जाय, यह ऐसी मान्यता है जैसे दृश्य को स्वीकार करके भी द्रष्टा को स्वीकार न करना। मान लीजिए, एक आदमी दीपक लेकर अँधेरे मकान मे जाए। वहाँ वह दीपक को देखे और दीपक द्वारा अन्य वस्तुओं को भी देखे। फिर भी वह कहे कि देखने वाला कोई भी नहीं है। ऐसा कहने वाले व्यक्ति को आप क्या कहेंगे ? क्या देखने वाले का अभाव बताने वाला व्यक्ति स्वय ही देखने वाला नहीं है ? इस स्थिति में यही कहा जायगा कि देखने वाला अज्ञान के कारण स्वय अपने अस्तित्व का निषेध कर रहा है।

प्रत्येक कार्य की उत्पत्ति मे तीन चीजो की आवश्यकता होती है। कर्त्ता, कर्म और करण। इन तीन के बिना कोई वस्तु नहीं बनती। उदाहरण के लिए घड़ा लीजिए। घड़ा बनाने वाला कुंभार कर्त्ता है, घड़ा कर्म है और मिट्टी, दंड, चक्र, सूत आदि जिन साधनों से घड़ा बनाया जाता है वे सब साधन करण है। इन तीन के बिना घड़ा नहीं बन सकता।

कर्तृत्व का प्रश्न बड़ा जटिल है। खास कर जब सृष्टि और उसके कर्त्ता का प्रश्न उपस्थित होता है तब इस प्रश्न की जटिलता

और बढ़ जाती है। हमारे कई भाई समझते है कि सृष्टि का कर्त्ता कोई है ही नही। अगर सचमुच सृष्टि का कोई कर्त्ता नहीं है तो सृष्टि बनी कैसे ?

ईश्वर कर्त्ता है, यह मान्यता भी जगत् मे प्रचलित है। मगर उसके संबंध मे एक बार स्पष्टीकरण किया जा चुका है। अशरीर ईश्वर कुम्भार की तरह जगत् के निर्माण मे लगा रहता है और वह पर्वत, नदियाँ, समुद्र, रेगिस्तान आदि बनाता है, यह कल्पना ही समझ मे नही आती। तब कर्त्ता कौन है ?

इस प्रश्न पर अगर बारीकी से, निष्पक्ष होकर विचार किया जाय तो विदित होगा कि कर्त्ता आत्मा है। शास्त्र में कहा गया है—

'अप्पा कत्ता विकत्ता य।'

अर्थात् आत्मा—ही कर्त्ता है और आत्मा ही हर्त्ता है।

आत्मा के विना अकेले परमाणुओ की क्या ताकत है कि वे ऐसा रूप धारण कर सके ?

जो घडी आप कलाई पर बाँधे हैं या जो दीवाल पर लटकी हुई है, वह क्या अपने आप ही बनने मे समर्थ है ? भले ही इसके बनाने वाले करीगर को आपने बनाते नही देखा पर वह स्वयं अपने बनाने वाले का स्मरण करा रही है। इस प्रकार घड़ी को देख कर सभी लोग घडी बनाने वाले का अनुमान करते हैं, पर शरीर रूपी घड़ी को देख कर उसके बनाने वाले का अनुमान, या ध्यान करने वाले कितने है ? शरीर रूपी यह घडी किस अद्भुत कारीगर के कौशल का चमत्कार प्रदर्शित कर रही है ? इसके भीतर विविध प्रकार की विस्मय जनक शक्तियाँ विद्यमान हैं, उनका केन्द्र कौन है ? आँख के द्वारा देखा

जाता है, नाक से सूँघा जाता है, कान से शब्द सुनाई देता है, जिह्वा से रस का आस्वादन किया जाता है, इसी प्रकार अन्य अवयव अपना-अपना काम करते हैं, मगर इन सबको कार्य में प्रेरित करने वाला, आँख को देखने की शक्ति देने वाला, कान को सुनने की शक्ति देने वाला कौन है? किसकी शक्ति से यह सब करण परिचालित होते हैं? इसका उत्तर है—आत्मा की शक्ति से। आत्मा ही इन सब इन्द्रियों का संचालन करता है। आत्मा की शक्ति से ही इन्द्रियाँ अपने—अपने विषय को जानती हैं। इसी का अर्थ है-'अप्पा कत्ता।'

आप दृश्य को देखते है और देखते देखते इतने अभ्यस्त हो गये हैं कि आपको अपना आपा (आत्मा)—जो द्रष्टा है—दिखाई नहीं देता।

आप मेरे दर्शन करने आये हैं, मगर मुझे तो ऐसा लगता है जैसे आप मेरे हाथ, पैर और मस्तक को देखने आये हो। कई भाई कहते है—आपके दर्शन किये बिना चित्त शान्त नहीं होता। पर याद रखिए, मेरे दर्शन से तो क्या, साक्षात अरिहन्त भगवान के दर्शन से भी कुछ होना-जाना नहीं है। क्योंकि आप हमें देख करके भी द्रष्टा को भूल गये हैं। दृश्य को देख कर द्रष्टा को भूल जाना बड़ी भारी भूल है। क्या आप बतलाएँगे कि आपकी उँगली की हीरे की अंगूठी अधिक मूल्यवान् है या आप? आप अधिक मूल्यवान हैं क्योंकि अंगूठी दृश्य है और आप द्रष्टा हैं। द्रष्टा न होगा तो दृश्य कैसे हो सकेगा?

बहिनो! तुम्हें जितनी चिन्ता अपने गहनों की है उतनी इन गहनों का आनन्द उठाने वाली आत्मा की है? तुम्हें गहनों का जितना ध्यान रहता है, कम से कम उतना ध्यान अपनी आत्मा का

रहता है ? आभूषणो को ठेस न लगने के लिए जितनी सावधान रहती हो उतनी आत्मधर्म को ठेस न लगने देने के लिए सावधान रहती हो ?

जगत् मे जितने पदार्थ आँखो से दिखाई देते हैं वे सब दृश्य हैं, नाशवान हैं और जो इन्हे देख रहा है वह द्रष्टा है, अविनाशी है। दृश्य खेल है और द्रष्टा खेलाने वाला है। जिसकी ऐसी श्रद्धा है वह 'आस्तिक' कहलाता है। जो द्रष्टा को अविनाशी रूप मे नही मानता वह 'नास्तिक' है।

जिसने द्रष्टा को देख लिया है, पहचान लिया है वह दृश्य को सन्मान मिलने पर अपना सन्मान और अपमान मिलने पर अपना अपमान मानने के भ्रम मे नहीं पडता। आज दृश्य के पीछे पडी हुई दुनिया उसके लिए अपनी सारी शक्ति खर्च रही है। फिर भी सुखकी परछाई तक दिखाई नहीं देती।

जो मनुष्य घडी को देख कर उसके कारीगर को नहीं पहचानता वह मूर्ख गिना जाता है। इसी प्रकार जो शरीर को धारण करके इसमे विराजमान को नही पहचानता और न पहचानने का प्रयत्न करता है उसकी समस्त विद्या-अविद्या है। इसके सब काम खटपट, रूप हैं।

अज्ञान पुरुप को जिन पदार्थों के वियोग से मर्मवेधी पीड़ा पहुँचती है, ज्ञानी जन को उनका वियोग साधारण-सी घटना प्रतीत होती है। ज्ञानवान् पुरुष संयोग को वियोग का पूर्व रूप मानता है। अतएव वह सयोग के समय हर्ष-विभोर नही होता और वियोग के विषाद से मलीन नही होता। दोनों अवस्थाओं मे वह मध्यस्थ रखता है। सुख की कुंजी उसे हाथ लग गई है इसलिए दुःख दूर ही दूर रहते हैं।

घडी के किसी पुर्जे के नष्ट हो जाने पर साधारण मनुष्य को दुःख का अनुभव होता है पर घडीसाज को कुछ भी दुःख नहीं होता। वह जानता है, पुर्जा टूट गया—नष्ट हो गया तो क्या हुआ। फिर बना लूँगा। कभी-कभी घडीसाज अपनी इच्छा से घडी का पुर्जा-पुर्जा अलग कर देता है और फिर उन्हें नये सिरे से जोड कर, नवीन ज्ञान प्राप्त करके आनन्द का अनुभव करता है।

शरीर क्षेत्र है, आत्मा क्षेत्रज्ञ है। क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ का अन्तर गीता में भी प्रतिपादन किया गया है। उसे इस समय विस्तारपूर्वक समझाना कठिन है।

मित्रो! आपको भोजन न मिलने से अधिक दुःख होता है या अपमान मिलने से?

'अपमान से?'

क्यों? इसलिए कि भोजन थोडे परिश्रम से मिल सकता है परन्तु प्रतिष्ठा—मान—के लिए बहुत-सी झंझटें उठानी पडती हैं? प्रतिष्ठा के लिए दुनिया न मालूम कितने यत्न करती है। भारी खर्च किये जाते हैं, लोकदिखावा किया जाता है, आकाश-पाताल एक किया जाता है। किन्तु अन्त में परिणाम क्या आता है? असली सुख के बदले महान् और घोर दुःख भुगतने पडते हैं। आज नव्वे प्रतिशत दुःख अज्ञान के कारण और दस प्रतिशत व्यावहारिक कामों से हो रहा है।

मैं अभी मोहरें लुटाने लगूँ, भोजन का निमन्त्रण दूँ और अच्छे-अच्छे वस्त्र वितीर्ण करूँ तो कितने मनुष्य इकट्ठे होंगे?

'बहुत से !'

अगर तत्त्वज्ञान सुनाऊँ तो ?

'बहुत थोड़े !'

ऐसा क्यो ? इसीलिए कि लोग अभी उन्ही पदार्थों मे सुख मान रहे हैं। तत्त्वज्ञान सुनना तो उन्हे झंझट मालूम होता है। पर यह स्मरण रक्खो कि सुख धन मे नहीं है। गौर से देखो तो पता चलेगा कि धनी लोग अधिक दुखी हैं। अनेक धनिको की आँखे गहरी घुसी हुई, गाल पिचके हुए और चेहरे पर विषाद एवं उदासीनता नजर आएगी। पर मस्त गरीब की स्थिति इससे उल्टी होगी। १०-५ धनवान महाजन कड़े-कंठी पहन कर जंगल मे जावे और सामने, कधे पर लाठी लिये एक जाट को देखे तो ?

'सब भाग खडे होगे !'

बस, आखिर कडे कठी को लजाया न ! इसीलिए कहना पडता है कि असली सुख चांदी-सोने मे नही है।

एक मनुष्य एक पैर से लकडी के सहारे चलता हो और दूसरा स्वतंत्रता के साथ बिना सहारे चलता हो तो आपकी निगाह मे कौन अच्छा जँचेगा ?

'बिना सहारे चलनेवाला !'

ठीक है, क्योकि स्वतंत्रता मे जितना सुख है, परतंत्रता मे नही है। लोग बग्घियो और मोटरों पर चढ़कर अपने सुख और ऐश्वर्य का प्रदर्शन करते हैं पर वास्तव मे वह सुख, सुख नही है। गाडियाँ [illegible]ता मे डालने वाली बेडियाँ हैं।

सकता है ? यही संसार की व्याकुलता का कारण है। इसी तृष्णा से दुःख शोक और सताप की उत्पत्ति होती है।

ज्ञानी जन तृष्णा के पीछे नही दौडते। उन्होने समझ लिया है कि अगर कोई अपनी परछाई पकड सकता है तो तृष्णा की पूर्त्ति कर सकता है। मगर अपनी परछाई के पीछे कोई कितना ही दौडे, वह आगे आगे दौडती रहेगी, पकड़ में नहीं आ सकेगी। इसी प्रकार तृष्णा की पूर्त्ति के लिए कोई कितना ही उपाय करे मगर वह पूरी नहीं होगी। ज्यो-ज्यो परछाई के पोछे दौडने का प्रयत्न किया जाता है, त्यों-ज्यो वह आगे बढ़ती जाती। मगर मनुष्य जब उससे विमुख हो जाता है, तब वह लौट कर उसका पीछा करने लगती है। इस प्रकार परछाई के पीछे दौड़ कर अपनी शक्ति का नाश करना व्यर्थ है और तृष्णा को पूर्त्ति करने के लिए मुसीबत उठाना भी वृथा है।

ज्ञानी पुरुष जानते हैं कि मुझे जो कुछ प्राप्त है वह भी मेरा नहीं त तो दूसरी वस्तु की आकांक्षा क्यो करूँ ? ज्ञानवान् पुरुष अज्ञानियों की तरह चिन्ता में घुल-घुल नहीं मरते। ज्ञानी जानते है कि मेरा विवाह हुआ है पर मेरी स्त्री मुझ से भिन्न रही है, मैं इस के नष्ट होने पर चिन्ता नही करता और प्राप्त होने पर खुशी भी नहीं मनाता। ज्ञान अपने शरीर पर शासन कर सकता है।

यहाँ बैठे हुए कई भाइयो के बाल सफेद हो गये हैं। वे उन्हे काले नही कर सकते। काला करना उनके हाथ की बात नही है। यह वृद्ध शरीर के गुलाम बने हुए हैं। यह अपनी परतंत्रता प्रकट करते परन्तु जो अपने शरीर को वश मे कर लेता है, वह शरीर से मन चाहा काम करा सकता है। अमेरिका की एक ८० वर्ष की वृद्धा बहिन के सिर पर एक भी बाल सफेद नही है, चेहरे पर झुर्रियो का

नाम नहीं। इसका क्या कारण है? इसका कारण है—आत्मसत्ता। जो ज्ञानी है वह भौतिक साधनों पर आज्ञा चला सकता है। सब काम उसकी आज्ञा के अनुसार ही होंगे। वह चाहे तब तक शरीर को टिका सकता है और चाहे तब शरीर छोड़ सकता है। तात्पर्य यह है कि अकाल-मृत्यु उसके समीप भी नहीं फटक सकती।

एक वृक्ष की डाल पर एक पक्षी बैठा है। उसी वृक्ष की दूसरी डाल पर बन्दर बैठा है। अगर वृक्ष की वह डालें या समूचा वृक्ष उखड़ कर गिरने लगे तो दोनों में से किसे अधिक दुःख होगा।

'बन्दर को!'

क्योंकि पक्षी उड़ सकता है। उसे अपने पंखों का बल है। वह समझता है, मैं इस पेड़ पर आनन्द लेने के लिए बैठा हूँ। वह गिरे तो क्या और न गिरे तो क्या? पक्षी को उसके रहने या गिरने की चिन्ता नहीं होती।

मित्रो! आप संसार के पक्षी बनना चाहते हैं या बन्दर बनना चाहते हैं? अगर आप पक्षी बनना चाहें तो पंख मैं लगा देना चाहता हू। आप पख लगा संसार-वृक्ष पर आनन्द लेने बैठेंगे और इसका नाश हो जायगा तो भी आपको कुछ कष्ट न होगा, क्योंकि आप स्वतंत्र बन जाएँगे। जो पख न लगवा कर बन्दर बन कर बैठेगा उसे संसार रूपी वृक्ष के नाश होने पर घोर दुःख भोगना पड़ेगा।

जो अपने आपको द्रष्टा और संसार को नाटक रूप देखता है, सारी शक्तियाँ उसके चरणों की सेवा करने तैयार रहती हैं।

तीसरे प्रकार का दुःख आधिदैविक है। आंधी आना, अति वर्षा होना, अनावृष्टि होना अर्थात् बिल्कुल पानी नहीं बरसना, इत्यादि

सकता है ? यही ससार की व्याकुलता का कारण है। इसी तृष्णा से दुःख शोक और सताप की उत्पत्ति होती है।

ज्ञानी जन तृष्णा के पीछे नहीं दौडते। उन्होने समझ लिया है कि अगर कोई अपनी परछाई पकड सकता है तो तृष्णा की पूर्त्ति कर सकता है। मगर अपनी परछाई के पीछे कोई कितना ही दौड़े, वह आगे आगे दौडती रहेगी, पकड़ मे नहीं आ सकेगी। इसी प्रकार तृष्णा की पूर्त्ति के लिए कोई कितना ही उपाय करे मगर वह पूरी नहीं होगी। ज्यो-ज्यो परछाई के पीछे दौडने का प्रयत्न किया जाता है, त्यों ज्यो वह आगे बढ़ती जाती। मगर मनुष्य जब उससे विमुख हो जाता है, तब वह लौट कर उसका पीछा करने लगती है। इस प्रकार परछाई के पीछे दौड़ कर अपनी शक्ति का नाश करना व्यर्थ है और तृष्णा को पूर्त्ति करने के लिए मुसीबत उठाना भी वृथा है।

ज्ञानी पुरुष जानते हैं कि मुझे जो कुछ प्राप्त है वह भी मेरा नहीं त तो दूसरी वस्तु की आकांक्षा क्यो करूँ ? ज्ञानवान् पुरुष अज्ञानियों की तरह चिन्ता में घुल-घुल नहीं मरते। ज्ञानी जानते है कि मेरा विवाह हुआ है पर मेरी स्त्री मुझ से भिन्न रही है, मैं इस के नष्ट होने पर चिन्ता नही करता और प्राप्त होने पर खुशी भी नही मनाता। ज्ञान अपने शरीर पर शासन कर सकता है।

यहाँ बैठे हुए कई भाइयो के बाल सफेद हो गये हैं। वे उन्हें काले नहीं कर सकते। काला करना उनके हाथ की बात नहीं है। यह वृद्ध शरीर के गुलाम बने हुए हैं। यह अपनी परतंत्रता प्रकट करते परन्तु जो अपने शरीर को वश मे कर लेता है, वह शरीर से मन चाहा काम करा सकता है। अमेरिका की एक ८० वर्ष की वृद्धा हिन के सिर पर एक भी बाल सफेद नही है, चेहरे पर झुर्रियो का

नाम नहीं। इसका क्या कारण है? इसका कारण है—आत्मसत्ता। जो ज्ञानी है वह भौतिक साधनों पर आज्ञा चला सकता है। सब काम उसकी आज्ञा के अनुसार ही होंगे। वह चाहे तब तक शरीर को टिका सकता है और चाहे तब शरीर छोड सकता है। तात्पर्य यह है कि अकाल-मृत्यु उसके समीप भी नहीं फटक सकती।

एक वृक्ष की डाल पर एक पक्षी बैठा है। उसी वृक्ष की दूसरी डाल पर बन्दर बैठा है। अगर वृक्ष की वह डाले या समूचा वृक्ष उखड कर गिरने लगे तो दोनों मे से किसे अधिक दु:ख होगा।

'बन्दर को!'

क्योंकि पक्षी उड सकता है। उसे अपने पंखों का बल है। वह समझता है, मैं इस पेड पर आनन्द लेने के लिए बैठा हूँ। वह गिरे तो क्या और न गिरे तो क्या? पक्षी को उसके रहने या गिरने की चिन्ता नहीं होती।

मित्रो! आप संसार के पक्षी बनना चाहते हैं या बन्दर बनना चाहते हैं? अगर आप पक्षी बनना चाहे तो पंख मैं लगा देना चाहता हू। आप पंख लगा संसार-वृक्ष पर आनन्द लेने बैठेंगे और इसका नाश हो जायगा तो भी आपको कुछ कष्ट न होगा, क्योंकि आप स्वतंत्र बन जाएँगे। जो पंख न लगवा कर बन्दर बन कर बैठेगा उसे संसार रूपी वृक्ष के नाश होने पर घोर दु:ख भोगना पड़ेगा।

जो अपने आपको द्रष्टा और संसार को नाटक रूप देखता है, सारी शक्तियाँ उसके चरणों की सेवा करने तैयार रहती हैं।

तीसरे प्रकार का दु:ख आधिदैविक है। आंधी आना, अति वर्षा होना, अनावृष्टि होना अर्थात् बिलकुल पानी नहीं बरसना,

दुःख आधिदैविक दुःख गिने गये हैं। इन सब के कारण उपस्थित होने पर चिन्ता करना और हर्ष मानना वृथा है। दुःख से बचने का उपाय उदासीन वृत्ति है।

संसार सम्बन्धी लालसाओं को बढ़ाना दुःख है और लालसाओं पर विजय प्राप्त करना सुख है।

मैं हमेशा आपको दुःख काटने का उपदेश देता हूँ। वास्तव मे दुःख कैसे कट सकता है? आपने दुःख दूर करने के अनेक उपाय किये हैं, अब भी आप दुःखो को निवारण करने के लिए अनेक धंधे कर रहे है, पर दुःख कटते नही हैं। इससे यह भलीभाँति सिद्ध होता है कि आपने दुःख काटने का ठीक ठीक उपाय नहीं समझा है। दुःखो के समूल नाश का उपाय शास्त्र बतलाता है।

लेश्या कहिए या चित्त की तरंग कहिए, एक ही बात है। जिन कामों मे लेश्या शुद्ध बनी रहे वही काम सुख देने वाले हैं। बुद्धिमान पुरुष को चाहिए कि वह अपने चित्त की तरगो का—लेश्याओ का—निरीक्षण करता रहे और उनकी शुद्धता पर पूर्ण लक्ष्य रक्खे। लेश्याओ का स्वरूप समझने के लिये एक उपयोगी दृष्टान्त इस प्रकार है:—

छः आदमी जंगल की ओर रवाना हुए। रास्ते मे उन्हे भूख लगी। उन्हे पीले-पीले फलो मे लदा हुआ एक आम का वृक्ष दिखाई दिया। वे आम के पास पहुँचे। उनमे से एक के पास कुल्हाडी थी। [उस]ने कहा—मित्रो! इस वृक्ष मे बहुत-से फल हैं। अभी इसे जड [से का]टकर गिराये देता हूँ। फिर आप लोग मन चाहे फल खाना [औ]र अपनी भूख मिटाना।

दूसरा बोला—भाई, तूने जड़ सहित वृक्ष काटने की बात कही सो मुझे अच्छी नहीं लगी। वृक्ष गिरा देने में कोई लाभ नहीं। मेरी राय तो यह है कि बड़ी-बड़ी डालियाँ काट ली जाएँ। ऐसा करने से हमें फल भी मिल जाएँगे और पेड़ भी बना रहेगा। पेड़ का ठूंठ बना रहेगा तो उसमें से फिर डालियाँ फूट निकलेंगी। लोगों को छाया भी मिल सकेगी और फल भी मिल जाएँगे।

भाइयो! इन दो पुरुषों की चित्तवृत्ति पर विचार करो। दोनों की तुलना में दूसरे मनुष्य का कहना प्रशस्त है। पहले कृष्ण लेश्या की अपेक्षा नील लेश्या प्रशस्त है।

तीसरा बोला—मित्र! मुझे तुम्हारा कहना भी नहीं जँचता। कब वृक्ष के डालियाँ फूटेंगी, कब पत्ते आएँगे! इसमें बहुत समय लगेगा। मोटी डालियों में तो फल हैं नहीं। फल टहनियों में लग हुए हैं। बेहतर हो सिर्फ टहनियाँ काट ली जाएँ। इससे वृक्ष की बुरी दशा न होगी और अपना भी काम बन जाएगा।

चौथे ने कहा—तुम भी मूर्ख हो। टहनियाँ तोड़ कर क्या पत्ते भी खाओगे? पत्ते तोड़ कर वृक्ष की सुन्दरता को नष्ट करने से क्या लाभ है? इससे तो छाया भी नहीं रहेगी। जो पत्ते तोड़ता है वह 'अपत' हो जाता है।

'पत' के दो अर्थ हैं—एक आबरू या इज्जत और दूसरा पत्ता। क्या तुम जिसकी छाया में बैठे हो, उसको अपत (बेइज्जत) बनाओगे? जो दूसरे की आबरू घटाता है उसकी आबरू भी नहीं रहती।

क्या सेठ को अपने मुनीम की, मुनीम को अपने सेठ की, पति को पत्नी की, पत्नी को पति की, गुरु को अपने चेले की, और चेले को

अपने गुरु की इज्जत घटानी चाहिए ? जिस संघ में आप रहते हैं उसे छिन्न-भिन्न कर डालना योग्य कहलाएगा ? नहीं। आपको याद है, राजगृही नगरी में व्यापारी कम्बल बेचने आये। राजा श्रेणिक ने कम्बल न खरीदे पर भद्रा सेठानी ने सोलह खरीद लिये। यह कम्बल साधारण नहीं थे। एक-एक कम्बल की कीमत सवा लाख रुपया थी। भद्रा को उन कम्बलों की आवश्यकता नहीं थी। फिर भी उसने राजगृही—अपने नगर की प्रतिष्ठा रखने के लिए खरीदे। वह न खरीदती तो व्यापारी सोचते—वाह ! राजगृही भी कैसी नगरी है, जहाँ एक कम्बल का खरीददार भी न निकला। सेठानी ने कम्बल खरीद कर कहा—सोलह ही लाये हो ? बत्तीस ले आये होते तो अच्छा था !

सेठानी भद्रा ने अपने नगर का मान रखने के लिए यह कहा। जिसमें वह रहती है उसकी बेइज्जती करना वह नहीं चाहती।

मित्रो ! यहीं से धर्मलेश्या आरम्भ होती है। क्या आप ध्यान-पूर्वक सुन कर इन बातों को स्मरण रक्खेंगे ?

चौथा पुरुष फिर बोला—भाई मेरी सम्मति तो यह है कि टहनियाँ या पत्ते न तोड़ कर फल ही फल तोड़ लेने चाहिए। इससे वृक्ष की शोभा भी न बिगड़ेगी और अपना काम निकल जायगा।

पाँचवें मित्र ने कहा—तुम्हारा कहना इन सब से अच्छा है, पर मुझे तो इसमें भी कुछ भूल मालूम होती है। कच्चे फल तोड़ने से कुछ फायदा नहीं है। जब पक जाएँगे तो दूसरों के काम आएँगे। हम लोग इन्हें तोड़कर फैंक देंगे तो दूसरों की दया न होगी। अतः मेरी राय यह है कि कच्चे फल दूसरों के लिए छोड़ दिए जाएँ और

पके फल तोड-कर खा लिए जाएँ। इससे अपना भी प्रयोजन सिद्ध हो जायगा और दूसरे बटोहियो को भी कष्ट न होगा।

छठे ने कहा—आप लोगों की सम्मति क्रमशः अच्छी है पर मैं कुछ और ही कहना चाहता हूँ। आप मेरा कहना मानेंगे तो विशेष लाभ होगा। वृक्ष पके हुए मीठे फलों को आप नीचे गिरा देता है। ऐसी स्थिति मे वृक्ष का दान अंगीकार न करके उस पर डाका डालना क्या उचित है? हाँ, यदि वृक्ष पके फल गिराता न होता तो बात दूसरी थी। देखो, एक आम वह गिरा। और हवा के झोंके से यह भी गिर पड़े हैं। यह लो, देखो, तडातड गिरने लगे हैं। मित्रो! इन्हे खाओ और अपनी भूख बुझाओ। दूसरे सब विचार त्याग दो।

भाइयो, इस दृष्टान्त को आप हँस कर मत टाल देना। इसके मर्म को समझने का प्रयत्न कीजिए। इस दृष्टान्त से यह शिक्षा मिलती है कि जो चीज अनायास मिल रही है, उसके उत्पत्तिस्थान की जड नहीं काटना चाहिए।

तुम्हार खाने में गरीब भाइयों का नाश होता है। तुम्हारे दो दिन के मौज-शौक में उन बेचारो का कचरघान उड जाता है। उनके बाल-बच्चो के भूखों मरने की नौबत आजाती है। मित्रो! ऐसे काम करना उचित नहीं है। इसमे तुम्हारी प्रतिष्ठा नही है, अप्रतिष्ठा है। मृत्युभोज आदि की बुरी रीतियो को हटा दीजिये। ब्याह शादियों पर किये जाने वाले वृथा व्यय पर विचार कीजिए। इससे आपके देश की, आपकी जाति की और आपके धर्म की लज्जा रहेगी।

श्रावक को तृष्णा नहीं बढानी चाहिए। उसे अल्पारम्भी और अल्पपरिग्रही रहना चाहिए। उसे अपने कामो में ऐसी लेश्या पैदा

करनी चाहिए जिससे चित्त में आनन्द रहे। व्यर्थ व्यय को बन्द करके आप दीन-दुखियो की मदद कर सकते हैं, भूखों मरते गरीबों को जीवन-दान दे सकते हैं। देश और धर्म के उत्कर्ष में योग दे सकते हैं।

मित्रो ! दूसरे की सहायता में खर्च करना, दूसरे के दु.ख को अपना दुःख मानना और दूसरे के सुख को अपना सुख समझना, मनुष्य का आवश्यक कर्त्तव्य है। ईश्वर से प्रार्थना करो कि आपकी प्रकृति ऐसी बन जाय। आपके हृदय में ऐसी सहृदयता और सहानुभूति उत्पन्न हो जाय।

ऐसी मति हो जाय, दयामय ! ऐसी मति हो जाय।
औरों के दुःख को दुःख समझूं, सुख का करूँ उपाय।
अपने दुःख सहूँ सहर्ष पर-दुःख न देखा जाय ॥दयामय०॥

एक व्यक्ति जब तक अपने ही सुख को सुख मानता रहेगा, जब तक उसमें दूसरे के दुःख को अपना दुःख मानने की सवेदना जागृत न होगी, तब तक उसके जीवन का विकास नही हो सकता। उसके जीवन का धरातल ऊँचा नही उठ सकता। अवतारों और तीर्थंकरों ने दूसरों के सुख को ही अपना सुख माना था। इसी कारण वे अपना चरम विकास करने मे समर्थ हुए। जिस गरीब मनुष्य की भावना मे ऐसी विशालता आ जाती है वह राजा को भी डिगा सकता है। पर जो अपने ही सुख को सुख मानता है, वह चाहे राजा ही क्यो हो, शैतान या दुनिया का सत्यानाश करने वाला ही कहा जायगा।

किसी समय में एक राजा राज्य करता था। उसके पास बहुत से विद्वान् आते रहते थे। वे लोग राजा मे जो दुर्गुण देखते उन्हें दूर

करने का उपदेश राजा को दिया करते थे। पर राजा किसी का कुछ मानता नहीं था। वह विद्वान् पण्डितों को अपने सुख मे विघ्न डालन वाला समझता था। अगर कोई विद्वान् अधिक जोर देकर उपदेश देता तो राजा उसका अपमान करने में भी नहीं चूकता था। इस प्रकार किसी की बात पर कान न देन क कारण राजा के दुर्व्यसन बढ़ते गये।

एक रोज राजा अपने साथियों के साथ, घोड़े पर सवार होकर शिकार खेलने के लिए जगल में गया। वहाँ अपना शिकार हाथ से जाते देख उसने शिकार का पीछा किया। राजा बहुत दूर जा पहुँचा। साथी बिछुड गये। पर शिकार हाथ न आया।

मनुष्य भले ही अपना कुव्यसन न छोडे, मगर प्रकृति उसे चेतावनी जरूर देती रहती है। यही बात यहाँ हुई। बहुत दूर चले जाने पर राजा रास्ता भूल गया। वह बुरी तरह थक गया। विश्राम के लिए किसी पेड के नीचे ठहरा। इतने में जबर्दस्त आँधी उठी और पानी की वर्षा होने लगी। थोडी ही देर में विजली चमकने लगी, मेघ घोर गर्जना करके मूसलधार पानी बरसाने लगे और ओलों की बौछार होने लगी। राजा बडी विपदा में फँस गया। उसने इसी जंगल में न जाने कितने निरपराध पशुओ को अपनी गोली का निशाना बनाया था। आज वह स्वय प्रकृति की गोलियो—ओलों–का निशाना बना हुआ था। राजा ओलों से बचने के लिए वृक्ष के तने में घुसा जाता था पर वृक्ष ओलों से उसकी रक्षा न कर सका। घोडा थका हुआ था ही। ओलों की मार से वह और हाँफ गया और अन्त में उसने भी राजा का साथ छोड दिया। अब राजा को एक भी सहायक नजर नहीं आता था। उसके महलो में सैंकडों दास

और दासियो का जमघट था, मगर आज इस मुसीबत के समय कोई खोज-खबर लेने वाला भी नसीब नही था।

विपत्ति हमेशा नही रहती। कभी न कभी वह टल ही जाती है। इस नियम के अनुसार पानी का बरसना, मेघो का गरजना और हवा का चलना बन्द हो गया। धीरे-धीरे बादल भी फटने लगे। अब राजा के जी मे जी आया। उसने चारो तरफ दृष्टि दौडाई तो जल ही जल दिखाई दिया। पर दूर की तरफ नज़र दौड़ाने पर अग्नि का कुछ प्रकाश दिखाई दिया।

प्रकाश देखकर राजा के हृदय में तसल्ली बँधी। उसने सोचा—वहाँ कोई मनुष्य अवश्य होगा। वहाँ चलना चाहिए। रास्ते मे गिरता-पडता फिसलता हुआ धीरे धीरे वह अग्नि के प्रकाश की तरफ बढा। वह ज्यो-ज्यो आगे बढ़ता जाता था, एक झौंपडी उसे साफ मालूम होती जाती थी। आखिर राजा झौपडी के द्वार पर जा पहुँचा।

राजा शिकारी के वेष मे झौपडी के द्वार पर खडा हुआ। झौपडी में एक किसान रहता था। राजा को देखते ही उसने कहा—'आओ भाई, अन्दर आ जाओ।'

अहा! ऐसी घोर विपदा के समय यह स्नेह-पूर्ण 'भाई' संबोधन सुनकर राजा को कितना हर्ष हुआ होगा!

किसान राजा को शिकारी ही समझे था। उसके कपडे पानी से तर देखकर किसान ने कहा—ओह! तू तो पानी से लथ-पथ हो गया आज तुझे बडी तकलीफ उठानी पडी होगी।

किसान के सहानुभूति से भरे मीठे शब्द सुन कर राजा गद्गद् गया। भाटों और चारणों के द्वारा बखान की गई अपनी

विरुदावली सुनने मे और अपने मुसाहिबों के मुजरे में जो आनन्द उसे अनुभव न हुआ होगा, वह अपूर्व आनन्द किसान के इन थोड़े-से शब्दों ने उसे प्रदान किया।

किसान ने अपनी स्त्री से कहा—देख, इस शिकारी के सब कपड़े गिले हो रहे हैं। इसे ठण्ड लग रही है। अपना कम्बल उठा ला। इसे कम्बल देकर इसके कपड़े निचोड कर सूखने डाल दे।

किसान की स्त्री कम्बल ले आई। राजा ने बहुत-से कीमती दुशाले ओढ़े होगे, पर इस कम्बल को ओढ़ने में उसे जो आनन्द आया वह शायद दुशालों से नसीब न हुआ होगा।

आज राजा को यह छोटी-सी झोंपडी अपने विशाल राज-महलो की अपेक्षा अधिक आनन्ददायिनी प्रतीत हुई। किसान-दम्पत्ति की सेवा उसे ईश्वरीय वरदान-सा प्रतीत हुआ। राजा जिन महलों को अपना मान कर गर्व से इतराता था, जिस वैभव पर फूला नहीं समाता था, आज वह सब उसे तुच्छ प्रतीत हो रहा था।

राजा ने जब कम्बल पहन लिया, तब किसान ने घास के बिछौने की ओर इशारा करके कहा—तू बहुत थका मालूम देता है। चेहरा तेरा थकावट का मारा कुम्हला गया है। वह चमडा पडा है। उसे बिछा कर उस बिछौने पर विश्राम कर ले।

राजा सो गया। थकावट के मारे उसे गहरी नींद आ गई।

किसान ने स्त्री से कहा—बेचारे की ठण्ड अभी नहीं गई होगी, जरा आग से तपा दे। स्त्री फूटे-टूटे कम्बल के चीथड़ों का गोटा बना कर राजा को तपाने लगी। किसान की स्त्री अपने पुत्र के समान

विशुद्ध-भाव से राजा की सेवा कर रही थी। सरल-हृदया किसान-पत्नी के हृदय मे वही वात्सल्य था जो अपने बेटे के लिए होता है।

और किसान राजा के कपड़े हिला-हिला कर अग्नि के ताप से सुखाने मे लगा हुआ था।

जब राजा अँगडाई लेता हुआ उठ खड़ा हुआ तब किसान ने कहा—अरे अब तो तू अच्छा दिखाई देता है। अब तेरा चेहरा भी पहले से अच्छा मालूम होता है। पर यह तो बता, तू घर से कब निकला था ?

राजा—सुबह।

किसान—तब तो तुझे भूख लगी होगी। अच्छा, (स्त्री की तरफ देखकर) अरी जा, इसके लिए रोटी और डूङ्गरी-पालर की तरकारी ले आ।

राजा मोटी रोटी जंगली तरकारी के साथ खाने बैठा। उसने अपने सुसराल में, बड़ी मनवार के साथ अच्छे-अच्छे पकवान खाये होंगे। पर कहाँ वह पकवान और कहाँ आज की यह मोटी रोटी! उन पकवानो में जड़ का माधुर्य था, पर इस मोटी रोटी में किसान-दम्पत्ति के हृदय की सजीव मधुरता! उन पकवानो को भोगने वाला था राजा और इस रोटी को खाने वाला था साधारण मानवी! राजा इस भोजन में जो निस्वार्थ-भाव भरा हुआ पाता था, वह उन पकवानों में कहाँ!

रात बहुत हो गई थी। किसान-दम्पत्ति और उसके बाल-बच्चो राजा उसी झौंपड़ी में फिर सो गया। मगर राजा को नींद नहीं रही थी। मन ही मन वह किसान की सेवा पर लट्टू हो रहा

था। पंडितों के उपदेश ने उसके हृदय पर जो प्रभाव नहीं डाला था, किसान की सेवा ने वह प्रभाव उसके हृदय पर डाला। एक ही रात में उसका सारा जीवन पलट गया। अब तक वह निरा राजा था, आज किसान ने उसे आदमी भी बना दिया।

प्रात.काल राजा ने अपने कपडे पहने और किसान से जाने की आज्ञा माँगी। किसान को क्या पता था कि जिसके नाम-मात्र से बडों-बडो का कलेजा काँप उठता है, वह महाराजाधिराज यही हैं। उसकी निगाह में वह साधारण मनुष्य था। किसान ने यही समझते हुये कहा—'अच्छा भाई, जा। यह झौंपडी तेरी ही है। फिर कभी आना।'

इस आत्मीयता ने राजा के दिल में हलचल मचा दी। वह किसान के पैरो में गिर पडा। किसान को अपना गुरु मान वह वहाँ से चल दिया।

राजा अपने महल मे पहुँचा। राजा के पहुँचते ही मुसाहबों ने मुजरा किया। रानियो ने आदर-सत्कार कर कुशल-क्षेम पूछी। पर राजा को यह सब शिष्टाचार फीका मालूम हुआ। राजा के दिल मे किसान की सेवा-परायणता, किसान-पत्नी की सरलता और उन दोनों की सादगी एवं वत्सलता ने घर कर लिया था। वह उसे भूल नहीं सका। बार-बार वही याद करके वह प्रफुल्लित हो जाता था।

विद्वानों ने उसे बहुतेरे उपदेश दिये थे, पर उनका कुछ भी असर नहीं हुआ था। किसान की सरल और निस्वार्थ सेवा ने राजा पर ऐसा जादू डाला कि उसका सारा जीवन-क्रम ही बदल गया। राज्य में जो त्रुटियॉ थीं, उसने उन्हे दूर कर दिया और अपने तमाम दुर्व्यसनों को तिलांजलि दे दी।

एक गरीब की प्रेम-पूर्ण सेवा ने सारे राज्य को सुधार दिया। राजा उस किसान को अपना आदर्श और महा-पुरुष मानने लगा। जब भी उसे किसान का स्मरण हो आता, तभी वह किसान के चरणों में अपना सिर झुका देता।

मित्रो! दूसरे के सुख में अपना सुख मानने वाले का प्रभाव कितना होता है, यह इस कहानी से समझो। वास्तव में वही सच्चे सुख का अधिकारी होता है जो दूसरों के सुख को ही अपना सुख मानता है।

समस्त प्राणियो में ईश्वर विराजमान है। प्राणियो की सेवा करना ईश्वर की सेवा है। जिस मनुष्य में इतना ज्ञान नहीं वह पशु से भी गया-बीता है। अपने मनुष्यत्व को सार्थक करने के लिए जो सब प्राणियो की सेवा करता है, वह देवत्व को प्राप्त करके अक्षय और असीम कल्याण का भाजन बनता है। वह 'सच्चिदानन्द' के सच्चे स्वरूप का ज्ञाता है।

भीनासर
५—९—२७

स्याद्वाद

अनेक मत-मतान्तरो में धर्म के सम्बन्ध में अपने-अपने अनुमान की बातें बतलाई गई हैं। कइयों ने कई प्रकार के तर्क-वितर्क भी किये हैं। परन्तु अधिकाश विचार अपूर्ण हैं। वास्तविकता का पता बहुत कम ने पाया है।

कुछ जन्म के अन्धों ने हाथी का नाम सुना। पर हाथी कैसा होता है, इस बात का उन्हें पता नहीं। किसी ने हाथी लाकर उनके सामने खडा कर दिया। उनमे से कोई हाथी के पैर को हाथ लगाता है, कोई सूंड पकडता है, कोई कान पर हाथ फेरता है, कोई पेट टटोलता है और कोई पूंछ पकडता है। अब उनमें से एक-एक से पूछा जाय कि भाई, हाथी कैसा होता है ?

जिसने पैर को हाथ लगाया था वह कहता है—हाथी खम्भे के समान होता है। सूंड पकड़ने वाला कहता है—हाथी मूसल के समान

होता है। कान पर हाथ फेरने वाला कहता है—हाथी सूप (छाजले) के समान होता है। पेट टटोलने वाला कहता है—हाथी कोठी के समान होता है और पूंछ पकडने वाला कहता है—हाथी रस्से के समान होता है।

इन सब का कहना एक-एक अंश में सत्य अवश्य है, पर अपनी-अपनी धुन मे जब वे एक दूसरे की बात काटने लगते हैं, तब उन सब का कथन असत्य हो जाता है। हाथी का पैर पकडने वाले की दृष्टि मे सूंड पकडने वाले का और सूंड पकडने वाले की दृष्टि में पैर पकडने वाले का कथन मिथ्या है। इसी प्रकार प्रत्येक अन्धा दूसरे अन्धे को झूठा कहकर परस्पर में विवाद खड़ा करता है। लेकिन हाथी को पूर्ण रूप से देखने वाला सूझता आदमी जानता है कि उन्होंने सत्य के एक-एक अंश को ही ग्रहण किया है और दूसरे अंशों का अपलाप कर दिया है। कदाचित् वे लोग अपने आपको सत्य समझते हुए दूसरो को भी सच्चा समझें तो उन्हे मिथ्या का शिकार नही होना पड़े। उनकी सचाई, दूसरे की अपेक्षा को समझकर उसे सच मानने में है और दूसरे को झूठ कहने से वे स्वयं झूठे बन जाते हैं। अगर सब अन्धे अपनी अपनी एकदेशीय कल्पना को एकत्र करके हाथी का स्वरूप समझे तो उन्हे हाथी की सर्वाङ्ग-सम्पूर्ण आकृति का ज्ञान हो सकता है परन्तु अज्ञान के कारण वे आपस में एक दूसरे को झूठा कह कर स्वयं झूठ के पात्र बनते हैं।

धर्मों के विषय मे भी यही हाल है। सत्य एक है, अखण्ड है और व्यापक है। ससार के विभिन्न पन्थ या सम्प्रदाय उस सत्य को प्राप्त करने का प्रयत्न करते हैं। परन्तु ज्ञान की अपूर्णता के कारण [अख]ण्ड सत्य को न पाकर सत्य का एक अंश ही उन्हे उपलब्ध होता [है।] सत्य के एक अंश को ही सम्पूर्ण सत्य मान लेने से धार्मिक

विवाद खड़ा हो जाता है। उदाहरण के लिए वस्तु की नित्यता और अनित्यता को लीजिए। वस्तु द्रव्य-रूप से नित्य है और पर्याय रूप से अनित्य है अर्थात् मूल वस्तु की अवस्थाओं में निरन्तर परिवर्त्तन होता रहता है, परन्तु वह मूल वस्तु तमाम अवस्थाओं मे ज्यों की त्यों बनी रहती है। मूल द्रव्य का कभी विनाश नहीं होता और पर्यायें बदले बिना नहीं रहती। इस प्रकार विश्व की प्रत्येक वस्तु द्रव्य की दृष्टि से नित्य है और पर्याय की दृष्टि से अनित्य है। परन्तु एक धर्म के अनुयायी वस्तु को एकान्त नित्य मानते हैं और दूसरे धर्म वाले उसे एकान्त अनित्य मानते हैं। दोनों सत्य के दो अशों में से एक-एक अंश को छोड देते हैं और एक-एक अश को अंगीकार करते हैं। अब यदि अनित्यवादी, नित्यवादी से कहे कि भाई, तुम्हारा कथन सत्य है, मगर मेरे कथन को भी सत्य समझो। इसी प्रकार नित्यवादी अपने कथन की सत्यता के साथ अनित्यवादी के कथन को भी सत्य मान ले तो सत्य के दोनों अश मिलने से पूर्ण सत्य की प्रतिष्ठा हो जायगी। इसके विपरीत अगर वे एक-दूसरे को मिथ्या मानेंगे तो दोनो ही मिथ्या हो जाएँगे।

इस प्रकार विभिन्न धर्मों में सत्य का जो अंश विद्यमान है उसे ठीक तरह न समझने के कारण और अपूर्ण सत्य को पूर्ण सत्य के रूप में प्रकट करने के कारण परस्पर झगड़े होते है। सभी धर्म वाले अपनी-अपनी धुन में मस्त हैं। वे एक-दूसरे को झूठा ठहराते हैं, इसी कारण वे स्वय झूठे ठहरते हैं। सब इकट्ठे होकर, न्याय-बुद्धि से, पक्षपात छोडकर धर्म का निर्णय करे तो सम्पूर्ण धर्म का सच्चा स्वरूप मालूम हो सकता है।

धर्म के विभिन्न-रूप जनता के सामने रखने से जनता की श्रद्धा डगमगाने लगती है और धर्म के प्रति अश्रद्धा पैदा होने लगती है।

जैन दर्शन मे माना हुआ स्याद्वाद सिद्धान्त धार्मिक विवादों को समाप्त करने का बहुत ही श्रेष्ठ उपाय है। वह दूसरे के दृष्टिकोण को उदारतापूर्वक समझने, ग्रहण करने और सत्य का अग बना लेने की शिक्षा देता है। स्याद्वाद ऐसी मशीन है, जिसमें सत्य के खंड-खंड मिल कर अखंड अर्थात् परिपूर्ण सत्य ढ़ाला जाता है। स्याद्वाद का सम्यक् प्रकार से उपयोग किया जाय तो मिथ्या प्रतीत होने वाला दृष्टिकोण भी सत्य प्रतीत होने लगता है। जगत् के धार्मिक और दार्शनिक दुराग्रहो को समाप्त करने के लिए स्याद्वाद के समान और कोई उपाय नहीं है।

असत्य का परित्याग करना और सत्य को ग्रहण करना बुद्धिमान पुरुप का कर्त्तव्य है। न्यायाधीश के सामनेवादी और प्रतिवादी-दोनों अपना-अपना पक्ष उपस्थित करके उसे प्रमाणित करने का प्रयत्न करते हैं, पर बुद्धिमान् न्यायाधीश अपना दिमाग लगा कर— प्रमाणो की परीक्षा करके सत्य-असत्य का निर्णय करता है। धर्म के विषय मे भी यही बात होनी चाहिए। जगत् के प्रपञ्चो से बचने के लिए और शान्तिलाभ के लिए धर्म की उपासना की जाती है। इस-लिए धर्म को अशान्ति का कारण नहीं बना डालना चाहिए और न उसमें प्रपञ्चो को ही स्थान मिलना चाहिए।

जैन दर्शन का तत्त्व क्या है? राग-द्वेष को पूर्ण रूप से जीत कर जिन महापुरुपो ने धर्म की स्थापना की है उन्ही का धर्म जैनधर्म कहलाता है। राग-द्वेष पर पूर्ण विजय प्राप्त कर लेने पर अज्ञान भी नहीं टिक सकता। अतएव वीतराग और सर्वज्ञ द्वारा प्रतिपादित तत्त्व ही जैनधर्म है।

जगत् मे असत्य भापण के कारणो की जांच की जाय तो म होगा कि असत्य भापण के मूल कारण दो हैं—अज्ञान और

राग-द्वेष। या तो मनुष्य अज्ञान के कारण असत्य भाषण करता है या राग द्वेष के कारण दूसरे को ठगने के लिए। जिस महापुरुष मे उक्त दोनो कारणों में से एक भी कारण विद्यमान नहीं है, वह असत्य वक्ता नही हो सकता। वीतराग और सर्वज्ञ का कथन सत्य ही हो सकता है, इसमें लेशमात्र भी संशय नहीं है। अतएव उन्हीं का कथन दर्शन हो सकता है।

जैन दर्शन का असली तत्त्व स्याद्वाद या अनेकान्तवाद है। स्याद्वाद क्या है, यह बात बहुत-से जैन कहलाने वाले भाई भी नहीं समझते। मगर मैं यह नहीं चाहता कि आप जैन होकर भी जैन-दर्शन के प्राण के समान स्याद्वाद-सिद्धान्त मे अनभिज्ञ रहे। स्याद्वाद का विषय गम्भीर है। अतएव उसकी सूक्ष्म विवेचना न करते हुए कुछ स्थूल बातें ही आपको बतला देना चाहता हूँ।

आप किसी मनुष्य से पूछिए कि तुम किस के पुत्र हो या पिता हो ? मामा हो—या भानेज हो ? काका हो या भतीजे हो ? वह कहेगा—'मै पिता हूँ।' उस समय आप उससे कहिए—'आप विचार कर बोलिए।' वह कहेगा—'मैं विचार कर ही बोल रहा हूँ। तब आप उससे पूछिए—आपके पिता हैं या नहीं। अगर वह कहे—'हाँ हैं' तो आप फिर पूछिए—'अगर पिता हैं तो आप पिता कैसे हुए ? आप उनके पुत्र हैं या नहीं ?' वह कहेगा—'हाँ मैं अपने पिता का पुत्र हूँ।' तब आप कह सकते हैं—'आप अपने को पिता बतलाते थे, सो अपेक्षा से आपका कथन मिथ्या हुआ। वास्तव में आपको यह कहना चाहिए कि मैं अपने पुत्र की अपेक्षा पिता हूँ, अपने पिता की अपेक्षा पुत्र हूँ। इसी तरह अपने भानेज की अपेक्षा मामा हूँ, मामा की अपेक्षा भानजा हूँ आदि।'

तात्पर्य यह है कि एक ही मनुष्य भिन्न-भिन्न अपेक्षाओं से पितापन, पुत्रपन, मामापन, आदि अनेक गुण रहते हैं। ऐसी स्थिति मे जो मनुष्य एक ही गुणों को लेकर जिद करने बैठ जाता है, वह दूसरों गुणो की अपेक्षा से झूठा पड जाता है। जो मनुष्य अपने आपको एकान्त रूप से पिता ही समझता है वह अपने पिता की अपेक्षा भी पिता हो जाएगा और जो एकान्ततः पुत्र बनता है वह अपने पुत्र का भी पुत्र कहलाने लगेगा। इस प्रकार एकान्त दृष्टि मिथ्या होती है।

एक उदाहरण और लीजिए। आप लोग मेरे सामने बैठे हुए हैं। मेरी अपेक्षा आप पूर्व दिशा में बैठे हैं और आपकी अपेक्षा मैं पश्चिम की तरफ बैठा हूँ। मगर जो सज्जन मेरे पीछे बैठे हैं उनकी अपेक्षा मै पूर्व मे और आपके पीछे बैठे हुए सज्जनो की अपेक्षा आप पश्चिम मे बैठे हुए हैं। ऐसी स्थिति मे आप से पूछा जाय कि आप किस दशा मे बैठे हैं ? तो आपका उत्तर अपेक्षा का ध्यान रख होना चाहिए। आप कहेंगे—'किसी अपेक्षा से हम पूर्व मे बैठे हैं, किसी अपेक्षा से पश्चिम में बैठे हैं।' अगर आपने अपेक्षा का ध्यान रख कर उत्तर दिया तो आपका उत्तर सच्चा होगा। अगर आप हठ पकड कर बैठ जाएँगे और कहेंगे कि हम तो पूव मे ही बैठे हैं तो तो आप का कथन मिथ्या हो जायगा ! इस प्रकार सापेक्ष दृष्टि सत्य होती है और निरपेक्ष दृष्टि मिथ्या होती है। अपेक्षा का ध्यान रख कर कथन करना ही स्याद्वाद है।

स्याद्वाद सिद्धान्त मे जीव अजीव, आस्रव, संवर, सत्य, त्य आदि सभी का वर्णन इसी प्रकार किया गया है। किसी भी का सच्चा स्वरूप स्याद्वाद के बिना नहीं समझा जा सकता।

एक आदमी कहता है—मैं ब्राह्मण हूँ, वह शूद्र है। पर क्या यह बात एकान्त सिद्ध है?

'नहीं!'

इसलिए कि मनुष्य के ऊपर न तो ब्राह्मणत्व की कोई छाप लगी है और शुद्रत्व की ही। जिस प्रकार ब्राह्मण अपने अंग-प्रत्यंग से व्यावहारिक काम करता है उसी प्रकार शूद्र भी काम करता है। फिर दोनों में अन्तर क्या है? दोनों में अगर कोई अन्तर हो सकता है तो यही कि ब्राह्मण में ब्राह्मण सम्बन्धी पठन-पाठन आदि लक्षण विद्यमान हैं और शूद्र मे सेवा करना आदि शूद्र के लक्षण होते हैं। मगर कई-एक ब्राह्मण सेवाधर्म अङ्गीकार किये हुए हैं और सेवा करना शूद्र का धर्म है। जब कोई ब्राह्मण, शूद्र का काम अपनाता है तो क्या वह कर्म की अपेक्षा से शूद्र नहीं कहलाएगा? इसी प्रकार ब्राह्मणज्ञान आदि कोई ब्राह्मणोचित गुण किसी शूद्र मे विद्यमान हो तो क्या वह उस अपेक्षा से ब्राह्मण नहीं कहलाएगा?

अपेक्षा से ब्राह्मण और अपेक्षा से शूद्र की कल्पनाकी जाती है। इसके उदाहरण महाभारत में भी मिलते हैं। कौन मनुष्य किस जाति में गिना जाना जाहिए, इसका आधार गुण-कर्म पर था। प्राचीन काल में आजकल की तरह संकीर्णता नहीं थी। गुण-कर्म के अनुसार ही वर्णव्यवस्था की गई थी। उस समय न तो ब्राह्मणत्व का ठेका किसी के पास था और न शूद्रत्व का ही। जो ब्राह्मणोचित कर्म करता है वह ब्राह्मण कहलाता था और जो शूद्र-कर्म करता था वह शूद्र कहलाता था। गीता में स्पष्ट कहा है—

चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः ।
तस्य कर्त्तारमपि मां विद्ध्यकर्त्तारमेव च ॥

अर्थात्—मैंने गुण-कर्म विभाग से चार वर्णों की रचना की है, जिससे ससार में अव्यवस्था न हो। जिसमें जैसी योग्यता हो उसे वही काम सँभलाया जाय। ऐसा न हो कि बुद्धिमान् पुरुष को उसके योग्य काम न मिले और क्षुद्र बुद्धिवाले को बुद्धिमत्ता का काम सौंपा जाय। ऐसा करने से मनुष्य समाज की बडी हानि होगी, यह बात ध्यान में रख कर वर्णव्यवस्था की गई।

कार्य व्यवस्थित न होने से किस प्रकार मुंह की खानी पडती है, यह बात बाबर बादशाह के दृष्टान्त से समझना चाहिए।

बाबर ने हिन्दुस्थान पर चढाई की, पर उसे हार खा कर लौट जाना पडा। प्रकृति का नियम है कि जो उद्योग करता है उसे सफलता मिले बिना नही रहती। नीति मे कहा है—

उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः,
दैवेन देयमिति कापुरुषा वदन्ति ।
दैवं निहत्य कुरु पौरुषमात्मशक्त्या,
यत्ने कृते यदि न सिद्ध्यति कोऽत्र दोषः ॥

उद्योग करने वाले पुरुष-सिंह को लक्ष्मी प्राप्त होती है। जो ..ष पुरुषार्थ नही करता उसे लक्ष्मी प्राप्त नही हो सकती। जो ..र है, नामर्द है, वही कहा करता है कि 'भाग्य मे होगा सो मिल ..ायगा या ईश्वर देगा तो लेलेंगे।' परन्तु उद्योगी पुरुष भाग्य के भरोसे

कभी नहीं बैठता। वह अपना काम किया करता है। घानी में पीले बिना तिलों से तैल नहीं निकलता, यही बात प्रत्येक काम में समझनी चाहिए। अगर कोई काम सिद्ध न हो तो उसके लिए बार-बार प्रयत्न करना चाहिए। कभी न कभी वह फलीभूत हो जायगा। निराश होकर नहीं बैठना और पहले जो त्रुटि रह गई हो उसका संशोधन करना चाहिए। आप जानते हैं कि तिलों में से तैल निकालने के लिए घानी को १०-२० चक्कर काफी नहीं होते। पूरे चक्कर काटने पर ही तैल निकल सकेगा।

बाबर उद्योगशील था। वह एक बार हिन्दुस्थान को न जीत सका पर उसके हृदय में जीतने की प्रबल इच्छा विद्यमान थी। इसी इच्छा से प्रेरित होकर उसने ईरान के बादशाह के पास अपना दूत भेज कर कहलाया—'बाबर हिन्दुस्थान को जीतना चाहते हैं, इसलिए उनकी सहायता कीजिए। ईरान के बादशाह ने दूत से कहा—'मैं सहायता करने के लिए तैयार हूँ, पर यह बताओ कि बाबर पहले हारे क्यों ?'

दूत चतुर था। उसने उत्तर दिया— 'योग्य पदों पर योग्य' आदमियों को न रखने से उन्हें पराजित होना पड़ा। अर्थात् जो पद बुद्धिमानों के योग्य था उस पर मूर्ख विराजमान कर दिया गया और जो पद साधारण आदमी के योग्य था उस पर बुद्धिमान् नियुक्त किया गया। बड़े कामों को मूर्ख कर नहीं सकता था और साधारण करने में बुद्धिमान् पुरुष का जी नहीं लगता था। इस प्रकार सभी कामों में गड़बड़ी होने के कारण बाबर को हार खानी पड़ी। बादशाह को अपनी भूल अब मालूम हो गई है। अब की बार ऐसा न होगा।'

ईरान के बादशाह ने अपनी सेना भेजकर बाबर की मदद की। बाबर फिर भारत पर चढ आया और उसने अपनी विजय का झंडा यहाँ फहरा दिया।

तात्पर्य यह है कि गधे पर हाथी का बोझ लादना मूर्खता है।

न हि वारणपर्याणं वोढुं शक्तो वनायुजः।

अर्थात् हाथी का पलान गधा नही सहार सकता।

जैसे हाथी का बोझ गधे पर लादना मूर्खता है, उसी प्रकार गधे का काम हाथी से लेना भी बेवकूफी है। जो काम जिसके योग्य हो वही काम उस को सौपना चाहिए। 'योग्यं योग्येन योजयेत्।' चातुर्वर्ण्य की स्थापना मे यही भावना थी। इसमें बाप, बेटे का और बेटा बाप का लिहाज़ नहीं करता था। आज वर्णव्यवस्था की गडबड के कारण भारतवर्ष की बडी हानि हो रही है।

चातुर्वर्ण्य समाज का विराट रूप है। इसमें क्षमा और विवेक-सागर ब्राह्मण मस्तक माने गये हैं। पराक्रमी वीर क्षत्रिय बाहु माने गये हैं। उदार दानी वैश्य पेट माने गये हैं और सेवा-भक्ति करने वाले शूद्र पैर माने गये हैं।

मित्रो! शरीर मे प्रत्येक अङ्ग अपने उचित स्थान पर ही शोभा पाता है। पैर की जगह पैर की शोभा है और मस्तक की जगह मस्तक की। अगर पैर हाथ बन जाए और हाथ पैर बन जाय [illegible]त् पैरो का काम हाथो से और हाथो का काम पैरो से लिया [illegible], इसी प्रकार मस्तक का काम भुजाओ से और भुजाओ का काम [illegible]स्तक से लिया जाय तो काम चल सकता है ? नही। अपने-अपने

स्थान पर ही सब की शोभा है। फिर भी सब अङ्गो के लाभ का ध्यान रखना चाहिए। मस्तक विचार का स्थान है। अगर वह अपना काम छोड दे तो शरीर निकम्मा बन जाता है। अगर हाथ यह कहे, कि मैं पेट के लिये अन्न क्यो दू, तो नतीजा क्या होगा? पेट के साथ साथ हाथ की कमबख्ती आ जाएगी। इस प्रकार आप विचार कीजिए तो विदित होगा कि एक को दूसरे की अनिवार्य आवश्यकता है, अतएव सभी को सब का ध्यान रखना चाहिए। अगर आप पैर की परवाह नही करेंगे तो पगु कौन बनेगा? आप स्वय ही या और कोई?

जो बात शरीर के विषय मे है वही समाज के विषय में समझनी चाहिए। ब्राह्मण की जगह ब्राह्मण, क्षत्रिय की जगह क्षत्रिय, वैश्य की जगह वैश्य और शूद्र की जगह शूद्र रहे, यही उचित एवं शोभास्पद है।

ब्राह्मणों का काम समाज को ज्ञान देना, क्षत्रियों का काम रक्षा करना, वैश्यो का काम धनसग्रह करना और शूद्रों का काम सेवा बजाना था। पर आज उल्टी गङ्गा बह रही है। आज बहुत-से ब्राह्मण शूद्रों का काम करते हैं। आज 'पीर बबर्ची भिश्ती खर' की कहावत चिरतार्थ हो रही है। सेठजी के घर पानी भरने वाला ब्राह्मण, रसोई बनाना वाला ब्राह्मण, और कहाँ तक कहा जाय सब काम करने वाला ब्राह्मण! हाय! यह कैसी विपरीत दशा है!

प्राचीन काल के ब्राह्मण ब्रह्मचर्य पालने वाले, लोभ लालच को लात मार कर सन्तोषमय जीवन व्यतीत करने वाले और ससार को सद्ज्ञान का उपदेश देने वाले थे। इसलिए वे ससार के गुरु और पूजनीय माने जाते थे।

ईरान के बादशाह ने अपनी सेना भेजकर बाबर व
बाबर फिर भारत पर चढ आया और उसने अप
झंडा यहाँ फहरा दिया।

तात्पर्य यह है कि गधे पर हाथी का बोझ लादना मू

न हि वारणपर्याणं बोढुं शक्तो वनायुजः।

अर्थात् हाथी का पलान गधा नहीं सहार सकता

जैसे हाथी का बोझ गधे पर लादना मूर्खता है,
गधे का काम हाथी से लेना भी बेवकूफी है। जो काम जि
हो वही काम उस को सौंपना चाहिए। 'योग्यं योग्येन
चातुर्वर्ण्य की स्थापना मे यही भावना थी। इसमे बा
और बेटा बाप का लिहाज नही करता था। आज वर्णव्य
गडबड के कारण भारतवर्ष की बडी हानि हो रही है।

चातुर्वर्ण्य समाज का विराट रूप है। इसमें क्षमा औ
सागर ब्राह्मण मस्तक माने गये हैं। पराक्रमी वीर क्षत्रिय
गये हैं। उदार दानी वैश्य पेट माने गये हैं और सेवा-धर्म
वाले शूद्र पैर माने गये हैं।

मित्रो! शरीर मे प्रत्येक अङ्ग अपने उचित स्थान पर
पाता है। पैर की जगह पैर की शोभा है और मस्तक की
मस्तक की। अगर पैर हाथ बन जाए और हाथ पैर ब
ात् पैरो का काम हाथो से और हाथो का काम पैरों
, इसी प्रकार मस्तक का काम भुजाओ से और भुजाओ
तक से लिया जाय तो काम चल सकता है? नहीं। अपने

भाट की बात सभी ने स्वीकार की। भाट चला और वनराज के पिता के पास पहुँचा। वनराज के पिता कविता के बहुत शौकीन थे। भाट ने उन्हे वीर-रस का प्रवाह बहा देने वाली सुन्दर भाव-पूर्ण कविताएँ सुनाईं। उन्होने प्रसन्न होकर यथेष्ट मॉग लेने की आज्ञा दे दी। भाट ने हाथ जोड कर कहा—'महाराज! मैं आप ही को चाहता हूँ।'

राजा—मुझे ?

भाट—जी हॉ, अन्नदाता!

राजा उसी समय सिंहासन से उतर पडा। लोगो ने बहुतेरा समझाया, पर वह न माना। सच्चा क्षत्रिय वीर अपने वचन के प्राण दे देना खिलवाड समझते थे। वे आप लोगों की तरह कह कर और हस्ताक्षर करके मुकर जाने वाले नहीं थे। अन्त मे वनराज का पिता और भाट घोडो पर सवार होकर चल दिये। मार्ग में एक जंगल आया। वहॉ एकान्त देख कर वनराज के पिता ने पूछा—'भाई, मैं चल रहा हूँ, मगर मुझे ले जा कर करोगे क्या ? अगर कोई आपत्ति न हो तो बताओ।'

भाट ने कहा—अन्नदाता! मारवाड मे एक वनराज की आवश्यकता है। आप वनराज के जनक है। आप ही इस आवश्यकता को पूरा कर सकते हैं। इसी उद्देश्य से आपको कष्ट दे रहा हूँ।

राजा—बात तो तुम्हारी ठीक है, पर अकेला मै क्या करूँगा ? वनराज पैदा करने के लिए वनराज की मॉ भी तो चाहिए।

भाट—महाराज, वहाँ किसी वीर क्षत्रियाणी से आपका विवाह कर देंगे।

इसी प्रकार पहले के क्षत्रिय रक्षा करते थे। देश की रक्षा के लिये वे प्राण तक निछावर करने मे नहीं हिचकते थे। गरीबों की रक्षा करना अपना परम धर्म समझते थे तथा परनारी को माता के समान पूजना—आराध्य देवी समझना—अपना कर्त्तव्य समझते थे। पर यह सब तब होता था जब क्षत्रिय इन्द्रिय दमन करने वाले, अपने वीर्य की रक्षा करने वाल होते थे। जो क्षत्रिय स्त्रियो का गुलाम बन जाता है, जो विषय भोग मे मस्त रहता है वह कभी देश की रक्षा नहीं कर सकता। प्राचीन समय मे क्षत्रिय-नारियाँ भी वीर हुआ करती थी। वे विषय की गुलाम नही थी। किसी अवसर पर अपने पति को पथ विचिलित होते देख कर प्रत्येक उचित उपाय से उसे रास्ते पर लाती थी। इसके लिए उन्होने अपने प्राणो का भी बलिदान किया है।

मैंने एक पुस्तक मे वनराज चावडा की कथा पढी थी। वह गुजरात मे बडा वीर हो गया है। उन दिनो उसकी शूरवीरता की धाक थी। उसके शौर्य की यशोगाथा सर्वत्र सुन पडती थी। मारवाड के राजाओ पर वनराज चावडा की गहरी छाप थी। एक एक बार मारवाड वालो ने सोचा—हमारे मारवाड में भी एक वनराज चावडा होना चाहिए। उन्होंने मिल कर यह फैसला किया कि वनराज चावडा पैदा करने के लिए वनराज चावडा के 'पिता' की आवश्यकता होगी। जब वे यहाँ आवें तो किसी वीर क्षत्रियाणी के साथ उनका ब्याह करके वनराज चावडा पैदा कर लिया जाय। ...सला तो हो गया, पर उन्हे मारवाड मे किस प्रकार लाया जाय यह ...स्या खडी हुई। एक भाट ने कहा—'आज्ञा हो तो वनराज के ... को मैं मारवाड़ मे ले आऊँ!'

भाट की बात सभी ने स्वीकार की। भाट चला और वनराज के पिता के पास पहुँचा। वनराज के पिता कविता के बहुत शौकीन थे। भाट ने उन्हे वीर-रस का प्रवाह बहा देने वाली सुन्दर भाव-पूर्ण कविताएँ सुनाईं। उन्होने प्रसन्न होकर यथेष्ट माँग लेने की आज्ञा दे दी। भाट ने हाथ जोड़ कर कहा—'महाराज! मै आप ही को चाहता हूँ।'

राजा—मुझे?

भाट—जी हाँ, अन्नदाता!

राजा उसी समय सिंहासन से उतर पडा। लोगो ने बहुतेरा समझाया, पर वह न माना। सच्चा क्षत्रिय वीर अपने वचन के प्राण दे देना खिलवाड समझते थे। वे आप लोगों की तरह कह कर और हस्ताक्षर करके मुकर जाने वाले नहीं थे। अन्त मे वनराज का पिता और भाट घोडो पर सवार होकर चल दिये। मार्ग में एक जंगल आया। वहाँ एकान्त देख कर वनराज के पिता ने पूछा—'भाई, मैं चल रहा हूँ, मगर मुझे ले जा कर करोगे क्या? अगर कोई आपत्ति न हो तो बताओ।'

भाट ने कहा—अन्नदाता! मारवाड मे एक वनराज की आवश्यकता है। आप वनराज के जनक है। आप ही इस आवश्यकता को पूरा कर सकते हैं। इसी उद्देश्य से आपको कष्ट दे रहा हूँ।

राजा—बात तो तुम्हारी ठीक है, पर अकेला मै क्या करूँगा? वनराज पैदा करने के लिए वनराज की माँ भी तो चाहिए।

भाट—महाराज, वहाँ किसी वीर क्षत्रियाणी से आपका विवाह कर देंगे।

राजा—मगर वनराज पैदा करने के लिए ऐसी-वैसी माता से काम नहीं चलेगा। उसके लिए कैसी माता चाहिए, सो मैं बताता हूँ। यह वनराज की माता की कहानी है। एक बार मैं रानी के महल में गया। उस समय वनराज एक छः महीने का बच्चा था। मैं रानी के साथ कुछ विनोद करने लगा। रानी ने मना करते कहा—आप इस समय ऐसा न कीजिए। मैं पर-पुरुषों के सामने अपनी आबरू खराब नहीं कराना चाहती।

मैंने रानी से पूछा—यहाँ मेरे सिवाय और कौन पुरुष है?

रानी ने पालने की ओर इशारा करके कहा—यह सो रहा है न?

मैंने कहा—'वाहरी सती! एक छः महीने के बच्चे का इतना खयाल करती है?' और मैंने उसके कन्धों के ऊपर अपने हाथ रख दिये।

वनराज ने उसी समय अपना मुंह फेर लिया। रानी ने कहा—देखा आपने? आप जिसे अबोध बालक समझते हैं उसने मुंह फेर लिया! हाय! पुरुष के आगे मेरी इज्जत चली गई! आपने उसे पुरुष नहीं, मांस का पिंड समझा और मुझे बेआबरू कर दिया!

दूसरे दिन वनराज की माता ने विष-पान करके प्राण त्याग दिये!

तुम्हारे यहाँ मारवाड में ऐसी कोई वीराङ्गना मिल सकेगी?

भाट ने कहा—यह तो मुश्किल है महाराज!

राजा—तो बतलाओ, वनराज कैसे पैदा होगा?

अन्त में निराशा के साथ भाट ने महाराज को वापस लौट जाने की प्रार्थना की। वनराज के पिता गुजरात लौट गये।

मित्रो! इस कथा का आशय यह है कि वीर क्षत्रियाणियों में ही वीर क्षत्रिय-पुत्र पैदा हो सकते हैं और उन्हीं पर संसार का उद्धार निर्भर है। संसार का उद्धार करने वाले महान् पुरुष क्षत्रिय-वंश में पैदा हुए थे। समस्त तीर्थंकर और राम, कृष्ण आदि अवतार माने जाने वाले महात्मा भी इसी वंश में उत्पन्न हुए थे। वीर क्षत्रिय फौलाद का बना हुआ पुतला है। उसे अपने संकल्प से डिगाने की किसी में क्षमता नहीं है। ऐसे दृढ संकल्प पुरुष ही संसार में कुछ कर गुजरते हैं। कष्ट-सहिष्णुता जैसी क्षत्रियों में होती है, वैसी और किसी में नहीं।

उदाहरण के लिए कर्ण को लीजिए। कर्ण वास्तव में कुन्ती का पुत्र था किन्तु संयोगवश वह दासरथी का पुत्र कहलाया। वीर पांडव और कर्ण द्रोणाचार्य से शस्त्र-विद्या सीखते थे। द्रोणाचार्य पाण्डवों को मन लगा कर सिखाते, पर कर्ण को नहीं। कर्ण को यह बात बहुत बुरी लगी। आखिर कर्ण से न रहा गया और उसने आचार्य से इस पक्षपात का कारण पूछा। द्रोणाचार्य ने कहा—'हंसों का भोजन कौवों को नहीं दिया जाता।'

कर्ण तेजस्वी पुरुष था। उसने यह उत्तर सुना तो उसके क्रोध का ठिकाना न रहा। वह अपना अपमान न सह सकने के कारण वहाँ से चल दिया। उसने मन ही मन प्रतिज्ञा की—देखें, शस्त्र-विद्या में अर्जुन बढकर निकलता है या मैं ?'

उन दिनो परशुराम धनुर्वेद के आचार्य माने जाते थे। पर उनका प्रण था—सिवा ब्राह्मण के यह विद्या किसी और को नहीं सिखाऊँगा।

कर्ण को परशुराम के प्रण का पता था। वह ब्राह्मण का रूप धारण करके परशुराम के आश्रम मे पहुँचा और उनसे धनुर्विद्या सिखाने की प्रार्थना की।

परशुराम ने उसका परिचय पूछा और उसने अपने को ब्राह्मण बतला दिया। अन्त मे परशुराम ने उसकी प्रार्थना अंगीकार कर ली और कर्ण आश्रम में रहने लगा।

कर्ण परशुराम की अनन्य-भाव से सेवा करता था। परशुराम उसकी सेवा पर मुग्ध हो गया और उसे दिल खोल कर सिखाने लगा। कुछ दिनो बाद कर्ण ने सेवा और अधिक करना आरम्भ कर दिया। पर उसका असर उल्टा हुआ। सेवा की अधिकता ने परशुराम के हृदय में शंका उत्पन्न कर दी। वह सोचने लगा—ब्राह्मण-कुमार इतनी कठोर सेवा नहीं कर सकता। कदाचित् यह ब्राह्मणेतर न हो!

एक दिन की बात है कि परशुराम कर्ण की गोद में सिर रखकर सो रहे थे। एक कीडे ने कर्ण की जांघ पर ऐसा काटा कि खून बहने लगा। जांघ इधर-उधर करने से गुरुजी की निद्रा भंग होने का उसे भय था। गुरु-भक्त कर्ण ने अपने कष्ट की परवाह न करते हुए धैर्य । और निश्चल बैठा रहा।

जांघ से बहा हुआ खून परशुराम के शरीर को छू गया। खून

की तरी से परशुराम चौंक कर उठ बैठे। कर्ण से खून बहने का कारण पूछा। कर्ण ने कीड़े के काटने का हाल कह सुनाया।

परशुराम ने क्रोध से कहा—ब्राह्मणकुमार इतना धैर्य नहीं रख सकता। सच-सच बता, तू कौन है?

कर्ण ने हाथ जोड कर मस्तक झुका कर कहा—अपराध क्षमा हो। मैं क्षत्रिय-पुत्र हूँ।

परशुराम—तो मेरे आश्रम मे आकर तूने असत्य-भाषण क्यो किया? असत्य भाषण की सज़ा तेरे लिए यही है कि इसी समय आश्रम से बाहर हो जा। आज, अभी तुझे निर्वासित किया गया। दूसरे को इस घोर अपराध की सज़ा बहुत कठोर दी जाती, पर तूने मेरी बहुत सेवा की है। जा, तेरी विद्या सफल होगी।

कर्ण विनम्रता-पूर्वक आश्रम से बाहर हो गया।

मित्रो! कष्ट-सहिष्णुता का नमूना देखिए। जॉघ में घोर वेदना होने पर भी कर्ण गुरुजी की निद्रा-भग होने के डर से बिना हिले-डुले ज्यों का त्यो बैठा रहा। कर्ण की गुरु-भक्ति प्रशंसनीय है।

आज आप अपने को निर्बल और निर्वीर्य समझते हैं, पर आपके पूर्वज ऐसे नहीं थे। वे अतुल शक्ति के धनी थे। वे संसार की बहादुर से बहादुर जाति का मुकाबिला कर सकते थे। तुम भूल गये हो तुम्हारे पूर्वजों ने अपने प्रचड भुज-दण्ड के बल पर न जाने कितने साम्राज्यों का निर्माण किया है और न मालूम कितने गर्वीले सम्राटों की शान को धूल मे मिलाया है! एक समय तुम्हारे पुरुपाओ के इशारे पर भारतवर्ष चलता था। उनकी जबर्दस्त धाक से दुनियाँ

काँपती थी। भारत उनपर अभिमान करता था। प्रजा उन्हे अपना रक्षक मानती थी और बड़े-बड़े वीर उनके आदेश की प्रतीक्षा करते थे।

जिनके पूर्वजों ने अपने देश की रक्षा की, वे आज अपने प्राणों की रक्षा के लिए दूसरों का मुंह ताकते हैं! जिनके पूर्वज अपनी जीवन-संगिनी तलवार के बल पर निर्भय सिंह की भाँति विचरते थे, वे आज अपनी बनियाई के लिए दुनिया में बदनाम हो रहे हैं! जिनके पूर्वज अन्याय और अत्याचार का प्रतिकार करने के लिए हँसते-हँसते सिर कटवा देते थे, वे आज अपनी जिन्दगी गुजारने के लिए अन्याय और अत्याचार के आगे माथा टेकने में लज्जित नहीं होते! जिनके पूर्वज किसी समय देश के आधार थे; वही आज अगर भार बन रहे हों तो कितने परिताप की बात है!

मित्रो! अर्थ को ही अपने जीवन की क्षुद्र सीमा मत बनाओ। अर्थ के घेरे से बाहर निकलो और देखो, तुम्हारा इतिहास कितना उज्ज्वल है, कितना तेजस्वी है, कितना वीरता-पूर्ण है। इतिहास तुम्हारे पूर्वजो की यशोगाथाओं से भरा पडा है। उसका प्रत्येक पृष्ठ उनके उद्दाम शौर्य का साक्षी है। तुम साधारण पुरुष नहीं हो। तुम्हारी रग-रग में क्षत्रिय-रुधिर चक्कर काट रहा है। तुम में कोई राठौर, कोई सीसोदिया और कोई चौहान है। कायरता की मनोवृत्ति त्यागो। अपनी शक्ति को समझो। निर्भय बनो।

तुम उस परम पुरुष के समान हो जिसके 'महावीर' नाम मे शूरवीरता भरी हुई है और प्रचण्ड पराक्रम का प्रतीक 'सिंह' का निशान था! तुम उस 'जैन-धर्म' के आराधक हो जिसके नाम ही विजय का—जीत का—संदेश सुनाई दे रहा है। जिसका आराध्य

सिंह से अङ्कित महावीर है; जिसका धर्म विजयिनी शक्ति का स्रोत है, उसे कायरता शोभा नहीं देती। उसे वीर होना चाहिए।

संयम धारण करके काम, क्रोध आदि आन्तरिक शत्रुओं पर विजय प्राप्त करना भी वीरता का ही कार्य है, परन्तु समय का विचार अवश्य कर लेना चाहिए। जिस समय सांसारिक जिम्मेवारी आ पड़े उसी समय वैराग्य उत्पन्न हो तो समझना चाहिए कि यह खोटा वैराग्य है। जिस समय महाभारत युद्ध की तैयारी हो रही थी उस समय अर्जुन को वैराग्य चढा। तब कृष्ण ने अर्जुन को फटकारा—

कुतस्त्वा कश्मलमिदं विषमे समुपस्थितम्।
अनार्यजुष्टमस्वर्ग्यमकीर्त्तिकरमर्जुन!॥

ऐ अर्जुन! ऐसे विषम समय में नीच पुरुषों द्वारा अभिनन्दित, स्वर्ग-प्राप्ति को रोकने वाला और अपकीर्त्ति फैलाने वाला यह अज्ञान तुम्हें कहाँ से आगया? इस समय का वैराग्य नरक में डालने वाला है।

भाइयो! इस प्रकार की क्षत्रियों को शोभा देने वाली वीरता पैदा करने के लिए आत्मा में पवित्रता होनी चाहिए जिस क्षत्रिय के हृदय में दुर्व्यसनों ने अड्डा बना लिया हो उसमें ऐसी वीरता नहीं आ सकती, वह महाकायर होता है। जो स्वयं विषयों का दास है वह संसार पर शासन कैसे करेगा?

जिसमें किसी प्रकार का व्यसन लगा हुआ है वह स्त्री-लंपट हुए बिना नहीं रह सकता। जो स्त्री-लंपट होगा वह अपने वीर्य की रक्षा नहीं कर सकता और जो वीर्यहीन होगा उसमें बल कहाँ? बल के बिना संसार में वह अपना प्रभाव कैसे जमा सकता है?

भगवान् ऋषभदेव ने वीर्य की रक्षा की थी, तभी तो वे संसार के पूजनीय हुए। आज न केवल जैन बल्कि वैष्णव लोग भी उनको अपना देव मानते और पूजते हैं। संसार वीर्यशालियो की पूजा करता है। आप अपने पूर्वजो के समान वीर्यशाली बनो और अपने धर्म को सम्भालो।

यही बात मुझे वैश्य भाइयो से कहनी है। वैश्य देश के पेट के समान हैं। पेट आहार को स्थान अवश्य देता है परन्तु उस आहार का उपभोग समस्त शरीर करता है। वह सिर्फ अपने ही लिए आहार जमा नहीं करता। वैश्य देश की आर्थिक-दशा का केन्द्र है। देश की आर्थिक-स्थिति को सुधारना उसका कर्त्तव्य है। वैश्यों को आनन्द-श्रावक का आदर्श अपने सामने रखना चाहिए और स्वार्थमय वृत्ति का त्याग कर जन-कल्याण की भावना को हृदय मे स्थान देना चाहिए।

शूद्रों की दशा आपने बदतर बना दी है। इसी कारण देश आज पंगु बन गया है। अगर आप अपनी और अपने देश की सर्वाङ्गीण समुन्नति चाहते हैं तो उन्हे ऊँचा उठाइये। उन सेवको को प्रेम की दृष्टि से देखिए। उन्हे अपने मनुष्यत्व का भान होने दीजिए। उन्हे समर्थ बनाइये।

इस प्रकार जैसे वर्ण व्यवस्था गुण–कर्म की अपेक्षा से है, उसी प्रकार ससार की समस्त वस्तुएँ अपेक्षा पर ही स्थित हैं। इस सापेक्षवाद को अनेकान्तवाद या स्याद्वाद कहते हैं।

धार्मिक कलह और क्लेश का मूल एकान्तवाद है। जहाँ एक के अनुयायी ने दूसरे धर्म के दृष्टि-कोण को समझने का प्रयत्न न और उसमे रहने वाली आंशिक सचाई को अस्वीकार किया कलह का आरम्भ हो जाता है। इस कलह का अन्त करने का

अमोघ उपाय स्याद्वाद है। दार्शनिक जगत् मे शान्ति स्थापना का इससे अच्छा और कारगर उपाय दूसरा नहीं है। अतएव स्याद्वाद को अपनाओ। उसे अपने जीवन का मूलमंत्र बनाओ। कदाग्रह को त्याग कर उदार-भाव से वीतराग द्वारा प्ररूपित मंगल-मार्ग का अनुसरण करो। इसी में आपका कल्याण है, इसी मे देश का कल्याण है और यही विश्व-कल्याण का राजमार्ग है।

भीनासर
८—६—२७

विवेक

मकान की मजबूती के लिए नीव की मजबूती आवश्यक है। जिस मकान की नीव मजबूत नही होती वह टिकाऊ नही होती। पहले नीव डाली जाती है फिर उसके ऊपर मकान चुना जाता है। धर्म रूपी महल को टिकाऊ बनाने के लिए भी नीव की जरूरत है—वह नीव है अधिकारी का निर्णय। वास्तविक अधिकारी के बिना धर्म वास्तविक लाभ नहीं पहुँचाता। मकान कितना ही सुन्दर क्यो न हो, नीव के बिना उसके किसी भी क्षण ढह जाने की संभावना रहती है।

धर्म का अधिकारी कौन है? यो तो जीव मात्र धर्म के अधिकारी है, पर किस प्रकृति वाले को कैसे धर्म की शिक्षा देनी चाहिए, इस बात का चतुर उपदेशक को अवश्य निर्णय कर लेना चाहिए।

ससार—व्यवहार से योग्यता की परीक्षा की जाती है। जिस ष्य की जैसी योग्यता है वैसा ही काम उसे सौपा जाता है। इससे

न तो काम बिगड़ता है और न उस मनुष्य की असफलता होती है। जो जिसके योग्य नहीं है उसे वह कार्य सौंपा जाय तो काम सिद्ध नहीं होगा और वह मनुष्य दोई दीन से चला जाता है। अयोग्य काम में उसे सफलता नहीं मिलती और योग्य काम उसे सौंपा नहीं गया। इस तरह वह न इधर का रहता है, न उधर का रहता है। यही कारण है कि लोक व्यवहार मे प्राय वही काम उसे सौंपा जाता है जिसके योग्य वह होता है। जब व्यवहार में इस बात का ध्यान रक्खा जाता है तब धर्म में क्यों नहीं रखा जाना चाहिए?

आज हरेक सम्प्रदाय वाला अपना—अपना दल बढ़ाने की चेष्टा करता है पर इस बात का विचार नहीं किया जाता कि कौन किस धर्म के पालने में समर्थ है और कौन नही?

धर्म के अधिकारी का शास्त्र में नाम है—मार्गानुसारी। जैसे विदेशयात्रा पर जाने से पहले सब प्रकार की तैयारी की जाती है, इसी प्रकार मोक्ष-पथ पर चलने के लिए मार्गानुसारी पहले बनना चाहिए।

मार्गानुसारी के कर्त्तव्यों का शास्त्र मे विस्तृत वर्णन है। किन्तु यहाँ सक्षेप मे ही आप लोगो को कुछ बाते समझा देना चाहता हूँ। सर्वप्रथम मार्गानुसारी में विवेक की आवश्यकता है। पृथक्करण की मानसिक शक्ति को विवेक कहते हैं। जैसे कुशल स्वर्णकार सोने मे मिले हुए अन्य पदार्थों को अलग और सोने को अलग कर देता है, उसी प्रकार धर्माधिकारी को हरेक वस्तु का पृथक्करण करना चाहिए। पृथक्करण करने से पता लग जायगा कि कौन-सी वस्तु ग्राह्य और कौन-सी त्याज्य है? मान लीजिए आपने नित्यानित्य के

विषय मे पृथक्करण करना चाहा तो आप को विदित हो जायगा कि संसार मे जो अगणित पदार्थराशि विद्यमान है उसमे नाशवान् कौन-सी और अविनश्वर कौन-सी है ? अविनश्वर के साथ संबध रखना, उस पर विश्वास रखना सुखदाता है और नाशवान् से नाता जोड़ना दुःखदाई है। कहा है—

जब लगी आत्म-तत्त्व चिन्त्यो नहीं, त्यां लगी साधना सर्व झूठी।

जब तक जड–चेतन का विवेक नही होता तब तक कोई कार्य सिद्ध नही हो सकता। जड़–चेतन का विवेक हो जाना 'सम्यग्दृष्टि' है। भगवती सूत्र मे कहा है—

'जिस मनुष्य को जड–चेतन का ज्ञान नही हुआ, फिर भी कहता है कि मैं त्यागी हूँ, समझना चाहिए उसका खयाल गलत है। विवेक के बिना सब क्रियाएँ निष्फल-सी हैं। भौंरे के द्वारा लकड़ी पर 'क' अक्षर खुद भी गया तो उसे उससे क्या लाभ है ? अगर कुछ लाभ है तो 'क' अक्षर जानने वाले को। भौंरे के लिए तो वह व्यर्थ ही है।'

विवेक के विना की गई क्रिया कदाचित् अच्छी बन जाय तो भी उसे अज्ञानी ही समझना चाहिए।

मार्गानुसारी मे विवेक के साथ वैराग्य की मात्रा भी होनी चाहिए। इह लोक के पदार्थों से—स्त्री, पुत्र, धन, मकान तथा स्वर्ग के सुखों की लालसा से चित्त को हटा लेना वैराग्य कहलाता है।

कुछ भाइयों का खयाल है कि वैराग्य साधु को ही हो सकता है। हम गृहस्थ लोग वैरागी कैसे हो सकते हैं ? पर वास्तव मे वात

ऐसी नहीं है। प्रत्येक प्राणी वैरागी बन सकता है। वैरागी का अर्थ वस्तुओं का परित्याग कर देना ही नहीं है। मान लीजिए किसी साधु ने सांसारिक वस्तुएँ त्याग दीं, पर उसके अन्तःकरण में उन वस्तुओं के प्रति अब भी लालसा बनी हुई है तो क्या उसे वैरागी कहना चाहिए? नहीं, उसके विपरीत चाहे स्त्री पास रहे, धन रहे, पुत्र रहे, फिर भी अगर इनमें तल्लीनता नहीं है तो वह वैराग्य है। कमल जल में रहता है फिर भी जल से अलिप्त रहता है। ऐसा ज्ञान जड़-चेतन अर्थात् नश्वर–अनश्वर का विवेक होने पर उदित होता है।

जिसने शरीर को नाशवान् और आत्मा को अविनाशी समझ लिया, क्या शरीर के नाश होने पर उसे दुःख हो सकता है? आत्म-तत्त्व का परिज्ञान हो जाने पर शरीर के टुकड़े-टुकड़े हो जाएँ तो भी दुःख का स्पर्श नहीं होता।

शरीर नाशवान है, इसलिए विवेकी उसकी रक्षा करता है। जो वस्तु नाशवान समझी जाती है उसीकी रक्षा की जाती है। अविनाशी वस्तु की रक्षा की आवश्यकता नहीं होती, क्योंकि वह स्वयं रक्षित है। आग लगने पर घास के झोंपड़े की रक्षा करने की फिक्र होती है, न कि पत्थर के मकान की।

कामदेव बड़ा श्रावक था। उसके पास अठारह करोड़ दीनारें और साठ हजार गाएँ थीं। इसीसे उसके वैभव का अनुमान किया जा सकता है। पर क्या वह देवता की तलवार से भयभीत हुआ था? शरीर के टुकड़े टुकड़े कर देने पर भी उसे चिन्ता हुई थी?

मित्रो! आप के वैभव से उसका वैभव अधिक ही था फिर भी जब उसे मृत्यु का भय नहीं था तब फिर आप मौत के नाम से क्यों

डरते है ? इस अन्तर का कारण यही है कि वह शरीर को नाशवान मानता था और भोगविलासो से विरक्त था। पर आप इससे उलटा समझे हुए हैं।

याद रखिए, शुद्ध विवेक के बिना आप कल्याण-मार्ग पर आगे नही बढ़ सकते। विवेक कल्याण-प्राप्ति की पहली शर्त है।

आपने पत्नी का पाणिग्रहण धर्म-पालन के लिए किया है। इसी प्रकार स्त्री ने भी आपका। जो नर या नारी इस उद्देश्य को भूल कर खान-पान और भोग विलास मे ही अपने कर्त्तव्य की इतिश्री समझते हैं वे धर्म के पति-पत्नी नही वरन पाप के पति-पत्नी हैं।

आज ऐसे धर्म के जोडे बहुत कम नजर आते है। आज कल तो यह दशा है कि जो ज्यादा गहने पहनाता है वही अच्छा पति माना जाता है। विपत्ति आने पर जो पति, अपनी पत्नी से गहने माँग लेता है, उसे उसकी पत्नी राक्षस-सा समझने लगती है। इसका अर्थ यही न निकला कि पति, पति नही किन्तु जेवर पति है ?

मै जब गृहस्थ–अवस्था मे था, तब की बात है। मेरे गाँव मे एक बूढे ने विवाह करना चाहा। एक विधवा बाई की एक लडकी थी। बूढे ने वृद्धा के सामने विवाह का प्रस्ताव उपस्थित किया मगर उसने और उसकी लडकी दोनो ने उसे अस्वीकार कर दिया। कुछ दिनो बाद उस बूढे की रिश्तेदार कोई स्त्री उस बाई के पास आई और उसे बहुत-सा जेवर दिखलाते कहा—तुम्हारी लडकी का विवाह उनके साथ हो जायगा तो इतना जेवर पहनने को मिलेगा। मे आकर विधवा ने अपनी लड़की का विवाह उस बूढे के य कर दिया।

मेवाड की भी एक ऐसी ही घटना है। एक धनी वृद्ध के साथ एक कन्या का विवाह होना निश्चित हुआ। समाज-सुधारकों ने लडकी की माता को ऐसा न करने के लिए समझाया। लडकी की माता ने कहा पति मर जायगा तो क्या हुआ, मेरी लडकी गहने तो खूब पहनेगी।

मित्रो! आप ही बतलाइए, उक्त दोनों विवाह किसके साथ हुए?

'धन के साथ।'

'पति के साथ तो नहीं?'

'नहीं।'

धन ही इन कन्याओं का पति बना!

भाइयो! आपको मेरा कहना शायद अप्रिय लगेगा पर समाज की दयनीय और भयानक दशा देख कर मेरे हृदय में आग धधक रही है। इसलिए कह देता हूँ कि समाज का सत्यानाश करने वाली रीतियों को आप तुरत त्याग दीजिए। आप अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए विधवा बहिनों को सोना पहनाना अपना कर्त्तव्य समझते हैं, पर यह बहुत बुरी चाल है। यह चाल विधवा-धर्म से विरुद्ध है। मानव की प्रतिष्ठा फिर चाहे वह स्त्री हो या पुरुष, उसके सद्गुणों पर अवलम्बित रहनी चाहिए। वही वास्तविक प्रतिष्ठा है। धन से प्रतिष्ठा का दिखावा करना मानवीय सद्गुणों के दिवालियेपन की घोषणा करने के समान है। आप कहते हैं—बिना आभूषणों के विधवा अच्छी नहीं लगती, इसलिए आभूषण पहनाते हैं। मैं समझता हूँ ऐसा सोचने में विलासमय वृत्ति से काम लिया जाता है। विधवा

बहिन के मुख मण्डल पर जब ब्रह्मचर्य का तेज विराजमान होगा तो उसके सामने आभूषणो की आभा फीकी पड जाएगी। चेहरे की सौम्यता बलात् उसके प्रति आदर का भाव उत्पन्न किये बिना न रहेगी। उसके तप, त्याग और संयम से उसके प्रति असीम श्रद्धा का भाव प्रकट होगा। इनमे क्या प्रतिष्ठा नहीं है ? सच समझो तो यही उत्तम गुण उसकी सच्ची प्रतिष्ठा के कारण होगे। ऐसी अवस्था में कृत्रिम प्रतिष्ठा के लिए उसे वैधव्य-धर्म के विरुद्ध आवश्यकता नहीं रहेगी। इसलिए अच्छी न लगने का मोह और भय छोड़ो और निर्भय होकर जैसे धर्म की रक्षा हो वैसा प्रयत्न करो।

विधवा बहिनो से भी मेरा यही कहना है कि अब परमेश्वर से नाता जोडो। धर्म को अपना साथी बनाओ। संयम से जीवन व्यतीत करो। संसार के राग–रंगों को और आभूषणो को अपने धर्म पालन मे विघ्नकारी समझ कर उनका त्याग कर दो। इसीमे आपकी प्रतिष्ठा है, इसीमे आपकी महिमा है। आप संसार की आदर्श त्यागशीला देवियाँ है। आपको गृहस्थी के ऐसे प्रपंचो से दूर रहना चाहिए, जिनसे आपके धर्म-पालन मे बाधा पहुँचती है।

आज भारत का दुर्भाग्य है कि छोटी छोटी बातों के लिए भी उपदेश देना पडता है। साधुओ को पति-पत्नी के झगड़े मे पड़ने की क्या आवश्यकता है ? सामान्य धर्म का नाश होते देख कर के भी विशेष धर्म के पालन का उपदेश देना थोथा धर्माडम्बर है। सामान्य धर्म का भलीभाँति पालन होने पर ही विशेष-धर्म का पालन हो सकता है। सामान्य धर्म के अभाव मे विशेष धर्म का पालन होना नहीं है।

पृथ्वीसिहजी साहब ! आज जनता में भयंकर रोग घुसे हुए हैं।

आप बीकानेर नरेश के सबंधी है, अतएव आपसे यह कह देना उचित है कि आप लोगो पर इन रोगो की चिकित्सा का बड़ा भारी उत्तरदायित्व है। अगर लोग धर्म के कानून को न माने तो आप लोगों को चाहिए कि राजकीय कानून बना कर इन रोगो का मुंह काला करें। बालविवाह और वृद्धविवाह इन रोगो मे प्रधान हैं। इन रोगो की बदौलत अन्य बहुत से रोग उत्पन्न होते हैं। इनसे आपकी प्रजा का घोर पतन हो रहा है। आपके राज्य की शोभा वीर प्रजा से है, न कि निर्बल प्रजा से।*

महाराज हरिश्चन्द्र का धर्म-मर्यादा का पालन कौन नहीं जानता? जिस समय राजा हरिश्चन्द्र, महारानी तारा और कुमार रोहिताश्व राज्य त्याग कर जाते हैं, उस समय समस्त नर-नारियाँ आंसू बहाती है। स्त्रियाँ रानी से कहती हैं—महारानीजी, आप कहाँ पधारती हैं? आप हमारे घर मे टिकिये। यह आप ही का घर है।

महारानी उत्तर देती है—'बहिनो! आपके आँसू, आँसू नहीं, वरन मेरे धर्म का सत्कार है। यह आँसू मेरे पतिव्रत धर्म का अभिषेक हैं। अगर मै राजसी ठाठ के साथ राजमहल में विराजी रहती तो मेरे साथ आपकी इतनी सहानुभूति न होती। बहिनो! यदि आप मेरे प्रति सच्ची सहानुभूति रखती हैं तो आप भी अपने घरमें सच्चे धर्म की स्थापना कीजिए।'

मित्रो! आपने महारानी तारा के वचन सुने? वह धर्म की रक्षा के लिए कितने हर्ष के साथ राजपाट त्याग कर जाती हैं? इसे

* बीकानेर राज्य मे बाल-विवाह और वृद्ध-विवाह के विरुद्ध राजकीय कानून बन गया है। पूज्यश्री के सदुपदेश को इसका श्रेय प्राप्त है।

कहते हैं वैराग्य ! लाखों करोडो के आभूषण पहनने वाली महारानी तारा ने ठीकरो की तरह उन्हे उतार कर फैक दिया और मनमे तनिक भी मलीनता न आने दी। आप सामायिक करते समय पगडी तो उतारते हैं पर कभी दो घडी के लिए अभिमान भी उतारते हैं ? अगर नहीं, तो आप वैराग्य का अर्थ कैसे समझ सकते हैं ?

हरिश्चन्द्र की समस्त प्रजा विश्वामित्र को कोस रही थी। हरिश्चन्द्र चाहते तो अपने एक ही इशारे से कुछ का कुछ कर सकते थे। मगर नहीं। उन्होने प्रजा को आश्वासन दिया कि—घबराओ नही। धर्म का फल कटुक कभी नहीं हो सकता।

मित्रो ! आप लोग अपना 'पोजीशन' बनाया रखने के लिए झूठ, कपट, दगा, फाटका आदि करते हो मगर हरिश्चन्द्र की तरफ देखो। उसके पीछे तमाम प्रजा की शक्ति है, फिर भी धर्म का आदर्श खडा करने के लिए उसे राजपाट त्यागने मे तनिक-सी भी हिचकिचाहट नही है। लोग दमडी-दमडी के लिए झूठ बोलने के लिए तैयार रहते हैं। उनमे ऐसी आस्तिकता कहाँ ?

राजा हरिश्चन्द्र दृढ़ आस्तिकता के कारण ही हजारो वर्ष बीत जाने पर भी आज हम लोगो के मनोमन्दिर मे जीवित है। उनकी पवित्र कथा हमे धर्म की ओर इंगित कर रही है, प्रेरित कर रही है।

पृथ्वीसिहजी साहब ! यदि आपके नगर में महाराज हरिश्चन्द्र आवे तो आप उन्हे क्या भेट चढ़ाएँगे ?

पृथ्वीसिंहजी—'सभी कुछ महाराज !"

आप सभी कुछ चढ़ाने के लिए क्यों तैयार है ? उनके सत्य

को देख कर। क्या इस सत्य धर्म प्रजा में प्रतिष्ठा नहीं होनी चाहिए? सत्य के लिए वीरता की आवश्यकता है और वीरता वीर्य-रक्षा से आती है। आज प्रजा का वीर्य नष्ट हो रहा है। इसे रोक कर क्या आप प्रजा की रक्षा का श्रेय प्राप्त न करेंगे?

प्यारे मित्रो! यदि आप इन रोग-राक्षसों को पहचान गये हों तो इन्हें—बालविवाह और वृद्धविवाह को—तिलांजलि दीजिए और अपने दूसरे भाइयों समझाइए। अगर वे न समझें तो सत्याग्रह कीजिए। उनसे साफ शब्दों मे कह दीजिए—अब हम ऐसे अत्याचार हर्गिज न होने देंगे।

धर्म के खातिर राजा हरिश्चन्द्र ने राज-पाट ही नहीं छोड़ा, पर विश्वामित्र को दक्षिणा चुकाने के लिए आप अपनी पत्नी सहित बिक गये। धर्म की रक्षा त्याग से होती है, तलवार से नहीं।

रामचन्द्रजी ने भी त्याग के द्वारा ही अपने धर्म की रक्षा की थी। वे चाहते तो स्वय राज्य के स्वामी बन सकते थे। सभी लोग उनके पक्ष मे थे, स्वयं भरत भी यही चाहते थे। पर रामचन्द्र राज्य के भूखे नहीं थे। वे संसार को जलाने वाली पाप की अग्नि बुझाना चाहते थे। उन्हें मालूम हुआ कि मेरे ही घर में ऐसा द्वैत फैल गया है। एक ही राजा के पुत्रों में भी ऐसी भिन्नता समझी जाने लगी तब यह आग संसार में कितनी न फैल रही होगी? इसे शान्त करने के लिए राम ने राज्य का परित्याग किया। राम के इस त्याग से संसार सुधर गया। अकेली कैकेयी क्या सुधरी, समस्त भारत रूपी कैकेयी का सुधार होगया।

तलवार की शक्ति राक्षसों के लिए काम में आती है। दैवी प्रकृति वाली प्रजा में प्रेम ही अपूर्व प्रभाव डाल देता है।

मित्रो ! यूरोप और अमेरिका आदि किसी भी देश का इतिहास छान डालिए, पर हरिश्चन्द्र जैसे त्याग का दृष्टान्त आपको विश्व के इतिहास मे नहीं मिलेगा।

ओह ! जिस समय रानी बाजार मे बिकने के लिए खडी होती है, उस समय राजा तो मुंह से कुछ नही बोलते, पर रानी कहती है-'लो, मैं बिक रही हूँ। जिसकी इच्छा हो मुझे दासी बनाने के लिए खरीद लो।'

धन्य है महारानी तारा का त्याग ! ऐसी पतिव्रता, धर्मपरायणा रमणी आर्यावर्त्त को छोड़ कर और कहाँ उत्पन्न हो सकती है।

जिस समय रोहिताश्व का देहान्त होजाता है, उस समय महाराज हरिश्चन्द्र मरघट मे अपने स्वामी-श्वपच-चांडाल-की आज्ञा के अनुसार कर (टैक्स) लेने के लिए बैठे थे। तारा रोहिताश्व को लेकर वहाँ आती है। राजा सामने आकर पैसा माँगता है। रानी कहती है—

'मुझसे पैसे माँगते हैं आप ?'

राजा—हाँ।

रानी—क्या आप मुझे भूल गये है ?

राजा—नहीं तारा, इस जीवन में तुम्हे कैसे भूल सकता हूँ।

रानी—तो आप मुझे इस कर से बरी नहीं कर सकते ?

राजा—तारा, यही करना होता तो राज्य क्यों त्यागता ? जब के लिए असत्य का आचरण न किया तो क्या एक टके के लिए गँवाना उचित होगा ?

रानी—टका तो मेरे पास है नहीं। यह साड़ी है, कहिए तो आधी फाड़ दूँ।

राजा—अच्छा, यही सही। एक टके की तो हो ही जायगी।

ज्यों ही रानी अपनी साड़ी फाड़ने को होती है त्यों ही आकाश से पुष्पवर्षा होने लगती है। इन्द्र आदि देवता उनकी सेवा में उपस्थित होते हैं। स्मशानभूमि स्वर्ग बन जाती है।

यह है सत्य-निष्ठा! हरिश्चन्द्र में इतनी त्यागवृत्ति कहाँ से आई? इसका उत्तर वही है, जो पहले कहा जा चुका है। अर्थात् लालसा का त्याग और नश्वर-अनश्वर का विवेक।

मित्रो! भोग भोगते हुए भी अगर आपका अन्तरंग उनमें लिप्त न होगा तो यही शक्ति आपके भीतर भी आविर्भूत हो सकती है। फिर निस्सार पदार्थों को त्यागने में आपको कष्ट न होगा। आप परमानन्द प्राप्त करेंगे।

भीनासर }
११—६—२७ }

मनुष्यता

प्रार्थना

जय-जय जगत शिरोमणि, हूँ सेवक ने तूं धणी ।
अब तैसों गाढ़ी बनी, प्रभु आशा पूरो हम तणी ॥

आत्मा की उन्नति के लिए विवेक की आवश्यकता है। विवेक के बिना आत्मा की उन्नति नहीं हो सकती। यह बात कल भी मैंने लाई थी, परन्तु शायद ही उस पर आपने फिर मनन किया होगा। मनुष्य उत्तम विषयों को वार-बार मनन किया करता है उसकी त्मा में अच्छी जागृति हो जाती है।

मित्रो ! जिस मनुष्य में विवेक नहीं होता, वह पशु से भी खराब है। मैं आपको एक विवेक की बात कहता हूँ। उससे आप सहज में समझ जाएँगे कि विवेक किसे कहा जाता है ?

कल्पना कीजिए, आप एक जंगल में खड़े हैं। वहाँ कई जानवर अपने से निर्बल पशुओं को चीर फाड़ कर खा रहे हैं। कई कई अपने विषैले स्वभाव से दूसरे प्राणियों के शिकार बन रहे हैं। बतलाइए, आप इन प्राणियों के समान हैं या जुदे हैं ?

'जुदे हैं !'

मित्रो ! इसी को अर्थात् वस्तु को विवेचना करने की शक्ति को विवेक कहते हैं। आपने उक्त प्रकृति वाले जानवरो की क्रिया को देख कर विवेचना कर ली कि—'मैं चीरफाड़ कर मांस खाने वाला सिंह, चीता आदि नहीं हूँ।' मैं विषमय दशन करने वाला सर्प आदि नहीं हूँ। मैं पशु-जगत् से दूसरे जगत का प्राणी—मनुष्य हूँ।' इस प्रकार आपने अपनी भिन्नता बतला दी, पर आपने यह भिन्नता नाम से बतलाई है या काम से ?

जो सूरत-शक्ल से मनुष्य हों पर लक्षणो में—कार्यों में पशु से भी गये-बीते हों, उन्हे क्या कहना चाहिए ? पशुओ से मनुष्य में क्या विशेषता होनी चाहिए, जिससे वह मनुष्य कहलाने का दावा रख सके ?

> आहारनिद्राभयमैथुनञ्च, सामान्यमेतत्पशुभिर्नराणाम् ।
> धर्मो हि तेषामधिको विशेषो, धर्मेण हीन. पशुभि समानः ॥

अर्थात्—आहार करना, नींद लेना, भयभीत होना, मैथुन सेवन करना, यह सब बातें तो मनुष्यो और पशुओं में समान रूप से पाई

जाती हैं। इनके कारण मनुष्य, पशु से भिन्न-विशिष्ट नहीं बन सकता। मनुष्य मे धर्म की विशेषता है। जो मनुष्य धर्महीन है वह पशुओं के ही समान है, क्योकि उसमे ऐसी कोई बात नही पाई जाती जिससे वह पशुओ से भिन्न श्रेणी का साबित हो सके।

कोई यह कह सकता है कि हम पकवान और मिठाइयाँ खाते हैं, इसलिए पशुओ से बड़े है। पर यह कहना ठीक नहीं है। मधु-मक्खी शहद बनाती है और उसमे इतना अधिक मिठास रहता है कि कोई मिठाई उसकी बराबरी नहीं कर सकती। इसके अतिरिक्त उसमें ताकत देने वाले तथा दूसरे गुण इतने अधिक है कि खाने वाले को आश्चर्यचकित होना पड़ेगा।

अगर यह कहा जाय कि मिठाई बनाने मे कारीगरी करनी पडती है, उसमें कला की आवश्यकता होती है, तो यह कथन भी असत्य है। मधुमक्खी की कारीगरी देखकर बड़े-बड़े वैज्ञानिक अचम्भे में पड गये हैं, मधुमक्खी अपने छत्ते मे शहद भरने के लिए ऐसे छेद बनाती है कि उन में रञ्चमात्र भी अन्तर दिखाई नही देता। कुशल कारीगर की बनाई हुई चून्दडी के डिब्बो मे अन्तर मिलेगा, चतुर सोनी के बनाये हुए घूंघरो मे भी अन्तर पाया जा सकता है, परन्तु मधुमक्खी के बनाये हुए छेदो मे अन्तर नजर नहीं आवेगा। मधुमक्खी ने ऐसी पैमायश किस शाला मे सीखी? उसने यह ज्ञान कहाँ प्राप्त किया है, जिसके सामने बड़े-बड़े वैज्ञानिको को नीचा देखना पडता है?

ऐ मनुष्यो! तुम अपनी कारीगरी के लिए क्यों ऐंठे फिरते हो? तुम्हार भीतर मधुमक्खी के बराबर कारीगरी तो आई ही नहीं और इतना ही क्यों मधुमक्खियो ने इन छेदो के अन्दर शहद

भरने के लिए, क्योंकि बिना सहारे शहद टिक नहीं सकता अतएव, मोम लगाया है। किन-किन द्रव्यो का अश लेकर इन्होंने मोम बनाया है ? इन्हे किस रसायन शाला ने यह सिखाया है कि अमुक-अमुक द्रव्यो के सम्मिश्रण से मोम तैयार हो जाता है ?

फिर शहद इक्ट्ठा करके मधु मक्खियो ने कमाल ही कर डाला है। अनेक प्रकार के पुष्पों में से रस निकाल-निकाल कर शहद क्या कम कारीगरी है ? क्या साधारण-सा कौशल है ? नही। परन्तु मधुमक्खियों ने इतना ही नहीं किया उन्होने एक बडा काम और भी किया है। वह यह है कि छेदों के भीतर ज्यादा से ज्यादा शहद भरना और उन में कम से कम मोम लगाना। मित्रो ! यह साधारण काम नहीं है। इस काम मे उन्होने अपने उत्कृष्ट कौशल की सीमा कर दी है। आप उसे ध्यानपूर्वक देखेंगे तो मधुमक्खियो का कौशल देख कर आपको दग रह जाना पड़ेगा।

मधु-मक्खी में शहद उत्पन्न करने का सद्गुण है। अब आप अपनी ओर दृष्टि दौडाइये। सोचिए, आप मे ऐसा कौन-सा सद्गुण है जो शहद की बराबरी कर सकता हो ?

आपमें मिठाई बनाने की कला है पर वह पराधीन। मधुमक्खी में मधु तैयार करने की कला है। इतना होने पर भी अगर आप मूंछें मरोड कर अकड कर दिखाते फिरें और मनुष्य होने का अभिमान करें तो यह कहाँ तक उचित कहा जा सकता ?

आपके पकवान शहद के सामने तुच्छ हैं। आपकी कारीगरी मक्खी की कारीगरी के आगे नाचीज है। फिर आप सोचिए कि आप मधुमक्खी से आगे बढ़े हुए है या पिछड़े हुए हैं ?

ऐसी स्थिति में स्वभावतः यह प्रश्न उपस्थित होता है कि मनुष्य मक्खी से बडा कैसे है ? इस प्रश्न पर गौर से विचार करना चाहिए। मक्खी यह कारीगरी आज से नहीं वरन् न जाने कब से कर रही है। फिर भी उसने अपने कार्य मे कुछ भी परिवर्त्तन नहीं किया। वह जैसा पहले करती थी वैसा ही आज भी कर रही है। उसका यह विज्ञान जड़-विज्ञान है। इससे विपरीत मनुष्य अपने विज्ञान को बढ़ा सकता है। वह नित्य नवीनता ला सकता है। मनुष्य मधुमक्खी के ही नहीं, वरन् सारी सृष्टि के विज्ञान को अपने मस्तिष्क में भर सकता है। मस्तिष्क शक्ति की विशिष्ठता के कारण मनुष्य मधुमक्खी से बड़ा है।

मनुष्य के विज्ञान ने घडी, रेल, बिजली, वायुयान, बेतार का तार आदि अनेक अन्वेषण किये है। मानवीय विज्ञान की बदौलत, अमेरिका प्रेसीडेन्ट के अमेरिका मे होने वाले भाषण को आप घर बैठे अनायास ही सुन सकते हैं। यहाँ की प्रधान अभिनेत्री के नृत्य-कला के हावभाव आप घर बैठे देख सकते है। इस विज्ञानशाला ने कइयो की आँखें खोल दी हैं। पहले अग्नि भोजन बनाने के काम आती थी और पानी का प्रायः पीने मे प्रधान उपयोग होता था। पर अब उसकी सहायता से ऐसे-ऐसे काम किए जाते हैं कि उन्हे देखकर और सुन कर आश्चर्य का पार नहीं रहता। पानी से बिजली निकाली जाती है और वह आपके घरों को जगमग-जगमग कर देती है। साथ ही और भी सैकडो काम आती है।

मनुष्य ने कितनी बडी उन्नति कर ली ? मनुष्य के सिवाय कोई प्राणी ऐसा कर सकता है ? क्या मनुष्येतर प्राणी में के इस चमत्कार को समझने की भी शक्ति है ? नहीं।

पर हमें इस मानवीय उत्कर्ष पर सूक्ष्म विचार करना चाहिए। यह मानवशक्ति दैवी शक्ति नहीं है। यह मांत्रिक शक्ति भी नहीं है। यह यान्त्रिक शक्ति है। इस शक्ति से मनुष्य के सुख में वृद्धि हुई या दुःख में? इसकी बदौलत मनुष्य स्वतंत्र बना है या परतन्त्र?

मैं आपसे एक प्रश्न करता हूँ। बताइए, बिजली बड़ी है या आपके घर का दीपक बडा है?

मित्रो! इस बिजली ने तुम्हारे घर का दीपक हटाकर घर की मगल महिमा का हरण कर लिया है। बिजली के प्रताप ने तुम्हारी आँखों का तेज हर लिया है। इसकी बदौलत मनुष्य को इतनी अधिक क्षति पहुँची है कि उसकी पूर्त्ति होना बहुत कठिन है। बिजली तथा इसी प्रकार की अन्य जड वस्तुओं से आपको बहुत हानि पहुँची है। इन वस्तुओं ने आपके सुख को सुलभ नहीं बनाया।

आधुनिक विज्ञान की आलोचना करने का समय नहीं, फिर भी इतना तो कहना ही पड़ेगा कि विज्ञान के राक्षसी यत्रों ने विकराल विध्वस की सृष्टि की है। विज्ञान की कृपा मे ही आज ससार त्रस्त है। जगत् में हाय हाय की गगन को गुंजित करने वाली ध्वनि सुनाई पड रही है, दु खियों का जो करुण चित्कार कर्णगोचर हो रहा है, भुखमरों का जो रोदन सुनाई दे रहा है, यह सब विज्ञान की विरुदावली का बखान है। जिनके कान हैं वे इस विरुदावली को सुनें और विज्ञान की वास्तविकता पर विचार करें।

कहने का आशय यह है कि मनुष्य की वैज्ञानिक प्रगति उसके मस्तिष्क की महिमा को भले ही प्रकट करती हो, पर उससे मनुष्य की मनुष्यता जरा भी विकसित नहीं हुई। जो विज्ञान मनुष्य का मनुष्यता नहीं बढ़ाता, बल्कि उसे घटाता है और पशुता की वृद्धि

करता है, उसी विज्ञान की बदौलत मनुष्य अपने आपको पशुओं से विशिष्ट—उच्च श्रेणी का मानता है! इसे अगर मनुष्यता का दिवाला कहा जाय तो क्या अनुपयुक्त होगा? इससे या तो मनुष्यता का मूल्य घटता है या फिर पशुता का मूल्य बढ़ जाता है—दोनो के बीच की दीवाल गिर पड़ती है।

आपने लक्ष्मी प्राप्त कर ली, अधिकार आपके हाथ मे आ गया, लेकिन इनसे क्या कर लिया? क्या आपने अपने दो हाथो के बदले चार हाथ बना लिए? क्या आपकी पाँच इन्द्रियो की जगह छ इन्द्रियाँ हो गई? अगर नहीं, तब आपने क्या किया? पुराणो में शिव के तीन नेत्र माने गये है। लोग शिव की पूजा करते हैं। पर शिव की जड़-मूर्त्ति की पूजा करके बैठ रहे और शिव के तृतीय नेत्र की तरह अपने अन्दर दिव्य-ज्ञान रूपी नेत्र पैदा न कर सके तो वह पूजा निरर्थक समझी जायगी। शिव की सच्ची पूजा है—स्वय शिव-स्वरूप-कल्याणमय बन जाना।

जो लक्ष्मी प्राप्त करके, ऋद्धि, सम्पत्ति और अधिकार पा करके भी दिव्य-ज्ञान रूप तृतीय नेत्र प्राप्त करके शिव-रूप न बना, उसकी लक्ष्मी बिल्कुल व्यर्थ है, उसका अधिकार धिक्कार योग्य है और उसकी समस्त ऋद्धि-सम्पत्ति उसी का नाश करने वाली है।

आप मे से कई-एक आदमी सोचते होगे कि मै उनके धन की निन्दा कर रहा हूँ। मैंने उनकी ऋद्धि के प्रति अपना घृणाभाव प्रकट किया है। पर मित्रो! बात ऐसी नहीं है। यद्यपि यह सच है मेरी निगाह में धन का अपने आप में कोई मूल्य नही है, तथापि मै जो कुछ कह रहा हूँ वह यह कि सच्चा धन, सच्ची लक्ष्मी, वही से मनुष्य त्रिनेत्रधारी शिव–शकर–कल्याण-कर्त्ता–बन जाय।

आप कहेंगे—धनवान या लक्ष्मीवान् भी कभी शिव बन सकता है? मैं कहता हूँ—क्यों नही? ऋद्धि के सागर में बैठे हुए बहुतो ने शिवत्व प्राप्त किया था। चक्रवर्ती भरत ने और माता मरुदेवी ने कहाँ शिवत्व पाया था? फिर इस शंका को अवकाश ही कहाँ है?

जिस मनुष्य ने नित्यानित्य का विवेक प्राप्त कर लिया है, हृदय के भीतर ज्ञान-पूर्वक वैराग्य जगा लिया है, वह घर में बैठा हुआ भी शिवत्व प्राप्त कर लेता है।

इससे विपरीत, जिसके हृदय में भोग-लालसा नृत्य करती रहती है, जो काम, क्रोध आदि का शिकार बन कर सिंह, सर्प आदि की तरह समय-समय पर क्रूरता प्रकट करता रहता है, वह भले ही साधु के वेष में हो, फिर भी निन्दनीय है। क्रोधी और कामी मनुष्य अपनी आत्मा का हनन करता है और दु:ख का भागी होता है।

जब मैं बचपन में, संसार-अवस्था मे था, तब श्री धर्मदासजी महाराज के शिष्य श्री गिरधारीलालजी महाराज के प्रति मेरी गुरु-आम्नाय थी। उन्होंने मुझ से एक बात कही। वह यह थी—

दो चिडियाएँ आपस मे लडने लगीं। उनमें इतनी उग्र लडाई हुई कि एक-दूसरी की चोच मे चोंच डाल कर, क्रोध में पागल होकर दोनों आपस में उलझती हुई नीचे आ गिरीं। न वह उसकी चोंच छोडे, न वह उसकी। दोनों एक-दूसरी को पकड कर फँसी रहीं। इस प्रकार बहुत देर हो गई। आखिर एक कुत्ता वहाँ आया। उसने अपने पंजे का झपट्टा मारा। दोनों के प्राण-पखेरू उड गये।

मित्रो! बात साधारण है, छोटी-सी जान पडती है। पर इसके रहस्य का विचार कीजिए। बताइए उन चिडियों के मरने में दोष किसका है? मृत्यु के लिए कुत्ता जिम्मेवर है या वे स्वयमेव?

'वे स्वयमेव!'

क्यों! उन चिडियों ने ऐसा कौन–सा काम किया, जिसके कारण उन्हे दुःख भोगना पडा? मित्रो! प्रकृति का नियम निराला है। उस नियम को कोई तोड़ नहीं सकता।

विचार कीजिए, क्या उन चिडियों को घर बाँटना था? क्या उन्हें धन-दौलत का बँटवारा करना था? असीम आकाश में स्वच्छन्द विचरण करने वाली चिड़िया, कुत्ते की क्या विसात, क्या शेर के भी हाथ आ सकती है? फिर वह दोनों कुत्ते के द्वारा कैसे मारी गईं! क्रोध के कारण। क्रोध ने उनका नाश कर डाला। अगर वे क्रोध में पागल होकर अपना आपा न भूल गई होतीं तो कुत्ते की क्या मज़ाल कि वह उनकी परछाई भी पा सके।

भाइयो और बहिनो! आपने चिडियो के मरने का कारण समझ लिया। आप उन्हे यह उपदेश देने के लिए भी तैयार हो गये कि क्रोध कभी नहीं करना चाहिए। पर आप इस उपदेश पर स्वयं भी अमल करते हैं? मैं बहिनो से पूछता हूँ—बहिनो! तुम तो कभी ऐसा क्रोध नहीं करतीं?

आपकी तरफ से कोई उत्तर नहीं मिल रहा है। पर मुझे है कि अगर आप क्रोध न करती तो सास-बहू, ननद-भौजाई वरानी-जिठानी में कभी लडाई न होती। घर-घर कलह के अड्डे होते और आपका पारिवारिक जीवन कुछ का कुछ होता।

बहिनो ! इस कुचाल को छोड़ो । यह कुचाल तुम्हारे विवेकरूपी पंख को तोड डालेगी । जिस प्रकार पंखों के बिना पक्षियों का सुखपूर्ण स्वच्छन्द विहार नहीं हो सकता, उसी प्रकार विवेक के नष्ट होने पर तुम्हारा मोक्ष-रूप आकाश में क्रीडा करना असम्भव हो जायगा । क्रोध महा-भयंकर पिशाच है । इस से सदा दूर रहा करो ।

भाइयो और बहिनो ! यह बात मैंने अपने मन से बनाकर नहीं कही है । इसका विचार शास्त्र मे आया है । गीता मे भी इसकी अच्छी विवेचना की गई है ।

इस महान् शत्रु के प्रताप से जीवो को अनेक बार चौकडी भरनी पडती है । तीर्थंकर क्रोध तथा इसके भाई-बन्द अन्य दुर्गुणों का समूल उन्मूलन करते हैं । इसी कारण वे 'ईश्वर' कहलाते हैं । आपकी आत्मा अनन्त गुणो की राशि है । उसमे अपरिमित गुण-रत्न भरे पड़े हैं । फिर भी आप उन गुणो को उपलब्ध नहीं कर पाते । इतना ही नहीं आप उन गुणो को पूरी तरह पहचान भी नही पाते हैं । अपनी चीज, अपने भीतर विद्यमान है, अपने द्वारा ही उसकी उपलब्धि होती है, फिर भी उसे आप नहीं जान पाते । यह कितनी दयनीय दशा है ? जानते हो, इसका कारण क्या है ? इसका एकमात्र कारण क्रोध आदि विकार हैं । विकारो ने आत्मा के स्वाभाविक गुणों को इस प्रकार आच्छादित कर रक्खा है कि आपकी दृष्टि वहाँ तक पहुँच ही नहीं पाती । जिस दिन आपकी दृष्टि ऐसी तीक्ष्ण बन जायगी कि आप विकारजन्य आच्छादन को बेध डालेंगे, उसी दिन आपको अपना खजाना नजर आने लगेगा । वह खजाना इतना मोहक, आकर्षक एवं अद्भुत होगा कि फिर उसके आगे तीनो लोको की समस्त सम्पदा आपको नगण्य जान पड़ेगी ।

भाइयो, घर का अमृत छोड कर बाहर विप पीने क्यों दौडते हो ? देखो, इन विकारो ने तुम्हे कैसी विपन्न दशा मे पटक रक्खा है ! यह विकार भाई को भाई मे लड़ाते है, सास-बहू का झगडा करवाते हैं, पिता-पुत्र मे वैर-भाव उत्पन्न करते हैं। धर्म-धर्म मे सिर फुटौवल करवाते हैं, एक दूसरे के प्रति विपवमन कराते हैं। यह विकार आपको शिव नहीं बनने देते। ऐसे महान् शत्रुओ का नाश करना, आपका सब से पहला कर्त्तव्य है।

मित्रो ! तुमने मनुष्य-जन्म पाया है। स्मरण रक्खो, यह जन्म सरलना से नहीं मिलता। न जाने कितने भव धारण करने के बाद कौन-कौन-सी भयंकर यातनाएँ भुगतने के पश्चात्, कौनसे प्रबल पुण्य के उदय से यह जन्म तुम्हे मिल पाया है। अगर यह यो ही व्यतीत हो गया—विकारो मे ग्रस्त रहकर इसे वृथा बर्बाद कर दिया, तो कौन जाने फिर कब ठिकाना लगेगा ?

अगर आपके पास धन है तो उसे परोपकार में लगाओ। यह धन आपके साथ जाने वाला नहीं है। इस धन के मोह मे मत पडो। यदि इसके मोह में पड गये तो आपको मोक्ष प्राप्त नही हो सकेगा।

ईशु के पास एक आदमी आया। उसने कहा—आपने स्वर्ग का द्वार खोल दिया है। मै स्वर्ग में जाना चाहता हूँ। मुझे वहाँ भेज दीजिए।

ईशु—तुम स्वर्ग मे जाना चाहते हो ?

आगन्तुक—जी हाँ।

ईशु—जाना चाहते हो ?

आग०—जी।

ईशु—जरा सोच लो। जाना चाहते हो?

आग०—खूब सोच लिया। मै स्वर्ग जाना चाहता हूँ।

ईशु—अच्छा, सोच लिया है तो अपने घर की तिजोरियो की चावी मुझे दे दो।

आग०—ऐसा तो नहीं कर सकता।

ईशु—तो जाओ, तुम स्वर्ग नहीं जा सकते।

सुई के छेद में से ऊँट का निकल जाना कदाचित् सम्भव हो, पर कजूस धनवानों का स्वर्ग में प्रवेश होना नितान्त असम्भव है।

मित्रो! मनुष्य होकर मनुष्यता सीखो। धन का मोह छोडो। काम-क्रोध से नाता तोडो। अपने जीवन को परोपकार में लगाओ। तभी आप महावीर के सच्चे शिष्य कहलाओगे और कल्याण के भागी बनोगे।

भीनासर
१२—६—२७.

ज़हरीली जड़

समुद्रविजय-सुत श्रीनेमीश्वर, जादव कुल को टीको ।
रतन-कूँख धारिणी 'सिवादे', तेह नो नन्दन नीको ।।
श्री जिन मोहनगारो छे, जीवन प्राण हमारो छे ।।

शरीर मे आठ अंग माने गये है और शेप अवयव उपांग कहलाते हैं। यह अंग शरीर के ही हिस्से है। शरीर से सर्वथा भिन्न अस्तित्व उनका दृष्टिगोचर नही होता। इसी प्रकार सम्यक्त्व के आठ अग है। यह आठ अंग भी सम्यक्त्व से सर्वथा भिन्न नहीं है। लेकिन आज उन आठ अंगो मे से दूसरे अग पर ही विचार करना है।

'कंखा' अर्थात् कांक्षा या अभिलाषा अथवा इच्छा करना ... का दोप है और कांक्षा न करना सम्यक्त्व का अंग है।

सर्व प्रथम यह प्रश्न उपस्थित होता है कि संसार में ऐसा कौन सा छद्मस्थ जीव है, जिसे किसी न किसी प्रकार की कांक्षा न हो? जिस पुरुष को किसी प्रकार की कांक्षा नहीं होती वह छद्मस्थ नहीं, वरन् वीतराग है। छद्मस्थ को तरह-तरह की कांक्षाएँ होती हैं। परन्तु मैं यहाँ सिर्फ धार्मिक मर्यादा में विचार करना चाहता हूँ।

मान लीजिए, एक पुरुष ने विधि सहित एक कन्या के साथ विवाह किया। थोड़े ही दिनों बाद उस स्त्री को त्याग कर बिना उसकी स्वीकृति के वह वैराग्य धारण करने की इच्छा करे तो मानना चाहिए कि वह पुरुष अपने लग्न-सबंध पर पानी फेर रहा है। उसने स्वेच्छा से जो उत्तरदायित्व अपने सिर पर ओढ़ा है उससे वह किनारा काटना चाहता है। अपनी धर्मपत्नी को उसने जो विश्वास दिलाया है, उसे भंग करने की चेष्टा कर रहा है। अगर उसे वैराग्य लेना ही था तो उसे विवाह नहीं करना चाहिए था। विवाह-सबंध में बंध जाने और स्त्री को उसमें बांध लेने के पश्चात्, असमय में, पत्नी की स्वीकृति लिए बिना वैराग्य की कामना करना उचित नहीं है। हाँ, पुरुष विवाह-सबंध को दवाई के रूप में समझ कर धीरे-धीरे निकाम होने की सद्-भावना अवश्य रक्खे। बड़ी-बड़ी स्त्रियों ने पतियों के साथ रह कर सती का आदरणीय पद प्राप्त किया है और बड़े-बड़े पुरुष स्त्रियों के साथ रह कर उत्तम पुरुष कहलाने के योग्य बने हैं।

मेरे इस कथन को सुन कर कदाचित् आपको जम्बूस्वामी का स्मरण आ जाए और आप सोचने लगें कि उन्होंने विवाह के दूसरे दिन ही अपनी आठ नवविवाहिता पत्नियों का त्याग कर मुनि-दीक्षा धारण कर ली थी। यह जानते-बूझते भी मैं यह बात कैसे कह रहा हूँ? मगर मैं आपको इतना स्मरण और करा देना चाहता हूँ कि

जम्बूस्वामी ने अपनी गृहस्थावस्था मे, विवाह का प्रस्ताव उपस्थित होने पर अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी थी। उन्होने कन्याओ को और उनके पिताओ को स्पष्ट रूप से बतला दिया था कि मै गृहस्थावस्था मे रहना नही चाहता। मुझे दूसरे दिन ही जैनेन्द्री दीक्षा धारण कर लेनी है। यह सब कुछ जानते-बूझते कन्याओ ने जम्बूकुमार के साथ विवाह-सबंध स्वीकार किया था। अतएव मैने ऊपर जो कुछ कहा है, जम्बू-चरित से उसमें कुछ भी बाधा उपस्थित नही होती। जम्बूकुमार ने किसी को धोखा नहीं दिया, किसी को भुलावे मे नही रक्खा, उन्होने पहले ही बात साफ कर दी थी।

बात यह है कि धर्म की नीव नीति है। नीति के बिना धर्म की प्रतिष्ठा नही हो सकती। जो पुरुष या स्त्री नीति को भग करेगा वह धर्म को दीप्त नहीं कर सकता। अतएव जिस क्रिया से नैतिक मर्यादा का उल्लंघन होता है वह क्रिया धर्म-संगत कैसे मानी जा सकती है?

अब यह विचार करना है कि सम्यग्दृष्टि पुरुष को किस वस्तु की कांक्षा नहीं करनी चाहिए? सम्यक्त्व धारण करने वाले को बतलाया जाता है कि स्वधर्म के देव, गुरु के सिवाय अन्य धर्म के देव और गुरु की कांक्षा नही करनी चाहिए। जो ऐसी कांक्षा करता है उसे दोष लगता है।

प्रश्न उठता है—स्वधर्म क्या? अपने-अपने धर्म की हर एक बड़ाई करता है। सब कहते हैं—हमारे धर्म को मानो, हमारे गुरुओं को वन्दन करो और किसी दूसरे को मत मानो। गीता मे भी है—

'स्वधर्मे निधन श्रेय परधर्मो भयावहः।'

अर्थात्—स्वधर्म मे रहते हुए मृत्यु का आलिंगन करना श्रेयस्कर है, मगर परधर्म भयकर है।

जब तक स्वधर्म और परधर्म का ठीक-ठीक निर्णय न हो जाय, तब तक वस्तु-तत्त्व समझ मे नही आ सकता। अतएव सर्व प्रथम यही निश्चित् करना चाहिए कि वास्तव मे स्वधर्म से क्या अभिप्राय है और परधर्म का क्या आशय है ?

धर्म के दो भेद हैं—एक वर्णधर्म और दूसरा आत्मिक धर्म। अगर धर्म के इस प्रकार भेद न किये जाते और धर्म का वर्गीकरण करके उसके स्वरूप को न समझा जाता तो अनेक कठिनाइयों का सामना करना पडता।

जैसा कि अभी कहा गया है, गीता का कथन है कि यदि अपने धर्म मे कुछ कठिनाइयाँ हो और दूसरे के धर्म मे सरलता दिखलाई देती हो तो भी परधर्म को न अपना कर अपने धर्म के लिए प्राण दे देने चाहिए। क्या इसका मतलब यह है कि एक शराबी शराब पीना अपना धर्म समझता है, शराब के बिना उसका काम नहीं चलता, तो इसके लिए उसे मर जाना चाहिए ? क्या इसका अर्थ यह समझा जाय कि अगर किसी पुरुष ने पर-स्त्री के साथ मौज-मजा उडाने मे धर्म समझ लिया हो, उसके बिना उसे चैन न पडती हो, तब कोई इस दुष्कर्म से छुडाने की कोशिश करे तो उसे मर जाना चाहिए ? नहीं, इसका यह अर्थ नही है। राजा प्रदेशी को, जिसके हाथ सदा खून से रगे रहते थे और जिसने जीव-हिसा करना ही अपना धर्म मान लिया था, क्या मुनि के उपदेश से हिसा का त्याग नहीं करना चाहिए था ? तब स्वधर्म के लिए प्राण तक न्यौछावर कर देने का आशय क्या है ?

मैंने जहाँ तक इस श्लोक पर विचार किया है तथा अन्य विद्वानो के विचार सुने है, उससे यही प्रतीत हुआ है कि यहाँ धर्म शब्द का संबंध वर्णाश्रम धर्म के साथ है। अपने वर्णधर्म पर डटे रहने का यहाँ प्रतिपादन किया गया है।

मित्रो! वर्णाश्रमधर्म के विषय मे यदि ऐसा कडा उपदेश न दिया जाता तो संसार की व्यवस्था ठीक न रहती। ब्राह्मण को ब्राह्मणधर्म पर, क्षत्रिय को क्षत्रियधर्म पर, वैश्य को वैश्यधर्म पर और शूद्र को शूद्रधर्म पर कायम रहना चाहिए। इस कथन से यह आशय नहीं निकालना चाहिए कि ब्राह्मण का धर्म विद्याध्ययन करना है, इसलिए क्षत्रिय को विद्याध्ययन से बच कर अशिक्षित ही रहना चाहिए। तथा क्षत्रिय का धर्म वीरता धारण करना है अतएव ब्राह्मण को निर्बल एवं कायर रहना चाहिए। वैश्य का धर्म व्यापार करना है और शूद्र का सेवा करना। पर इसका अर्थ यह नहीं कि वैश्य की स्त्री को कोई अपहरण कर ले जाय तो वह वीरता के अभाव मे मुंह ताकता खडा रहे या शूद्र विद्या के सर्वथा अभाव के कारण यथोचित सेवाधर्म का पालन ही न कर पावे।

मित्रो! याद रक्खो, प्रत्येक मनुष्य मे चारो गुणो का होना अत्यावश्यक है। उसके बिना जीवन का यथोचित निर्वाह नही हो सकता। अब यह शंका होती है कि अगर प्रत्येक वर्ण वाले मे चारो वर्ण वालो के गुण विद्यमान होना आवश्यक है तो वर्णाश्रम धर्म किस प्रकार निभेगा? इसका समाधान यह है कि प्रत्येक मनुष्य प्रत्येक मे प्रवीण नहीं होता। वह किसी एक कार्य मे ही विशिष्ट और सफलता प्राप्त कर सकता है। इसी आधार पर वर्ण किया गया है।

चारों वर्ण विराट पुरुष का स्वरूप है। अर्थात समस्त मानव-प्रजा चार वर्णों में विभक्त है फिर भी सामान्य की अपेक्षा मनुष्य जाति एक ही है।

मनुष्यजातिरेकैव जातिकर्मोदयोद्भवा।

अर्थात्-जाति नाम कर्म के उदय से मनुष्य जाति एक-अखण्ड है।

जब तक भारतवर्ष मे वर्ण व्यवस्था ठीक रही तब तक उसे किसी प्रकार का कष्ट नही भोगना पडा। पर जब से एक मस्तक मे कई मस्तक हुए, हाथो मे से कई हाथ निकल पडे अर्थात ब्राह्मणों में कई एक उपजातियाँ खडी हो गई, क्षत्रियो मे अनेक शाखाएँ और प्रशाखाएँ बन गई, वैश्यो मे विभिन्न जातियों की उत्पत्ति हुई और शूद्र वर्ण विविध हिस्सो मे विभक्त हो गया, तभी से देश की हीन अवस्था आरभ हुई और धर्म के कर्म नष्टभ्रष्ट हो गये। 'स्वधर्मे निधन श्रेय परधर्मो भयावह' इसी अव्यवस्था को सुधारने के लिए कहा गया था। इसी गडबड को मिटाने के लिए आचार्य जिनसेन ने राजाओं को सलाह दी थी कि अगर कोई वर्ण वाला अपने कर्त्तव्य-धर्म को अतिक्रमण करके अन्य धर्म का आचरण करे तो राजा को उसे रोक देना चाहिए, अन्यथा वर्णसंकरता फैल जायगी।

गीता का स्वधर्म सम्बन्धी कथन आत्मिक धर्म के लिए लागू नहीं हो सकता, क्योंकि नीच से नीच चाण्डाल तक के लिए आत्मधर्म की आराधना का और मोक्ष का दरवाजा सदा खुला रहता है।

भाइयो ! मैं क्षमा के विषय में कह रहा था फिर उसी पर आ जाइए। मान लीजिए एक क्षत्रिय युद्ध में लड़ने गया। वहाँ उसने [illegible] जाने की बाधा करता है। वह

विचारता है—'बनिया बन जाऊँगा तो मौत की आजीविका से बच सकूंगा और आराम से जीवन बिता सकूंगा। इस प्रकार की कांक्षा नीच कांक्षा है। ऐसी कांक्षा कभी नही करना चाहिए।' उसे गीता के विधान का स्मरण करते हुए अपने कर्त्तव्य पर, अपने धर्म पर हँसते हँसते, प्राण न्यौछावर कर देने चाहिए।

जिस समय वीर अर्जुन को रण मे लड़ने के समय त्यागी ब्राह्मण बनने की कांक्षा हुई, तब श्रीकृष्ण ने कहा—

क्लैब्य मास्म गमः पार्थ। नैतत्

क्षुद्र हृदयदौर्बल्य, त्यक्त्वोत्तिष्ठ परन्तप!

हे पार्थ! इस क्लीबता—नपुंसकता को हटाओ। तुम सरीखे बहादुर क्षत्रिय के लिए यह शोभा नही देती। हृदय की क्षुद्र दुर्बलता का त्याग करके तैयार हो जाओ।

मित्रो! वर्णाश्रम धर्म की गडबडी से ही आज भारत दीन, विपन्न और गुलाम बन गया है। जो भारत अखिल विश्व का गुरु था और सब को सभ्यता सिखाने वाला था, आज वह इतना दीन-हीन हो गया है कि आध्यात्मिक विद्या की पुस्तके जर्मनी से मँगाता है, युद्ध-सामग्री के लिए अमेरिका के प्रति याचक बनता है, नीति और धर्म की पुस्तको के लिए इंग्लैण्ड के सामने हाथ पसारता है। और तो और, सुई जैसी तुच्छ चीज के लिए भी वह विदेशियो का मुंह ताकता है। इसका क्या कारण है?

कई भाई सोचते होगे कि महाराज शास्त्र की बातें छोड कर की चर्चा क्यो करते हैं? मित्रो! मैं इस प्रकार की आशंका कई बार कर चुका हूँ। आप लोग गृहस्थ हैं।

गृहस्थ-धर्म की शिक्षा देना साधु का कर्त्तव्य है। आप अभी साधु बनने के लिए तो मेरे पास आये नहीं हैं, तब क्या आपको आपका धर्म बतलाना अनुचित होगा ?

मैं प्रधान मन्त्री से पूछता हूँ—क्या प्रधान मंत्री (सर मनुभाई मेहता) मेरे पास संन्यास ग्रहण करने की शिक्षा के लिए आये हैं ?

(प्रधान मंत्री ने गर्दन हिलाते हुए सूचित किया—नहीं !)

आपके धर्म के अनुसार तो आपकी उम्र संन्यास धारण करने की हो गई है। फिर क्या बात है ?

यही कि आप संन्यास ग्रहण करने की इच्छा नहीं रखते। आप गृहस्थ रहना चाहते हैं। तो मुझे यह बतलाना ही चाहिए कि गृहस्थ धर्म क्या है ? गृहस्थ का कर्त्तव्य न जानोगे तो आगे कदम बढ़ना भी कठिन हो जायगा। यह बात भूल नहीं जाना चाहिए कि प्रत्येक काम में धर्म रहा हुआ है, अगर उसे उपयोग के साथ—यतनापूर्वक किया जाय।

एक बाबाजी थली की ओर आ निकले। जंगल का मामला था। बाबाजी को भूख और प्यास सता रही थी। ऊपर से सूरज अपनी कठोर किरणें फैंक रहा था। पर विश्रान्ति के लिए न कहीं कोई वृक्ष आदि दिखाई दिया और न पानी पीने के लिए जलाशय ही नजर आया। बाबाजी हाँफते—हाँफते कुछ और आगे बढ़े। थोड़ी दूरी पर, रेतीले टीलों पर तम्बूम्बे के फल की बेल दिखाई दी। बाबाजी पहले कभी इस ओर आये नहीं थे। इस कारण इसके गुणों और दोषों से अनभिज्ञ थे। बाबाजी इन बेलों के पास आये और पीले पीले सुन्दर फल देखे तो बहुत प्रसन्न हुए। उन्होंने सोचा—अब इनसे मैं अपनी भूख मिटाऊँगा।

बाबाजी ने एक फल तोडा और मुंह मे डाला। जीभ से स्पर्श होते ही उनका मुंह जहर सा कडुवा हो गया। उन्हे बडा आश्चर्य हुआ। देखने मे जो फल इतना सुन्दर है, उसमे इतना कडुवापन! मगर वे धुन के पक्के थे। उन्होने सोचा—देखना चाहिए, फल मे कटुकता कहाँ से आई है? कटुकता की परीक्षा करनें के लिए बाबाजी ने पत्ता चखा वह भी कटुक निकला। फिर भी तन्तु का आस्वादन किया तो वह भी कटुक! अन्त मे जड उखाड़ कर उसे जीभ पर रक्खा सो वह भी कटुक निकली। बाबाजी ने मन मे कहा—जिसकी जड ही कटुक है उसका फल मीठा कैसे हो सकता है? फल मीठा चाहिए तो मूल को सुधारना होगा।

मित्रो! आज भारत के बालक आपको देखने मे, ऊपर से भले ही खूब-सूरत दिखलाई देते हो, पर उनके भीतर कटुकता भरी पडी है। प्रश्न होता है—बालको मे यह कटुकता कहाँ से आई? परीक्षा करके देखेंगे तो ज्ञात होगा कि बालक रूपी फलो मे माता रूपी मूल मे से कटुकता आती है। अतएव मूल को सुधारने की आवश्यकता है। जब आप मूल को सुधार लेंगे तो फल आप ही आप सुधर जाएँगे। जड को सुधारने का भार मैं किसके सिपुर्द करूँ? मुझे तो इस समय बाबाजी की जगह दीवान साहब नजर आ रहे है। यहाँ की भाषा मे बाबाजी का अर्थ है—बुजुर्ग। लोग अपने पिता या पितामह आदि को बाबाजी कहते हैं। दीवान साहब प्रजा के संरक्षको मे से है—प्रधान है, अतएव उन्हे बाबाजी की पदवी देना अनुचित भी न होगा।

दीवान साहब तथा अन्य भाइयो! जब आप बाजार से निकलें समय आपको मिठाई की दूकाने दिखाई दें या लोगो के शरीर पर

आभूषण और कीमती कपडे दिखाई दें, तो इससे आप यह न समझ लीजिए कि हमारा देश सुखी है। यह तो ऊपर का भभका है। देश मे करोडों आदमी भूखों मरते हैं और नगे रह कर जीवन विताते है। शहरियों की भी दशा ठीक नहीं है। अज्ञान इतना फैला हुआ है कि यह देश दुनिया के लगभग सभी देशों से पिछडा हुआ है। जिस देश में शिक्षा की इतनी कमी हो वह देश यदि परतन्त्र वन जाय तो इसमें आश्चर्य की कौन-सी वात है ?

भारतवर्ष की दशा अभी कडुवे तरतूम्वे की वेल के समान है। इसके फल सव कडुवे हैं। अत मातारूपी जड को मीठा वनाने का प्रयत्न कीजिए। अर्थात् जिस प्रकार तरतूम्वे की जगह मीठे मतीरे (तरवूज) की वेलें वन सकती हैं, इसी प्रकार इन माताओं को मीठे मतीरे की जड वनाइए, जिससे देश मे सुख-शान्ति का सचार हो सके।

माता रूपी मूल को सुधारने का एक मात्र उपाय है—उन्हे सुशिक्षिता वनाना। यह काम, मेरा खयाल है, पुरुषों की वनिस्पत स्त्रियों मे वहुत शीघ्र हो सकता है। उपदेश का असर स्त्रियों पर जितनी जल्दी होता है, उतना पुरुषों पर नहीं होता। इस तथ्य की परीक्षा कल भी हो चुकी है। एक स्थानीय वहिन ने चोटी से लेकर एडी तक सफेद खादी के अतिरिक्त अन्य समस्त वस्त्रों को धारण करने का त्याग किया है और साथ ही यह प्रतिज्ञा भी ली है कि एक अगूठी के सिवाय और कोई जेवर न पहनेगी।

मित्रो ! मारवाड प्रान्त मे और विशेषत बीकानेर के वातावरण में इस प्रकार की प्रतिज्ञा धारण करना कितना कठिन है, पर इस वहिन ने हिम्मत करके यह काम कर दिखाया है। पुरुषों मे अभी एक

भी ऐसा पुरुष नजर नहीं आता जिसने एडी से चोटी तक खादी के सिवाय और कोई भी वस्त्र न पहनने की प्रतिज्ञा ग्रहण की हो। क्या यह काम स्त्री-हृदय की कोमलता परन्तु वीरता का नही है ? इसीलिए मै कह सकता हूँ कि स्त्रियो को सुधारने वाला कोई हो तो वे बहुत शीघ्र सुधर सकती हैं।

पुरुषो की अपेक्षा स्त्रियो मे त्याग की मात्रा अधिक दिखाई देती है। पुरुष चालीस वर्ष की अवस्था मे विधुर हो जाय तो समाज के हितचिन्तको के मना करने पर भी, जाति मे तड डालने की परवाह न कर के दूसरा विवाह करने से नहीं चूकता। दूसरी तरफ उन विधवा बहिनो की ओर देखिए जो बारह–पन्द्रह वर्ष की उम्र मे ही विधवा हो गई है। वे कितना त्याग करके आजीवन ब्रह्मचर्य का पालन करती हैं। क्या यह त्याग पुरुषो के त्याग से बढ़ कर नहीं है?

पुरुष वर्ग मे त्याग की तो इतनी भावना भी नहीं कि वह कम से कम वृद्धावस्था में कन्या से विवाह न करे। कहते लज्जा आती है कि धनवान् वृद्ध पुरुष अपने धन के नशे में इतने अन्धे हो जाते हैं कि उन्हें अपने हिताहित का तनिक भान नहीं रहता और वे ऐसे-ऐसे काम कर बैठते हैं, जिन्हें सुनते ही घृणा उत्पन्न होती है।

मित्रो! अब उठो। अपने जीवन को सुधारो और अपने दुःखों को दूर करने के लिए स्त्रियों की शिक्षा का प्रबन्ध करो।

स्त्रीशिक्षा का तात्पर्य कोरा पुस्तकज्ञान नहीं है। पुस्तक पढना सिखा दिया और छुट्टी पाई, इससे काम नहीं चलेगा। याद रखना, कोरे अक्षर ज्ञान से कुछ भी नही होने का। अक्षर ज्ञान के साथ व्यवहारिक ज्ञान—कर्त्तव्यज्ञान की शिक्षा दी जायगी तभी शिक्षा का वास्तविक प्रयोजन सिद्ध हो सकेगा।

मैंने एक दिन आपके सामने द्रौपदी का जिक्र किया था। मैंने बतलाया था कि द्रौपदी को चार प्रकार की शिक्षा मिली थी। एक बालिका-शिक्षा, दूसरी वधूशिक्षा, तीसरी मातृशिक्षा और चौथी कदाचित् कर्मयोग से वैधव्य भोगना पड़े तो विधवा-शिक्षा। तात्पर्य यह है कि स्त्री को जिन अवस्थाओं में से गुजरना पड़ता है, उन अवस्थाओं में सफलता के साथ निर्वाह करने की उसे शिक्षा मिली थी। यही शिक्षा समूची शिक्षा कही जा सकती है। स्त्रियों को जीवन की सर्वाङ्ग उपयोगी शिक्षा मिलनी चाहिए।

स्त्रीशिक्षा के पक्ष में कानूनी दलील देने के लिए बहुत समय की आवश्यकता है। शिक्षा देने के विषय में अब पहले जितना विरोध भी दिखलाई नहीं देता। पहले इतना अधिक वहम घुसा हुआ था कि लोग एक घर में दो कलम चलना अनिष्टजनक समझते थे। पर अब भी कुछ भाई स्त्रीशिक्षा का विरोध करते हैं। उन्हें समझ लेना चाहिए कि यह परम्परागत कुसंस्कारों का परिणाम है। स्त्रियों को शिक्षा देना अगर हानिकारक होता तो भगवान् ऋषभदेव अपनी ब्राह्मी और सुन्दरी नामकी पुत्रियों को क्यों शिक्षा देते? आज पुरुष स्त्रीशिक्षा का निषेध भले ही करें मगर उन्हें यह नहीं भूल जाना चाहिए कि रमणीरत्न ब्राह्मी ने पुरुषों को साक्षर बनाया है। उसकी स्मृति में लिपि का नाम आज भी ब्राह्मी लिपि प्रचलित है। जो पुरुष जिसके प्रताप से साक्षर हुए उसी के वर्ग (स्त्रीवर्ग) को अक्षरहीन रखना कृतघ्नता नहीं है? अन्य समाज में ब्राह्मी का 'भारती' नाम भी प्रचलित है। 'भारती' और 'सरस्वती' शब्द एक ही अर्थ के द्योतक हैं। सरस्वती ब्रह्मा की पत्नि बतलाई जाती है। विद्यालाभ के लिए लोग सरस्वती-सरीखी स्त्री की पूजा करते हैं, फिर कहते हैं कि स्त्री शिक्षा निषिद्ध है! स्मरण रखिए, जब से पुरुषों ने स्त्रीशिक्षा के विरुद्ध आवाज उठाई है

तभी से उनका पतन प्रारम्भ हुआ है और आज भी उस विरोध के कटुक फल भुगतने पड रहे हैं।

मित्रो! क्या अब भी स्त्रीशिक्षा के सम्बन्ध में आपको सन्देह है ?

'नहीं' महाराज !'

भाइयो! आप लोग आस्तिक हैं, श्रद्धाशील है। इस श्रद्धाशीलता के कारण आप 'जी' और 'तथ्यवचन' कह देते हैं और मेरा कथन अंगीकार कर लेते हैं। पर उस कथन को जीवन में कहाँ उतारते हैं ? अच्छी से अच्छी औषधि सेवन किये बिना फलप्रद नहीं होती और सुन्दर से सुन्दर विचार भी जीवन मे परिणत किये बिना लाभदायक नहीं हो सकता। मेरे उपदेश की और आपके श्रवण की सार्थकता इसीमे है कि उसे आप जीवन में व्यवहृत करें।

आप यूरोप निवासियो को नास्तिक कहते हैं पर वे वचन के पक्के होते हैं। वे जिस कार्य के लिए 'हाँ' भर देते हैं, उसे किए बिना नही रहते। ऐसी हालत मे उन्हे आस्तिक कहना चाहिए या नास्तिक ? और इस दृष्टि से आप किस कोटि में चले जाएँगे यह भी सोच लीजिए। एक आदमी कहता तो है कि रोटी खाने से भूख मिट जाती है, पर वह खाता नहीं है। दूसरा कहता है—रोटी खाने से भूख नहीं मिटती, पर वह समय पर रोटी खा लेता है। अब आप बताइए, किसकी भूख मिटेगी ?

'खाने वाले की !'

तो यही बात आप अपने विषय में सोच लें। आप मेरे उपदेश को मुख से लाभदायक भले ही कहें, परन्तु यदि उसे काम में नहीं लाएँगे तो वह लाभदायक कैसे हो सकेगा ?

मित्रो ! बीच में मैं आपको एक बात कहता हूँ। चांदा नाम का एक मुसलमान था। उसने अपनी बीबी से कहा—मैं एक भैंस लाऊँगा।

बीबी बोली—बड़ी खुशी की बात है। मैं अपने मायके (पीहर) वालों को भी छाछ भेजा करूँगी।

यह सुनना था कि मियाँ का पारा तेज हो गया। वे बड़बड़ाते हुए उठे और बीबी को लतियाने लगे।

बीबी बेचारी हैरान थी। उसकी समझ में ही न आया कि मियाँ साहब क्यों खफा हो उठे हैं ? उसने पूछा—मियाँ, आखिर बात क्या है ? क्यों नाहक मुझ पर टूट पड़े हो ?

मियाँ गुस्से से पागल हो गये। बोले—रॉड कहीं की, भैंस तो लाऊँगा मैं और छाछ भेजेगी मायके वालों को ?

इसके बाद फिर तड़ातड़, फिर तड़ातड़ !

लोग इकट्ठे हुए। उन्हें मियाँ के कोप का कारण मालूम हुआ तो उन्हें भी जब्त न रहा। उन्होंने मियाँ को मारना आरम्भ किया। तमाचे पर तमाचे पड़ने लगे।

अब मियाँ की अक्ल ठिकाने आई। चिल्ला कर कहने लगे—खुदा के वास्ते माफ करो भाई, आखिर तुम लोग मेरे ऊपर क्यों पिल पड़े हो।

लोगों ने कहा—तेरी भैंस हमारा सारा खेत खा गई है।

मियाँ— भैंस अभी मैं लाया ही कहाँ हूँ ?

लोग—तेरी बीबी ने पीहर वालों के छाछ कहाँ भेजी है ?

मियाँ समझे। उन्हे होश आया। अपनी भूल समझ कर शर्मिन्दा हुए।

स्त्रीशिक्षा का कार्य जब आरम्भ होगा तब होगा; पर उसके विरुद्ध अभी से काना-फूसी होने लगी है। जो लोग ऐसा करते हैं वे उक्त मियाँजी का दृष्टान्त चरितार्थ करते हैं।

एक ही बात नहीं, अनेक बातो मे अक्सर इसी प्रकार बेबुनियाद लडाई-झगडा खडा हो जाता है और लाखो रुपया कचहरी देवी की भेट चढ जाता है। बेचारे जज हैरान-परेशान हो जाते हैं पर आप लड़ते-लड़ते नहीं थकते। खैर।

मैं आपको स्त्रीशिक्षा के सम्बन्ध में कह रहा हूँ। स्त्रीशिक्षा का अर्थ यह नहीं कि आप अपनी बहू बेटियो को यूरोपियन लेडी बनावे और न यही अर्थ है कि उन्हे घूंघट मे लपेटे रहे। मै स्त्रियो को ऐसी शिक्षा देने का समर्थन करता हूँ जैसी सीता, सावित्री, द्रौपदी, ब्राह्मी, सुन्दरी और अंजना आदि को मिली थी, जिसकी बदौलत वे प्रातः स्मरणीय बन गई हैं और उनका नाम मॉगलिक समझ कर आप श्रद्धाभक्ति के साथ प्रतिदिन जपते हैं। उन्हे ऐसी शिक्षा दी जाय जिस से वे अज्ञान के अन्धकार से बाहर निकल कर ज्ञान के प्रकाश में [illegible] सके। उन्हे ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है जिससे वे भलीभाँति [illegible]िक उपदेशों को अपना सकें। उन्हे ऐसी शिक्षा मिलनी चाहिए जिस

के कारण उन्हें अपने कर्त्तव्य का, अपने दायित्व का, अपने स्वरूप का, अपनी शक्ति का, अपनी महत्ता का और अपनी दिव्यता का बोध हो सके। उन्हें ऐसी शिक्षा मिलनी चाहिए जिससे वे अबला न रहें—प्रबला बनें। पुरुषों का बोझ न रहें—शक्ति बनें। वे कलहकारिणी न रहें—कल्याणी बनें। उन्हें जगज्जननी, वरदानी एवं भवानी बनाने वाली शिक्षा की आवश्यकता है।

मैंने कल श्रीमती की बात कही थी। उसने अपने पति के साथ रहकर शिक्षा पाई। उसके पति साधारण मनुष्य नहीं वरन् एक पहुँचे हुए तत्त्व-ज्ञानी मुनि थे। उन्होंने विशेष आग्रह करने पर बारह वर्ष तक उसके साथ रहना स्वीकार किया था। बारह वर्ष की अवधि समाप्त हुई और पति जब वन-गमन करने लगे तो श्रीमती को चिन्ता हुई कि मैं अब अकेली किस प्रकार रह सकूंगी? आखिर उसने चर्खे का आविष्कार किया और उसी को अपना साथी-संरक्षक बनाया।

यह कथा आज के गांधीयुग की नहीं है। करीब अढ़ाई हजार वर्ष पहले की लिखी हुई कथा है।

भाइयो और बहिनो आजकल आपकी विलासिता बहुत बढ गई है । आपकी विलासिता के कारण आज भारत में छह करोड मनुष्य भूखों मर रहे हैं। इन पर जरा दया करो। इन्हे भूखो मरने से बचाओ। आपकी विलासिता के कारण यह कैसे भूखो मर रहे हैं, यह आपको मालूम नही पडता। याद रखिए, जिस खर्च को आप तुच्छ समझकर कर रहे हैं, वही उनके भूखो मरने और दुःख उठाने का कारण बन जाता है।

मैंने बहुत दिनो पहले कौशलेश्वर और काशीनरेश की बात कही थी। कौशलेश्वर ने काशीनरेश को बहुत कुछ सुधार दिया था। एक दिन वह था जब वे गरीब प्रजा के भक्षक थे, वही प्रजारक्षक बन गये। काशी नरेश की रानी का नाम करुणा था। एक दिन उसे वरुणा नदी से स्नान करने की इच्छा हुई। उसने महाराज से स्नान के लिए जाने की आज्ञा माँगी। महाराज स्त्रियो को कोठरी मे बन्द रखने के पक्ष में नहीं थे। वे चाहते थे कि स्त्रियाँ भी सुखपूर्वक प्राकृतिक छटा अवलोकन करें और प्रकृति की पाठशाला से कुछ सीखें। अतएव उन्होंने बिना किसी आनाकानी के महारानी को आज्ञा दे दी।

मंत्रियों को आवश्यक सूचना देकर जिस समय राजा दशरथ सर्व-प्रथम कैकेयी के महल में गये, सहसा कैकेयी का विकराल रूप देखकर सहम उठे। जो रानी मेरे लिये सदा सिंगार किये करती थी, महल के द्वार पर पैर धरते ही मुस्कराती हुई सामने आजाती थी और हाथ पकड़ कर मुझे भीतर ले जाती थी, आज उसने यह विकराल रूप क्यों धारण किया है ? आज वह आँख उठाकर भी मेरी ओर नहीं देखती। केश बिखरे हुए हैं। कपड़े मैले-कुचैले और और अस्तव्यस्त हैं। मुंह उतरा हुआ, होठों पर पपडी जमी हुई और नाक से दीर्घश्वास ! यह सब क्या मामला है ?

राजा ने डरते-डरते उसके शरीर को हाथ लगा कर पूछा— प्रिये ! आज तुम नाराज़ क्यों हो ? तुम्हारी यह हालत क्यों है ? मैं राम की शपथ पूर्वक कहता हूँ—'जो तुम चाहोगी, वही होगा।'

अब तक कैकेयी चुप थी । 'राम' शब्द राजा के मुंह से सुनते ही सर्पिणी-सी फुंकार कर बोली—मैं और कुछन हीं चाहती। आपने पहले दो वचन माँगने को कहे थे, आज उन्हे पूरा कर दीजिए।

दशरथ—अवश्य, बोलो क्या चाहती हो ?

कैकेयी—पहले अच्छी तरह सोच लीजिए, फिर हाँ भरिये।

दशरथ—प्रिये ! सोच लिया है। माँगो।

कैकेयी—फिर नाहीं तो न की जायगी ?

दशरथ—वचन देकर मुकर जाना रघुकुल की मर्यादा के विरुद्ध तुम निर्भय होकर माँगो।

कैकेयी—अच्छा तो सुनिये। कल प्रातःकाल होते ही राम को चौदह वर्ष के वनवास के लिए भेज दीजिए और भरत को राज-सिंहासन पर आरूढ़ कीजिए।

कैकेयी के हृदयवेधक शब्द सुनते ही दशरथ मूर्छित हो गये।

भाइयो! बहिनो! जो कैकेयी दशरथ को प्राणों से अधिक प्यार करती थी और राम को भरत से ज्यादा चाहती थी, उसीने आज दुष्ट-शिक्षा के कारण कैसा भयानक दृश्य उपस्थित कर दिया!

प्रातःकाल, अरुणोदय के समय, राम माता कैकेयी के महल में दर्शन करने जाते हैं। वहाँ कुहराम मचा हुआ देख नम्रतापूर्वक पूछते हैं—माताजी! आज आप उदास क्यों दीख पड़ती हैं? पिताजी बेभान-से क्यों पड़े हुए हैं?

कैकेयी चुपचाप बैठी रही। उसके मुंह से कुछ नहीं निकला!

रामचन्द्र फिर बोले—माताजी, बोलिए। आज तो आप बोलती भी नहीं।

कैकेयी—राम, तुम बड़े मीठे हो। जान पड़ता है, बाप-बेटे ने एक ही शाला में शिक्षा पाई है। पर तुम्हारी चापलूसी की बातों मे अब मैं नहीं आने की।

राम—माताजी, क्षमा कीजिए। मेरी समझ में कुछ नहीं आया। कृपा कर मुझे साफ-साफ सुनाइए।

कैकेयी—समझे नहीं? समझना यही है कि तुम राजाजी के पुत्र हो और भरत नहीं। कौशल्या राजाजी की रानी हैं, मैं नहीं। मैं तो दासी के सदृश हूँ। अगर भेदभाव न होता तो मेरे भरत को राज्य

क्यों नहीं मिलता ? मैंने तुम्हारे पिताजी से भरत के लिए राज्य माँगा, बस वे नाराज़ हो गये।

राम—विशाल हृदय राम—कैकेयी की कठोर बात सुन कर कहते हैं—माताजी ! आप ठीक कहती हैं। भरत को अवश्य राज्य मिलना चाहिए। इस में बुरा क्या कहा ? मैं आपका अनुमोदन करता हूँ। भरत मेरा भाई है। आपने किसी पराये के लिये थोडा ही राज्य माँगा है !

राम वनवास के लिए तैयार हो गये। उन्होंने राज्य तिनके की तरह त्याग दिया। उसी निस्पृहता के कारण शान्ति के दूत राम को लोग पुरुषोत्तम और ईश्वर कहते हैं। सच है, प्रकृति का विजय करने वाला ही महापुरुष कहलाता है।

राम के वनवास की खबर जब सीता को हुई तो वह पुलकित हो उठी। उसने सोचा—मैं कितनी भाग्यशालिनी हूँ। मुझे सेवा करने का कैसा अच्छा अवसर मिला है ! गृहवास में दास—दासियो की भीड के कारण पतिसेवा का पूरा सौभाग्य प्राप्त न होता था, वन-वास करने से यह सौभाग्य प्राप्त हो सकेगा।

बहिनो ! सीता के त्याग की तरफ ध्यान दीजिए। वह आज की नारी नहीं थी कि सुख मे राजी-राजी बोले और विपदा पडने पर मुंह मोड़ ले। इसीलिए कहते है—राम मे जो शक्ति थी वह सीता की [illegible] थी।

भगवती सीता ने कभी कष्ट का अनुभव न किया था। वह [illegible]ी तो अपने मायके चली जा सकती थी या अयोध्या में ही रह [illegible]ी थी। उसके लिए कहीं भी किसी वस्तु की कमी नहीं थी। पर

नहीं, सीता को त्याग का आदर्श खड़ा करना था, जिसके सहारे स्त्री समाज त्यागभावना और पतिपरायणता का पाठ सीख सके।

राम और सीता को वन जाते देख वीर लक्ष्मण भी तैयार हो गये। उनकी माता सुमित्रा ने उसे उपदेश देते हुए कहा—जाओ बेटा, राम को दशरथ के समान समझना, जानकी को मेरी जगह मानना, वन को वन नहीं अयोध्या मानना, जाओ पुत्र! तुम्हारा कल्याण हो।

अहा! इन रानियों की तारीफ किस प्रकार की जाय! आज की माताएँ अपने पुत्रों को कैसी नीच शिक्षा देती हैं। बहिनो! इन रानियों के उदार चरित का अनुकरण करो, तुम्हारा घर स्वर्ग बन जायगा।

राम, लक्ष्मण और सीता ने वन की ओर प्रस्थान कर दिया। दशरथ का देहान्त हो गया। जब भरत की फटकार मिली तब कैकेयी की बुद्धि ठिकाने आई। वह पछताने लगी—'हाय! मैंने यह क्या कर डाला! मैंने अपनी सोने की अयोध्या को श्मशानभूमि बना दिया और प्यारे राम को वनवास दिया! आह! कितना गजब हो गया! हाय! मैं राम को कैसे मुंह दिखला सकूंगी। ओ मेरे राम, क्या तुम मुझे क्षमा कर दोगे? मैं किस मुंह से राम को 'मेरे राम' कह सकती हूँ? जिसे पराया मानकर मैंने वनवास के लिए भेज दिया, उसे अपना मानने का मुझे क्या अधिकार रहा? राम! राम! ओ राम! क्या तुम इस दुर्घटना को भूल सकोगे? क्या तुम फिर मुझे माता कह कर पुकारोगे? हाय! मैं दुष्टा हूँ। मैं पापिनी हूँ। मैं पति और पुत्र की द्रोहिनी हूँ। मैंने निष्कलंक सूर्यवंश को कलंकित किया! मेरे प्यारे राम! इस अभागिनी माता की निष्ठुरता को भूल जाना!

भरत भी मुझे 'माँ' नहीं कहता तो राम मुझे कैसे माता मानेगा ? मैंने उसके लिये क्या कसर छोडी है ? फिर भी राम मेरा विनीत बेटा है। वह अपनी माता को माफ कर देगा।

इस प्रकार अपने आपको धिक्कार कर कैकेयी ने भरत से कहा- 'मुझे रामचन्द्र से मिला दो। मैं भूली हुई थी। मैंने घोर पाप किया है। मेरी बुद्धि भ्रष्ट होगई थी। राम को देखे बिना मेरा जीवन कठिन हो जायगा। अगर तुमने राम से मुझे न मिलाया तो मैं प्राण त्याग दूंगी ।

पहले तो भरत ने साफ इन्कार कर दिया, पर बाद मे यह जान कर कि माता का अहकार चूर-चूर हो गया है और वह सच्चे हृदय से प्रश्चात्ताप कर रही हैं, रामचन्द्र के पास लेजाना स्वीकार किया।

भरत चित्रकूट पहुँचे। कैकेयी मारे लज्जा के राम के सामने न जा सकी। वह एक वृक्ष की आड मे खडी हो गई । उसकी दोनों आँखो से आँसुओं की धारा प्रबाहित हो रही थी। वह मन ही मन सोचने लगी—बेटा राम ! क्या अब मेरा अपराध क्षमा नही किया जा सकता ? क्या तुम मेरा मुंह भी देखना पसन्द न करोगे ? मैं तुम से मिलने आई हूँ, पर सामने आने का साहस नहीं होता। राम 'क्या इस अपराधिनी माता को दर्शन न दोगे ? मैं जानती हूँ, कि हाय ! मैंने अपनी लाडली बहू जानकी को अपने हाथ से छाल के वस्त्र पहना कर वन की ओर रवाना किया है। इससे बढ़कर निठुरता और कोई । कर सकता है ?

रामचन्द्र माता कैकेयी का विलाप सुन कर घूमते-घूमते उसके स जा खड़े हुए और 'वंदे मातरम्' कह उसके पैरों मे गिर पड़े।

कैकेयी चौंक उठी। दुःख, पश्चात्ताप और लज्जा के त्रिविध भावों से उसका हृदय जलने लगा। प्रेम के आँसू बहाती हुई कैकेयी ने कहा—

मैं नहीं जानती थी तुम को, तुम ऐसे हो तुम इतने हो।
उसका पासंग भी नहीं हूँ मैं, गभीर कि तुम जितने हो॥
कौशल्या, तेरा राम नहीं, यह राम तो मेरा बेटा है।
मेरा यह धन है जीवन है, मेरा यह प्राण कलेजा है॥
मंथरा रांड की संगति से, हा! मैंने क्या उत्पात किया।
अपने ही हाथों अपने बेटे पर वज्राघात किया॥
अब दुनिया की बहिनो सीखो, नीचों को मुंह न लगाना तुम।
अब बहू-बेटियो! ऐसों की, संगति मे मत फँस जाना तुम॥
जो दुष्टा दासी हैं वे स्वांग नित नया भरती हैं।
बरबाद घरों को बहुओं को, नाना प्रकार से करती हैं॥
हो मुझसे घृणा तुम्हें तो मेरे जीवन से शिक्षा लो तुम।
दुष्ट अनुचरी सहचरी को, घर में भी मत घुसने दो तुम॥

राम रूपी प्रचण्ड सूर्य के तेज से कैकेयी के हृदय में आये हुए दुष्ट विचार रूपी गदला जल सूख गया। कैकेयी का कुलषित हृदय पिघल कर आँखों के रास्ते बह गया। कैकेयी के आँसुओं ने उसके अन्तःकरण की कालिमा धोकर साफ कर दी। कैकेयी के पश्चात्ताप की आग में उसकी मलीनता भस्म हो गई। कैकेयी अब सोने के समान निर्मल बन गई।

अनेक भाई विपत्ति को अनिष्ट मानते हैं और उससे बचने के लिए परमात्मा से प्रार्थना करते हैं। पर सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाय तो बात ऐसी नहीं है। विपत्ति आत्मा का बल बढ़ाने वाली सम्पत्ति है।

विपत्ति के साथ संघर्ष करके पुरुष महापुरुष बनता है। विपत्ति सोई हुई मानवीय शक्तियों को जगाती है। विपत्ति मनुष्य के ओज की, पुरुषार्थ की, धैर्य की और साहस की कसौटी है। विपत्ति सफलता की सखी है। जो महाप्राण पुरुष विपत्ति को सहर्ष अङ्गीकार करता है, उसी को सफलता प्राप्त होती है। जब तक मनुष्य विपत्ति का भोग नहीं बनता तब तक उसका व्यक्तित्व पूर्णरूपेण पुष्ट नहीं होता। कहाँ तक कहे, इतिहास बतलाता है कि मनुष्य की सम्पूर्ण महिमा का श्रेय विपत्ति को है। रामचन्द्र वनवास की विपत्ति न भोगते और राज महलों में निवास करते हुए सम्पत्ति की गोद मे क्रीडा करते रहते तो कौन उनकी रामायण बनाने बैठता ?

कैकेयी ने रामचन्द्र से कहा—वत्स, अयोध्या लौट चलो और राज्यभार अपने सिर पर ले लो।

राम—माताजी, इस समय अयोध्या लौटना, अयोध्या से त्याग के आदर्श को देश निकाला देना होगा। जहाँ त्याग का आदर्श न होगा वहाँ शान्ति नहीं रह सकती।

कैकेयी और राम में बहुत देर तक इसी प्रकार की बाते होती रहीं। राम अपने संकल्प पर दृढ़ थे और कैकेयी उन्हे मनाने में व्यस्त थी। एक ओर माता की नाराजी और दूसरी ओर आदर्श का हनन। तिस पर मुसीबत यह थी कि भरत राज्य स्वीकार न करते थे। जटिल समस्या थी। वह कैसे हल हो ?

इतने में सीता को युक्ति सूझी। राम से कहा—नाथ, भरत स्वीकार न करेंगे तो अराजकता फैलना अवश्यंभावी है। इस ष्ट को टालने के लिए अगर आप अपने सिर पर राज्यभार लेकर भरत को सौप दें तो क्या हानि है ? आपका दिया हुआ राज्य

भरत संभाल लेंगे। इसमें आपका प्रण भी भंग न होगा और अराजकता भी न फैलेगी।

मित्रो ! भरत जैसे भाई अभी कहीं दिखलाई पडते हैं ? आज हाथ भर ज़मीन के टुकड़े के लिए एक भाई दूसरे भाई पर हाथ साफ करने में व्यस्त दिखाई देता है। मड़ी सड़ी बातों पर मुक़दमेबाजी होती है। लाखों रुपये कचहरियों में भले ही नष्ट हो जाएँ पर भाई के पल्ले पैसा भी न पड़े। यह है आज की भ्रातृभावना।

दीवान साहब के कुटुम्ब की यहाँ उपस्थित यह शिक्षित बहने अगर बीकानेर प्रान्त की बहिनों को अपने समान बनाने का प्रयत्न करें तो बहुत बड़ा काम सहज ही हो सकता है।

हमे मंथरा के समान शिक्षिकाओं की आवश्यकता नहीं है। शिक्षा मे दोषों का प्रवेश न होने पाए, इस बात का पूरा ध्यान रखना आवश्यक है। निर्दोष स्त्रीशिक्षा का सूर्य उदय होने पर समाज का अधकार नष्ट हो जायगा और समाज सुख-शान्ति का अधिकारी बनेगा।

भीनासर
६—११—२७

सत्याग्रह

सकडालपुत्र ने भगवान् महावीर का धर्म अंगीकार कर लिया है, यह सुनकर उसका पूर्वगुरु गोशालक अपने धर्म पर पुन' आरूढ़ करने के लिए उसके पास आया।

मित्रो! यह कह देना आवश्यक है कि जिसकी धर्म पर पूरी आस्था हो जाती है उसे फिर कोई डिगा नहीं सकता। महावीर के धर्म मे और गोशालक के धर्म मे एक बडा अन्तर यह था कि महावीर आत्मा को कर्त्ता मानते थे और संसार मे इसी सिद्धान्त का प्रचार कर थे, जब कि गोशालक इस सिद्धान्त से बिलकुल अनभिज्ञ था। वह था। उसका कहना था कि जो कुछ होता है वह होनहार भवितव्यता से ही होता है। सकडाल भी पहले इसी मत को वाला था परन्तु अब उसे इस पर विश्वास नही रहा था।

अब वह दृढ़तापूर्वक यह मानने लगा था कि जो कुछ होता है वह आत्मा के कर्म का ही फल है।

आत्मा को कर्त्ता मानने वाले भारत मे और भी बहुत से धर्म-नायक हो गये हैं। गीता मे श्रीकृष्ण ने अर्जुन को ऐसा ही उपदेश दिया था—

उद्धरेदात्मनात्मान, नात्मानमवसादयेत ।
आत्मैवात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः ॥

अर्थात्—हे अर्जुन! अपने आत्माके द्वारा ही आत्मा का उद्धार करो। आत्मा ही अपना बन्धु और आत्मा ही अपना रिपु है।

गीता के इस उद्धरण से आप लोग समझ गये होगे कि महावीर प्रभु के उपदेश में और श्रीकृष्ण के उपदेश मे कितनी समानता है। 'अप्पा कत्ता विकत्ता य' का उपदेश 'उद्धरेदात्मनात्मान' से बिलकुल मिलता-जुलता है।

इस सिद्धान्त के विरुद्ध होनहार को कर्त्ता मानने पर हमारे सामने ऐसे अनेक प्रश्न उपस्थित हो जाते हैं, जिनका निराकरण नहीं किया जा सकता। उदाहरण के लिए, कल्पना कीजिए एक लडका स्कूल मे पढने जाता है। प्रश्न यह है कि उसे पढाने-लिखाने, प्रश्नोत्तर करने आदि की क्या आवश्यकता है? भवितव्यता का मत मान लेने पर इस माथापच्ची की कुछ भी उपयोगिता नहीं रह जाती। अगर लडका विद्वान होना है तो वह भवितव्यता के अनुसार स्वय विद्वान हो जायगा। पर लोकव्यवहार मे हम इससे सर्वथा विपरीत देखते हैं। शिक्षक लडके को पढाता है और लडका स्वयं पुरुषार्थ करता है

तब वह पढ़-लिख कर विद्वान् बनता है। अगर शिक्षक और शिष्य दोनों उद्योग करना छोड़ दे और होनहार के भरोसे बैठे रहे तो परिणाम क्या आयगा, यह समझने मे कठिनाई नहीं हो सकती। इससे यही परिणाम निकलता है कि कर्त्ता के विना कर्म होना शक्य नही है। मिट्टी में घडा बन जाने की शक्ति अवश्य है, पर कुंभार के बिना घड़ा बन नही सकता। भवितव्यता पर निर्भर रह कर अगर बहिनें चूल्हे के पास आटा रख दे तो रोटी बन सकती है? मै समझता हूँ, भवितव्यता के भरोसे बैठ कर सारा संसार यदि चार दिन के लिए अपना अपना उद्योग छोड दे तो ससार की ऐसी दुर्गति हो कि जिसका ठिकाना न रहे। संसार मे घोर हाहाकार मच जायगा। इस प्रकार भवितव्यता का सिद्धान्त अपने आपमे पोच ही नहीं है वरन् वह मानवसमाज की उद्योगशीलता मे बड़ा रोडा है और लोगों को निकम्मा एव आलसी बनाने वाला है। यही सब सोच कर सकडाल ने भगवान् महावीर का सिद्धान्त भक्तिपूर्वक स्वीकार कर लिया।

ज्यो ही गोशालक सकडाल के पास पहुँचा, सकडाल ने समझ लिया कि मेरे यह पूर्वगुरु फिर अपना सिद्धान्त मनवाने आये हैं। सकडाल ने गोशालक की तरफ से मुंह फेर लिया। उसके ललाट पर सल पड गये। गोशालक मूर्ख तो था नही। वह बडा बुद्धिमान् और विचक्षण था। वह सकडाल का अभिप्राय ताड़ गया।

मित्रो! यह विचारणीय है कि गोशालक सकडाल का पूर्वगुरु था। फिर उसने अपने पुराने गुरु के प्रति ऐसा व्यवहार क्यो किया? का कारण यह है कि सकडाल को विश्वास हो गया था कि गोशाक का सिद्धान्त मेरे लिए और जगत् के लिए अकल्याणकारी है। सिद्धान्तवादी के प्रति विनय-भक्ति प्रदर्शित करना उसके सिद्धान्त

को मान देना है। इससे बड़े अनर्थ की संभावना रहती है। गोशालक के प्रति सकडाल के इस व्यवहार का यही कारण था। इसी का नाम असहयोग है।

जिस प्रकार धर्म-सिद्धान्त के लिए मनुष्य को असहयोग करना आवश्यक है, उसी प्रकार लौकिक नीतिमय व्यवहारो मे अगर राज्य-शासन की ओर से अन्याय मिलता हो तो ऐसी दशा मे राज्यभक्ति-युक्त सविनय असहकार—असहयोग—करना प्रजा का मुख्य धर्म है। वह प्रजा नपुसक है जो चुपचाप अन्याय को सहन कर लेती है और उसके विरुद्ध चूं तक नहीं करती। ऐसी प्रजा अपना ही नाश नहीं करती परन्तु उस राजा के नाश का भी हेतु बन जाती है, जिस की वह प्रजा है। जिस प्रजा में अन्याय के पूर्ण प्रतीकार का सामर्थ्य नहीं है उसे कम से कम इतना तो प्रकट कर ही देना चाहिए कि अमुक कानून या कार्य हमारे लिए हितकर नहीं है और हम उसे नापसद करते हैं।

प्रजा को बिगाडना राजनीति नहीं है। राजा वही कहलाता है जो प्रजा की सुव्यवस्था करे। जो राजा प्रजा की सुव्यवस्था नहीं करता और प्रजा को कुव्यसनों मे डालता है, जो अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए आबकारी जैसे प्रजा के स्वास्थ्य को नष्ट करने वाले विभाग स्थापित करता है, फिर भी प्रजा अगर चुपचाप बैठी रहती है तो समझना चाहिए वह प्रजा कायर है।

प्रजा के हित का नाश करने वाली बातें कानून के द्वारा न रोकने वाला राजा, राजा कहलाने योग्य नहीं है।

राजा के भय से अपकारक कानून को शिरोधार्य करना धर्म का

अपमान करना है। धर्मवीर पुरुष राजा के अपकारक कानून को ही नही ठुकराता, पर राजा और प्रजा के किसी खास भाग द्वारा भी अगर कोई ऐसा कानून बनाया गया हो तो उसे भी उखाड फैंकने की हिम्मत रखता है।

कोणिक राजा द्वारा हार और हाथी लेने पर चेडा-श्रावक ने क्या किया था, जरा इस पर दृष्टि डालिए। उसने राजा और राज्य के विरुद्ध इस अन्याय का प्रतीकार करने के लिए लडाई छेड दी। धर्म-वीर थोथी शान्ति पसन्द नही करते। वे जानते हैं, थोथी शान्ति से सत्य का खून होता है।

प्राय आजकल के श्रावक थोथी शान्ति के हिमायती होते है। 'अरे कहीं लडाई हो जायगी, दंगा मच जायगा, लोग अपने विरुद्ध हो जऍगे, ऐसा हो जायगा, वैसा हो जायगा, हमे तो चुप्पी साध लेना चाहिए., बिगाड हो तो अपना क्या, सुधार हो तो अपना क्या,' इत्यादि कहा करते है। यह उनकी वास्तविक शान्तिप्रियता नही है। यह शान्ति का ढोंग है और अन्दर धधकती हुई आग फैलने मे सहायक होना है।

सम्भव है, आप मेरी बात का रहस्य न समझे हो। यदि ऐसा ही हो तो यह दोष आपका नहीं, मेरा है, क्योकि मेरी तपस्या अब तक इतनी निर्बल है कि, मै आपको समझाने मे असमर्थ हो जाता हूँ।

मेरे कथन का आशय यह है कि मनुष्य को हर हालत मे सत्य पालन करना चाहिए। सत्य का पालन न करने वाले के कार्य, वे कैसे ही हों, नाटक के सदृश हैं। सत्य का पालन करने के

लिए आपको चाहिए कि अगर मुझ में कोई पॉलिसी नजर आती हो तो मुझ से अलग रहे और मुझे चेतावें। ऐसा न करने से साधु भी असाधु बन जाता है। सत्य के बिना कभी कोई वस्तु टिक नहीं सकती। अरणक के जहाज में हजारों आदमी बैठे थे। देवता ने कहा—'तू असत्य बोल, नहीं तो जहाज उलटता हूँ।' पर अरणक अटल रहा। वह असत्य न बोला। अगर अरणक असत्य बोलता तो जहाज टिक सकता था ? सत्य ही के प्रभाव से जहाज बचा था।

सारी राजगृही नगरी सुदर्शन पर हँसती थी; पर सुदर्शन ने किसी की परवाह न की। उसे सत्य पर भरोसा था और सचमुच ही सत्य की विजय हुई। सुदर्शन पर हँसने वालों को अपने ही ऊपर हँसने का अवसर आते देर न लगी।

कौरवों और पाण्डवों के युद्ध में महाविचक्षण भीष्म और द्रोण आदि दुर्योधन की तरफ थे। वे जानते थे कि दुर्योधन का पक्ष न्याय-संगत नहीं है और युधिष्ठिर न्याय-पक्ष पर है। पर वे लोग दुर्योधन का अन्न खाते थे, इसलिए उसके विरुद्ध शस्त्र उठाना अनुचित समझते थे। फिर भी, उन्होंने अपने हृदय के भाव स्पष्ट रूप से बिना हिचकिचाहट दुर्योधन के आगे प्रकट कर दिये।

मैं यह अभी कह चुका हूँ कि अन्याय के प्रति असहयोग न करने से बड़ा भारी अनर्थ हो जाता है। इस कथन की पुष्टि के लिए महाभारत के युद्ध पर ही दृष्टि डालिए। अगर भीष्म और द्रोण आदि महारथियों ने कौरवों से असहयोग कर दिया होता तो इतना भीषण रक्तपात न होता और इस देश के अधःपतन का श्रीगणेश भी न होता। अन्याय से असहयोग न करने के कारण रक्त की नदियाँ बहीं

और देश को इतनी भीषण क्षति पहुँची कि सदियाँ व्यतीत होजाने पर भी वह सँभल न सका।

कौन-सा कार्य न्यायसंगत है और कौन-सा अन्याययुक्त है, किस कानून से प्रजा के कल्याण की सभावना है और किससे अकल्याण की; यह बात प्रत्येक मनुष्य नहीं समझ सकता। समझदारो को चाहिए कि वे प्रजा को इस बात का ज्ञान कराएँ। जो व्यक्ति समय-समय पर प्रजा को अपनी भलाई-बुराई का ज्ञान कराते रहते हैं, और बुराई से हटाकर भलाई की ओर ले जाते हैं, जो जनता का पथ-प्रदर्शन करते हुए स्वयं आगे-आगे इस पथ पर चलते है, उन्हे जनता अपना पूज्य नेता मानती है और उन्हे श्रेष्ठ पुरुष मान कर उनके पीछे-पीछे चलती है। गीता में कहा है—

> यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः।
> स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्त्तते॥

मित्रो ! सकडाल, जाति का कुंभार होने पर भी श्रेष्ठ पुरुषो मे गिना जाता था। अगर वह गोशालक के सिद्धान्तो से असहयोग न करता तो दूसरे भोले लोग इस सिद्धान्त के आगे सिर झुका देते और अकर्मण्य बन जाते।

आप स्वयं विचार कीजिए कि कर्त्ता को भूल जाने से क्या काम चल सकता है ? सिर्फ होनहार के भरोसे बैठे रहने से कोई काम बन सकता है ? मै अभी कह चुका हूँ कि होनहार के भरोसे रोटी बनाने का काम दो चार रोज के लिए भी अगर यह बहिनें स्थगित कर दें तो कैसी स्थिति उत्पन्न हो जाय ? होनहार पर निर्भर रहकर अगर एक दिन भी वस्त्र धारण न करें तो कैसी बीते ? नंगा रहने के

लिए किसे दंड दिया जा सकता है ? जब होनहार को ही स्वीकार कर लिया तो किसी भी अपराध का कर्त्ता कोई मनुष्य नहीं ठहरता।

नियतिवादी के सामने कोई डंडा लेकर खडा हो जाय और उससे पूछे—'बताओ, यह डंडा तुम्हारे सिर पर पडेगा या कमर पर ? वह क्या उत्तर देगा ? यही कि जहाँ तुम मारना चाहोगे वहीं ! इससे क्या यह मतलब न निकला कि नियति (होनहार) कर्त्ता नहीं है। जहाँ मारने वाला मारना चाहेगा वहीं डंडा पडेगा, इससे सिद्ध हुआ कि होनहार मारने वाले के हाथ मे है।

आप लोग महावीर के शिष्य होकर भी कहाँ तक कहते रहोगे कि—'हम क्या करें ? हमारे हाथ मे क्या है ? जो कुछ होना है वह तो होकर ही रहेगा।' कभी आप काल पर उत्तरदायित्व थोप देते हैं—'क्या करे, समय ही ऐसा आ गया है ! 'और कभी स्वभाव का रोना रोने लगते हैं—'लाचारी है, इसका स्वभाव ही ऐसा पड गया है !' खेद ! आप महावीर के अनुयायी होकर जड पर जवाबदारी डालते हैं ! भूल होती है आपकी और जवाबदारी डाली जाती है जड पर। यह कैसी उल्टी समझ है ? आप यह क्यों नहीं कहते कि दोष हमारा है। हम स्वयं ऐसे हैं !

जो मनुष्य। अपना दोष स्वीकार कर लेता है उसकी आत्मा बहुत ऊँची चढ जाती है। अपनी भूल बताने वाले को अपना गुरु मानो और भूलो का साहस के साथ निराकरण करो तो फिर देखना तुममे कितना चमत्कार आ जाता है।

किसान वर्षा ऋतु आने पर खेत मे हल न चलावे तो क्या होगा ? अगर वह सोचने लगे कि खेती होनी है, धान्य उपजना है तो

कौन रोक सकता है? अगर धान्य नहीं उपजता है तो मेरे प्रयत्न करने पर भी नहीं उपजेगा। दोनों हालतों में मेरा प्रयत्न व्यर्थ है। जैसी होनहार होगी, वही होगा। तब काहे को अपने शरीर का पसीना बहाऊँ?

इसी प्रकार जुलाहा भी होनहारवादी बन कर बैठ रहे और जगत् के समस्त कार्यकर्त्ता यही सोचने लगे तो जगत् के व्यवहार कितनी देर तक जारी रह सकेंगे? कहिए, इस सिद्धान्त से ससार का काम चल सकता है?

'नहीं चल सकता।'

इस सिद्धान्त को मान कर जनता कहीं अकर्मण्य न बन जाय, यह सोचकर सकडाल को गोशालक के साथ असहयोग करना पडा। महावीर का सिद्धान्त उसे रुचिकर और हितकर प्रतीत हुआ। महावीर पुरुषार्थ वादी थे। वे आत्मा को कर्त्ता मानते थे।

मित्रो! सकडाल ने अन्याय से असहयोग कर दिखाया। सकडाल जाति का कुंभार था। मिट्टी के बर्त्तनों की ५०० दुकानों का मालिक था। तीन करोड स्वर्ण-मोहरों का अधिपति और दस हजार गायों का प्रतिपालक था। वह सदा नीतिपूर्ण व्यवहार का ध्यान रखता था।

गोशालक के प्रति असहयोग करके भी सकडाल ने अपनी भ्यता नहीं गँवाई। गोशालक के जाने पर वह उठा नहीं, इसका यह था कि गोशालक अपने सिद्धान्त का प्रतिनिधित्व करने गया था। उस समय उसका 'मिशन', अपने सिद्धान्त को स्वीकार कराना था। सच्चा असहयोगी किसी व्यक्ति-विशेष की अवज्ञा नहीं

करता। किसी व्यक्ति के प्रति उसके हृदय में घृणा या द्वेष का भाव नहीं होता। असहयोगी अपनी सम्पूर्ण शक्ति लगाकर अन्याय का प्रतीकार करता है और अन्यायी को सहयोग न देना भी अन्याय के प्रतीकार के अनेक रूपों में से एक रूप है। असहयोग प्रत्येक मनुष्य का न्यायसंगत अधिकार है, यदि उसकी सब शर्तें यथोचित रूप मे पालन की जाएँ।

सकडाल के असहयोग के कारण गोशालक को निराश होना पडा। वह भगवान् महावीर के सिद्धान्त पर अटल और अचल रहा।

यहाँ बैठे हुए भाइयो में शायद ही कोई होनहारवादी होगा। पर ऐसे बहुत से लोग मिलेंगे जो कहा करते हैं—'भगवान करते हैं सो होता है। उनकी मान्यता यह है कि हमारे किये कुछ नहीं होता। हम नाचीज हैं। हम भगवान के हाथ की कठपुतली हैं। वह जैसा नचाता है, हमे नाचना पडता है।'

मैं कहता हूँ, भाइयो! इस भ्रम को दूर कर दो। इससे तुम्हारे विकास में, तुम्हारी क्षमता मे और तुम्हारे पुरुषार्थ मे बाधा पडती है। इस भ्रम के कारण तुम्हारी स्वातन्त्र्य-भावना दब गई है। गीता को देखो। वह कहती है—

न कर्तृत्व न कर्माणि, लोकस्य सृजति प्रभु.।
न कर्मफलसयोग स्वभावस्तु प्रवर्त्तते॥

परमात्मा किसी मनुष्य का न कर्तृत्व बनाता है, न कर्म। न वह

कर्त्ता को कर्मफल देने की व्यवस्था ही करता है। यह सब माया करती है।

जैन भाई भी अन्धविश्वास से दूर नहीं हैं। वे भी 'क्या करें महाराज, कर्मों की गति !' कह कर अपना सारा दोष कर्मों के सिर मढ़ देते है, मानो कर्म बिना किये हुए ही उन्हे फल देने आ टूटे हैं। स्वयं कुछ करने वाले ही नहीं हैं।

मित्रो ! आज गोशाला दिखाई नही देता, पर उसका उपदेश गोशालक का सूक्ष्म रूप धारण करके आपके समाज मे घूम रहा है। उसके कारण आप अपनी उद्योगशीलता को भूल रहे हैं। आपने अपनी क्षमता की ओर से दृष्टि फेरली है। आप अपने आपको अकिंचित्कर मान बैठे हैं। यह दीनता का भाव दूर करो। अपनी असीम शक्ति को पहचानो। सच्चे वीरभक्त हो तो अपने को कर्त्ता—कार्यक्षम मान कर कल्याणमार्ग के पथिक बनो।

किसी भी दूसरे की शक्ति पर निर्भर न बनो। समझ लो, तुम्हारी एक मुट्ठी मे स्वर्ग है, दूसरी मे नरक है। तुम्हारी एक भुजा मे अनंत संसार है और दूसरी भुजा मे अनन्त मंगलमयी मुक्ति है। तुम्हारी एक दृष्टि में घोर पाप है और दूसरी दृष्टि मे पुण्य का अक्षय भंडार भरा है। तुम निसर्ग की समस्त शक्तियों के स्वामी हो, कोई भी शक्ति तुम्हारी स्वामिनी नहीं है। तुम भाग्य के खिलौना नही हो, वरन् भाग्य के निर्माता हो। आज का तुम्हारा पुरुषार्थ कल भाग्य बन कर दास की भाँति, तुम्हारा सहायक होगा। इस लिए ऐ मानव ! कायरता छोड़ दे। अपने ऊपर भरोसा रख। तू सब कुछ है, दूसरा

कुछ नहीं है। तेरी क्षमता अगाध है। तेरी शक्ति असीम है। तू समर्थ है। तू विधाता है। तू ब्रह्मा है। तू शंकर है। तू महावीर है। तू बुद्ध है।

भीनासर
२०—११—२७.

आशीर्वाद

गायकवाड सरकार के पूर्वकालीन तथा बीकानेर सरकार के वर्त्तमानकालीन प्रधान सर मनु भाई मेहता ! और उदयपुर सरकार के पूर्वकालीन प्रधान राजेश्री कोठारी बलवन्तसिंहजी ! तथा समस्त सज्जनगण !

आज मेरा और सर मनु भाई मेहता का यह मिलन एक महत्वपूर्ण अवसर पर हो रहा है, अतएव यह मिलन भी महत्वपूर्ण है। सर मेहता विलायत का प्रवास करने वाले हैं, और जैसा कि बतलाया गया है, शायद आज ही रवाना हो जाएँगे। आप लोगो को यह विदित होगा कि मेहताजी का यह प्रवास न तो अपने किसी निजी प्रयोजन के लिए है और न बीकानेर सरकार के किसी कार्य के लिए। आज जो विकट समस्या, न केवल भारतवर्ष के किन्तु सारे ससार के सामने उपस्थित है, उसको हल करने में अपना योग देने वे जा रहे हैं। दूसरे शब्दो में, वे भारतवर्ष के भाग्य का निपटारा करने के लिए इग्लेण्ड जा रहे हैं।

दीवान साहब अधिकार-सम्पन्न व्यक्ति हैं। इस यात्रा के प्रसंग पर सभी लोग अपनी-अपनी मर्यादा के अनुसार उनकी यात्रा के प्रति शुभ-कामना प्रकट करेंगे। मैं भी साधुत्व की मर्यादा के अनुसार आपके शुभ उद्देश्यो के प्रति सहानुभूति प्रकट करता हूँ। मैं अकिंचन अनगार उन्हे जो भेंट दे सकता हूँ, वह उपदेश रूप ही है। साधुओ पर भी राजा का उपकार है और उस उपकार से उऋण होने का उपदेश ही एकमात्र उनके पास उपाय है।

साधुओं के जीवन और धर्म की रक्षा में पाँच वस्तुएँ सहायक होती हैं। इन पाँच के बिना साधुओं का जीवन एवं धर्म टिकना कठिन है इनमें तीसरा सहायक राजा माना गया है।

पर्जन्य इव भूतानामाधारः पृथिवीपतिः ।
विकलेऽपि हि पर्जन्ये जीव्यते न तु भूपतौ ॥
राजाऽस्य जगतो वृद्धेर्हेतुर्वृद्धाभिसगतः ।
नयनानन्दजननः, शशाङ्क इव वारिधे ॥

इन काव्यो का अर्थ गम्भीर है। इनकी विशद व्याख्या करने का समय नहीं है । अतएव संक्षेप मे यही समझ लीजिए कि राजाओ द्वारा धर्म की रक्षा हुई है। राजा द्वारा देश को स्वतन्त्रता की रक्षा होती है, प्रजा में शान्ति, सुव्यवस्था और अमन-चैन कायम किया जाता है, तभी धर्म की प्रवृत्ति होती है। जहाँ परतन्त्रता है, जहाँ अराजकता है और जहाँ परतन्त्रताजन्य हाहाकार मचा होता है, वहाँ धर्म को कौन पूछता है ?

हिन्दू-शास्त्र में धर्म की रक्षा का रहस्य संक्षेप में कहा है :—

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत !
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मान सृजाम्यहम् ॥

हिन्दू शास्त्रों के अनुसार, जब अधर्म बढ जाता है, अधर्म के बढ जाने से धर्म का ह्रास हो जाता है, तब धर्म की रक्षा के लिए ईश्वर अवतार लेता है। तात्पर्य यह है कि किसी महान् शक्ति के सहयोग बिना धर्म की रक्षा नहीं होती। एक प्रसिद्ध जैनाचार्य ने भी कहा है :—

न धर्मो धार्मिकैर्विना

अर्थात् धर्मात्माओ के बिना धर्म की प्रतिष्ठा नही हो सकती ।

सर मेहता की यह चौथी अवस्था संन्यास के योग्य है, मगर एक कर्मयोगी संन्यासी का जो कर्त्तव्य है, वे वही कर रहे हैं। इसी

कारण सर मनु भाई वृद्धावस्था मे भी अपने अनुभव को उस कार्य में लगा रहे हैं, जिसके लिए आप विलायत जा रहे हैं। सर मेहता को धर्म की रक्षा करने का यह अपूर्व अवसर मिला है।

सर मनु भाई यद्यपि अनभिज्ञ नहीं हैं, तथापि मै इस अवसर पर खास तौर पर यह स्मरण करा देना चाहता हूँ कि धर्म को लक्ष्य बनाकर जो निर्णय किया जाता है वही निर्णय जगत् के लिए आशीर्वाद रूप हो सकता है। धर्म की व्याख्या ही यह है कि वह मगलमय-कल्याणकारी हो। 'धम्मो मंगलमुक्किट्ठ।' अर्थात् जो उत्कृष्ट मगलकारी हो वही धर्म है।

कोई यह न सोचे कि धर्म किसी व्यक्ति का ही हो सकता है। राउण्ड टेबिल कॉन्फ्रेंस में, जिसके लिए मेहताजी जा रहे हैं, धर्म का प्रश्न ही क्या है ? मैं पहले ही कह चुका हूँ कि गुलाम और अत्याचार-पीडित प्रजा में वास्तविक धर्म का विकास नहीं होता, इसलिए धार्मिक-विकास के लिए स्वातन्त्र्य अनिवार्य है और इसी समस्या का समाधान करने के लिए लन्दन मे कान्फ्रेंस की जा रही है।

श्रेष्ठ पुरुष शान्तिपूर्वक विचार करके सब की शान्ति का उपाय करते हैं।

जिस निर्णय से बहुजन-समाज का कल्याण होता है, वही धर्म का निर्णय कहलाता है। 'महाजनो येन गत' स पन्था.' अर्थात् श्रेष्ठ पुरुष जिस मार्ग पर चलते हैं, जो निर्णय करते हैं, वह निर्णय सभी को मान्य होता है। श्रेष्ठ पुरुष अपने उत्तरदायित्व का भलीभाँति ध्यान रखते हैं और गम्भीर सोच-विचार करके, धर्म और नीति को सामने रखकर ऐसा निर्णय करते हैं जिसे सर्व-साधारण मान्य करते हैं और जिससे सब का कल्याण होता है। इस अपेक्षा से समाज-

व्यवस्था की रचना करने वालो को ईश्वर का दर्जा दिया गया है। जन-कल्याण के लिए नीति-मर्यादा का विधान करने वालो को अगर 'विधाता' या 'मनु' का पद दिया जाय तो इसमें अनौचित्य भी क्या है?

मर मनु भाई यद्यपि स्वयं विवेकशील हैं, बुद्धिमान् हैं, तथापि हम परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि उन्हे ऐसी सद्बुद्धि प्राप्त हो, जिससे वे सत्य के पथ पर डटे रहे। नाजुक से नाजुक प्रसंग उपस्थित होने पर भी वे सत्य से इञ्च-मात्र भी विचलित न हों। सत्य एक ईश्वरीय शक्ति है जो विजयिनी हुए विना नहीं रह सकती। चाहे सारा ससार उलट-पलट हो जाय मगर सत्य अटल रहेगा। सत्य को कोई बदल नहीं सकता। प्रत्येक मनुष्य की जीवन-लीला एक दिन समाप्त हो जायगी, ऐश्वर्य बिखर जायगा, परन्तु सत्य की सेवा के लिए किया गया उत्सर्ग अमर रहेगा। सत्य पर अटल रहने वालों का वैभव ही स्थायी रहेगा।

साधु के नाते मैं सर मनु भाई को यही उपदेश देना चाहता हूँ कि दूसरे के असत्यमय विचारो के प्रभाव से दूर रह कर, शुद्ध मस्तिष्क से सत्य विचार करना और चाहे विश्व की समस्त शक्ति संगठित होकर विरोध मे खड़ी हो तब भी अपने सत्य को न छोड़ना। किसी के असत्य विचारो की परछाई अपने ऊपर न पडने देना। शास्त्रानुसार और अपने अन्तरतर के संकेत के अनुसार जो सत्य है, उसी को विजयी बनाना बुद्धिमान् का कर्त्तव्य है और सत्य की विजय में ही सच्चा कल्याण है।

ईश्वरीय कार्यों में बुद्धि को स्वतन्त्र रक्खा जाता है या परतंत्र ? क विचारणीय प्रश्न है। परतन्त्र बुद्धि से जो काम किया जाता

है उसके विषय में, थोड़े से शब्दों मे कुछ नहीं कहा जा सकता। तथापि इस ओर सकेत-सा कर देना आवश्यक है।

यद्यपि कार्य की सहायता के लिए प्रत्येक व्यक्ति कानून-कायदा बहुजन-समाज आदि का आश्रय लेता है, लेकिन यह सब है परतंत्रता। प्रत्येक व्यक्ति ईश्वर का पुत्र है। प्रत्येक व्यक्ति मे बुद्धि है और प्रत्येक की बुद्धि में जागृति है। जिसने सासारिक लाभ के लोभ से बुद्धि की जागृति पर पर्दा डाल दिया है उसकी बुद्धि की शक्ति अवश्य छिप गई है, मगर जिसने स्वार्थ का पर्दा अपनी बुद्धि पर से हटा दिया है, वह तुच्छ से तुच्छ आत्मा भी महान् बन गया है। इसके लिए अनेक प्रमाण मौजूद हैं। इसी नि.स्वार्थ विचार-शक्ति के प्रभाव से बाल्मीकि और प्रभव चोर महर्षि के पद पर पहुँचे थे। इस लिए स्वार्थ के किवाड लगा कर उस विचारशक्ति को रोक देना उचित नहीं है। अपनी बुद्धि को, अपनी विचार-शक्ति को सब प्रकार के विकारों से दूर रख कर जो निर्णय किया जाता है वही उत्तम होता है।

जब आदमी को अपनी स्वतन्त्र बुद्धि से काम करना है तो उसका लक्ष्य क्या होना चाहिए? उसका लक्ष्य ऐसा होना चाहिए जिसे आदर्श मान कर सब लोग अपना काम कर सकें। जहाज में बैठे हुए लोगो की दृष्टि ध्रू पर रहती है, उसी प्रकार ऐसे लोगों को भी अपना लक्ष्यबिन्दु ध्रू-सा बना लेना चाहिए। उस लक्ष्यबिन्दु के सम्बन्ध में भी कुछ शब्द कह देना उचित प्रतीत होता है।

जीवन-व्यवहार के साधारण कार्य, जैसे खाना-पीना, चलना-फिरना आदि ज्ञानी भी करते हैं और अज्ञानी भी करते हैं। कार्यों में

इस प्रकार समानता होने पर भी बड़ा भेद रहता है। अज्ञानी पुरुष अज्ञान-पूर्वक, बिना किसी विशेष उद्देश्य के कार्य करता है जबकि ज्ञानी पुरुष जीवन का छोटे-से-छोटा और बड़े से बड़ा व्यवहार गम्भीर ध्येय से निष्काम भावना से, वासनाहीन होकर यज्ञ के लिए करता है। शास्त्रकारों ने यज्ञ के लिए काम करना पाप नहीं माना है। मगर प्रश्न यह है कि वास्तविक यज्ञ किसे कहना चाहिए ? लोगों ने नाना प्रकार के हिंसात्मक कृत्य करने और अग्नि में घी होमने को ही यज्ञ मान लिया है। मगर यज्ञ के सम्बन्ध में गीता में कहा है :—

> द्रव्ययज्ञास्तपोयज्ञा, योगयज्ञास्तथाऽपरे।
> स्वाध्यायज्ञानयज्ञाश्च, यतयः शंसितव्रताः॥
>
> —अ० ४ श्लो० २८

यज्ञ अनेक प्रकार के होते हैं। अगर किसी को द्रव्य-यज्ञ करना है तो धन पर से अपनी सत्ता उठा ले और कहे 'इदं न मम।' अर्थात् यह मेरा नहीं है। बस, यज्ञ हो गया।

संसार में जो गड़बड़ी मची हुई है उसका मूल कारण संग्रह-बुद्धि है। संग्रह-बुद्धि से संग्रहशीलता उत्पन्न हुई और संग्रहशीलता ने समाज में वैषम्य का विष पैदा कर दिया। इस वैषम्य ने आज समाज की शान्ति का सर्वनाश कर दिया है। इस विषमता का एक सफल उपाय है—यज्ञ करना। अगर लोग अपने द्रव्य का यज्ञ कर डालें—'इदं न मम' कह कर उसका उत्सर्ग कर दें तो सारी गड़बड़ आज ही शान्त हो जायगी।

द्रव्य-यज्ञ के पश्चात् तपोयज्ञ आता है। तप करना उतना कठिन नहीं है, जितना तप का यज्ञ करना कठिन है। बहुत-से लोग हैं जो तप करते हैं परन्तु उनकी उससे अमुक फल प्राप्त करने की आकांक्षा

बनी रहती है। इस प्रकार आकांक्षा वाला तप एक प्रकार का सौदा बन जाता है। वह तप यज्ञ रूप नहीं बन पाता। तप करके उससे फल की कामना न करे और 'इद न मम' कह कर उसका यज्ञ दे, तो तप अधिक फलदायक होता है।

मैं सर मनु भाई मेहता को सम्मति देता हूँ कि वे अपने प्रधानमन्त्री के अधिकारों का भी यज्ञ कर दें।

मेरा तात्पर्य यह है कि अगर सच्चे कल्याण की चाहना है तो सब वस्तुओं पर से अपना ममत्व हटा लो। 'यह मेरा है' इस बुद्धि से ही पाप की उत्पत्ति होती है। इस दुर्बुद्धि के कारण ही लोग ईश्वर का अस्तित्व भूले हुए हैं। 'इद न मम' कह कर अपने सर्वस्व का यज्ञ कर देने से अहकार का विलय हो जायगा और आत्मा में अपूर्व आभा का उदय होगा।

वे योगी, जो यज्ञ नहीं करते, उपहास के पात्र बनते हैं। योगियो! अपना किया हुआ स्वाध्याय, प्राप्त किया हुआ विविध भाषाओं का ज्ञान और आचरित तप आदि समस्त अनुष्ठान ईश्वर को समर्पित कर दो। अगर तुमने सभी कुछ ईश्वर को अर्पित कर दिया तो तुम्हारे सिर का बोझा हल्का हो जायगा। कामनाएँ तुम्हें सता न सकेंगी। बुद्धि गम्भीर होगी। अपना कुछ मत रक्खो। किसी वस्तु को अपनी बनाई नहीं कि पाप ने आकर घेरा नहीं।

भाइयो, आप सब लोग भी हृदय में ऐसी भावना भाइए कि सर मनु भाई मेहता को ऐसी शक्ति प्राप्त हो कि वे इग्लैण्ड जाकर

卐 वाङ्-चयन 卐

गोल-मेज-कान्फ्रेंस में अपने सम्पूर्ण साहस का परिचय दें। मेरी हार्दिक भावना है कि सब प्राणी कल्याण के भाजन बनें।

अन्त में मेरा आशीर्वाद है कि आपकी भावना सदा धर्ममयी बनी रहे और धर्मभावना के द्वारा आप यशस्वी और पूर्ण सफल बनें।

卐 वाङ्-चयन 卐

अल्पारम्भ-महारम्भ

वैश्य का कर्त्तव्य सग्रह करना हो सकता है परन्तु वह सग्रह स्वार्थमय परिग्रह नहीं बन जाना चाहिए। स्वार्थमय परिग्रह देश को आबाद नहीं बर्बाद करता है। वैश्यों को न केवल समाज और देश की भलाई के लिए ही वरन् अपनी आत्मिक उन्नति के लिए भी परिग्रह से बचना चाहिए। परिग्रह मात्र ममत्व भावना वढाने वाला है। और वही आजादी (मोक्ष) को रोकता है। अतएव परिग्रह को बढाने के बदले घटाने का प्रयत्न करना चाहिए। जीवन-निर्वाह के लिए आवश्यक पदार्थों का परिमाण नियत करना चाहिए और शेष पदार्थों के प्रति अनासक्त रहना चाहिए। परिमाण नियत कर लेने से आत्मा को बडी शान्ति मिलती है। चित्त की व्याकुलता कम होती है और सयम की ओर रुचि दौडने लगती है। अतएव बुद्धिमान मनुष्य को इस बात का पूरा विचार होना चाहिए कि मैं अपनी आवश्यकता से अधिक सग्रह न करूँ।

अल्पारम्भ-महारम्भ

वैश्य का कर्त्तव्य संग्रह करना हो सकता है परन्तु वह संग्रह स्वार्थमय परिग्रह नहीं बन जाना चाहिए। स्वार्थमय परिग्रह देश को आबाद नहीं बर्बाद करता है। वैश्यों को न केवल समाज और देश की भलाई के लिए ही वरन् अपनी आत्मिक उन्नति के लिए भी परिग्रह से बचना चाहिए। परिग्रह मात्र ममत्व भावना बढ़ाने वाला है। और वही आज़ादी (मोक्ष) को रोकता है। अतएव परिग्रह को बढाने के बदले घटाने का प्रयत्न करना चाहिए। जीवन-निर्वाह के लिए आवश्यक पदार्थों का परिमाण नियत करना चाहिए और शेष पदार्थों के प्रति अनासक्त रहना चाहिए। परिमाण नियत कर लेने से आत्मा को बडी शान्ति मिलती है। चित्त की व्याकुलता कम होती है और संयम की ओर रुचि दौडने लगती है। अतएव बुद्धिमान मनुष्य को इस बात का पूरा विचार होना चाहिए कि मैं अपनी आवश्यकता से अधिक संग्रह न करूँ।

अल्पारम्भ-महारम्भ

वैश्य का कर्त्तव्य सग्रह करना हो सकता है परन्तु वह संग्रह स्वार्थमय परिग्रह नही बन जाना चाहिए। स्वार्थमय परिग्रह देश को आबाद नहीं बर्बाद करता है। वैश्यो को न केवल समाज और देश की भलाई के लिए ही वरन् अपनी आत्मिक उन्नति के लिए भी परिग्रह से बचना चाहिए। परिग्रह मात्र ममत्व भावना बढ़ाने वाला है। और वही आजादी (मोक्ष) को रोकता है। अतएव परिग्रह को बढ़ाने के बदले घटाने का प्रयत्न करना चाहिए। जीवन-निर्वाह के लिए आवश्यक पदार्थों का परिमाण नियत करना चाहिए और शेष पदार्थों के प्रति अनासक्त रहना चाहिए। परिमाण नियत कर लेने से आत्मा को बड़ी शान्ति मिलती है। चित्त की व्याकुलता कम होती है और सयम की ओर रुचि दौडने लगती है। अतएव बुद्धिमान मनुष्य को इस बात का पूरा विचार होना चाहिए कि मै अपनी आवश्यकता से अधिक संग्रह न करूँ।

अल्पारम्भ-महारम्भ

वैश्य का कर्त्तव्य संग्रह करना हो सकता है परन्तु वह संग्रह स्वार्थमय परिग्रह नहीं बन जाना चाहिए। स्वार्थमय परिग्रह देश को आबाद नहीं बर्बाद करता है। वैश्यों को न केवल समाज और देश की भलाई के लिए ही वरन अपनी आत्मिक उन्नति के लिए भी परिग्रह से बचना चाहिए। परिग्रह मात्र ममत्व भावना बढ़ाने वाला है। और वही आज़ादी (मोक्ष) को रोकता है। अतएव परिग्रह को बढ़ाने के बदले घटाने का प्रयत्न करना चाहिए। जीवन-निर्वाह के लिए आवश्यक पदार्थों का परिमाण नियत करना चाहिए और शेष पदार्थों के प्रति अनासक्त रहना चाहिए। परिमाण नियत कर लेने से आत्मा को बड़ी शान्ति मिलती है। चित्त की व्याकुलता कम होती है और संयम की ओर रुचि बढ़ने लगती है। अतएव बुद्धिमान मनुष्य को इस बात का पूरा विचार होना चाहिए कि मैं अपनी आवश्यकता से अधिक संग्रह न करूँ।

बहुत से भाई दुर्भिक्ष के समय अपने घर मे इतना अधिक धान्य सग्रह कर लेते हैं कि उनके खाने पर भी समाप्त न हो। वे लोग अपनी आवश्यकता से अधिक वस्तुओ का भी विनिमय नही करते। उनकी एक मात्र आकाक्षा यही रहती है कि धान्य जितना महँगा हो, उतना ही अच्छा। उनके मन मे यही रटन रहती है कि पाँच सेर के बदले चार सेर का और चार सेर के बदले तीन सेर का धान्य हो तो बडी बात है। इस तृष्णा ने ससार को नरक बना डाला है। जिस घर मे एक आदमी है वह अपने लिए पर्याप्त सग्रह करे तो कोई मना नही कर सकता, जिस गृहस्थी मे पाँच मनुष्य हो वे अपने योग्य उचित संग्रह करे तो किसी को क्या आपत्ति है? पर एक आदमी दस के योग्य संग्रह कर रक्खे तो परिणाम क्या होगा? न दूसरे शान्ति मे रह सकेंगे और न वही। जब चारो तरफ दावानल सुलगेगा तो उसके बीच रहने वाला कोई एक शान्ति से कैसे बैठ सकेगा?

माता अपने बालक के लिए खाद्य सामग्री सचित कर रखती है और समय पर उसे खिलाकर प्रसन्नता का अनुभव करती है और बालक का पोषण भी। वैश्य का सग्रह ऐसा ही होना चाहिए। देश की प्रजा उसके लिए बालक के समान है।

एक गाय को ५० पूले घास के एक साथ डाले गये। वह उन्हे खाती नही। पैरो से रौंद-रौंद कर बिगाडती है। वह घास न तो उसके काम आता है, न दूसरो के। गाय इस बात को समझती नही। इस कारण उसके मालिक को सोचना चाहिए कि मैं गाय को उतने ही पूले डालूँ, जिससे गाय का काम चल जाय और घास नाहक खराब न हो। जो इस प्रकार की वृत्ति अपनी गिरस्ती मे रक्खेगा उसे कोई पापी नही कहेगा।

एक विद्वान् आविष्कारक ने बतलाया है कि प्रकृति उतना उत्पन्न करती है जितने से एक भी मनुष्य भूखा न मरे और नंगा न रहे। पर हाय! आज लाखो मनुष्य भूख के मारे मर रहे हैं। उन्हें तन ढॅकने को पूरा कपड़ा भी नसीब नहीं होता। मित्रो! विचार करने से मालूम होगा कि इसका कारण लोगो की संग्रह-बुद्धि ही है। एक ओर अन्न के लिए तरसते हुए मनुष्य मर रहे हैं और दूसरी तरफ आवश्यकता न होने पर भी जीवनोपयोगी वस्तुओ का सग्रह किया जाता है! क्या इससे यह बात सिद्ध नही होती कि स्वार्थी मनुष्य, मनुष्य के घात का कारण बन रहा है?

कई लोग कहते हैं, सॉप मनुष्य का शत्रु है, क्यो कि वह उसे काट कर उसकी जीवनलीला समाप्त कर देता है। सिह मनुष्य का शत्रु है, वह उसे फाडकर खा जाता है। रोग फैलकर मनुष्यो का संहार करता है इसलिए वह भी मनुष्य का शत्रु है।

इन बेचारो के जबान नहीं है, अतएव मनुष्य चाहे सो आक्षेप उन पर कर सकते हैं। अगर उन्हे अपनी सफाई पेश करने की योग्यता मिली होती तो वे निडर होकर तेजस्वी भाषा मे कह सकते हैं कि—'मनुष्यो! हम जितने क्रूर नहीं उतने क्रूर तुम हो। तुम्हारी क्रूरता के आगे हमारी क्रूरता किसी गिनती में ही नही है। सर्प किसी को निष्कारण नही काटता। वह प्राय आत्मरक्षा के उद्देश्य से ही काटता है। और जब काटता है तो मीठा जहर चढ़ता है और जिसे जहर चढ़ता है वह मस्ती के साथ प्राणविसर्जन करता है। उसे प्रकट रूप मे कुछ भी कष्ट अनुभव नही होता। पर मनुष्य, मनुष्य को बुरी तरह मारता है? सॉप और मनुष्य की तुलनाकरके देखो, अधिक क्रूर है?

बहुत से भाई दुर्भिक्ष के समय अपने घर में इतना अधिक धान्य संग्रह कर लेते हैं कि उनके खाने पर भी समाप्त न हो। वे लोग अपनी आवश्यकता से अधिक वस्तुओं का भी विनिमय नहीं करते। उनकी एक मात्र आकांक्षा यही रहती है कि धान्य जितना महँगा हो, उतना ही अच्छा। उनके मन में यही रटन रहती है कि पाँच सेर के बदले चार सेर का और चार सेर के बदले तीन सेर का धान्य हो तो बड़ी बात है। इस तृष्णा ने संसार को नरक बना डाला है। जिस घर में एक आदमी है वह अपने लिए पर्याप्त संग्रह करे तो कोई मना नहीं कर सकता, जिस गृहस्थी में पाँच मनुष्य हों वे अपने योग्य उचित संग्रह करें तो किसी को क्या आपत्ति है? पर एक आदमी दस के योग्य संग्रह कर रक्खे तो परिणाम क्या होगा? न दूसरे शान्ति से रह सकेंगे और न वही। जब चारों तरफ दावानल सुलगेगा तो उसके बीच रहने वाला कोई एक शान्ति से कैसे बैठ सकेगा?

माता अपने बालक के लिए खाद्य सामग्री सचित कर रखती है और समय पर उसे खिलाकर प्रसन्नता का अनुभव करती है और बालक का पोषण भी। वैश्य का संग्रह ऐसा ही होना चाहिए। देश की प्रजा उसके लिए बालक के समान है।

एक गाय को ५० पूले घास के एक साथ डाले गये। वह उन्हें खाती नहीं। पैरों से रौंद-रौंद कर बिगाड़ती है। वह घास न तो उसके काम आता है, न दूसरों के। गाय इस बात को समझती नहीं इस कारण उसके मालिक को सोचना चाहिए कि वे गाय को उतने ही पूले डालें, जिससे गाय का काम चल जाय और घास नाहक खराब न हो। जो इस प्रकार की वृत्ति अपनी गिरस्ती में रक्खेगा उसे कोई पापी नहीं कहेगा।

मित्रो ! आदर्श वैश्य संसार की माता की तरह संग्रह करता है, जौंक की तरह नहीं। जो इस बात का ध्यान रखता है वह दयालु, करुणाशील और धर्मात्मा कहा जायगा, क्योंकि उसकी जीविका धर्म की जीविका है, अधर्म की नहीं

वैश्य को किस प्रकार की आजीविका करनी चाहिए, यह एक विचारणीय प्रश्न है। आजीविका दो प्रकार की होती है—मूल-आजीविका और (२) उत्तर आजीविका। खेती करके अनाज या कपास उपजाना मूल आजीविका है और रुई, सूत या वस्त्र का व्यापार करना उत्तर आजीविका है।

आज कल मूल आजीविका के प्रति उचित आदरभाव दिखाई नही देता। लेकिन मूल आजीविका के बिना उत्तर आजीविका टिक नही सकती। आप लोग खेती नहीं करते पर खेती से पैदा हुई रुई और कुस्टा आदि का व्यापार करते है। अगर किसान खेती करना छोड दे तो आपका व्यापार किस आधार पर चलेगा? आपसे मिहनत का काम नहीं होता इसलिए आपने खेती करना महापाप का काम मान लिया है। मगर कभी यह भी विचार किया है कि तृष्णा की अधिकता किसमे है? जरा तुलना करके देखो कि खेती करने वालो ने कितनो को डुबाया है और दूसरे व्यापार करने वालो ने कितनो को? गरीब किसान उतना असत्यमय व्यवहार नही करता जितना साहूकार कहलाने वाले सेठ करते हैं। किसी किसान ने स्वार्थ से प्रेरित होकर किसी को डुबाया हो, ऐसा आज तक नही सुना गया, किन्तु बड़े व्यापार करने वाले सैकडो ने लोभवश दिवाला निकाल दिया और दूसरों के पैसे हजम कर लिये।

एक आदमी बिजली का व्यापार करता है और दूसरा खेती करता है। अब आप बतलाइए आरंभ का पाप किसमें ज्यादा है?

आप चुप हो रहे हैं। आप जानते होंगे कि बला कहीं हमारे गले पड़ जायगी। मित्रो! आप घबराइये नहीं। अगर आप नहीं कह सकते तो मैं साफ कह देता हूँ कि बिजली का व्यापार करने वाला दुनिया के ऊपर अनावश्यक बोझा डालता है। वह जर्मनी, जापान और अमेरिका आदि विदेशों से माल मँगवा कर लोगों को ललचाया करता है। दुनिया मरे या जिये उसकी बला से। उसे अपना जेब गरम करने से मतलब है। लोगों की आँखों को हानि पहुँचती है तो पहुँचे, आँखें कल फूटती थीं सो आज ही क्यों न फूट जाएँ, उसे इससे क्या प्रयोजन? उसे अपना घर भरने से काम है।

हाथ फैलाने की जरूरत नहीं है। सारा ससार रूठ जाय तो भी उसका कुछ बिगाड नहीं हो सकता, मगर यदि खेती करने वाले रूठ जाएँ तो सब को नानी याद आने लगे। सर्वत्र त्राहि-त्राहि और हाय-हाय का घोर आर्त्तनाद सुनाई पड़ने लगे। इसी कारण कहा जाता है कि खेती दुनिया का प्राण है। खेती के विना दुनिया मे प्रलय मच सकता है।

ऐसी अवस्था मे तुम्हे सत्य और न्याय का विचार करना चाहिए। खेती करने वालो से घृणा का व्यवहार न करके, उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करना चाहिए। सरल और सीधे किसानो का आदर करना चाहिए और उनसे जगत्कल्याण के लिए कष्ट सहने का सवक सीखना चाहिए।

मित्रो! अब एक और प्रश्न मै तुम्हारे सामने रखता हूँ। बताओ खेती करने मे ज्यादा पाप है या जुआ खेलने मे? बोलिए, चुप मत रहिए।

श्रावक—ऊपर की दृष्टि से तो खेती का काम ज्यादा पाप का मालूम पड़ता है।

ठीक है। इस प्रकार कहने से मुझे मालूम हो जाता है कि आप किस वस्तु को किस रूप में समझ रहे हैं।

मित्रो! ऊपर की दृष्टि से जुआ अल्प पाप गिना जाता है। इसमे किसी की हिंसा नहीं होती। केवल इधर की थैली उधर उठाकर पडती है। पर खेती मे? अरे बाप रे! एक हल चलाने मे न कितने जीवो की हिसा होती है? यह कहना भी अत्युक्ति नहीं खेती में छहो काय की हिंसा होती है।

मित्रो ! उथले विचार में ऐसा मालूम होता है सही, पर अगर गहराई में जाकर विचार करेंगे तो आपको कुछ और ही प्रतीत होगा। आप इस बात पर ध्यान दीजिए कि जगत का कल्याण किससे है ? पाप का मूल क्या है ? क्या यह सन्देह करने की बात है कि खेती के बिना जगत सुखी नहीं रह सकता ? खेती से प्राणियों की रक्षा होती है। थोड़ी देर के लिए कल्पना कीजिए कि संसार के सब किसान कृषि-कार्य का त्याग कर जुआरी बन जाएँ तो कैसी बीते ?

श्रावक—'दुनिया का काम नहीं चल सकता ?'

अब आपकी समझ में आ रहा है। तो जिस कार्य से प्राणियों की रक्षा होती है वह कार्य पुण्य का है या पाप का ?

श्रावक—'पुण्य का।'

अब आप जुए की तरफ देखिए। जुआ जगत्-कल्याण में तनिक भी सहायक नहीं है। बल्कि जुआ खेलने वालों में झूठ, कपट, छलछिद्र, तृष्णा आदि अनेक दुर्गुण पैदा हो जाते हैं। अधिक क्या कहा जाय, संसार में जितने दुर्गुण हैं वे सब जुए में विद्यमान हैं। किसी ने कहा है—

जुआ हिंसाकारी है, जुए से असत्य भाषण होता है, जुआरी चोरी करने के लिए भी उद्यत हो जाता है। जुए से निश्चय ही मनुष्य दुःख का भागी होता है।

वास्तव मे जुआरी प्राणियो पर दया नही करता। धर्मराज युधिष्ठिर ने जुए के जाल मे फँस कर के ही द्रौपदी को दाव पर रख दिया था। जुआ धर्मराज की बुद्धि पर भी पर्दा डाल सकता है तो दूसरे साधारण मनुष्यो की बात ही क्या है?

जुआ और खेती के पाप की तुलना करते समय आप यह बात भी न भूल जाइए कि शास्त्रो मे जुए को सात कुव्यसनो मे गिना गया है, पर खेती करना कुव्यसन के अन्तर्गत नही है। श्रावक को सात कुव्यसनो का त्याग करना आवश्यक है। अगर जुए की अपेक्षा खेती मे अधिक पाप होता तो सात कुव्यसनो की अपेक्षा खेती का पहले त्याग करना आवश्यक होता। परन्तु शास्त्र बतलाते हैं कि आनन्द जैसे धुरंधर श्रावक ने श्रावकधर्म धारण करने के पश्चात् भी खेती करने का त्याग नही किया था।

इस विवेचन से आप अल्प पाप और महापाप को समझ सकेंगे, फिर भी अधिक स्पष्टीकरण के लिए मै कुछ उदाहरण आपके सामने रखता हूँ। उनसे कई बातो का निचोड निकल सकेगा।

एक पुरुष कहता है—'मै ब्रह्मचर्य का पालन नही कर सकता। अतएव विषय-लालसा की तृप्ति के लिए दो-दो मास मे वेश्या-गमन करना अच्छा समझता हूँ। सामाजिक मर्यादा के अनुसार विवाह रना अधर्म है। विवाह करने मे कई आरंभ-समारंभ करने पडते विवाह के पश्चात् भी कपड़े के लिए और कभी गहनो के लिए आरम्भ पड़ता है। विवाह के फल स्वरूप पुत्र या पुत्री का जन्म होने

पर उनके विवाह आदि के निमित्त भी तरह-तरह का सावद्य व्यवहार करना पड़ता है और इस प्रकार पाप की परम्परा चलती जाती है। अतएव विवाह में सिवाय आरम्भ के और कोई बात ही नहीं है।'

वह कहता है—'वेश्या-गमन में ऐसा कोई झंझट ही नहीं है। थोड़े से पैसे दिये और छुट्टी पाई। वह मरे चाहे जिये, हमें कोई सरोकार नहीं। न हमें वेश्या के कपड़े की चिन्ता, न आभूषणों की फिक्र। न उनके लिए किसी प्रकार का आरम्भ, न किसी तरह का समारम्भ। विवाह आरम्भ-समारम्भ का घर है। अतएव विवाह से वेश्या-गमन में कम पाप है।

मित्रो! ऊपर की दृष्टि से वेश्या-गमन में कम पाप नजर आता है, पर जरा गहराई में जाकर देखो तो पता चलेगा कि उस विचार में अनर्थों की कितनी दीर्घ परम्परा छिपी हुई है। वह विचार कितने भयंकर पापों से परिपूर्ण है। उस अविचार की बुराई [illegible] नहीं बतलाई जा सकती।

गृहस्थ ब्रह्मचारी बन सकता है, वेश्यागामी नहीं। वेश्यागामी महापापी है यहाँ तक कि वेश्या-गमन की भावना मन में उत्पन्न होना भी घोर पाप का कारण है।

इससे मेरा बिना किसी विशेष आरंभ-समारंभ के काम चल जाता है और उस धनी का भी उपकार हो जाता है। चुराये हुए धन पर से धनी का ममत्व कम हो जाता है और ममत्व का घटना धर्म है। इस तरह धनी ममत्व की अधिकता से बच जाता है और मैं खेती, व्यापार आदि के आरंभ-समारंभ से बच जाता हूँ।

अब यह आपका काम है कि आप खेती करने वाले और चोरी करने वाले दो पुरुषो के काम की परीक्षा करके यह निर्णय करें कि अल्प पाप किसमे है और महापाप किसमे है ?

मुझसे एक भाई कहते थे—'आप गायें पालने का उपदेश देते है।' मैंने उन्हे बतलाया—आप मेरे कथन को ठीक तरह नही समझे हैं और ऊपर की बात लेकर उड़ पड़े हैं।

मेरा कहना यह है कि बाजार का दूध लेने से घर पर गाय पालने मे कम पाप है। इस कथन की सचाई सिद्ध करने के लिए अनेक प्रमाण मौजूद हैं। अभी कुछ दिनों पहले बीकानेर के एक विद्वान् सेठजी मेरे पास आये थे। उन्होंने मुझे बतलाया कि—जितने दूध बेचने वाले घोसी आते है, उनके घर जाकर देखा जाय तो एक भी बछड़ा न मिलेगा। क्योंकि वे कसाईखाने मे बछड़े भेज देते हैं। हाय! कितनी करुणापूर्ण दशा है! फिर भी आप मोल का दूध लेने मे पाप नहीं समझते ?

बंबई आदि विशाल नगरो मे ऐसा होना सुना जाता था मगर ... हुआ सर्वत्र ऐसा अत्याचार होता है। सुनते हैं—घोसी लोग ... के गुप्त स्थान मे नली के द्वारा हवा भरते हैं, जिससे गाय फूल ... है और घोर वेदना अनुभव करती हुई तड़फने लगती है। आप

जानते हैं? इसलिए कि दूध सूँत-सूँत कर अधिक निकाला जाय! कैसा घोर अत्याचार है! कितनी कृतघ्नता है! कैसी क्रूरता है!

और यह कितने आश्चर्य एवं खेद की बात है कि आप इस प्रकार निकाले हुए दूध को खरीदते हैं और उसके खोवे की मिठाइयाँ उड़ाने में आनन्द मानते हैं।

भाइयो और बहिनो! आपको महापाप का मूल और फल रूप ऐसा दूध पीना उचित नहीं है। इसकी अपेक्षा घर पर गाय का पालन-पोषण करना कैसे अनुचित कहा जा सकता है? क्या इस आरम्भ हिंसा में अल्प पाप की कल्पना की जा सकती है?

इससे मेरा बिना किसी विशेष आरंभ-समारंभ के काम चल जाता है और उस धनी का भी उपकार हो जाता है। चुराये हुए धन पर से धनी का ममत्व कम हो जाता है और ममत्व का घटना धर्म है। इस तरह धनी ममत्व की अधिकता से बच जाता है और मै खेती, व्यापार आदि के आरंभ-समारंभ से बच जाता हूँ।

अब यह आपका काम है कि आप खेती करने वाले और चोरी करने वाले दो पुरुषो के काम की परीक्षा करके यह निर्णय करे कि अल्प पाप किसमे है और महापाप किसमे है ?

मुझसे एक भाई कहते थे—'आप गाये पालने का उपदेश देते है।' मैंने उन्हे बतलाया—आप मेरे कथन को ठीक तरह नहीं समझे हैं और ऊपर की बात लेकर उड पड़े हैं।

मेरा कहना यह है कि बाजार का दूध लेने से घर पर गाय पालने मे कम पाप है। इस कथन की सचाई सिद्ध करने के लिए अनेक प्रमाण मौजूद हैं। अभी कुछ दिनो पहले बीकानेर के एक विद्वान् सेठजी मेरे पास आये थे। उन्होने मुझे बतलाया कि—जितने दूध बेचने वाले घोसी आते हैं, उनके घर जाकर देखा जाय तो एक भी बछड़ा न मिलेगा। क्योंकि वे कसाईखाने में बछड़े भेज देते हैं। हाय! कितनी करुणापूर्ण दशा है! फिर भी आप मोल का दूध लेने मे पाप नही समझते ?

वंबई आदि विशाल नगरो में ऐसा होना सुना जाता था मगर हुआ सर्वत्र ऐसा अत्याचार होता है। सुनते हैं—घोसी लोग के गुप्त स्थान मे नली के द्वारा हवा भरते है, जिससे गाय फूल है और घोर वेदना अनुभव करती हुई तड़फने लगती है। आप

जानते है ? इसलिए कि दूध सूँत-सूँत कर अधिक निकाला जाय ! कैसा घोर अत्याचार है ! कितनी नृशंसता है ! कैसी क्रूरता है !

और यह कितने आश्चर्य एवं खेद की बात है कि आप इस प्रकार निकाले हुए दूध को खरीदते हैं और उसके खोये की मिठाइयाँ उड़ाने में आनन्द मानते हैं।

भाइयो और बहिनो ! आपको महापाप का मूल और फल रूप ऐसा दूध पीना उचित नहीं है। इसकी अपेक्षा घर पर गाय का पालन-पोषण करना कैसे अनुचित कहा जा सकता है ? क्या इस दारुण हिंसा मे अल्प पाप की कल्पना की जा सकती है ?

मित्रो ! आप इस गहरी दृष्टि से अल्प पाप और महापाप का विचार कीजिए। यह याद रखिए जहाँ सादगी को स्थान मिलता है वहीं अल्प पाप होता है। सादगी में ही शील का वास है। विला-सिता बढ़ाने वाली सामग्री महापाप का कारण है। वह स्वयं विलासी को भ्रष्ट करती है और साथ ही दूसरों को भी।

❀ ❀ ❀ ❀

मित्रो ! बहुत से लोग खेती करने वालो को और मिट्टी के वर्त्तन गढ़ने वालों को पापी समझते होंगे, पर मै तो अनेक बडे-बड़े धनवानो को उनसे कहीं अधिक पापी मानता हूँ। वे बेचारे खरी मिहनत करके अपना निर्वाह करते है, उन्हे आप पापी कहते हैं किन्तु जो लोग गद्दियो पर पड़े-पड़े ब्याज खाते है या किसी ऐसे ही व्यापार द्वारा गरीबों को चूसते हैं, अपने हाथ से कुछ भी काम नहीं करते, आलस्य मे पड़े-पड़े 'उसे मारूँ, इसे गिराऊँ, उसका धन स्वाहा कर दूँ, इसे

फँसाऊँ, अमुक का घर-द्वार नीलाम पर चढ़ा दूँ' ऐसा सोचा करते है, उन्हे आप पुण्यात्मा समझते हैं। यह कैसा उलटा ज्ञान है ? जो लोग मिट्टी भिगोने और जूते गाँठने मे ही पाप मानते है और ऐसे भयंकर कामो को पाप नहीं मानते, वे अभी अज्ञान मे पडे है।

आज परंपरा के कारण पुष्प सूँघने वाले को पापी और तमाखू सूँघाने वाले को अच्छा समझा जाता है। लोग इसका कारण यह समझाते हैं कि तमाखू अचित्त वस्तु है और पुष्प सचित्त। किन्तु अगर आप इन दोनो को विचार की तुला पर तोलेगे तो बडा अन्तर नजर आएगा। उस समय आपको मालूम होगा कि तमाखू मे ज्यादा पाप है या पुष्पो मे। जैनशास्त्र ऊपर-ऊपर से विचार करने का उपदेश नहीं देता, वह उत्पत्तिस्थान तक की खोज करने का उपदेश देता है। अगर आप इस बात का विचार करेंगे कि तमाखू किस प्रकार बोई जाती है और बाद मे कितने आरभ-समारभ के साथ तैयार की जाती है और साथ ही मादक होने के कारण उससे कितनी भावहिंसा होती है तो आपको तत्काल मालूम हो जायगा कि पुष्प सूंघने मे अपेक्षाकृत अल्प पाप और तमाखू सूंघने मे अपेक्षाकृत महापाप है। जिन भाइयो को इतना गहरा विचार करना न आवे, वे यदि ऊपरी दृष्टि से भी विचार करेंगे तो भी उन्हे असलियत का भान हो जायगा।

•

विचार कीजिए, मनुष्य तमाखू सूंघने के बाद क्या करता है ? वह नासिका का मैल इधर-उधर डाल देता है और कई बार दीवालो भी हाथ से पौछ लेता है। यहाँ तक देखा जाता है कि कई लोग कपडो से भी पौछ लेते हैं। उनके कपड़े बुरी तरह बासते हैं। लोग उन्हे घृणा की दृष्टि से देखते हैं। और जब कपड़े

बहुत मैले-कुचैले हो जाते हैं तब धोये जाते हैं। कहिए, तमाखू सूँघने से कितना आरभ-समारंभ बढ़ा ? पर क्या आपने पुष्प सूँघने में यह दोप देखे हैं ? पुष्प की सुगध से हवा शुद्ध होती है, मस्तिष्क मे शान्ति का सचार होता है, उसमे और भी कई प्रकार के गुण हैं, ऐसा वैद्यक-शास्त्र और आज का विज्ञान बतलाता है। पर तमाखू मे कौन-से गुण हैं, जिनके लिए इतना आरभ-समारंभ किया जाता है ? अलबत्ता यह तो सुना गया है कि तमाखू सूँघने वालो को कई प्रकार की बीमारियाँ पैदा होती हैं।

आज आप लोग पुष्पो की सुगध से, पाप समझ कर डरते हैं पर मस्तिष्क को भ्रष्ट करने वाली ब्राडी जैसी अपवित्र और पापमय चीजों से बने सेंट, लवेंडर वगैरह सूँघने मे जरा भी हिचकिचाहट नहीं करते। मै यह नहीं कहता कि पुष्प सूँघने मे पाप नहीं है, अवश्य है, पर इनके बराबर नही। पर ऐसी तुलना के लिए सीधी चीजों पर मौज उडाने वालो को समय कहाँ ? अप्रत्यक्ष मे अतरो के लिए हजारो-लाखों पुष्प भले ही तोड़े जाएँ, इसकी कुछ भी परवाह नहीं, पर यो एक फूल सूँघने में जल्दी पाप नजर आजाती है मित्रो ! विवेक सीखो। धर्म विवेक मे है—अधाधुधी मे नहीं।

भीनासर
२१—१०—२७

मैं कई बार कह चुका हूँ कि सीधी वस्तु के भरोसे अल्प पाप की जगह कई भाई अपने सिर पर महापाप ले लेते हैं। सीधा खाना या उसका शौकीन बनना आलस्य की खास निशानी है। आलस्य से धर्म नहीं होता। धर्म तो कर्त्तव्यपालन से होता है।

❀ ❀ ❀ ❀

अच्छा वैद्य रोगी का मनचाहा पथ्य नहीं बतलाता, वरन् रोगी के स्वास्थ्य का ध्यान रखकर हितकर पथ्य बतलाता है। सच्चा उपदेश जनता को चाटुकारी नहीं करता, बल्कि सच्ची, हितकर और अभ्युदय कारक बात ही कहता है।

विचार-बिन्दु

जो भाई यह समझते हैं कि विषयभोग से ही संसार चल रहा है, कहना चाहिए वे बडे भ्रम में हैं। संसार तप के आधार पर चल रहा है। जिस दिन मानव-समाज तप की वास्तविक महत्ता समझ लेगा उसी दिन उसके बद्धमूल कुसंस्कार ढ़ीले पड जाएँगे।

❀ ❀ ❀ ❀

श्रमणोपासक के पास खजाना आजाय तो क्या, और नष्ट हो जाय तो क्या ? वह किसी भी हालत में दुखी नहीं होता। हमेशा पलग पर सोता है। एक दिन जमीन पर सोना पड़ा तो दुःख किस बात का ? वह तो यही सोचता है कि मेरे गुरु हमेशा जमीन पर

सोते हैं। यदि मैं आज जमीन पर सो गया तो उनकी विशेष भक्ति समझनी चाहिए। जो रात-दिन दु खो के दरिया मे गोता खाता रहता है, जो कठिनाइयो को देखकर डर जाता है, वह सच्चा श्रमणोपासक नही कहला सकता। श्रमणोपासक को किसी भी हालत मे दुःख नही सता सकता। उसके चेहरे पर सदा हँसी नाचती रहती है। जब वह कष्टो या कठिनाइयो से घिर जाता है तो वीरतापूवक उनका सामना करता है। निराशा का तो वह नाम नही जानता।

❀ ❀ ❀ ❀

अन्त करण शुद्ध किये बिना कभी शान्ति नहीं मिल सकती। जिस बरतन मे बदबूदार घी भरा हो उसे चाहे जितना माँजा जाय, उसकी बदबू नही मिटने की। इसी प्रकार स्नान करने से अन्तःकरण शुद्ध नहीं होता। अन्तःशुद्धि के लिए चोरी से बचने की जरूरत है। अन्तःशुद्धि के लिए व्यभिचार से सदा दूर रहना चाहिए। अन्त.शुद्धि के लिए आलस्य से सदा दूर रहना जरूरी है। जो मनुष्य इन बातो का ध्यान रक्खेगा उसे शान्ति मिले बिना न रहेगी।

अन्त करण की शान्ति चाहने वालो को दूसरे पर कभी द्वेष न लाना चाहिए। द्वेष की अग्नि बडी भयकर है। द्वेष की आग से संतप्त प्राणी को अच्छे शृङ्गार भी लपलपाती हुई भयकर अग्नि के समान लगते हैं। जब आपका कोई शत्रु बढ़िया वस्त्राभूषण पहन कर आपके सामने से निकलता है तो आपके दिल में कैसी आग धधकने लगती है? द्वेष के कारण ही घर में घमासान युद्ध छिड़ता है। जिस घर में द्वेष है वह नरक तुल्य है।

❀ ❀ ❀ ❀

आप दूसरों को अभयदान देना चाहते हैं। पर यह तो समझ लो कि अभय कौन दे सकता है ? जिसके पास जो है वह वही दान दे सकेगा। अगर अभयदान देना चाहते हैं तो पहले स्वय अभय—निडर बनो। जिसे भूत, प्रेत, डाकिन, जन्म, जरा, मरण आदि भयभीत नहीं कर सकते, ससार की कोई शक्ति जिसे अपने पथ से विचलित नही कर सकती, वह अभय है।

❀ ❀ ❀ ❀

जो धर्म की रक्षा करना चाहता है उसे वीर बनना पड़ेगा। वीरता बिना धर्म की रक्षा नहीं हो सकती। भक्त का मुख्य उद्देश्य वीर बनना ही होना चाहिए।

जो वीर भक्त बन जाता है, उसके मार्ग मे कितनी ही आपत्तियाँ आवें, कोई भी उसके मार्ग से डिगाने का प्रयत्न करे, वह विचलित नहीं होता। क्या कामदेव विपत्तिओं से डरा था ?

❀ ❀ ❀ ❀

पारस्परिक अविश्वास होना असत्य का आधिपत्य होना, एक का दूसरे को राक्षस रूप मे दिखाई देना, यह सब आसुरी सम्पदा के लक्षण हैं। इनके फल बड़े कटुक होते हैं। ज्ञानी जन इस बात को अच्छी तरह जानते हैं, इसलिए वे अपना तमाम बुद्धि-बल लगा कर इससे होने वाले क्लेश को जीतने का प्रयत्न करते हैं।

यह कितनी लज्जा की बात है कि अपने आपको बुद्धिमान् समझने वाले लोग, जनता मे जितना अविश्वास फैलाते और असत्य का प्रचार करते हैं, उतना मूर्ख कहलाने वाले नही।

❀ ❀ ❀ ❀

जिसके अन्तःकरण में चंचलता भरी है, जिसका हृदय क्रोध की भट्टी बना हुआ है, वह अगर दूसरों को उपदेश देने के लिए उद्यत होता है तो उसका दुस्साहस ही समझना चाहिए।

आज वक्ताओं की बाढ़-सी आ रही है, मगर अपनी ही वक्तृता के अनुसार चलने वाले कितने हैं ? जो सत्य पर नहीं चलता वह उपदेश देकर दूसरो को सत्यवादी कैसे बन सकता है ना ?

व्याख्यानमञ्च पर खड़ा उपदेशक जब कहता है—'मैं आकाश बाँध दूंगा, मैं पाताल बाँध दूंगा,' तब देखना उसने अपनी धोती अच्छी तरह बाँधी है या नहीं ? जो अपनी धोती भी अच्छी तरह नहीं बाँध सकता वह आकाश-पाताल क्या बाँधेगा ?

आत्मा स्वतंत्र है; इस तथ्य को समझते हुए भी जो कहता है—'मुझे अमुक का सहारा चाहिए, अमुक मेरी आशा पूरी कर देगा, अमुक के द्वारा मेरा भला-बुरा होगा, इत्यादि, उसने धर्म का मर्म नहीं जाना।

वास्तव में आत्मा अपने ही कर्त्तव्यों से स्वतंत्र बनती है और उसी के कर्त्तव्य उसे स्वतंत्र से परतंत्र बना डालते हैं।

❀ ❀ ❀ ❀

भिखारी आपके पास माँगने आता है। आप उसे पैसा-दो पैसा हैं और वह सन्तोष कर लेता है। पर आपको कितने पैसों की ता है ? हजारों-लाखों से भी आपका मन नहीं मानता। आप ही सोचिये—बड़ा भिखारी कौन है—आप या वह ?

भिखारी आप से रोटी का टुकडा मॉगता है, मिलने पर वह उसी तृप्त हो जाता है। पर आपको कलाकंद लड्डू, बर्फी, आचार, रब्बा आदि से भी संतोष नहीं। बताइए—बड़ा भिखारी कौन है?

❀ ❀ ❀ ❀

भक्त कहता है–'किसके आगे अपना दुखडा रोऊँ? जिसे अपना ःख सुनाता हूँ। वह स्वयं दुखी है। जो अपना दुःख नहीं मिटा कता है वह मेरा दुःख क्या दूर करेगा? जो समस्त दुःखो से परे वही मेरा दु ख दूर करेगा।

दुःख का गुलाम दुःख से कैसे छुडा सकता है? स्वयं रोने ाला दूसरे को क्या हँसाएगा?

अपनी रक्षा के लिए जो दूसरों का मुहताज है वह मेरी रक्षा ैसे कर सकता है?

❀ ❀ ❀ ❀

मनुष्य अपनी शक्ति से अपरिचित रह कर निर्बल बन रहा है। ाब वह अपनी शक्ति को पहचान लेगा, तब उसे अपनी गहरी भूल ा पता चलेगा। उस समय वह सहज ही समझ लेगा—'तमाम ुनिया और देवताओं का बल एक ओर है और मेरा बल दूसरी ओर ै। फिर भी मैं अधिक सबल हूँ।

प्रभु को प्रसन्न करना है तो निर्बल बनो। निर्बल का मतलब पुरुषार्थहीन बनना नहीं है। निर्बल का अर्थ है—भौतिक बल के अभिमान का त्याग। तुम्हारे पास जो धन-बल है, उसका अभिमान मत करो। धन ने अनेक धनवानो के नाक, कान, हाथ, पैर काट डाले

हैं और कइयों के प्राण हरण कर लिए हैं। जिस पर तुम भरोसा करो, वही तुम्हे दगा दे जाय, भला वह भी कोई बल है? ऐसा धन बल, बल क्या हुआ वैरी हुआ। इसे तुच्छ समझ कर प्रभु की शरण में जाओ।

जनबल की भी यही दशा है। यह कई बार कीडा बन कर तुम्हारा घोर अहित करता है। संसार मे सर्वोत्कृष्ट बल ईश्वर का ही बल है। उसी की प्राप्त करने का प्रयत्न करो।

संसार के पदार्थ दगाखोर हैं या नहीं, यह निर्णय करना हो तो अनाथी मुनि का अनुकरण करो। उन्होंने हाँडी की तरह बजा-बजा कर हरेक वस्तु की परीक्षा की थी। परीक्षा करने पर तुम्हें भी थोथा-पन नज़र आने लगेगा।

❀ ❀ ❀ ❀

जब तक गरीब आपको प्यारे नहीं लगेंगे तब तक आप ईश्वर को प्यारे न लगेंगे।

अगर आपको गरीब प्यारे नहीं लगते, तो क्या दूसरों को मारने के लिए ईश्वर से बल की याचना करना चाहते हो?

❀ ❀ ❀ ❀

जो मनुष्य जिस काम को नहीं जानता उसे उसके फल को भोगने क्या अधिकार है? जो कपडा बुनना नहीं जानता उसे कपडा पहनने अधिकार नहीं है। जो अन्न पैदा नही कर सकता उसे खाने का क्या अधिकार है?

प्राचीन काल में बहत्तर कलाएँ प्रत्येक को सीखनी पडती थीं। उनमें कपड़ा बुनना और खेती करना क्या सम्मिलित नहीं था ?

❀ ❀ ❀ ❀

जो देश रोटी और कपडे के लिए दूसरे देश का मुंह ताकता है वही गुलाम है। गुलामी रोटी और कपड़े की पराधीनता से आती है। जो देश दो बातों मे अर्थात् रोटी और कपडे में स्वतत्र होता है उसे कोई गुलाम नहीं बना सकता।

❀ ❀ ❀ ❀

रोटी को छोटी और गहनो को बडी चीज मानना विवेकशून्यता का लक्षण है। गहनों के विना जीवन कट जाता है पर रोटी के विना कितने दिन कट सकेंगे ? आपने गहनों को बडी चीज मान कर आडम्बर बढा लिया। परिणाम यह हुआ कि भारत मे छह करोड़ आदमी भूखो मरते हैं।

❀ ❀ ❀ ❀

आपके घर में विधवा बहिनें शीलदेवियाँ हैं। इनका आदर करो। इन्हें पूज्य मानो। इन्हें खोटे दुखदाई शब्द मत कहो। यह शील-देविया पवित्र हैं, पावन हैं। यह मगलरूप हैं। इनके शकुन अच्छे है। शील की मूर्ति क्या कभी अमङ्गलमयी हो सकती है ?

समाज की मूर्खता ने कुशीलवती को मङ्गलमयी और शीलवती को अमङ्गला मान लिया है। यह कैसी भ्रष्ट बुद्धि है !

याद रखो, अगर समय रहते न चेते और विधवाओं की मान-रक्षा न की, उनका निरन्तर अपमान करते रहे, उन्हे ठुकराते रहे, तो शीघ्र ही अधर्म फूट पड़ेगा। आपका आदर्श धूल में मिल जायगा और आपको संसार के सामने नतमस्तक होना पड़ेगा।

❀ ❀ ❀ ❀

विधवा या सुहागिन बहिनों के हृदय मे कुविचार उत्पन्न होने का प्रधान कारण उनका निकम्मा रहना है। जो बहिनें काम काज में फँसी रहती हैं, उन्हे कुविचारों का शिकार होने के लिए अवकाश नहीं मिलता।

विधवा बहिनो के लिए चर्खा अच्छा साधन माना गया है, पर आप लोग तो उसके फिरने मे वायुकाय की हिंसा का महा पाप मानते हैं। आपको यह विचार कहाँ है कि अगर विधवाएँ निकम्मी रह कर इधर-उधर भटकती फिरेंगी और पापाचार का पोषण करेंगी तो कितना पाप होगा।

❀ ❀ ❀ ❀

बहिनो! शील आपका महान् धर्म है। जिन्होंने शील का पालन किया है वे प्रातःस्मरणीय बन गईं। आप धर्म का पालन करेंगी तो साक्षात् मगलमूर्त्ति बन जाएँगी।

बहिनो! स्मरण रक्खो—'तुम सती हो, सदाचारिणी हो, -ता की प्रतिमा हो। तुम्हारे विचार उदार और उन्नत होने हिए। तुम्हारी दृष्टि पतन की ओर कभी न जानी चाहिए। बहिनो!

हिम्मत करो। धैर्य धारण करो। सच्ची धर्मधारिणी बहन में कायरता नहीं हो सकती। धर्म जिसका अमोघ कवच है, उसमे कायरता कैसी?

❀ ❀ ❀ ❀

मातृभूमि और माता का बखान नहीं हो सकता। इनकी महिमा अगाध है। यह स्वर्ग से अधिक प्यारी हैं। इसलिए महापुरुष कहते हैं—'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।'

याद रखना चाहिए—आपके ऊपर मातृभूमि का ऋण सब से ज्यादा है। आपके माता-पिता इसी भूमि में पले हैं और इसी के द्वारा उनका और अपना जीवन टिक रहा है। अतएव आपका सर्वप्रथम कर्त्तव्य उसका ऋण चुकाना होना चाहिए। मातृभूमि और माता के ऋण से उऋण हो जाने के बाद आगे पैर बढाना उचित है।

❀ ❀ ❀ ❀

यह शरीर पंच भूत रूपी पंचों का मकान है। शुभ कर्म रूपी किराया देने पर हमें यह मिला है। अतएव इसके मालिक बनने की दुश्चेष्टा न करते हुए शीघ्र ही कुछ शुभ कार्य कर लेने चाहिए, ताकि पंचों को धक्का देकर बाहर निकालने का अवसर न मिले। अगर हम किराये की चीज पर अपना स्वामित्व स्थापित करने का दुस्साहस करेंगे तो नरक का कारागार तैयार है। मित्रो! सावधान बनो।

सम्पूर्ण श्रद्धा से कार्य में सफलता मिल जाती है अविश्वासी को सफलता इसलिए नहीं मिलती कि उसका चित्त डॉवाडोल रहता है। उसके चित्त की अस्थिरता ही उसकी सफलता में बाधक होती है।

❀ ❀ ❀ ❀

मनुष्य मात्र ईश्वर की मूर्त्ति है। किसी भी मनुष्य को नीच मत समझो। उससे घृणा मत करो। मनुष्य से घृणा करना परमात्मा से घृणा करना है। अज्ञानी जिसे नीच कहते हैं, उनकी सेवा करो, बल्कि उनकी ख़ूब सेवा करो। संतुष्ट रहो। दुःख पडने पर घबड़ाओ नहीं, सुख मे फूलो मत। समभाव मे ही सच्चा सुख है।

❀ ❀ ❀ ❀

घर-द्वार, हाट, हवेली, रुपया, पैसा—कोई भी जड वस्तु स्थिर नहीं है। बडे-बड़े चक्रवर्त्ती भी इन्हें अपने साथ नहीं ले जा सके। क्या तुम साथ ले जाने की आशा रखते हो ? नहीं, तो सद्व्यय करना सीखो। दान करने से परोपकार के साथ आत्मोपकार भी होता है। परोपकारी को सारी दुनिया पूजती है।

❀ ❀ ❀ ❀

ओ मनुष्य ! तू तकदीर लेकर आया है। जरा तकदीर पर भरोसा रख। प्रकृति का कानून मत तोड। क्या माँस न खाने वाले भूखो मरते हैं ? हम देखते हैं कि जितने मांसाहारी भूखो मरते हैं, उतने शाकाहारी नहीं।

❀ ❀ ❀ ❀

मतान्ध होना मूर्खता का लक्षण है। विवेकपूर्वक विचार करने मे ही मानवीय मस्तिष्क की शोभा है।

दुनिया के तमाम काम करते हो, तुम्हे ईश्वर के नाम लेने का काम करना चाहिए। ईश्वर का नाम लेने से तमाम कुवासनाएँ

मिट जाती हैं। राजा जिसका हितचिन्तक बन जाता है उसे चोरों और डाकुओं का डर नहीं रहता, पर जो पुरुष राजा के राजा (परमात्मा) के साथ नाता जोड़ लेगा उसे काम, क्रोध, आदि लुटेरे नहीं लूट सकते। वह सदा सर्वत्र निर्भय रहेगा।

सामायिक

राग-द्वेष का परित्याग कर, प्राणीमात्र को विनय के साथ अपने आत्मा के समान देखना 'सम' है। उस समभाव का आय अर्थात् लाभ होना 'समाय' कहलाता है और जिस क्रिया के द्वारा 'समाय' की प्रवृत्ति की जाय उसे 'सामायिक' कहते हैं।

कोई भाई प्रश्न कर सकता है कि हम गृहस्थ लोग राग-द्वेष से छूट कर समत्व कैसे प्राप्त कर सकते हैं ? समभाव का उपदेश तो क्षत्रियत्व का नाशक और कायरता का उत्पादक जान पड़ता है। यह विधवा बहिनो और उन श्रावको के लिए हो सकता है जिन्होंने ससार-बन्धन को ढीला कर दिया है। संग्राम या व्यापार करने वालो के लिए यह उपदेश किस काम का ?

मित्रो ! यह तर्क बिलकुल पोचा मालूम होता है। अगर सामा- का मर्म समझ लिया जाय तो, उलटी समझ के कारण

सामायिक के विषय में उत्पन्न होने वाले तर्क उठ ही नहीं सकते। क्या कोई शूरवीर भूखा रहकर संग्राम कर सकता है ? भोजनसामग्री समाप्त हो जाने पर सिपाही एक दिन भी संग्राम मे नहीं टिक सकता। आप जब व्यापार के लिए बाहर निकलते हैं, तब साथ में कुछ सामग्री क्यों ले जाते हैं ? इसलिए कि वह सामग्री आपकी शक्ति है। इसे आप नहीं भूलते, पर मित्रो ! आप सच्ची शक्ति देने वाली वस्तु के प्रति शंकाशील अथवा प्रमादशील बन गये हैं।

सामायिक सच्ची शक्ति देने वाली वस्तु है। जिस समय सच्ची सामायिक की जाती है उस समय आत्मा क्रोध, मान, माया, लोभ, राग-द्वेष आदि विकारों से रहित हो जाता है। निरन्तर गति मे राग-द्वेष आदि चलते रहने से आत्मा की शक्ति क्षीण होती है और मनुष्य निकम्मा बन जाता है। जो मनुष्य रात-दिन परिश्रम करता रहता है, उसकी कार्य करने की शक्ति जल्दी नष्ट हो जाती है। पर जो समय पर गाढ निद्रा लेता रहता है वह नुकसान से बचा रहता है। क्योंकि प्रगाढ निद्रा लेने से उसे नवीन शक्ति प्राप्त हो जाती है। ठीक यही बात सामायिक के विषय मे समझनी चाहिए। जो मनुष्य राग-द्वेष को थोड़े समय के लिए भी त्याग देता है, उसके आत्मा में अपूर्व ज्योति प्रकट होती है और वह शान्ति का आनन्द अनुभव करता है।

ऐसी अपूर्व कौन-सी वस्तु है जो सामायिक द्वारा प्राप्त न हो सकती हो ?

एक सच्ची सामायिक की कीमत में चिन्तामणि और कल्पवृक्ष भी तुच्छ हैं, और वस्तुओं की तो बात ही क्या ?

संसार में आज लड़ाई झगड़े तेजी से बढ़ रहे हैं। पति-पत्नी, पिता-पुत्र, देवरानी-जिठानी, भाई-भाई, समाज-समाज सब के सब

सामायिक के अभाव में ही लड़ रहे हैं। अगर लोग हृदय से सामायिक को अपना ले, तो इन लड़ाइयों का शीघ्र अन्त आ सकता है।

आज लाभ की कसौटी पैसा है। पैसे का लाभ ही आजकल लाभ माना जाता है। पैसे के लिए लोग दिन-रात एक कर रहे हैं, पर सामायिक के अपूर्व लाभ को कोई लाभ ही नहीं मानता। इसके लिए दो घड़ी खर्च करना उन्हें पसन्द नहीं है।

दो घडी रोज विज्ञान का अध्ययन करने वाला महाविज्ञानी बन जाता है, दो घड़ी नित्य अभ्यास करने वाला महा-पण्डित बन जाता है, इसी प्रकार यदि आप नित्य दो घडी सामायिक में खर्च करेंगे तो आपको अपूर्व शान्ति मिलेगी और महाकल्याण का लाभ होगा।

मित्रो! मन को मजबूत बनाइये और सच्ची सामायिक में लगाइए। अगर आप संसार-भ्रमण को काटना चाहें और महाव्याधियों से ग्रसित आत्मा को उबारना चाहें तो महावीर की बतलाई हुई इस अमूल्य सामायिक रूपी महौषध का सेवन कीजिए। आपका कल्याण होगा।

❀ ❀ ❀ ❀ ❀

समत्व प्राप्त करना ही सामायिक का खास उद्देश्य है। प्रश्न उठ सकता है, समत्व की पहचान क्या है? उत्तर होगा—क्षण-क्षण में शान्ति का अनुभव होना ही समत्व की पहचान है। जिस सामायिक के द्वारा ऐसा अलौकिक शान्ति सुख मिले उसके आगे चिन्तामणि और कल्पवृक्ष किस गिनती मे हैं? यद्यपि आप गृहस्थों को पैसे-पैसे के लिए कष्ट उठाना पड़ता है पर सामायिक में बैठे हुए

श्रावक को यदि कोई कीमती से कीमती वस्तु देने आवे तो क्या उस समय वह लेगा ?

'नहीं !'

तो अनुमान लगाइए कि सामायिक कितनी कीमती है, जिसे त्याग कर वह उन वस्तुओं को लेने के लिए तैयार नहीं होता। सामायिक के समय प्राप्त होने वाले बड़े भारी उपहार को भी श्रावक खुशी के साथ अस्वीकार कर देता है, मानो स्वयं उसका दान ही करता हो। उस समय के उसके हर्ष की तुलना करना अशक्य है। उस हर्ष का अनुभव बातों से नहीं, क्रिया में हो सकता है।

सामायिक में बैठ करके भी जो अपने भाग्य को कोसता है, तुच्छ वस्तुओं के लिए भी आठ-आठ आँसू गिराता है, उसे कुछ लाभ नहीं होता। ऐसी सामायिक करने और न करने में ज्यादा अन्तर नहीं रहता।

सामायिक के समय श्रावक को समस्त सावद्य अर्थात् पापमय क्रियाओं से निवृत्त होकर निरवद्य अर्थात् निष्पाप क्रिया ही करनी चाहिए।

जैसे चतुर व्यापारी अपने पुत्र को व्यापार में प्रवृत्त करते समय सीख देता है कि—देखो, लुच्चे, लफंगे, चोर तुम्हारे पास बहुत आवेंगे, उनसे सावधान रहना और भलेमानसों के साथ ही व्यापार करना। शास्त्रकार की सावद्य और निरवद्य की सीख श्रावक के लिए ऐसी ही है। इस पर खूब ध्यान देना चाहिए।

सामायिक कितने समय तक करनी चाहिए, शास्त्र में इसके लिए नियमित समय का उल्लेख देखने में नहीं आया। पूर्वाचार्यों ने

दो कच्ची घड़ी का समय नियत किया है। यह समय ठीक है और हम भी इसका समर्थन करते हैं।

सामायिक में बैठ कर निकम्मा नहीं रहना चाहिए। मनुष्य का मन बन्दर-सा चंचल है। उसे कुछ न कुछ काम चाहिए। जब उसे अच्छा काम नहीं मिलता तो बुरे काम में ही लग जाता है। बुरे काम कहो चाहे सावद्य काम कहो, एक ही बात है। सावद्य काम नीचे गिराने वाले और निरवद्य काम ऊपर उठाने वाले होते हैं। अतएव श्रावक को निरवद्य कामों की तरफ विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। कहा भी है :—

सामाइयम्मि तु कडे, समणो इव सावओ हवइ जम्हा।
एतेण कारणेणं बहुसो सामाइअं कुज्जा॥

अर्थात्—सामायिक करते समय श्रावक भी साधु के समान हो जाता है, क्योंकि वह उस समय सावद्य का त्यागी है, अतएव बार-बार सामायिक करनी चाहिए।

स्नान

समाज में आजकल स्नान का विषय विवादास्पद बन गया है। प्रश्न यह है कि स्नान करना चाहिए या नहीं ? हम इस प्रश्न पर जब वैज्ञानिक दृष्टि से विचार करते हैं, तब इस नतीजे पर पहुँचते हैं कि स्नान करने से हानि भी होती है और लाभ भी होता है। यह किस प्रकार ? सो सुनिए—विज्ञान बतलाता है कि स्नान करने से चमड़ी के स्वाभाविक गुण नष्ट हो जाते हैं और चमड़ी की हवा द्वारा किये जाने वाले आघातों को सहन करने की शक्ति नष्ट हो जाती है। साथ ही स्नान न करने से रोमकूपों में मैल जम जाता है और उनमें होकर आने-जाने वाली हवा में रुकावट पड़ जाती है। हवा की इस रुकावट के कारण बड़े-बड़े भयंकर रोग फूट निकलते हैं।

श्रावक को साधु की क्रिया पालने का आदेश नहीं दिया गया है। यह बात मैं अपने मन से नहीं कहता, पर आनन्द श्रावक का आदर्श आपके सामने है। इस पर ठीक-ठीक विचार करने से आप सत्य स्वरूप को पहचान लेंगे।

मैं अन्ध-श्रद्धा वाला तो हूँ नहीं कि बच्चा अगर अन्न का त्याग करने के लिए मेरे पास आवे तो मैं उसे अन्न का त्याग करा दू। वस्तु-स्थिति की तरफ नज़र डाल कर देखना मेरा कर्त्तव्य है। कोई भाई बैठा-बैठा अचानक ही वैराग्य में आकर निष्कारण 'सन्थारा' करने की इच्छा प्रकट करे तो मैं साफ इन्कार कर दूंगा, फिर वह अपनी इच्छा से भले ही मनचाहा करे। मैं तो उसे आत्महत्या का पाप कहूँगा। स्नान के सम्बन्ध में भी मेरा शास्त्रीय अनुभव यही बतलाता है कि कोई श्रावक अपनी इच्छा से स्नान न करे, यह उसकी इच्छा पर निर्भर है, परन्तु शास्त्र गंदा रहने की आज्ञा नहीं देता। गंदा रहने से लोग जिनमार्ग की निन्दा करते हैं और गंदा रहने वालों की भी हँसी करते हैं। वे यह समझते हैं कि साधु इन्हें गंदा रहना सिखलाते होंगे।

साधु गंदा रहना नहीं सिखलाते, हाँ विधि की तरफ अवश्य ध्यान देना चाहिए। साधु विधि का और यतना का उपदेश अवश्य देते हैं।

कई भाइयों को यह बात शायद नई मालूम होती होगी और वे कई प्रकार से शंकित होते होंगे, पर मित्रो! क्या करूँ? मुझ से शास्त्र की बात नहीं छिपाई जाती।

आनन्द श्रावक स्नान करते समय पानी का किस प्रकार उपयोग [करत]ा था, यह जरा देखिए। शास्त्र में लिखा है—

उट्टिएहिं उदगस्स घडेहिं

इसकी टीका यह है—उष्ट्रिका—बृहन्मृण्मयभाण्डं, तत्पूरण-प्रयोजना ये घटास्त उष्ट्रिका, उचितप्रमाणा अनिलघवो महान्तो वेत्यर्थः।

अर्थात उष्ट्रिका नामक प्रमाण से बना हुआ एक मिट्टी का पात्र होता था। आनन्द उसे भर कर स्नान करता था। इसका मतलब यह था कि पानी कहीं आवश्यकता से न्यूनाधिक न हो। मित्रो! देखिए, परिमाण करने से कितनी निवृत्ति हो गई? एक आदमी कुएँ में या सरोवर में स्नान करेगा और दूसरा इस प्रकार करेगा। अब आप ही सोचिए, महापाप से कौन बचा?

(उपासकदशांग की व्याख्या में से उद्धृत)

भीनासर
२०—१०—२७

श्रावक को साधु की क्रिया पालने का आदेश नहीं दिया गया है। यह बात मैं अपने मन से नहीं कहता, पर आनन्द श्रावक का आदर्श आपके सामने है। इस पर ठीक-ठीक विचार करने से आप सत्य स्वरूप को पहचान लेंगे।

मैं अन्ध-श्रद्धा वाला तो हूँ नहीं कि बच्चा अगर अन्न का त्याग करने के लिए मेरे पास आवे तो मैं उसे अन्न का त्याग करा दूं। वस्तु-स्थिति की तरफ नजर डाल कर देखना मेरा कर्त्तव्य है। कोई भाई बैठा-बैठा अचानक ही वैराग्य में आकर निष्कारण 'सन्थारा' करने की इच्छा प्रकट करे तो मैं साफ इन्कार कर दूंगा, फिर वह अपनी इच्छा से भले ही मनचाहा करे। मैं तो उसे आत्महत्या का पाप कहूँगा। स्नान के सम्बन्ध में भी मेरा शास्त्रीय अनुभव यही बतलाता है कि कोई श्रावक अपनी इच्छा से स्नान न करे, यह उसकी इच्छा पर निर्भर है, परन्तु शास्त्र गंदा रहने की आज्ञा नहीं देता। गंदा रहने से लोग जिनमार्ग की निन्दा करते हैं और गंदा रहने वालों की भी हँसी करते हैं। वे यह समझते हैं कि साधु इन्हें गंदा रहना सिखलाते होंगे।

साधु गंदा रहना नहीं सिखलाते, हाँ विधि की तरफ अवश्य ध्यान देना चाहिए। साधु विधि का और यतना का उपदेश अवश्य देते हैं।

कई भाइयों को यह बात शायद नई मालूम होती होगी और वे कई प्रकार से शङ्कित होते होंगे; पर मित्रो! क्या करूँ? मुझ से शास्त्र की बात नहीं छिपाई जाती।

आनन्द श्रावक स्नान करते समय पानी का किस प्रकार उपयोग ा था, यह जरा देखिए। शास्त्र में लिखा है—

उट्टिएहिं उदगस्स घडेहिं

इसकी टीका यह है—उष्ट्रिका—बृहन्मृण्मयभाण्डं, तत्पूरण-प्रयोजना ये घटास्त उष्ट्रिका, उचितप्रमाणा अनितलघवो महान्तो चेत्यर्थः।

अर्थात उष्ट्रिका नामक प्रमाण से बना हुआ एक मिट्टी का पात्र होता था। आनन्द उसे भर कर स्नान करता था। इसका मतलब यह था कि पानी कहीं आवश्यकता से न्यूनाधिक न हो। मित्रो! देखिए, परिमाण करने से कितनी निवृत्ति हो गई? एक आदमी कुएँ में या सरोवर में स्नान करेगा और दूसरा इस प्रकार करेगा। अब आप ही सोचिए, महापाप से कौन बचा?

(उपासकदशांग की व्याख्या में से उद्धृत)

भीनासर }
२०—१०—२७ }

श्रावक को साधु की क्रिया पालने का आदेश नहीं दिया गया है। यह बात मैं अपने मन से नहीं कहता, पर आनन्द श्रावक का आदर्श आपके सामने है। इस पर ठीक-ठीक विचार करने से आप सत्य स्वरूप को पहचान लेंगे।

मैं अन्ध-श्रद्धा वाला तो हूँ नहीं कि बच्चा अगर अन्न का त्याग करने के लिए मेरे पास आवे तो मैं उसे अन्न का त्याग करा दू। वस्तु-स्थिति की तरफ नज़र डाल कर देखना मेरा कर्त्तव्य है। कोई भाई बैठा-बैठा अचानक ही वैराग्य में आकर निष्कारण 'सन्थारा' करने की इच्छा प्रकट करे तो मैं साफ इन्कार कर दूंगा, फिर वह अपनी इच्छा से भले ही मनचाहा करे। मै तो उसे आत्महत्या का पाप कहूँगा। स्नान के सम्बन्ध मे भी मेरा शास्त्रीय अनुभव यही बतलाता है कि कोई श्रावक अपनी इच्छा से स्नान न करे, यह उसकी इच्छा पर निर्भर है, परन्तु शास्त्र गदा रहने की आज्ञा नहीं देता। गंदा रहने से लोग जिनमार्ग की निन्दा करते हैं और गंदा रहने वालो की भी हँसी करते हैं। वे यह समझते हैं कि साधु इन्हें गदा रहना सिखलाते होगे।

साधु गदा रहना नहीं सिखलाते, हाँ विधि की तरफ अवश्य ध्यान देना चाहिए। साधु विधि का और यतना का उपदेश अवश्य देते हैं।

कई भाइयो को यह बात शायद नई मालूम होती होगी और वे कई प्रकार से शंकित होते होगे, पर मित्रो ! क्या करूँ ? मुझ से शास्त्र की बात नही छिपाई जाती।

आनन्द श्रावक स्नान करते समय पानी का किस प्रकार उपयोग [illegible] था, यह जरा देखिए। शास्त्र मे लिखा है—

उट्टिएहिं उदगस्स घडेहिं

इसकी टीका यह है—उष्ट्रिका—बृहन्मृण्मयभाण्डं, तत्पूरण-प्रयोजना ये घटास्त उष्ट्रिका', उचितप्रमाणा अतिलघवो महान्तो वेत्यर्थः।

अर्थात् उष्ट्रिका नामक प्रमाण से बना हुआ एक मिट्टी का पात्र होता था। आनन्द उसे भर कर स्नान करता था। इसका मतलब यह था कि पानी कहीं आवश्यकता से न्यूनाधिक न हो। मित्रो! देखिए, परिमाण करने से कितनी निवृत्ति हो गई? एक आदमी कुएँ में या सरोवर में स्नान करेगा और दूसरा इस प्रकार करेगा। अब आप ही सोचिए, महापाप से कौन बचा?

(उपासकदशांग की व्याख्या में से उद्धृत)

भीनासर
२०—१०—२७

दतौन

—:*:—

'दतवणविहि' का संस्कृत टीका में अर्थ किया है—'दंतपावनं-दन्तमलापकर्षणकाष्ठम्।' अर्थात् दांतों का मल साफ करने के काम मे आने वाली लकडी।

पहले के श्रावक दतौन भी किया करते थे। आजकल के कई भाई हाथ-मुंह धोने और दतौन करने का दो-चार दिन के लिए त्याग ले लेते हैं पर श्रावक के लिए ऐसी क्रिया का कहीं विधान देखने में नहीं आया। लोग अपने मन से कुछ भी कर लें, मगर मैं तो इस समय शास्त्र की बात कह रहा हूँ।

पूर्वीय और पाश्चात्य वैद्यक-शास्त्र के कथनानुसार दतौन न करने से बडी-बडी बीमारियाँ हो जाती हैं।

कई भाई इसलिए दतौन करना छोड देते हैं कि ऐसा करने से [illegible]रम्भ' मे बच जाएँगे। साधुजी जब दतौन नहीं करते तो हम भी न करें। इसमे हानि ही क्या है ?

परन्तु उन भाइयों को समझना चाहिए कि श्रावक और साधु की विधि में इतना अन्तर है, जितना आसमान और जमीन में। साधु ब्रह्मचर्य का पालन करते हैं और भोजन पर पूर्ण अंकुश रखते हैं। आरोग्य-शास्त्र का नियम है कि जो सात्विक और सुपच आहार करता है उसके दांतों पर मैल नहीं जमता तथा दुर्गन्ध भी पैदा नहीं होती। इस नियम के अनुसार साधु बिना दतौन के भी रह सकता है, पर आजकल के गृहस्थ, जो आहार आदि पर जरा भी अंकुश नहीं रखते, कैसे साधुओं का अनुकरण करते हैं, यह समझ में नहीं आता।

कई साधु भी गृहस्थ को दतौन का त्याग करा देते हैं। इसका कारण यह मालूम होता है कि साधु की सहज दृष्टि इसी पर जाती है और गृहस्थ भी यही सोचता है कि जब मुनि महाराज दतौन के सर्वथा त्यागी हैं, तब यदि हम भी कुछ दिनों के लिए उनका अनुकरण करें तो क्या हर्ज है? पर मित्रो! मैं यह कहता हूँ कि जो साधु लौकिक-दृष्टि को सामने न रखते हुए गृहस्थ को त्याग करा देता है, वह उस पर अनुचित बोझा डालता है। ऐसा करने से वे उलटे रोगी बन जाते हैं।

दतौन का त्याग जिसे करना है वह खुशी से त्याग करे, परन्तु इस त्याग से पहले जिस तैयारी की आवश्यकता है, जैसे तामस और राजस भोजन का त्याग, मर्यादाहीन भोजन का त्याग आदि, पहले उसकी पूर्ति तो कर ले। पशु अपनी मर्यादा के अनुसार ही भोजन करता है, अतएव उसे दतौन करने की आवश्यकता नहीं होती। फिर भी उसके दांत मनुष्य के दांतों की अपेक्षा अधिक साफ-सुथरे रहते हैं। कहने का आशय यह है कि आप दांतों को मैला बनाने वाले भोजन का त्याग कर दें तो दतौन करने की आवश्यकता ही न रहे। आप ऐसे भोजन का त्याग नहीं करते और इस कारण दांत मलीन

और दुर्गन्धमय बन जाते हैं। फिर भी दतौन करने का त्याग करते हैं, यह चारित्र के क्रम के अनुकूल नहीं है। अतएव मित्रो! क्रम को देखो और चारित्र की शृङ्खला की ठीक तरह से रक्षा करो।

साधुओ को अपनी विधि पालने के लिए शास्त्र मे वर्णित किसी उच्च श्रेणी के साधु को अपना आदर्श बनाना चाहिए। इसी प्रकार श्रावक को अपनी विधि पालने के लिए उच्चश्रावक आनन्द की दिन-चर्या पर ध्यान देना चाहिए। आनन्द श्रावक का उल्लेख इसी प्रयोजन के लिए शास्त्र में किया गया है। ऐसा न होता तो उसके उल्लेख की आवश्यकता ही क्या थी ?

(उपासकदशांग की व्याख्या में से उद्धृत)

भीनासर
२०—१०—२७

वीर्यरक्षा

मनुष्य को अपनी श्रेष्ठता का गर्व है। वह प्राणी-जगत् में अपने को सर्वोत्कृष्ट मानता है। यह ठीक भी है। मनुष्य में अपने हित-अनहित पहचानने की जैसी विशिष्ट बुद्धि है, वैसी अन्य प्राणियों में नहीं पाई जाती। पर उस बुद्धि का कितना मोल कूता जा सकता है, जो वन्ध्या है, जो निष्फल है। बुद्धि का फल सदाचार है। हिताहित के विवेक की सार्थकता इस बात में है कि मनुष्य हित की बात जान कर उसमे प्रवृत्त हो और अहितकारक बात से दूर रहे। बुद्धि जब आचार की जननी नहीं बनती तब वह वन्ध्या है। मनुष्य के लिए अन्यान्य बोझों के समान वह भी एक बोझ है।

पशुओं में मनुष्य जैसी विशिष्ट बुद्धि न सही, पर उनमें जितनी बुद्धि है उस सब का अगर वे सदुपयोग करते हैं और मनुष्य अपनी

अतुल बुद्धि का अगर दुरुपयोग करता है, तो आप निर्णय कीजिए दोनो में कौन श्रेष्ठ है ?

जीवन के प्रधान आधारभूत वीर्यरक्षा की कसौटी पर मनुष्य को और पशु को परखिए। आपको आश्चर्य होगा कि जगत् का सर्व-श्रेष्ठ प्राणी किस प्रकार पशु मे भी इस विषय मे गया-बीता है! जो बुरी बात पशुओं मे भी नहीं पाई जाती वह मनुष्य मे यहाँ तक कि श्रावक कहलाने वालो में भी पाई जाती है।

श्रावक परस्त्री का त्याग करते हैं पर स्वस्त्री में अपने को सर्वथा ही खुले समझते हैं। आप जरा मेरी बात पर ध्यान दीजिए। मैं पूछता हूँ, जो पराये घर की जूंठन त्याग कर अपने घर की रोटियाँ मर्यादा भुलाकर खायेगा उसे क्या अजीर्ण न होगा ? क्या वह रोग से बच जायगा ? नहीं। भाइयो ! चाहे पराये घर की जूंठन आपने त्याग दी हो पर यदि अपने घर की मर्यादा —मात्रा— न रक्खोगे तो याद रखना आपकी रक्षा न होगी। स्वदारसन्तोष धारण करना पुरुषमात्र का कर्त्तव्य है। स्वस्त्री के प्रति तीव्र असतोष होना श्रावक-धर्म से प्रतिकूल है।

पहले के जमाने में बिना पूर्ण वय के कोई संसार-कृत्य नहीं करता था, पर आज आठ-आठ दस-दस वर्ष के छोकरे इस काम मे लग जाते हैं। जो माता-पिता उनका इस उम्र में विवाह कर देते हैं, क्या वह क़ायदे अनुसार है ? कई नामधारी श्रावक सूक्ष्म हिंसा की तरफ ध्यान हैं पर इस कृत्य के द्वारा होने वाली भयंकर हिंसा उनकी नजर में ही आती। कितनेक धनवानो ने यह भ्रष्टकारिणी प्रथा चल कर भोली जनता के सामने एक पतित आदर्श खडा किया है। लग्न-क्रिया के

लिए शास्त्र मे 'सरिसवया' आदि पाठ कहा गया है। विवाह करने के पश्चात् जो स्त्री 'धम्मसहाया' अर्थात् धर्मक्रिया मे सहायता पहुँचाने वाली समझी जाती थी वह आज भोग की सामग्री गिनी जाती है ।

जो वस्तु संजीवनी जडी से भी अधिक महत्त्वपूर्ण है उसे इस प्रकार नष्ट करना सचमुच घोर अविवेक है और अपने पतन को आमन्त्रण देना है। क्या आप अमृत से पैर धोने वाले को बुद्धिमान् कहेगे ? नहीं। जिस वस्तु मे तीर्थंकर, अवतार या महापुरुष कहलाने वाले महान् आत्मा उत्पन्न होते हैं, उस वस्तु को ऋतुकाल के बिना फैंक देना कितनी मूर्खता है ? जो भाई-बहिन अपनी शक्ति की समुचित रक्षा करेंगे वे ससार के सामने आदर्श खडा कर सकेंगे। आपने हनुमानजी का नाम सुना है, जिनमें अतुल बल था। जानते हैं, उनमें वह बल कहाँ से आया था ? वह रानी अजना और महाराज पवन के बारह वष तक ब्रह्मचर्य पालने का प्रताप था। इसलिए वीर्यरक्षा करना अपनी सन्तान की रक्षा करना है ।

❀ ❀ ❀ ❀

कितनेक मनुष्यों की दशा कुत्तो और गधो से भी गई-बीती पाता हूँ, तब मरे संताप की सीमा नहीं रहती । ये जानवर प्रकृति के नियमों के कितने पाबन्द रहते हैं ? पर मनुष्य ? वह प्रकृति के नियमो को निःसकोच होकर ठुकराता है। शायद मनुष्य सोचता है—'मरे सामर्थ्य के सामने प्रकृति तुच्छ है! वह मेरा क्या बिगाड सकेगी ?' पर इस अज्ञान के कारण मनुष्य को बहुत बुरे नतीजे मिले हैं और मिल रहे हैं। ये जानवर नियत समय में अपनी कामवासना तृप्त करते हैं, पर मनुष्य के लिए 'सब दिन एक समान' हैं । कहाँ तक

कहा जाय, विवाह हो जाने पर भी मनुष्य पर-स्त्री के पीछे धूल खाते फिरते है ! हाय ! यह कितनी बडी नीचता है ? क्या मनुष्य मे अब पशुओ जितनी बुद्धि भी अवशेष नही रही ? ६० वर्ष के बूढे के गले १२ वर्ष की कन्या बाँध देना विवाह प्रथा का बीभत्स उपहास करना है, मानवीय बुद्धि का दिवाला फूंक देना है, अनाचार-दुराचार को आमंत्रण देना है, समाज के विरुद्ध अक्षम्य विद्रोह करना है, राष्ट्र के साथ द्रोह करना है, भावी सन्तान के पैर पर कुठाराघात करना है और स्वयं अपने जीवन को कलंकित करना है ।

इस प्रकार का दुस्साहस प्रायः अमीर लोग ही करते हैं। बेचारे गरीबो की इतनी हिम्मत कहाँ ? धनवान् मनुष्यो ! क्या तुम्हारे पास धन इसलिए है कि तुम उससे पशुता-पशुओं से भी बदतर स्थिति खरीदो ?

बालविवाह

पूज्य श्री श्रीलालजी महाराज कहा करते थे कि किसान जब बीज बोता है तो पहले उसका वजन देख लेता है। जो बीज ज्यादा वजनदार होता है वह अच्छा गिना जाता है। और उससे निपज भी अच्छी होती है। किसान बीज की जितनी जाँच पड़ताल करता है उतनी जाँच आप अपने बालकों और बालिकाओं के लिए करते हैं? याद रखिए वीर्यशाली युगल ही भारी—बलवान् होगा और उसीसे उत्तम सन्तान उत्पन्न हो सकेगी। पीछे माता-पिता स्वयं ही दुःखमय जीवन नहीं बिताते वरन् अपनी सन्तानपरम्परा में भी दुःख के बीज बोते हैं। मित्रो! मैं पूछना चाहता हूँ कि इस दुर्गति का उत्तरदायित्व किस पर है? कहिए, छोटी उम्र में मातृ-पितृ-पद की दीक्षा देने वालों का।

बेचारे भोले-भाले बालक जिन्होंने दाम्पत्य जीवन की पूरी तरह कल्पना भी नहीं की, जो संसार को खिलवाड़ समझते हैं, जिन

में स्त्रीत्व और पुरुषत्व की भावना भी परिपक्व नहीं होने पाई है, आप लोगों के द्वारा दाम्पत्य की बोझीली गाडी में जोत दिए जाते हैं! खेद की बात तो यह है कि आप बालविवाह के दुष्परिणाम प्रत्यक्ष देखते हैं फिर भी नहीं चेतते। बालविवाह के फल स्वरूप सन्तति रोगी, शोकी, निर्बल और अल्पायुष्क होती है।

आज भारत मे सर्वत्र इसी प्रकार की चंचलता नजर आ रही है। विवाह के विषय में जितनी अधीरता पाई जाती है उतनी शायद ही किसी अन्य विषय में हो। नीतिज्ञ जनो का उपदेश है कि—

गृहीत इव केशेषु मृत्युना धर्ममाचरेत्।

अर्थात् मौत सिर पर नाच रही है, ऐसा सोचकर धर्म का आचरण करना चाहिए।

पर आपके यहाँ उल्टी गङ्गा बहती है। धर्माचरण के समय तो आप सोचते हैं—'बुढापा किस काम आएगा? उस समय सांसारिक झंझट जब कम हो जाएँगे तो धर्म की आराधना हो जायगी। पर बच्चों के विवाह के विषय मे ऐसा विचार करते हैं मानों आपने संसार की नश्वरता को भलीभाँति समझ लिया है और जीवन का कल तक भरोसा नहीं है। इस कारण 'काल करे सो आज कर, आज करे सो अब।' इस नीति का अवलम्बन करते हैं। और आप समझते हैं कि हम अपनी सन्तति के बडे हितचिन्तक है! आपके खयाल से आपकी सन्तान मे इतनी योग्यता नहीं कि वह आवश्यता समझने पर अपना विवाह आप कर लेगी। पर मित्रो! कभी आप भी विचार करते हैं कि जो सन्तान अपना विवाह करने योग्य न होगी, उसमे विवाहित जीवन का गुरुतर भार सहार सकने की योग्यता कहाँ से होगी?

अगर आप अपने अन्त.करण की समीक्षा करें तो मालूम होगा कि विवाह सम्बन्धी अधीरता में सन्तान के कल्याण की कामना कारण नहीं है मगर अपने आनन्द की अपरिहार्य अभिलाषा ही उस अधीरता का प्रधान कारण है। पुत्र और पुत्रियों से आपका जी भर गया है। अब आपके मनोरजन के लिए नयी सामग्री के रूप में पोता और पोतियों की जरूरत है। बस, अपने मनोरजन के हेतु आप अपनी सन्तान पर भी दया नही खाते! अपने स्वार्थ के लिए उनके साथ ऐसा निर्दय व्यवहार करते है कि उन्हे जीवन भर उसका कटुक फल भुगतना पडता है और फिर भी उसका अन्त नही आता।

मित्रो! इस दुर्भावना मे बचो। विचार करो कि आपके थोडे स्वार्थ से सन्तान का जीवन किस प्रकार नष्ट हो रहा है? अपनी हवस पूरी करने क लिए ऐसे बालको का विवाह मत करो जिन्हे विवाह का उद्देश्य ही मालूम नही है।

सन्तान उत्पन्न करके तुमने अपने सिर पर जो भारी उत्तरदायित्व अंगीकार किया है, उसका निर्वाह उनका विवाह करने से नहीं होता। ऐसा करके आप अपने उत्तरदायित्व को अधिक बढाते हैं। अगर आप सन्तान के उत्तरदायित्व को निभाना चाहते हैं—अगर आप सन्तति-ऋण से मुक्त होना चाहते हैं तो उन्हें सुशिक्षित बनाइए, वीर्यशाली बनाइए, जीवनोपयोगी अनेक विद्याओ का सम्यक् ज्ञान दीजिए। जो माता-पिता सन्तान को जन्म देता है पर उसे जीवन की क्षमता देने मे लापरवाही करता है वह अपने उत्तरदायित्व से मुकरता है और सन्तान के प्रति कृतघ्नता प्रदर्शित करता है।

माता पिता का परम कर्त्तव्य तो यह है कि बालक या बालिका जब तक परिपक्व उम्र का न हो जाय तब तक सयममय वातावरण

में स्त्रीत्व और पुरुषत्व की भावना भी परिपक्व नहीं होने पाई है, आप लोगो के द्वारा दाम्पत्य की बोझीली गाडी में जोत दिए जाते हैं। खेद की बात तो यह है कि आप बालविवाह के दुष्परिणाम प्रत्यक्ष देखते हैं फिर भी नहीं चेतते। बालविवाह के फल स्वरूप सन्तति रोगी, शोकी, निर्बल और अल्पायुष्क होती है।

आज भारत मे सर्वत्र इसी प्रकार की चंचलता नजर आ रही है। विवाह के विषय में जितनी अधीरता पाई जाती है उतनी शायद ही किसी अन्य विषय में हो। नीतिज्ञ जनो का उपदेश है कि—

गृहीत इव केशेषु मृत्युना धर्ममाचरेत् ।

अर्थात् मौत सिर पर नाच रही है, ऐसा सोचकर धर्म का आचरण करना चाहिए।

पर आपके यहाँ उल्टी गङ्गा बहती है। धर्माचरण के समय तो आप सोचते हैं—'बुढ़ापा किस काम आएगा ? उस समय सासारिक झंझट जब कम हो जाएँगे तो धर्म की आराधना हो जायगी। पर बच्चो के विवाह के विषय मे ऐसा विचार करते हैं मानो आपने ससार की नश्वरता को भलीभाँति समझ लिया है और जीवन का कल तक भरोसा नहीं है। इस कारण 'काल करे सो आज कर, आज करे सो अब।' इस नीति का अवलम्बन करते हैं। और आप समझते हैं कि हम अपनी सन्तति के बडे हितचिन्तक हैं। आपके खयाल से आपकी सन्तान मे इतनी योग्यता नहीं कि वह आवश्यता समझने पर अपना विवाह आप कर लेगी। पर मित्रो! कभी आप यह भी विचार करते है कि जो सन्तान अपना विवाह करने योग्य न होगी, उसमे विवाहित जीवन का गुरुतर भार सहार सकने की शक्ति कहाँ से होगी ?

अगर आप अपने अन्तःकरण की समीक्षा करें तो मालूम होगा कि विवाह सम्बन्धी अधीरता में सन्तान के कल्याण की कामना कारण नहीं है मगर अपने आनन्द की अपरिहार्य अभिलाषा ही उस अधीरता का प्रधान कारण है। पुत्र और पुत्रियों से आपका जी भर गया है। अब आपके मनोरंजन के लिए नयी सामग्री के रूप में पोता और पोतियों की जरूरत है। बस, अपने मनोरंजन के हेतु आप अपनी सन्तान पर भी दया नहीं खाते ! अपने स्वार्थ के लिए उनके साथ ऐसा निर्दय व्यवहार करते है कि उन्हे जीवन भर उसका कटुक फल भुगतना पडता है और फिर भी उसका अन्त नहीं आता।

मित्रो ! इस दुर्भावना से बचो। विचार करो कि आपके थोड़े स्वार्थ से सन्तान का जीवन किस प्रकार नष्ट हो रहा है ? अपनी हवस पूरी करने के लिए ऐसे बालकों का विवाह मत करो जिन्हे विवाह का उद्देश्य ही मालूम नहीं है।

सन्तान उत्पन्न करके तुमने अपने सिर पर जो भारी उत्तरदायित्व अंगीकार किया है, उसका निर्वाह उनका विवाह करने से नहीं होता। ऐसा करके आप अपने उत्तरदायित्व को अधिक बढ़ाते हैं। अगर आप सन्तान के उत्तरदायित्व को निभाना चाहते हैं—अगर आप सन्तति-ऋण से मुक्त होना चाहते है तो उन्हें सुशिक्षित बनाइए, वीर्यशाली बनाइए, जीवनोपयोगी अनेक विद्याओं का सम्यक् ज्ञान दीजिए। जो माता-पिता सन्तान को जन्म देता है पर उसे जीवन की क्षमता देने मे लापरवाही करता है वह अपने उत्तरदायित्व से मुकरता है और सन्तान के प्रति कृतघ्नता प्रदर्शित करता है।

माता पिता का परम कर्त्तव्य तो यह है कि बालक या बालिका जब तक परिपक्व उम्र का न हो जाय तब तक ब्रह्मचर्य वातावरण

में रखने का प्रयत्न करें, वासना के दलदल से बचाते रहें और उसके चित्त में किसी तरह का विकार न आने देने के लिए स्वयं भी संयम और सदाचार का जीवन वितावें। पर आज क्या हो रहा है? 'नान्या, थारे बींदणी लावां? तू बींदणी ने काई करेलो? काली लावाँ के गोरी लावां?' अफसोस! इस प्रकार की बातें करके अपना मनोरंजन करने वाले अज्ञान माता-पिता के लिए क्या कहा जाय? इससे बढ़ कर पतन का और क्या मार्ग हो सकता है? इस प्रकार की बातों से बालक के कोमल और कल्पनाशील मस्तिष्क पर जो जहरीला प्रभाव पडता है उससे बालक का शतमुखी पतन होता है। आगे जाकर यह कुसंस्कार उन्हे पतन के गडहे में डालते हैं। बालक जब पतन की तरफ जाने लगता है तो माता-पिता को कुछ होश आता है और वे पश्चात्ताप करते हैं। मगर उस समय का पाश्चात्ताप किस मतलब का? धक्का देकर कुएँ में अपने बालक को फटक कर रोने वाले की जो दशा हो सकती है वही ऐसे माता-पिता की होती है।

मित्रो! आप इस तथ्य पर शान्ति के साथ विचार करे। आप की थोडी-सी भी भूल बालक के जीवन को अन्धकारपूर्ण बना सकती है। आप ऐसा कोई काम न करें जिससे आपकी सन्तान का अहित हो। सन्तान का जीवन आपके हाथ में है। कम से कम आप उसकी इतनी चिन्ता अवश्य करें जितनी बागवान किसी बगीचे के पौधों की करता है। अधीरता को त्यागिये। मनोरंजन के लिए सन्तान के उज्ज्वल भविष्य पर काला पर्दा मत डालिए। उन्हे शक्तिशाली, सदाचारी, संयमी और सुयोग्य बनाने की चेष्टा कीजिए। बालविवाह की क्रूर प्रथा का अन्त कोजिए।

कन्याविक्रय

मित्रो ! प्राचीन काल में ऐसा कोई बदनसीब नहीं था जो कन्या-विक्रय करता । पर आज एक ओर कन्याविक्रय होता है और दूसरी ओर वर विक्रय भी चल रहा है । कन्यादान के साथ स्त्रीधन के रूप धन देना दूसरी बात है, पर 'इतनी रकम देना स्वीकार हो मेरे लड़के के साथ सगाई हो सकती है' इस प्रकार वर का मूल्य निर्धारित करना वरविक्रय नहीं तो क्या है ? इस प्रकार की समाज में फैली हुई कुरीतियों के कारण भयंकर परिणाम हो रहे हैं । सुना था— गुमावल के एक वृद्ध ने, कन्या की इच्छा के विरुद्ध, धन के बल पर उससे विवाह कर लिया । ज्ञाति ने भी इस कार्य में मदद पहुँचाई । वृद्ध लखपति था । कुछ ही समय के पश्चात् उस लड़की ने वृद्ध के सामने ही ऐसे भयंकर पाप किये, जिनका वर्णन करने में लज्जा आती है । आप कह सकते हैं, लड़की महापापिनी थी, पर उस वृद्ध को क्या कहना चाहिए ? लड़की को पाप में प्रवृत्त करने वाला कौन था ? लड़की ने अपने आप को पतन के गर्त में डाल रक्खा था

सच्चा जाति-हितैषी वह है जो अपने व्यवहार से गरीबों की प्रतिष्ठा बढ़ाता है, जो अपने गरीब जाति-भाइयों की सहूलियत देखकर स्वयं बर्त्ताव करता है, जो उनकी प्रतिष्ठा में ही अपनी प्रतिष्ठा मानता है। सच्चा जाति हितैषी अपने बड़प्पन की रक्षा गरीबों के बड़प्पन की रक्षा करने मे ही मानता है।

मित्रो! जरा विचार करो—क्या एक-दो दिन तक भोज में जीमने से आप मोटे ताजे हो जाएँगे? अगर ऐसा नहीं है तो 'मोसर' मे खर्च होने वाला धन किसी धर्म-कार्य में, जाति-भाइयों की भलाई में, खर्च करना क्या उचित नहीं है? आपके अनेक जाति-भाई वृथा भटकते-फिरते है। उन्हे कहीं से कोई सहायता नहीं मिलती। अगर उनकी सहायता में आप कुछ व्यय करें तो क्या आपका धन व्यर्थ चला जायगा? यदि 'मोसर' करने से नाम होता है तो क्या इससे नाम न होगा?

कई भाई कहते हैं—जवान आदमी की मृत्यु होने पर मोसर नहीं जीमना चाहिए। बूढ़ा का जीमे तो कोई हानि नहीं है। इसका मतलब यह समझना चाहिए कि जवान नहीं मरने चाहिए, बूढ़े मरें तो अच्छा है? लड्डू खाने के लिए कैसे-कैसे रास्ते निकाले जाते हैं! 'मोदकप्रिय' लोग चाहते होंगे, कब बूढ़े मरें और कब मोदकों के आस्वादन का अवसर हाथ लगे!

मित्रो! संसार की विषम-स्थिति की ओर दृष्टि डालो। जिसके घर आप मोसर जीमने जाते हैं उसके घर की, उसके बाल-बच्चों की और उसके घर की महिलाओं की स्थिति देखो तो मालूम होगा कि ... र जीम कर कैसा राक्षसी कृत्य किया जा रहा है।